

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, **लोकलुभावन है मंदिर का वास्तु स्थापत्य व अन्य विषय** पर सामग्री दी जा रही है।


लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

पौष शुक्ल पक्ष एकादशी 7:27 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 302, पृष्ठ 20+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

मुरादाबाद, रविवार, 21 जनवरी 2024


**आज का मौसम** 16.0° अधिकतम तापमान | 5.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में बादल छाए रहेंगे बारिश होने की संभावना है। | सूर्योदय 07 : 08 सूर्यास्त 05 : 44




कैटरीना ने निगेटिव किरदार निभाने में जताई इच्छा...19


## एक नजर

### रश्मिका का डीपफेक बनाने वाला गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शनिवार को कहा कि उसने अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के 'डीपफेक' वीडियो बनाने के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ था। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी को दक्षिण भारत से गिरफ्तार किया गया और उसे दिल्ली लाया गया है। आरोपी पर संदेह है कि उसने ही वीडियो बनाया था। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ में 10 नवंबर को प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### विधानमंडल का बजट सत्र दो फरवरी से

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र दो फरवरी से शुरू होगा। इस सत्र में वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश किया जाएगा। इस सिलसिले में विधानसभा व विधान परिषद की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। इस साल के पहले सत्र के पहले दिन विधानसभा मंडप में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल संयुक्त तौर पर दोनों सदनों को संबोधित करेंगी।

### संजय सिंह, सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित एक धनशोधन मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं संजय सिंह और मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत शनिवार को तीन फरवरी तक के लिए बढ़ा दी। दोनों तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश हुए।

# नगरों में रामोत्सव, गांवों में आनंदोत्सव

**श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आतिथ्य को रामनगरी अयोध्या तैयार | आज से अयोध्या नगरी में घर-घर उत्सव कल से देश के 5 लाख गांवों में भी तैयारी | अयोध्या के 835 ग्राम में संकीर्तन शुरू 1500 से अधिक मजरों में गूंजेगी रामधुन**

राज्य ब्यूरो, अयोध्या

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को अयोध्या नगरी में घर-घर रामोत्सव और गांवों में आंनदोत्सव शुरू हो जाएगा। जबकि सोमवार को दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गर्भगृह में पूजा और अभिषेक करेंगे तो ठीक उसी समय देशभर के करीब 5 लाख गांवों के मंदिरों में जय श्रीराम के उद्घोष होंगे। घंटा, घड़ियाल और शंख बजेंगे। भजन कीर्तन, हनुमान चालीसा और सुंदर कांड के पाठ शुरू हो जाएंगे। उसी दिन विदेशों में रहने वाले करीब 156 देशों के एनआरआई परिवारों तक यह आनंदोत्सव गूंजेगा।

अयोध्या की सभी 835 ग्राम पंचायतों में रविवार से रामनाम संकीर्तन का शुभारंभ हो जाएगा। इतना ही नहीं 1500 से अधिक मजरों में रामधुन संचालन के लिए भी तैयारी पूरी हो गई है। इसके लिए दस हजार से अधिक ग्राम रोजगार सेवक और पंचायत सचिव लगाए गए हैं। शासनादेश के अनुपालन में अतिथि देवो भव के सूत्रवाक्य के तहत हर ब्लाक और तहसील में 20-20 टोलियां भी गठित की गईं हैं।



प्राण प्रतिष्ठा के लिए सज-धज कर तैयार श्रीराम जन्मभूमि मंदिर।

### पीएम ही नहीं, डोमराजा समेत 15 यजमान

प्राण प्रतिष्ठा में केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही यजमान नहीं होंगे, बल्कि काशी के डोमराजा समेत विभिन्न वर्गों से 15 यजमान सपत्नीक शामिल होंगे। यह जानकारी शनिवार को श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से दी गई है। कहा गया कि यजमान के निर्धारण में ध्यान रखा गया है कि समाज के निचले पायदान से भी समारोह में भागीदारी हो। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार उदयपुर से बनवासी कल्याण आश्रम के अध्यक्ष रामचन्द्र खराड़ी, असम से राम कुई जेमी, जयपुर से गुरुचरण सिंह गिल, हरदोई से कृष्ण मोहन, तमिलनाडु के अझलारासन से रमेश जैन मुल्तानी, मुंबई से विट्ठलराव कांबले, महाराष्ट्र के लातूर से घुमंतू समाज के ट्रस्टी महादेव गायकवाड़, कर्नाटक के कलबुर्गी से श्रीलिंगराज वासव राजअप्पा, लखनऊ से दिलीप वाल्मीकि, काशी के डोमराजा अनिल चौधरी और काशी के ही कैलाश यादव व कवीन्द्र प्रताप सिंह और हरियाणा के पलवल से अरुण चौधरी प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के यजमान होंगे।

### रामलला को पुष्पाधिवास में रखा, कराया स्नान



रामलला के पूजन के बाद आरती करते यजमान अनिल मिश्र।

राम मंदिर परिसर में शनिवार को दिन भर प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान चला। वेद मंत्रों व राम मंत्र के परायण के साथ आहुतियां दी गईं। राम मंत्र से कुंड में 1008 आहुतियां दी गईं। प्रात: पूजा का क्रम गणेश पूजन, पंचाग, वास्तु व मंडप पूजन से प्रारंभ हुआ। मुख्य यजमान डॉ. अनिल कुमार मिश्रा व उनकी पत्नी ने यज्ञ मंडप की प्रधान पीठ की पूजा की व संकल्प लिया। इसके बाद रामलला की पालकी सज्जित हुई। रजत भगवत विग्रह ने यज्ञ मंडप की चार बार और एक बार संपूर्ण प्रासाद की परिक्रमा की। श्रीराम जयराम, जय जय राम..., हर हर महादेव के जयकारे लगे तो अबीर गुलाल भी उड़ा। विह्वल कर देने वाले भक्तिपूर्ण वातावरण में वैदिक आचार्यों ने संकीर्तन करते हुए नृत्य किया। भगवान की पालकी को यजमान व आचार्यों ने कंधे पर उठाकर परिभ्रमण किया। इसकी समाप्ति पर विग्रह का शर्कराधिवास व फलाधिवास हुआ। शर्कराधिवास में भगवान को गुड़ में रखा गया। 81 कलशों के औषधीय जल से स्नपन (स्नान) संस्कार हुआ। सुबह नौ बजे अनुष्ठान शुरू हुआ। इसमें मुख्य यजमान डॉ. अनिल कुमार मिश्रा, पत्नी ऊषा मिश्रा व दो अन्य यजमान विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार व महेश भागचंदका रहे। आचार्य अरुण दीक्षित ने बताया कि नियमित पूजा के साथ अग्नि सेवा भी हुई। चार द्वारों पर अलग-अलग वेद के मंत्रों का पाठ हुआ।

### प्रधानमंत्री का 22 को विस्तृत कार्यक्रम

- सुबह 10 :25 बजे : अयोध्या एयरपोर्ट पर आगमन
- सुबह 10 :45 बजे : अयोध्या हेलीपैड पर आगमन
- सुबह 10 :55 बजे : श्रीराम जन्मभूमि पर आगमन
- सुबह 11 :00 से दोपहर 12 :00 बजे तक आरक्षित
- दोपहर 12 :05 से 12 :55 बजे तक प्राण प्रतिष्ठा समारोह
- दोपहर 1 : 00 बजे : सार्वजनिक समारोह स्थल पर आगमन
- दोपहर 2 : 00 बजे तक सार्वजनिक समारोह में प्रतिभाग
- दोपहर 2 :10 बजे : कुबेर टीला के दर्शन

### फूलों से सजीं सड़कें और मंदिर परिसर

अयोध्या की सड़कें-गलियां, चौबारे समेत श्री रामजन्मभूमि भांति-भांति के फूलों से सज गई हैं। जन्मभूमि परिसर में महाराष्ट्र से आए साढ़े सात हजार पौधों की खूबसूरती देखते बन रही है। राज्य सरकार ने हाइवे से लेकर रामपथ व धर्मपथ को पौधों व फूलों से ऐसी सजावट की है कि दिव्यतम शोभा देख लोग भावविभोर हो रहे हैं।

# ईडी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुरू की पूछताछ

- भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में किए सवाल-जवाब
- सात बार समन के बावजूद एजेंसी के समक्ष हाजिर नहीं हुए थे सोरेन

रांची, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से यहां उनके आधिकारिक आवास पर शनिवार दोपहर पूछताछ शुरू की। मुख्यमंत्री आवास के बाहर भारी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। सोरेन (48) झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं। वह इससे पहले, ईडी द्वारा सात बार समन जारी किए जाने पर पूछताछ के लिए एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। आठवीं बार समन जारी किए जाने पर सहमति दे दी।

एक अधिकारी ने बताया कि जांच एजेंसी के अधिकारी दोपहर करीब एक



बजे सोरेन के आवास पर पहुंचे। मौके पर बड़ी संख्या में तैनात सुरक्षाकर्मी मुख्यमंत्री आवास के आसपास गतिविधियों पर पैनी नजर रखे हुए हैं। राशन वितरण से संबंधित करोड़ों रुपये के कथित घोटाले के सिलसिले में पश्चिम बंगाल में ईडी अधिकारियों पर हुए हालिया हमले के मद्देनजर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

# पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के चार फ्लैट और कई भूखंड कुर्क किए

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के तहत मुंबई में चार फ्लैट और लखनऊ में कई भूखंड जब्त किए हैं जिनका मूल्य 13 करोड़ रुपये से अधिक है। एजेंसी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि ये संपत्तियां प्रजापति, उनके परिवार के सदस्यों और सहयोगियों की हैं। मुंबई के फ्लैट मलाड (पश्चिम) में स्थित हैं, जबकि सात भूखंड (कृषि और आवासीय) उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मोहनलाल गंज और हरिहरपुर में स्थित हैं। ईडी ने कहा कि धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत 13.42 रुपये मूल्य की इन संपत्तियों को कुर्क करने का एक अस्थायी आदेश जारी किया गया है। ईडी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के खनन मंत्री रहते हुए प्रजापति ने अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग किया और अपने परिवार के सदस्यों और अन्य करीबी सहयोगियों/दोस्तों के नाम पर बड़ी मात्रा में संपत्ति अर्जित की।

## प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीरंगम मंदिर में की पूजा-अर्चना



**तिरुचिरापल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को श्रीरंगम में रामायण से जुड़े श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की और विद्वानों से 'कंब' रामायण का पाठ सुना। मोदी इस प्राचीन मंदिर में आनेवाले पहले प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने पारंपरिक परिधान वेष्टि (धोती) और अंगवस्त्रम (शॉल) पहना था। श्री रंगनाथस्वामी की मूर्ति भगवान विष्णु का एक रूप है जिसकी पूजा मूल रूप से भगवान राम और उनके पूर्वजों ने की थी। इस दौरान उन्हें गजानन का भी आशीर्वाद मिला। ● एजेंसी

# आतंकी पन्नू के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एटीएस ने पन्नू के आडियो मैसेज और गिरफ्तार 3 युवकों के बयान को बनाया आधार
- साजिश रचने में आया पन्नू का नाम, खालिस्तान समर्थकों पर टिकी एटीएस की नजर

**अमृत विचारः** खालिस्तान समर्थक और प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के मुखिया आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ एटीएस ने देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया। पन्नू के आडियो मैसेज और अयोध्या में पकड़े गए उसके तीनों समर्थकों के बयान को आधार बनाया गया है। उसे इस मुकदमें में हमले की साजिश रचने की धारा 120 के तहत मुल्जिम बनाया गया है। इसके पहले ही भी उस पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज हो चुका है। गुरपतवंत सिंह पन्नू ने अयोध्या में खालिस्तानी समर्थकों के पकड़े जाने के बाद उनके समर्थन में एक ऑडियो मैसेज प्रसारित किया था जिसमें दबोचे गए अभियुक्तों को अपने प्रतिबंधित संगठन का सदस्य बताया था। इस ऑडियो मैसेज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने के साथ जरूरत पड़ने पर राजनीतिक हत्याएं करने की भी गीदड़ भभकी दी गई थी। इसमें रामोत्सव कार्यक्रम को भी निशाना बनाने की धमकी दी गई थी। वहीं दूसरी ओर पकड़े गए खालिस्तान समर्थक गैंगस्टर शंकरलाल दुसाद से पूछताछ में खुलासा हुआ कि पन्नू ने प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हमले की योजना तैयार की है। उसी के आदेश पर गैंगस्टर अपने साथियों के साथ अयोध्या पहुंचकर वहां रेकी कर रहा था। इन्हीं आधार पर पन्नू को मुल्जिम बनाया गया है।



वहीं इन सूचनाओं को एटीएस ने बेदह गंभीरता से लिया है। यह इसलिए भी की पन्नू के पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के नेटवर्क जुड़े होने की खबरें मौके-बेमौके आती रही हैं। ऐसे में अभी भी अयोध्या में गड़बड़ी की आशंका बनी हुई है। इसके चलते रामनगरी में सतर्कता बढ़ा दी गई। छोटे-बड़े वाहनों की कड़ी चेकिंग की जा रही है। वहीं होटल, लॉज, सराय के साथ घरों में ठहरने वाले बाहरियों की सघन जांच की जा रही है। दूसरी ओर एटीएस ने भी अयोध्या के अलावा प्रदेश में खालिस्तान समर्थकों की खोजबीन शुरू कर दी है। वहीं, अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान हमले का षड़यंत्र रचने के आरोप में गिरफ्तार आतंकी शंकर लाल दुसाद उर्फ शंकर जाजोद, अजीत कुमार शर्मा एवं प्रदीप पुनिया को एनआईए कोर्ट से विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने 3 फरवरी तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## मुठभेड़ में दो महिला समेत 3 नक्सली ढेर

बीजापुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो महिला समेत तीन नक्सलियों को मार गिराया।

पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जिले के बासागुडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बलम नेड्रा गांव के करीब बेलम गुट्टा की पहाड़ी में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो महिला नक्सलियों समेत तीन नक्सलियों को मार गिराया। उन्होंने बताया कि बलम नेड्रा गांव के जंगलों में मद्देड एरिया कमेटी के नक्सली विनोद कर्मा, राजू पुनेम, विश्वनाथ, गुड्डू तेलाम समेत लगभग 25 नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी बीजापुर और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन के संयुक्त दल को शुक्रवार को गस्त के लिए रवाना किया गया था। शनिवार सुबह जब सुरक्षाबल के जवान के बेलम गुट्टा पहाड़ी के करीब थे तब करीब सुबह साढ़े सात बजे नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

# मोबाइल चला रही 5 साल की बच्ची की मौत

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)



- हार्ट अटैक माना जा रहा मौत की वजह, परिवार में मचा कोहराम

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा में मोबाइल फोन पर कार्टून देख रही पांच वर्षीया बच्ची की अचानक मौत हो गई।

मोबाइल उसके हाथ से छूटकर गिर गया। परिजन जिंदगी की आस में निजी चिकित्सकों के यहां ले गए। वहां बच्ची को मृत घोषित कर दिया गया। चिकित्सक बच्ची की मौत की वजह हार्ट अटैक बता रहे हैं। परिवार के लोगों ने बिना कानूनी कार्रवाई शव का अंतिम संस्कार कर दिया। गांव हथियाखेड़ा के महेश खड़गवंशी की बेटी कामिनी (05) शुक्रवार की रात लगभग नौ बजे बिस्तर में बैठी मां के मोबाइल फोन पर कार्टून फिल्म देख रही थी। मां सोनिया का कहना है कि अचानक कामिनी के हाथ से मोबाइल छूटकर गिर गया। उन्होंने सोचा कि वह जानबूझकर ऐसी हरकत कर रही है। उसे हिलाकर देखा तो कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। आनन-फानन में बच्ची को गांव में निजी चिकित्सक के यहां ले गए। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मां सोनिया का कहना है कि बेटी पूरी तरह स्वस्थ थी। शुक्रवार देर शाम तक खेलने के बाद उसने खाना खाया था। इसके बाद फोन पर कार्टून देख रही थी।

> इस समय ठंड बढ़ रही है। ऐसे में बच्ची की मौत हार्ट अटैक से हो सकती है। कम उम्र में भी हार्ट अटैक के मामले सामने आ रहे हैं। -डॉ. धुमेंद्र सिंह, चिकित्सा प्रभारी

# आप ने भी किया एक देश-एक चुनाव का विरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

- पार्टी ने कहा-इससे संसदीय लोकतंत्र के विचार को होगा नुकसान

आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को कहा कि देश में एक साथ चुनाव कराने से संसदीय लोकतंत्र के विचार और संविधान के बुनियादी ढांचे को नुकसान होगा। आप ने कहा कि यह व्यवस्था त्रिशंकु विधायिका से निपटने में सक्षम नहीं होगी। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दल आप की टिप्पणी कांग्रेस द्वारा 'एक देश, एक चुनाव' के विचार का कड़ा विरोध करने के एक दिन बाद आई है। कांग्रेस ने कहा है कि यह संघवाद की गारंटी और सविधान के बुनियादी ढांचे के खिलाफ है। आप ने शनिवार को एक बयान में कहा कि संसदीय लोकतंत्र के विचार, संविधान की मूल संरचना और देश की संघीय राजनीति को 'एक देश, एक चुनाव' की व्यवस्था से नुकसान पहुंचेगा। यह त्रिशंकु विधायिका से निपटने में असमर्थ है, यह दल-बदल की बुराई और विधायकों एवं सांसदों की खुली खरीद-फरोख्त को बढ़ावा देगी।

# घर में चारपाई पर सो रहे बुजुर्ग को गुलदार ने मौत के घाट उतारा

संवाददाता, हीमपुर दीपा (बिजनौर)



- हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर हसना का मामला

**अमृत विचार :** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर हसना में शुक्रवार की रात गुलदार ने घर में सो रहे वृद्ध को मौत के घाट उतार दिया। इस घटना से क्षेत्र में दहशत है। जनपद में एक वर्ष में गुलदार के हमले में हुई यह 20वीं मौत है।

जलालपुर हसना गांव का चंद्रप्रकाश (65) शुक्रवार की रात अपने घर में टिन शेड के नीचे सो रहा था। रात में किसी समय गुलदार ने उसे दबोच लिया और मौत के घाट उतार दिया। मृतक के पुत्र रितेश के अनुसार तड़के करीब चार बजे उसकी आंख खुली तो देखा पिता चारपाई पर सो रहे थे। सुबह करीब पांच बजे जब वह चाय देने गया तो पिता का चेहरा, गला व सीना खून से लहुलूहान था। पिता की रक्तरंजित लाश देख उसकी चीख निकल गई। चीख-पुकार सुनकर परिजन व आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।

गुलदार के हमले से चंद्रप्रकाश की मौत की सूचना पर वन विभाग की टीम व पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। वन विभाग की टीम ने गुलदार के पद चिन्हों को देखते हुए जंगल में कांबिग की। ग्रामीणों का कहना है कि गुलदार गांव के आसपास देखा जा रहा था।

**आस्था** | कोई बरेली से चला पैदल तो कोई कासगंज, बुलंदशहर, बिजनौर और देहरादून से पहुंच रहा अयोध्या, रामनगरी में रामलला विराजे तो युवाओं की सोच भी हो रही आध्यात्मिक

# पांव में छाले, जुबां पर राम की मर्यादा का संकल्प

धीरेंद्र सिंह, अयोध्या

**अमृत विचार :** लखनऊ से अयोध्या के रास्ते में युवाओं के भक्तिभाव और संकल्पों की गंगा बह रही है। हाड़ कंपाने वाली ठिठुरन में जहां लोग दिन में रजाई-कंबल नहीं छोड़ना चाहते, वहीं कई दिनों से पैदल ही अयोध्या जा रहे युवाओं के पैर में छाले देख लोग आश्चर्य से भर उठते हैं। कोई बरेली से पैदल चला आ रहा है तो, कोई कासगंज, बुलंदशहर, बिजनौर, देहरादून आदि से। वे रामलला को विराजते देखने को व्याकुल तो हैं ही साथ में समाज में व्याप्त बुराईयों से तौबा करने का संकल्प भी जता रहे हैं।

बाराबंकी के आगे मिले कासगंज के गोकुल राजपूत ने कहा कि रामलला के विराजने पर पैदल दर्शन करना मेरा संकल्प था। हमारे दोस्त भी पीछे आ रहे हैं, हम राम की कसम लेंगे की नशाखोरी से पूरी जिंदगी दूर रहें। अहमदपुर टोल प्लाजा से पहले बुलंदशहर के डिंपल सिंह मिले। पैदल चलने से उनके पांव में छाले पड़ गए थे। वह 10 जनवरी को घर से निकले थे। बोले-अब रामलला अपने मंदिर में आ रहे हैं, उनका आना कलियुग की कई बुराईयों का नाश भी करेगा। राजस्थान के बांदीकुई दौसा से 10 जनवरी को पैदल निकले शिक्षक भर्ती की तैयारी कर रहे कृष्ण गुर्जर और राजस्थान की प्रशासनिक सेवा की तैयारी कर रहे रामवीर कहते हैं कि धर्म के प्रति युवा जागरूक हो रहे हैं। इसका मतलब पूजा-पाठ करना नहीं है, बल्कि राम की मर्यादा को जीवन में अपनाना है। बरेली के मीरानपुर कटरा से 14 जनवरी को पैदल निकले दिव्यांशु मिश्रा कहते हैं कि रामलला का पैदल दर्शन करने का सपना साकार होगा। समाज की तमाम बुराईयों समेत नशा, धूम्रपान आदि से तौबा करना और दूसरों को भी प्रेरित करने का संकल्प लूंगा। हम सब मिलकर माता-पिता की उपेक्षा के खिलाफ भी मुहिम चलाएंगे। देहरादून से 9 जनवरी को पैदल निकले मंगलेश ममगाई और गोपाल राना ममगाई नशे के खिलाफ औरों को प्रेरित करेंगे।



रामवीर | मंगलेश ममगाई | दिव्यांशु मिश्रा | डिंपल सिंह | गोपाल राना | गोकुल राजपूत | कृष्णा गुर्जर

### 90 जैसी सख्ती न 92 जैसा आक्रोश

अयोध्या के रास्ते में जगह-जगह पुलिस ने बैरियर लगा रखा है, जांच और तलाशी भी हो रही है, लेकिन माहौल में न 1990 जैसी सख्ती है न ही 1992 जैसा आक्रोश है। अलबत्ता बैरियरों पर भी प्रभु राम के झंडे लहरा रहे हैं। पुलिस कर्मी जय श्रीराम के उद्घोष से सभी का स्वागत कर रहे हैं।

### राम के आदर्शों को जीवन में उतारेंगे



बिजनौर से स्केटिंग करते हुए हाइवे पर चल रहे एमएससी कर रहे विशाल राजपूत कहते हैं कि 16 जनवरी को घर से निकले थे। बोले कि रामलला के दर्शन के साथ कसम लूंगा और माता-पिता की अंतिम सांस तक आज्ञा मानूंगा और सेवा करता रहूंगा। जो लोग उन्हें वृद्धाश्रम भेजते हैं, उन्हें राम के आदर्शों से सीख लेनी चाहिए।

## एक नजर

### प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर कार्यक्रम आयोजित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शांति निकेतन इंटर कॉलेज रामगंगा विहार में राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि राजेश भारती व निधि सिंघल रहीं। कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों व प्रबंधक ने भगवान राम-सीता-लक्ष्मण व हनुमान का स्वागत व माल्यार्पण करके किया। इसके बाद भगवान गणेश व मां सरस्वती की आरती की गई। बालक-बालिकाओं ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मंचन सोनी भटनागर ने किया। कार्यक्रम में सोनी भटनागर, शिवानी सैनी, शिवानी विश्नोई, राधिका, अमित कुमार, गिरीश सैनी, हरीश सैनी, शालिनी माथुर, अंजलि शर्मा, मंजू गोस्वामी, मनीषा सैनी, राजकुमारी, नूतन यादव, राजीव कुमार, ऋचा शुक्ला, मुक्ता आदि मौजूद रहीं।

### छात्र-छात्राओं ने बनाया राम मंदिर का मॉडल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पैरा की मिलक स्थित बाल विकास विद्यालय के कक्षा तीन से आठ के छात्रों ने राम मंदिर का मॉडल तैयार किया। सेवा भारती की ओर से संचालित इस विद्यालय के छात्र हर्ष, दिशांत, संध्या, उर्वशी, हिमानी, अंजलि, निशु, पायल, इच्छा, भावना आदि ने मॉडल का प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंध समिति के अजय गोयल, वतन कुमार, दिनेश गुप्ता, हरिगोपाल शर्मा, रघुराज शरण, ओमप्रकाश शास्त्री, उमेश त्रिवेदी, प्रधानाचार्य ममता सक्सेना आदि मौजूद रहे। इन बच्चों ने कार्डबोर्ड एवं थर्मोकोल से भव्य राम मंदिर का प्रतीकात्मक मॉडल बनाया है।

### 22 को जिले में बंद रहेंगी मांस-मछली की दुकानें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि परिसर में बने मंदिर में प्रभु श्रीराम के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखते हुए जिले में 22 जनवरी को जिले में मांस-मछली का विक्रय प्रतिबंधित रहेगा। जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि शासन के अपर मुख्य सचिव के पत्र के क्रम में इस दिन जिले में मांस मछली का विक्रय नहीं होगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को इसका अनुपालन कराने के लिए निर्देश दिया है।

### सुंदरकांड का पाठ किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गांव लदावली में चल रहे बुजुर्गों का सम्मान किया गया। इस मौके पर दीप प्रज्वलित करके सुंदरकांड का पाठ किया गया। श्री सिद्धबली सेवा संस्थान के संस्थापक अरविंद चौधरी ( गुरुजी) ने कथा में आए सभी भक्तों का श्रीराम का पटका पहनकर स्वागत किया। आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि आज ( रविवार को) भगवान श्री रामलला की भव्य यात्रा निकाली जाएगी।

# महानगर से गांवों तक गूंज रहा प्रभु श्रीराम का नाम

## मंदिर मॉडल की हो रही खरीदारी, साड़ियों की भी मांग बढ़ी, भगवा झंडे व टोपी लोगों को भा रही

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर का सराफा बाजार रामनाम की गूंज से गुलजार है। बाजार में प्रभु श्रीराम के मंदिर मॉडल की मांग है। लोग सोने और चांदी के सिक्कों में मंदिर का प्रतिरूप मांग रहे हैं। प्रभु श्रीराम की मूर्ति, मंदिर का मॉडल और राम दरबार की काफी मांग है। उधर, बाजारों में भगवा झंडे, टोपी पटके भी खूब बिक रहे हैं। महिलाओं को रामनाम की साड़ियां खूब भा रही है।

बाजार में राम मंदिर की थीम पर बनीं बनारसी साड़ियां लेने का महिलाओं में क्रेज है। कपड़ा व्यापार कमेटी के अध्यक्ष गिरिश भंडोला ने बताया कि इन दिनों बाजार में रामनाम की साड़ियों की अधिक मांग है। यह साड़ियां लाल-पीले रंग में हैं। बनारस ही नहीं कांजीवरम प्रिंट की साड़ियों पर भी राम का रंग चढ़ा है। उधर, सराफा व्यापारी नीरज गुप्ता ने बताया कि बाजार में इस समय प्रभु श्रीराम से जुड़े हुए आभूषणों की अधिक मांग है। लोग सोने और चांदी के सिक्कों में मंदिर का प्रतिरूप मांग रहे हैं। वहीं बर्तन बाजार स्थित दुकानदार सतीश ने बताया कि यहां पर भगवा रंग के झंडों की सबसे अधिक मांग है। साथ ही टोपी की मांग भी बढ़ी है।



मंडी में दुकानों पर टंगे भगवा ध्वज। ● अमृत विचार

### मिठाई और फूलों की मांग बढ़ी

इन दिनों मिठाई और फूलों के कारोबार में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी देखी जा रही है। लोग भगवान श्रीराम को भोग लगाने के लिए मिठाई की खरीदारी कर रहे हैं। हरथला व्यापारी ओमप्रकाश ने बताया कि 22 जनवरी के लिए सबसे ज्यादा विभिन्न प्रकार के लड्डू की मांग है। अन्य मिठाइयों की जमकर खरीदारी होने की उम्मीद है। फूल व्यापारी राकेश ने बताया कि 22 जनवरी के लिए सबसे ज्यादा मांग गेंदा फूल की है। इस दिन के लिए विशेष रूप से फूलों का इंतजाम किया जा रहा है।

### बच्चों ने 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय पुजारी परिषद की ओर से चल रहे मंदिरों पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में शनिवार को देहरी गांव स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर पर पुजारी महेंद्र सिंह व धर्मवीर पत्थर वाले, गोविंद नगर स्थित शिव मंदिर पर हिंदू संस्कार केंद्र के बच्चों ने 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया। प्राचीन श्री हनुमान मंदिर मंडी चौक स्थित पर पंडित प्रवीण शर्मा, पंडित कार्तिक शर्मा और पंडित सुबोध शर्मा के नेतृत्व में, मंदिर मंडी वास में अनुराग अग्रवाल, निमेष अग्रवाल के नेतृत्व में और चामुंडा मंदिर पर बबलू भटनागर, कैलाश भटनागर, संजय वर्मा के नेतृत्व में साथ ही श्री राम गंगा गौशाला पर पंडित विनीत शर्मा और अनुज राजपूत के नेतृत्व में पाठ किया गया। पटपट सराय स्थित शिव मंदिर पर पंडित तेज नारायण मिश्रा और शक्ति लोकशिवालय लोको शेड में सतीश खंडूरी, केशव जोशी, अंकित तिवारी, दीपक तिवारी के नेतृत्व में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ हुए ।

### आसपास के गांवों में भी तेज हुई तैयारियां

आसपास के गांवों में भी 22 जनवरी को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। गांव मोहम्मदपुर ध्यान सिंह, जेबड़ी, जेबडा, महलकपुर, फत्तेहपुर विश्नोई, मलहपुर नदराना में मंदिरों में साफ-सफाई का काम तेजी से हो रहा है। यहां बड़ी एलईडी पर अयोध्या से लाइव प्रसारण की तैयारियां भी पूरी हो गई है।

### दुल्हन की तरह सजे महानगर के बाजार

22 जनवरी की तैयारी इस समय चारों ओर तेजी से चल रही हैं। महानगर के मिलन विहार, दीनदयाल नगर, रामगंगा विहार समेत हिंदू बाहुल्य कॉलोनियों को सजाया जा रहा है। बाजारों में भी रौनक है। बाजार गंज, बर्तन बाजार को भव्य रूप से सजाने की तैयारियां जोरों पर है। बाजारों की हर गली को तैयार किया जा रहा है।

# धार्मिक स्थलों पर एंटी सेबोटाज टीम ने चलाया चेकिंग अभियान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के आयोजन को लेकर हर जगह चौकसी बरती जा रही है। इसी क्रम में जिले में भी सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। शनिवार को बम निरोधक दस्ते की एंटी सेबोटाज टीम ने महानगर में चेकिंग अभियान चलाया है। अभियान के पहले दिन कोतवाली नगर और गलशहीद थाना क्षेत्र के सभी मंदिर और धार्मिक स्थलों के आसपास आधुनिक उपकरणों से जांच की गई है। वहां परिसर और आसपास में खाली घूम रहे लोगों से भी पूछताछ हुई है।

टीम सदस्यों ने बुध बाजार, मंडी चौक, बर्तन बाजार, रोडवेज बस अड्डा, प्रिंस रोड आदि क्षेत्रों में स्थित मंदिर और उसके आसपास पहुंचकर संदिग्ध वस्तु व विस्फोटक सामग्री की जांच की है। एंटी सेबोटाज टीम प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि उनकी टीम में कुल पांच सदस्य हैं। सभी लोग अब अयोध्या में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्देनजर महानगर व जिले के अन्य क्षेत्रों के धार्मिक स्थलों के साथ ही भीड़भाड़ वाले स्थानों पर नजर बनाए हुए हैं। अभियान के पहले दिन शनिवार को टीम ने करीब 14-15 धार्मिक स्थलों


कोतवाली नगर क्षेत्र के मंदिर में जांच करती एंटी सेबोटाज टीम। ● अमृत विचार

पर पहुंचकर गहनता से जांच की है। कोतवाली क्षेत्र की बुध बाजार पुलिस चौकी प्रभारी कुलदीप राणा ने बताया कि उनके क्षेत्र में मंडी चौक के दुर्गा मंदिर और मानपुर के प्राचीन मंदिर में भजन-कीर्तन के कार्यक्रम होने हैं। यह कार्यक्रम अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के क्रम में यहां भी आयोजित हो रहे हैं। क्षेत्र के सभी मंदिरों पर एंटी सेबोटाज टीम के सदस्यों ने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर चेकिंग अभियान चलाया है। टीम के साथ कोतवाली नगर थाने की पुलिस भी शामिल रही है। इसके बाद एंटी सेबोटाज टीम गलशहीद थाना क्षेत्र में जाकर रोडवेज बस अड्डा क्षेत्र के मंदिरों और उसके आसपास क्षेत्र में संदिग्ध वस्तु एवं विस्फोटक सामग्री की जांच की है।

# सजा दो घर को गुलशन सा, अवध में...

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** इन दिनों हर ओर भगवान श्रीरामलला के स्वागत की तैयारियां चल रहीं हैं। युवाओं में भी 22 जनवरी को लेकर खासा क्रेज है। इन दिनों युवा मोबाइल फोन पर रामभजन जैसे सजा दो घर को गुलशन सा, अवध में राम आए हैं, सुन रहे हैं।

भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर युवाओं में उत्साह है। युवाओं ने 22 जनवरी को यादगार बनाने को तैयारी कर रखी है। आतिशबाजी की भी योजना बनाई गई है। वे कहते हैं कि लंबे इंतजार के बाद यह दिन आया है तो कोई कमी न रह जाए। दीयों की ऐसी रोशनी हो कि कहीं अंधेरा न रहे। युवाओं ने एक सुर में कहा कि मेरी चौखट पर चलकर आज चारों धाम आए हैं। बजाओ ढोल स्वागत में मेरे घर में राम आए हैं।


अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर का निर्माण युवाओं के लिए संविधान, न्याय प्रक्रिया, धर्म के साथ कानून के प्रति निष्ठा और देश में अनेकता में एकता का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह वर्तमान और भावी युवा पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।
**-शिवेश शर्मा**


प्रभु श्रीराम मंदिर का बनना वर्षों के स्वप्न का साकार होने जैसा है। यह देखकर अत्यंत हर्ष हो रहा है। हर स्थान पर प्रभु श्रीराम के नाम की लहर चल रही है, हमारे लिए यह बहुत ही सौभाग्य की बात है।
**- एकता गुप्ता**


भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर में बहुत खुश हूं। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि प्रभु श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हमारे सामने हो रहा है। हमारे पूर्वजों ने इसके लिए काफी संघर्ष किया है।
**-राजन गौतम**


भगवान श्रीराम का मंदिर अटूट आस्था का प्रतीक है। आस्था भी ऐसी है कि श्रद्धालु इसे कई सदियों तक याद रखेंगे। आस्था को समर्पित यह दिन करोड़ों देशवासियों की भावना से जुड़ा है।
**-साकार भटनागर**

## गौर ग्रेशियस सोसायटी में सुंदरकांड का पाठ आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रविवार दोपहर 12 बजे से गौर ग्रेशियस सोसायटी के मंदिर में सुंदरकांड का पाठ होगा। इसके बाद प्रसाद वितरित होगा।

आयोजन से जुड़े विवेक गोयल ने बताया कि सोमवार को दोपहर बाद चार बजे गौर ग्रेशियस सोसायटी में गाजे-बाजे के साथ प्रभु श्रीराम परिवार की झांकी निकाली जाएगी। जो कॉलोनी के मंदिर से होकर सोसायटी के मार्गों से होते हुए वापस मंदिर तक पहुंचेगी। इसके बाद मंदिर में भजन, कीर्तन, मंगलगीत, वृहद दीपोत्सव, आतिशबाजी और भोजन प्रसाद वितरण होगा। उन्होंने प्रभु के भक्तों से आयोजन में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# 2.5 क्विंटल फूलों से सजेगा मंदिर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर में 22 जनवरी को यादगार बनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिरों में साफ-सफाई के साथ भजन-कीर्तन के विशेष आयोजन किए जा रहे हैं। 22 जनवरी को अयोध्या में राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने तक सभी आयोजन होंगे। उधर, मंदिरों को फूल मालाओं से सजाने के लिए काम तेज हो गया है।

रामगंगा विहार स्थित शिव शक्ति मंदिर को 2.5 क्विंटल फूलों से सजाया जा रहा है। यहां साफ सफाई के खास इंतजाम किए गए हैं। आसपास के क्षेत्र को भव्य रूप से सजाने की तैयारी है। स्थानीय निवासी राहुल शर्मा ने बताया कि मंदिर में इस दिन बड़ी एलईडी लगाई जाएगी। इसमें अयोध्या से सीधा प्रसारण होगा।


रामगंगा विहार स्थित शिव शक्ति मंदिर में सजावट के लिए रखे फूल। ● अमृत विचार

इसके अलावा सिविल लाइंस स्थित मंदिर में साफ-सफाई का काम पूरा हो गया है। इसी तरह 84 घंटा मंदिर, लाइनपार शिवमंदिर, कालीमाता मंदिर, हरथला स्थित प्राचीन शिव मंदिर को विशेष रूप से सजाने के लिए काम चल रहा है। साफ सफाई के काम भी तेजी से हो रहा है। कालीमाता मंदिर के मंहत सज्जन गिरि ने बताया कि मंदिर को फूलमालाओं से सजाया जाएगा। सुबह पूजा अर्चना होगी और विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

# मेरे घर राम आए हैं... पर किया नृत्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** संवेदना द किड्स कॉटेज में शनिवार को श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विद्यालय परिसर में चौपाई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय को प्रभु श्रीराम के स्वागत में सजाया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, एमडी डॉ. संजीव मेहरोत्रा और निर्देशिका कैप्टन डॉ. मीनू मेहरोत्रा मौजूद रहीं।

कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की वंदना से किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के नन्हें मुन्ने बच्चों ने चौपाई के माध्यम से प्रभु श्रीराम के प्रति अपनी भक्ति दिखाकर सब का मन मोह लिया। बच्चों ने प्रभु श्रीराम के आगमन पर अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। साथ ही विद्यालय की छात्राओं ने मेरे घर राम आए हैं... गीत पर नृत्य कर समा बांध दिया।


संवेदना किड्स कॉटेज स्कूल में प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

**संवेदना द किड्स में चौपाई प्रतियोगिता आयोजित**

कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में विद्यालय की संगीत अकादमी के संचालक राधेश्याम मौजूद रहे। विजेता विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया। इस दौरान प्रधानाचार्या श्रुति गुप्ता, बिस्मा, मुस्कान, सलोनी, रजनी, दीक्षिका, फाकिया, संपदा, एकता, इल्मा, सना, जैनब, तृप्ति, वनहर, अनीता, हर्षिता आदि मौजूद रहीं। संचालन आंचल ने किया।

# प्राण प्रतिष्ठा उत्सव अपने घरों पर भव्यता व उत्साह से मनाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**राधा कुंज दुर्गा मंदिर में राम कथा का आयोजन**

**अमृत विचार:** रामगंगा विहार में आस्था कॉलोनी स्थित राधा कुंज दुर्गा मंदिर में चल रही राम कथा में पं. बृजेश पाठक रामायणी ने कहा कि इस प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को अपने घरों पर भव्यता और उत्साह के साथ मनाएं। श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव नहीं महा उत्सव हैं।

उन्होंने बताया कि भगवान राम ने सदैव छोटे और दीन हीन लोगों को मान दिया। इसीलिए रामायण में जो सौभाग्य भक्तमती शबरी को मिला, वह माता कौशल्या को भी नहीं मिला, क्योंकि जब श्रीराम वन के लिए निकले थे तो भूखे निकले थे। माता कौशल्या को बड़ी वेदना थी कि हमारा बालक हमारे सामने से भूखा चला गया और जब वन में माता शबरी मिली, तब प्रभु राम उनके द्वारा दिए गए कंदमूल फल खाकर तृप्त हुए। कहा कि महाराज दशरथ का अंतिम संस्कार छोटे बेटे भारत ने किया। जबकि जटायु का अंतिम संस्कार प्रभु राम ने स्वयं किया। इतना ही नहीं उनका श्राद्ध भी किया। भगवान ने सबको मान दिया। निषादराज को उन्होंने अपना मित्र बनाया। तो गिरवासी बनवासी वानर उनके भाई बन गए। पूजन पं. राम प्रसाद जोशी ने कराया। मीडिया प्रभारी निमित जायसवाल ने बताया कि 22 जनवरी तक राम कथा प्रतिदिन शाम 4 बजे से साढ़े 5 बजे तक चलेगी। व्यवस्था में ब्रह्मवतार गुप्ता, अशोक कुमार मेहरोत्रा, कमलेश रस्तोगी, अनुराग शुक्ला, राकेश वर्मा आदि रहे।

## अयोध्या से प्राण प्रतिष्ठा का होगा सीधा प्रसारण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्रभु श्रीराम के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे जिले में उल्लास है। इसमें सरकारी विभागों के अधिकारी भी जुटे हैं।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के मुख्य अभियंता आरके बंसल ने बताया कि सिविल लाइंस स्थित हाइडिल कॉलोनी में कांठ रोड स्थित कोठी नंबर चार में गौरी शंकर मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से संबंधित कार्यक्रम होगा। सुबह 11 बजे प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर परिसर में भजन कीर्तन होगा। इसके साथ ही अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का प्रोजेक्टर के माध्यम से लाइव प्रसारण होगा। प्रसाद वितरित कर भंडारा भी किया जाएगा। इसी क्रम में सभी अधिशासी अभियंता अपने-अपने जिलों में कार्यक्रम आयोजित करेंगे।


जिगर मंच पर होने वाले कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## शीतल सुनाएंगी प्रभु श्रीराम के भजन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** श्री श्याम मासिक भंडारा परिवार की ओर से शनिवार को सिविल लाइंस कंपनी बाग के पास जिगर मंच में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिगर मंच पर भूमि पूजन किया गया।

चंचल मदान ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 जनवरी को सिविल लाइंस कंपनी बाग के पास जिगर मंच पर बाबा श्याम का संकीर्तन महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इसमें जालंधर से कुश कन्हैया भजन सुनाने आएंगे। दिल्ली से शीतल पांडेय भगवान श्रीराम और बाबा खाटू श्याम के भजन सुनाएंगी। इसमें बाबा का भव्य दरबार सजेगा। साथ ही श्रीरामलला के अयोध्या मंदिर की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। सुबह 9 बजे से झांकी के दर्शन शुरू करा दिए जाएंगे।

**चौकसी** — महानगर में 35 स्थानों पर पिकेट लगाकर नियमित रूप से कीसंदिग्धों और वाहनों की चेकिंग

# पुलिस लाइन में 10 और थानों पर दो-दो क्यूआरटी मुस्तैद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर जिले में पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर है। विभिन्न स्थानों पर पिकेट लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच तेज हो गई है। रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस अड्डा, बाजार व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड भी बारीकी से छानबीन कर रहा है।

सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिसकर्मियों के साथ ही पीएसी जवानों की भी ड्यूटी पर तैनात कर दिया गया है। सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन कैमरे से निगरानी की व्यवस्था हुई है। पुलिस सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर रख रही है।


पुलिस लाइन सभागार में बैठक करते डीआईजी मुनीराज जी व एसएसपी हेमराज मीना।

एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि अयोध्या में सोमवार को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर जिले में निगरानी बढ़ा दी गई है। दरअसल, पुलिस को शंका है कि अयोध्या में आयोजन को लेकर अराजक तत्व माहौल खराब करने की कोशिश भी कर सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस मुख्यालय ने अलर्ट पर रहते हुए समारोह से पूर्व सभी जिलों में संदिग्धों की चेकिंग कर सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने को कहा गया है। इस आदेश के तहत मुरादाबाद पुलिस-प्रशासन भी अलर्ट पर है। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि महानगर में 35 स्थानों पर पिकेट लगाकर नियमित रूप से संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की जा रही है। इसके अतिरिक्त बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की भी चेकिंग में मदद ली जा रही है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजार और प्रमुख मंदिरों और चौराहों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। एसपी सिटी ने बताया कि 21 व 22 जनवरी को सुरक्षा के मद्देनजर थानों की फोर्स के साथ ही पुलिस लाइन से अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की भी ड्यूटी लगा दी गई है। इसके अलावा पीएसी जवानों की एक कंपनी भी तैनात की गई है।

### डीआईजी ने दिए कड़ी सुरक्षा के निर्देश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रामलाल प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर डीआईजी मुनिराज जी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके लिए उन्होंने जिले के सभी पुलिस कर्मियों के साथ पुलिस लाइन सभागार में बैठक की है। डीआईजी ने कहा, सभी थाना प्रभारी अपने क्षेत्र के मंदिरों पर 22 जनवरी को अनिवार्य रूप से पुलिस ड्यूटी लगाए। पुलिस कार्यालयों और भवनों के आसपास के मंदिरों में साफ-सफाई कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि थाना क्षेत्र में होने वाले धार्मिक कार्यक्रम, सुंदर कांड या हनुमान चालीसा पाठ, शोभायात्रा आदि के आयोजकों से बात करके सुरक्षा व्यवस्था बनाएं। बैठक में एसएसपी हेमराज मीना ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि सोशल मीडिया पर निगरानी रखने में थोड़ी सी भी चूक न होने पाए। बैठक में एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, एसपी देहात संदीप कुमार मीना समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मजदूरों को इजरायल भेजना निंदनीय

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग की कमेटी ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह को सौंपा। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला चेयरमैन अफजल साबरी ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार युद्धग्रस्त इजराइल सरकार द्वारा निर्माण कार्यों के लिए भारत से मजदूरों की मांग की गई है। जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार ने 10,000 मजदूरों को भेजने का लक्ष्य रखा है।

उन्होंने कहा कि यह देश के लिए शर्मनाक है। युद्ध की आग के बीच अपने नागरिकों को मौत के मुंह में धकेलने जैसा है। क्योंकि इजराइल और फिलिस्तीन के बीच न केवल अभी भी युद्ध चल रहा है। ऐसी परिस्थिति में अपने नागरिकों की जान


कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

को जोखिम में डाल कर इजराइल भेजना देश के हित के विरुद्ध है।

उन्होंने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने भारत एक खोज में कहा है कि भारत माता कोई और नहीं इस देश की अवाम है, इसलिए प्रदेश सरकार से हम अपील करते हैं कि नागरिकों की जान को जोखिम में न डालें। उन्होंने प्रदर्शन में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, पूर्व विधायक हाजी इकराम कुरैशी, इरशाद हुसैन महानगर चेयरमैन, भयंकर सिंह बौद्ध, मोहतसिम मुख्तार, राजेंद्र वाल्मीकि, मंगल सेन, सलाउद्दीन अली खां, मोहम्मद नाजिम, मोहम्मद जुनेद पार्षद, शमशेर पार्षद, बाबर सैफी, शकील, दानिश आदि मौजूद रहे।

## शहर में आज

- रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के क्रम में अल्फ़ाज़ अपने फाउंडेशन द्वारा निशुल्क ओपन माइक कार्यक्रम पीलीकोठी चौराहे पर दोपहर 2:00 बजे।
- रामपुर रोड सत्यम सिनेमा के सामने कार अट्रैक्शन पर भगवान श्री राम के झंडों का वितरण दोपहर 3:30 बजे।
- अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट द्वारा अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर मां काली माता मंदिर परिसर लालबाग में सुंदरकांड पाठ का कार्यक्रम दोपहर 2:00 बजे।

## एक नजर

### सचिन के घर चोरी करने वाले जावेद को सजा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** चोरी के मामले में अभियुक्त जावेद को न्यायालय ने जेल में बिताई गई अवधि (02 वर्ष 21 दिन) और 2,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सौरभ मिश्र ने बताया कि चोरी के मामले में थाना बिलारी के महापसन पूर्वी रैली चौक निवासी सचिन गुप्ता पुत्र स्व. कमलेश कुमार गुप्ता ने 29 दिसंबर 2021 को थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें बिलारी कस्बे के मोहल्ला अब्दुल्ला निवासी जावेद उर्फ गुड्डु पुत्र मुस्ताक आरोपी था। इस मामले की विवेचना दरोगा चमन सिंह ने की थी। अभियुक्त जावेद ने सचिन गुप्ता के घर में घुसकर चोरी की थी।

### आईएफटीएम के छात्र पर फायर करने में तीन पर केस

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** आईएफटीएम के छात्र पर फायर करने में कॉलेज के ही तीन छात्रों के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस तीनों छात्रों की तलाश में जुटी है। दिल्ली रोड हाईवे पर लोदीपुर राजपूत गांव में स्थित आईएफटीएम यूनिवर्सिटी में रितिक पुत्र लोकेश कुमार निवासी मझोला खुर्द थाना अमरोहा देहात एमबीए तृतीय वर्ष का छात्र है। शुक्रवार दोपहर में वह बाइक से घर जा रहा था। जैसे ही यूनिवर्सिटी के गेट से निकला तभी पीछे बाइक सवार तीन छात्रों ने उसकी बाइक रोककर लोहे की रॉड से हमला कर दिया था। इस दौरान पीड़ित छात्र ने हमलावर नितिन ढिल्लो पर तमंचे से गोली चलाने का आरोप लगाया था। जिससे छर्रे उसके चेहरे व हाथ पर लगे थे। जिससे वह घायल हो गया था। रितिक ने इस मामले में नितिन ढिल्लो, विशाल उर्फ कंचा व फजल के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई थी।

# ममता सिंह बनीं रोडवेज की क्षेत्रीय प्रबंधक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज परिक्षेत्र का पदभार शुक्रवार को ममता सिंह ने संभाल लिया है।

मोहम्मद परवेज खान के सेवानिवृत्त होने के बाद 31 दिसंबर से अब तक इस पद के जिम्मेदारी सीनियर सर्विस मैन सुरेंद्र सिंह संभाल रहे थे। शनिवार को रोडवेज की नई आरएम ममता सिंह ने बताया कि 21व 22 जनवरी को अयोध्या मार्ग पर सामान्य रूप से चलने वाली रोडवेज की बसों को बाराबंकी तक ही भेजा जाएगा। हालांकि प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या जाने वाले रामभक्तों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। समय के अनुसार अयोध्या मार्ग पर बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक दिन रोडवेज परिसर को सजाया जाएगा। अभी कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।



आरएम ममता सिंह का स्वागत करते रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारी।

### रोडवेजकर्मियों ने आरएम का किया स्वागत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नव नियुक्त क्षेत्रीय प्रबंधक (आरएम) का उनके कार्यालय में रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद और रोडवेज कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। शनिवार को क्षेत्रीय प्रबंधक मुरादाबाद परिक्षेत्र ममता सिंह के कार्यभार ग्रहण करने के बाद उनके कार्यालय में रोडवेज कर्मचारी संघ मुरादाबाद क्षेत्र के पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। आरएम ने सभी से परिवहन निगम के हित में कार्य करने की बात कही। वहीं संघ के क्षेत्रीय मंत्री अरुण कुमार ने आरएम को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। आरएम ने भी सभी से सहयोग की अपील की। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष चंद्रभान सिंह व अन्य पदाधिकारियों ने आरएम को बुके भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्रीय मंत्री रामेश्वर दयाल भारती, उपाध्यक्ष सुबोध कुमार, संयुक्त मंत्री अनस खां, चौ. वीरेंद्र सिंह, सतवीर सिंह, संजीव कुमार, सतीश सिंह, उदयवीर सिंह महावीर सिंह, मैराजुल इस्लाम व रोडवेज कर्मचारी संघ की ओर से मबरूर मियां मौजूद रहे।

## शाम ढलते ही फिर बढ़ी ठिठुरन, न्यूनतम तापमान छह और अधिकतम 15 डिग्री रहा

# दोपहर में निकली धूप तो खिले चेहरे, पार्क में खेले बच्चे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिलाधिकारी ने रैन बसेरों में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को कहा

**अमृत विचार :** दिसंबर के आखिरी दिनों से लेकर अब तक सूर्यदेव का दर्शन न होने से गलन और ठिठुरन ने लोगों को हिला कर रख दिया। शीतलहर से लोग ठिठुर गए। शनिवार को दोपहर में करीब एक घंटे तक निकली धूप से लोगों के चेहरे खिल गए। पार्कों में खेलकर बच्चों ने आनंद लिया।

करीब दो पखवाड़े के बाद निकली धूप ने लोगों को कड़ाके ठंड से दिन में फौरी राहत दी। कंपनी बाग के चिल्ड्रेन पार्क, आशियाना फेज एक में शिवशक्ति मंदिर वाले पार्क में बच्चों ने अपने अभिभावकों के साथ समय बिताया। कई दिनों से घरों में ठंड के चलते दुबके बच्चे धूप देखकर खुश हो गए। झूले व अन्य खेल खिलौने खेलकर बच्चों ने अपनी छुट्टी का दिन बिताया। हालांकि थोड़ी देर बाद ही धूप खत्म होने के बाद गलन अचानक फिर बढ़ गई। इससे अभिभावक अपने बच्चों को लेकर घर की ओर लौट गए। शनिवार को अधिकतम तापमान 15 और न्यूनतम तापमान छह डिग्री रहा और नमी 85 प्रतिशत रहा। तीन किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चली हवा ने लोगों को सुबह और शाम ठिठुरने पर विवश कर दिया। सुबह और शाम घरों में लोगों ने ठंड से बचने के लिए ब्लोअर, हीटर का सहारा लिया। जबकि सार्वजनिक स्थानों, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, जिला अस्पताल, महिला अस्पताल में नगर निगम की ओर से अलाव जलवाया गया। हालांकि महानगर के कई अन्य चिह्नित स्थानों पर लकड़ी कम मिलने की शिकायत भी लोगों की रही। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह का कहना है कि रैन बसेरों में प्रबंध रखने का निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिया है। तहसीलों में उप जिलाधिकारी व तहसीलदार के माध्यम से कंबल वितरण व अलाव जलवाने का काम किया जा रहा है।

कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड के रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. आरके सिंह ने बताया कि अभी ठंड रहेगी। कोहरा कहीं मध्यम व कहीं घना रहेगा। बारिश होने का कोई अनुमान नहीं है।



कंपनी बाग स्थित चिल्ड्रन पार्क में धूप में खेलते बच्चे। ● अमृत विचार

# घरेलू कनेक्शन पर चला रहे दुकान, कार्रवाई

## अभियान चलाकर नए कनेक्शन दिए गए और विद्युत भार भी बढ़ाया जा रहा है

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** विद्युत विभाग मंडल के तीनों जिलों (संभल, मुरादाबाद, रामपुर) में घरेलू कनेक्शन की आड़ में व्यापार कर रहे लोगों का चिह्नीकरण कर विभाग उनका टैरिफ प्लान बदलकर वाणिज्य श्रेणी का कनेक्शन कर रहा है। विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि सप्ताह भर चेकिंग कर मीटर बदले जाएंगे। ऐसे उपभोक्ताओं को भारी जुर्माने के साथ कानूनी कार्रवाई का भी सामना करना होगा।

शनिवार को बिलारी, कुंदरकी, मूंढापांडे, पाकबड़ा और संभल के गुन्नौर और बहजोई में चेकिंग अभियान चलाया गया। बिजली विभाग ने घरों के नाम या फिर एक दुकान के नाम लिए कनेक्शन से दो परिसरों में बिजली उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं की विभाग ने तलाश शुरू कर दी है। शनिवार को विभाग ने मंडल के तीनों जिलों में मुरादाबाद, संभल रामपुर में ऐसे कनेक्शन धारकों के लिए चेकिंग अभियान चलाया।



पाकबड़ा में चेकिंग करती विद्युत विभाग की टीम। ● अमृत विचार

जिसमें मुरादाबाद के चार स्थानों घरेलू कनेक्शन से दुकान चला रहे 27 कनेक्शन एलएमबी वन से एलएमबी टू में किये गए। 34 नये कनेक्शन दिए गए। 52 कनेक्शन धारकों का भार बढ़ाया गया। संभल में गुनौर और बहजोई में 48 लोगों को वाणिज्य श्रेणी के कनेक्शन दिए गए हैं। 26 घरेलू एलएमबी वन के कनेक्शन को एलएमबी टू में बदला गया है। वहीं 127 लोगों के कनेक्शन प्लान को बदल कर उनका भार बढ़ाया। मुख्य अभियंता आरके बंसल ने बताया की रामपुर में देर रात तक चेकिंग अभियान चल रहा है।

जिसकी प्रगति रिपोर्ट नहीं आ सकी है। उन्होंने बताया कि घरेलू कनेक्शन से व्यवसाय चलाने वाले लोगों जागरूक करने के लिए कैंप लगाया जा रहा है। यह जागरुकता अभियान एक सप्ताह चलेगा। इसके बाद ऐसे कनेक्शन पकड़े जाने पर विभाग की ओर से उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जाएगी। बढ़ाए जाने वाले भार के अनुसार पूरे साल की मूल राशि पर जुर्माना के साथ धनराशि वसूली जाएगी। इसके अलावा कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

## तमंचा व चाकू मामले में सत्येंद्र व चरन को सजा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आयुद्ध अधिनियम के मामले में अभियुक्त सत्येंद्र उर्फ टीटू पुत्र समरपाल को न्यायालय ने जेल में बिताई गई अवधि (02 माह) व 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

अभियुक्त सत्येंद्र अमरोहा जिले के थाना नौगावा सादात क्षेत्र में कुंडा गांव का रहने वाला है। इसके विरुद्ध कांठ थाने तत्कालीन थानाध्यक्ष शिशुपाल सिंह ने 5 अप्रैल 2013 को आयुद्ध अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई थी। इसे उन्होंने कुमखिया पुल के पास से गिरफ्तार किया था। इसके पास से उन्होंने चाकू बरामद किया था। इस तरह एसीजेएम-6 कोर्ट के न्यायाधीश अभिषेक कुमार सिंह ने आयुद्ध अधिनियम में ही अभियुक्त चरन सिंह को जेल में बिताई गई अवधि (05 दिन) व 500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियुक्त चरन सिंह नयागांव थाना मझोला का रहने वाला है। इसके विरुद्ध मझोला थाने तत्कालीन दरोगा गिरीश पाल किशोर शर्मा ने 24 जनवरी 2002 को एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके उन्होंने शाहपुर तिगरी के पास से गिरफ्तार किया था। इसके पास से उन्होंने तमंचा व दो जिन्दा कारतूस बरामद किया था।

# आजम खां के बेटे की उम्र मामले में बहस पूरी हुई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- फैसला जल्द आने की उम्मीद बढ़ी, अगली सुनवाई 24 को
- जिला न्यायालय से रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट भेजी जाएगी

**अमृत विचार :** पूर्व मंत्री आजम खां के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम की उम्र निर्धारण के संबंध में चल रही सुनवाई पूरी हो गई। शनिवार को जिला जज की अदालत में अब्दुल्ला आजम की उम्र पर बहस पूरी हुई है। अब अगली सुनवाई के लिए न्यायालय ने 24 जनवरी निर्धारित कर दी है। दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को उम्मीद है कि अब इस मामले में फैसला जल्द होगा।

बताया जा रहा है कि पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के मामले में जिला न्यायालय से रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट भेजी जाएगी। चूंकि जिला अदालत सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर प्रकरण की सुनवाई कर रहा है। दरअसल, जनवरी 2008 में छजलैट में हुए बवाल में पूर्व मंत्री आजम खां व उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई गई थी। इस आदेश के खिलाफ अब्दुल्ला आजम ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर कर दी थी। इसमें उन्होंने तर्क दिया था कि जब छजलैट का मामला हुआ तो वह उस समय नाबालिग थे। ऐसे में यदि उनके मामले में कोई वाद था तो उसे किशोर न्यायालय में सुना जाना चाहिए था। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने मुरादाबाद जिला जज को सुनवाई कर अब्दुल्ला आजम की उम्र का निर्धारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। शनिवार को भी उनके मामले में पेशी लगी थी। डीजीसी नितिन गुप्ता, एडीजीसी संजीव अग्रवाल व मोहन लाल विश्नोई के मुताबिक, न्यायालय में अभियोजन व बचाव पक्ष की ओर से बहस हुई। कोर्ट में लखनऊ नगर निगम व केजीएमयू के डॉक्टरों के दस्तावेज व गवाही को लेकर बहस हुई। बचाव पक्ष के लिए सुप्रीम कोर्ट से आए अधिवक्ता जुबैर खान, रामपुर से विनोद शर्मा और दिनेश चंद पाठक ने बहस की। आधे घंटे तक चली बहस के बाद अदालत ने अब अगली कार्रवाई के लिए 24 जनवरी की तारीख निर्धारित की है।



22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और गणतंत्र दिवस को लेकर चौकसी बढ़ गई है। इसी के तहत सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स तैनात है। शनिवार को पुलिस लाइंस में गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

# हाईकोर्ट बेंच के लिए शासन को पत्र लिखने पर अधिवक्ता खुश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**उम्मीद**

- विशेष सचिव के पत्र लिखने से अधिवक्ताओं में जगी उम्मीद
- 19 जनवरी को उच्च न्यायालय के महानिबंधक को लिखा पत्र

**अमृत विचार:** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बेंच स्थापित करने की मांग को लेकर अधिवक्ता लंबे समय से आंदोलित हैं। हर सप्ताह एक दिन इसके लिए अपनी आवाज उठाते हैं। शासन के विशेष सचिव के द्वारा हाईकोर्ट के निबंधक को इस संबंध में पत्र लिखने पर अधिवक्ता खुश हैं। उम्मीद जताया कि इसकी लंबे समय से अधिवक्ता मांग कर रहे हैं।

बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य सुरेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि शासन के विशेष सचिव एन रंजन ने 19 जनवरी को उच्च न्यायालय इलाहाबाद के महानिबंधक को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने मुख्यमंत्री लोक शिकायत अनुभाग के पत्र का हवाला देते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच स्थापित करने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के लिए लिखा है। उनका कहना है कि वह सरकार के इस कदम का वह स्वागत करते हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना अधिवक्ताओं, वादकारियों व न्याय हित में है। उम्मीद जताया कि अब जल्द ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश के वादकारी व वकीलों की मांग पूरी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार के इस पत्र से उनके सहित अन्य अधिवक्ताओं में खुशी है।

# मंडी की रात्रि प्रकाश व्यवस्था सुधरेगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मंडी समिति में सालों से पसरा अंधेरा अब दूर हो जाएगा। मंडी में रात को भी किसानों को आने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। मंडी प्रशासन की ओर से मंडी के पुराने खंभे और जर्जर तारों को बदलने के साथ रोशनी के लिए हाई मास्ट लाइटों की व्यवस्था की जा रही है।

लाइनपार स्थित नवीन फल सब्जी मंडी समिति के निर्माण के बाद अब तक बिजली के तार और अन्य उपकरण नहीं बदल जा सके थे। जिससे पिछले दो दशक से शाम होते ही मंडी समिति की सड़कों पर छाया रहता था। जिसके चलते कई बार मंडी परिसर में आढ़तियों की दुकानों मे चोरी की घटनाएं भी होती रही है। साथ ही मंडी के फल सब्जी व्यापारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। मंडी समिति सचिव के अब से दो महीने पहले भेजे गए 27 लाख रुपये के प्रस्ताव को मंडी प्रशासन ने मंजूरी दे दी है साथ ही एस्टिमेट का पैसा आवंटन कर दिया। इसके साथ ही प्रकाश व्यवस्था के लिए 14 बिजली के पोल, हाई मास्ट लाइट और जर्जर तारों को बदलने का सामान गुरुवार को मंडी परिसर में भेज दिया है। मंडी सचिव ज्योति सिंह ने बताया कि 22 जनवरी के बाद मंडी समिति में प्रकाश व्यवस्था का कार्य शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही मंडी समिति के दोनों गेट के बाहर भी लाइटें लगाई जाएंगी। फरवरी तक मंडी समिति में प्रकाश व्यवस्था बेहतर हो जाएगी।



मंडी समिति में खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

# मादक पदार्थ की तस्करी में दो अभियुक्तों को सजा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में शनिवार को न्यायालय ने दो अभियुक्तों को सजा सुनाई है। इन दोषसिद्ध अभियुक्तों में सुहैल और चरन सिंह हैं। अभियुक्त सुहैल पुत्र नजाकत हुसैन को न्यायालय ने 9 माह 15 दिन का कारावास और 2,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

दोषसिद्ध अभियुक्त कटघर थाना क्षेत्र में रहमतनगर गली नंबर-पांच का रहने वाला है। इसके विरुद्ध दरोगा बिजेन्द्र सिंह राठी ने एनडीपीएस एक्ट के तहत 30 अगस्त 2022 को कटघर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। अभियुक्त सुहैल को पुलिस ने कोहिनूर तिराहे से धर्मकला वाले मैदान की तरफ से पकड़ा था। इसके पास से पुलिस ने 250 ग्राम चरस बरामद की थी। इसी तरह मादक पदार्थ की तस्करी में ही एसीजेएम-6 कोर्ट के न्यायाधीश अभिषेक कुमार सिंह ने अभियुक्त चरन सिंह पुत्र पंचम सिंह को जेल में बिताई गई अवधि (06 दिन) व 500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। दोषसिद्ध अभियुक्त मझोला थाना क्षेत्र में नयागांव का रहने वाला है। इसके विरुद्ध दरोगा कमल सिंह ने एनडीपीएस एक्ट के तहत 29 दिसंबर 2021 को मझोला थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसे उन्होंने लाकडी फाजलपुर से गिरफ्तार किया था और इसके पास से उन्होंने 560 नशे की गोलियां बरामद की थीं।

**निरीक्षण** मैनाठेर गोशाला के समीप बन रही नंदीशाला के कार्य को जल्द पूरा कराने का निर्देश

# नगर आयुक्त को बंद मिला गोबर गैस संयंत्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर आयुक्त संजय चौहान के मैनाठेर स्थित कान्हा गोशाला में गोबर गैस संयंत्र बंद मिला। जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई। हालांकि बाद में कर्मचारियों ने इसकी वजह बताई, लेकिन वह संतुष्ट नहीं हुए। सहायक गोशाला प्रभारी को जल्द संयंत्र चालू कराने का निर्देश दिया। कहा कि गोवंश के संरक्षण व संवर्धन में लापरवाही कतई नहीं चलेगी।

उनके निरीक्षण के समय सहायक प्रभारी गोशाला एवं गोशाला के कर्मचारी उपस्थित मिले। गोशाला में सफाई कार्य चल रहा था। कुछ गोवंश खुले मैदान में कई दिन बाद निकली धूप सेंक रहे थे। गोवंश के सर्दी से बचाव के लिए पर्याप्त प्रबंध रखने का निर्देश दिया। उन्होंने गोशाला में बच्चों के लिए लगे झूले, पराली व अलाव और पीने के पानी की व्यवस्था के साथ हरा चारा उपलब्ध होने की जानकारी सहायक प्रभारी गोशाला व कर्मचारियों से ली। बताया गया कि गोशाला में वर्तमान में 463 गोवंश संरक्षित हैं। कई जगह गंदगी मिलने पर नगर आयुक्त ने कर्मचारियों को फटकार लगाई। फर्श पर पराली डालने व नियमित अंतराल पर बदलने के लिए कहा। इसी दौरान उन्होंने गोबर गैस संयंत्र का भी निरीक्षण किया। जोकि बंद मिला। जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई। लेकिन बताया गया कि सर्दी के चलते गोबर के साथ पराली जोकि पशुओं के बैठने व सोने के लिए नीचे फर्श पर बिछाई जाती है, के मिलने के कारण बायोगैस प्लांट की मशीन चोक रहने की संभावना रहती है। मौसम ठीक होते ही संयंत्र संचालित कर दिया जाएगा। इस पर उन्होंने लापरवाही न करने की हिदायत देते हुए गोबर गैस संयंत्र को जल्द चलाने के लिए सहायक प्रभारी गोशाला हेमेंद्र कुमार को निर्देश दिया। उन्होंने गोशाला परिसर में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था के लिए पक्की नाली का निर्माण कराने और गोशाला की क्षमता वृद्धि के लिए पास में बन रही नंदीशाला व ट्रामा सेंटर का कार्य शीघ्र पूरा कराने के लिए कहा।



मैनाठेर की कान्हा गोशाला का निरीक्षण करते नगर आयुक्त। ● अमृत विचार

# युवक को नशीली पकौड़ी खिला 5,000, मोबाइल लूटा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बहनोई के छोटे भाई के शव के अंतिम संस्कार के लिए सामान लेने बाजार गए युवक को मारपीट कर उससे 5,000 रुपये लूटने का मामला सामने आया है। मारपीट में घायल युवक को मौके पर मौजूद लोगों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिली तो परिवार वाले अस्पताल पहुंचे।

नागफनी थाना क्षेत्र के चार खम्भा निवासी एकल सिंह ने बताया कि वह पुलिस लाइन में सफाई कर्मी हैं। घायल व्यक्ति उनका छोटा भाई पंकज है। बताया कि उन्होंने शुक्रवार शाम को पंकज को बहनोई के छोटे भाई के शव के अंतिम संस्कार के लिए सामान लेने मार्केट भेजा था। उसे 5000 रुपये भी दिए थे। एकल सिंह ने बताया कि उन्हें पता चला है कि रास्ते में पंकज को उसके जानने वाले ने रोक लिया। उसे नशीली पकौड़ी खिला दी। फिर उसके पास मौजूद रुपये व फोन छीनने लगे तो पंकज ने विरोध किया था। जिस पर उसे मारापीटा भी और रुपये व फोन छीन ले गए। उन्होंने बताया कि घटना के दूसरे दिन भी दोपहर तक उनके भाई को होश नहीं आया था।

मारपीट कर रुपये लूट ले जाने वाले में एक व्यक्ति का नाम पता चला है। उन्होंने बताया कि तहरीर सिविल लाइंस थाने भेजी है। उधर, सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि घटना के संबंध में जानकारी कर रहे हैं। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# विरासत और विकास का संगम अयोध्या में नए युग का आरंभ










सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या धाम में श्रीराम का भव्य मंदिर मूर्त रूप ले रहा है। 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में रामलला के बाल रूप विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही देश के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परिदृश्य में एक गौरवशाली अध्याय जुड़ जाएगा।

इस बहुप्रतीक्षित अवसर की यात्रा अगस्त 2020 में शुरू हुई, जब देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंदिर का शिलान्यास किया था। तबसे, इस परियोजना का कार्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में तीव्र गति से चल रहा है। मोदी और योगी के संकल्पों से वह सपना सच होने जा रहा है, जिसका देश-दुनिया के रामभक्तों को वर्षों से इंतजार था।

57,400 वर्ग फीट मंदिर का निर्मित क्षेत्र

360 फीट लंबाई 235 फीट चौड़ाई 161 फीट ऊंचाई

कुल तल 3 प्रत्येक 20 फीट ऊंचा

मंदिर में शिखर एवं 5 मंडप



फाइल फोटो

## दीपोत्सव व भव्य आतिशबाजी का होगा आयोजन

श्रीराम के भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दृष्टिगत 22 जनवरी को सरयू घाट पर दीपोत्सव व भव्य आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा। साथ ही शाम को यहां के हर घर, घाट व मंदिरों में दीपोत्सव जैसा कार्यक्रम आयोजित होगा। प्रदेश सरकार द्वारा प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन के लिए पूरे जनपद में स्क्रीन/डिजिटल बोर्ड की व्यवस्था की गयी है, ताकि अयोध्यावासी इस ऐतिहासिक क्षण का सजीव प्रसारण देख सकें।

## राममय होगा वातावरण

प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश और पूरी दुनिया में राम भक्त बेहद उत्साहित हैं। इस ऐतिहासिक अवसर का पूरा देश एक पर्व की तरह प्रतीक्षा कर रहा है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद रात में देशवासियों द्वारा अपने-अपने घरों में दीप प्रज्वलित किये जायेंगे। इन दीपों से प्रज्वलित होने वाली लौ को राम ज्योति कहा जाएगा। सिर्फ घरों में ही नहीं, बल्कि दुकानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों (होटल, फैक्ट्री, कारखानों, प्लांट आदि), कार्यालयों (सरकारी व निजी) और पौराणिक एवं ऐतिहासिक स्थलों पर भी दीप जलाये जायेंगे। राम ज्योति के माध्यम से ऐसी आभा बिखरेगी, जिससे पूरा वातावरण राममय हो जायेगा। भक्ति का ऐसा माहौल बनेगा, जैसा दीपावली या किसी अन्य पर्व पर होता है।

## 250 पुलिस गाइड की तैनाती

स्वच्छतम अयोध्या के लिए कुम्भ मेला की भांति सफाई व्यवस्था की गयी है। मुख्य स्थानों पर पेयजल/वाटर कूलर की व्यवस्था रहेगी। साथ ही, लोगों को रास्ते बताने के लिए 250 पुलिस गाइड भी तैनात किये गए हैं। बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट एवं पार्किंग स्थल तथा शहर के महत्वपूर्ण स्थलों पर हेल्प डेस्क और खोया-पाया केन्द्र स्थापित किये जा रहे हैं। यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु व्यापक मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रमुख मार्गों पर साइन बोर्ड लगाये जा रहे हैं, ताकि आम लोगों को आवागमन में कोई दिक्कत न हो।

## साइनेज बोर्ड की स्थापना

राम की पैड़ी, नागेश्वर नाथ मंदिर, भजन संध्या स्थल नया घाट, क्वीन हो पार्क, लता मंगेशकर चौक, रामपथ, जन्मभूमि पथ, भक्तिपथ, धर्मपथ, चौधरी चरण सिंह घाट, रामकथा संग्रहालय, जानकी महल, दशरथ महल, रामकोट, तुलसी स्मारक भवन, छोटी देवकाली मंदिर,




सरयू घाट, सूर्य कुंड, गुप्तार घाट, गुलाब बाड़ी, कम्पनी गार्डन, साकेत सदन मंदिर (निकट गुप्तार घाट), चौधरी चरण सिंह पार्क, संत तुलसी घाट, तिवारी मंदिर, तुलसी उद्यान, गोरखपुर-लखनऊ बाईपास, बैकुंठ धाम, मिथिला धाम, अयोध्या आई हॉस्पिटल, हनुमान गढ़ी रोड, राजद्वार मंदिर तिराहा, कनक भवन रोड, दिगंबर जैन मंदिर, श्रीराम हॉस्पिटल, राम कचहरी, रंगमहल, अमावा राम मंदिर, सीताकुंड, मणि पर्वत, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर साइनेज पट्टिकाएं लगायी जा रही हैं।

## इन भाषाओं में लगाई जा रही हैं पट्टिकाएं

संयुक्त राष्ट्र की जिन छह भाषाओं में पट्टिकाओं को लगाने का कार्य हो रहा है, उनमें अरबी, चीनी, अंग्रेजी, फ्रेंच, रूसी और स्पेनिश शामिल हैं। इसके अलावा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हिंदी, उर्दू, असमिया, उड़िया, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, गुजराती, डोगरी, तमिल, तेलुगू, नेपाली, पंजाबी, बांग्ला, बोडो, मणिपुरी, मराठी, मलयालम, मैथिली, संथाली, संस्कृत और सिंधी भाषा में भी पट्टिकाओं को लगाया जा रहा है।

## एक सप्ताह तक हर देव मंदिर में राम संकीर्तन का आयोजन

22 जनवरी को पूरे प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। साथ ही 22 जनवरी को पूरे प्रदेश में शराब और मीट-मांस की दुकानें भी बंद रहेंगी। 16 जनवरी से 22 जनवरी तक पूरे एक सप्ताह तक हर मंदिर में राम संकीर्तन आदि का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के लिए अयोध्या में 50 अतिरिक्त स्क्रीन और डिजिटल बोर्ड की व्यवस्था की गयी है। पूरे प्रदेश के प्रमुख देव मंदिरों में स्क्रीन लगाकर कार्यक्रम का सजीव प्रसारण करने के साथ-साथ सभी नगरों एवं गांवों में 14 से 21 जनवरी के मध्य विशेष सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है।

## अयोध्या धाम का समग्र विकास

रामनगरी में महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट संचालित

देश-विदेश के श्रद्धालुओं/पर्यटकों के लिए सीधी कनेक्टिविटी

आयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन के 06 प्लेटफॉर्म्स का पुनर्विकास

एक लाख से अधिक यात्रियों के आवागमन की क्षमता

वातानुकूलित शयनगृह एवं एसी कमरों की व्यवस्था

देश की पहली सोलर सिटी के रूप में अयोध्या का विकास

135 सरकारी भवनों पर 1543 केवी सोलर रूफ टॉप की स्थापना

स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट की स्थापना

पर्यावरण अनुकूल बसों का संचालन

धर्म पथ, राम पथ, भक्ति पथ व जन्मभूमि पथ का निर्माण

प्राकृतिक विधि से जल-संरक्षण
05 कुंडों - संध्या सरोवर, सीता कुंड, खुर्ज कुंड, अग्नि कुंड एवं विद्या कुंड का कायाकल्प
03 कुंडों का जीर्णोद्धार कार्य प्रगति पर

## विभिन्न सुविधाएं और आकर्षण केंद्र

- ओपन एयर थिएटर
- आधुनिक सुविधाओं और खूबसूरत डिजाइन के साथ पार्क
- बच्चों के लिए खेल पार्क
- आकर्षक मूर्तियां
- प्रवेश द्वार
- ध्यान सह योग केंद्र
- कियॉस्क
- शौचालय ब्लॉक
- व्याख्या केंद्र
- कैफेटेरिया
- सुरक्षा के लिए सीसीटीवी से निगरानी

## महत्वपूर्ण निर्णय

- उत्तर प्रदेश श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद का गठन
- अयोध्या में दीपोत्सव सहित आयोजित होने वाले सभी मेलों को राजकीय मान्यता
- अयोध्या शोध संस्थान को अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान का दर्जा
- अयोध्या के माझा जमथरा में 25 एकड़ में मंदिर संग्रहालय की स्थापना का निर्णय
- स्वर कोकिला भारत रत्न लता मंगेशकर चौक का विकास
- पावन 84 कोसी परिक्रमा मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा

## सबके राम

प्रभु राम अलग-अलग रूपों में सबके लिए आदर्श हैं। परिवार, समाज, पुत्र, भाई, पति और राजा के रूप में। इन्हीं खूबियों के नाते वह मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। उनकी व्यापकता और स्वीकार्यता की भी यही वजह है। इसी नाते भारत ही नहीं, दुनिया के कई देशों में राम अपने अलग-अलग स्वरूप में देखे जाते हैं। 'सबके राम' का यह स्वरूप अयोध्या में जीवंत हो रहा है। इसका जरिया बन रहे हैं देश और विदेश के वे कलाकार, जो 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दृष्टिगत राम के पूरे जीवन को मंच पर सजीव करेंगे। इसका सिलसिला शुरू भी हो गया है।

### देश और दुनिया के 3500 कलाकारों का अयोध्या में होगा संगम

रामनगरी देश और दुनिया के करीब 3500 कलाकारों का संगम बनेगी। हर रोज अलग-अलग रामदलों के करीब 500 कलाकार मंच पर रामकथा का मंचन कर गोस्वामी तुलसीदास के रामचरित मानस की इन पंक्तियों, 'हरि अनंत हरि कथा अनंता, कहहिं, सुनहिं बहुविधि सब संता' को मूर्त रूप देंगे।



फाइल फोटो

### कई राज्यों के रामदल भी मंच पर प्रदर्शित करेंगे श्रीराम का उदात्त चरित्र

दुनिया के अलग-अलग देशों के अलावा देश के कई राज्यों यथा मध्य प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड, हरियाणा, कर्नाटक, सिक्किम, केरल, छत्तीसगढ़, जम्मू कश्मीर, लद्दाख और चंडीगढ़ के रामदल भी श्रीराम के उदात्त चरित्र को मंचन कर रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद भी यह जारी रहेगा।

# अवधपुरी अति रुचिर बनाई



डबल इंजन की सरकार अयोध्या को अंतर्राष्ट्रीय पटल पर प्रमुखतम आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में पुनर्स्थापित करने के लिए सतत कार्य कर रही है। वर्तमान में अयोध्या को लगभग ₹31,000 करोड़ की 178 परियोजनाओं की सौगात मिल चुकी है। इसके अलावा मास्टर प्लान 2031 के तहत ₹85,000 करोड़ से आगामी 10 वर्षों में अयोध्या, विश्व की सर्वोत्तम नगरी बनने को तैयार है। आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए यूपीजीआईएस के दौरान हुये एमओयू के जरिए अयोध्या में करीब ₹1.54 लाख करोड़ के निवेश से आने वाले समय में लगभग 1.3 लाख रोजगार सृजित होंगे। सदियों के संघर्ष के पश्चात की नई कहानी लिख रही सप्तपुरियों में श्रेष्ठ अवधपुरी 'विकास का नया मॉडल' बन रही है।

हमारा दायित्व है कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जो कार्यक्रम, विकास की योजनाएं अयोध्या को दुनिया की सबसे सुंदर नगरी के रूप में प्रस्तुत करने के लिए संचालित की जा रही हैं, उसमें हम सभी अपने स्तर से सहयोग करें। एक नई व्यवस्था, एक नया स्वरूप आज हमारी अयोध्या में देखने को मिल रहा है

**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

अयोध्या हर भारतीय की सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने वाला शहर है। यह भारत की परंपराओं एवं विकास की यात्रा को प्रदर्शित करने वाला होना चाहिए। अयोध्या का विकास इस तरह से होना चाहिए कि आने वाली पीढ़ियां जीवन में कम से कम एक बार यहां आने की इच्छा रखें

**नरेन्द्र मोदी,** प्रधानमंत्री

## ऐतिहासिक कदम

- अयोध्या नगर निगम का गठन
- अयोध्या बाईपास पर भव्य बस स्टेशन का निर्माण
- राजर्षि दशरथ स्वसाशी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण
- भजन संध्या स्थल, म्यूजियम, श्रीराम प्रतिमा का निर्माण
- अयोध्या का स्मार्ट सिटी के रूप में विकास
- हवाई पट्टी का अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के रूप में विकास
- अयोध्या के आसपास के कई मार्गों का 4 लेन में विकास
- श्रीराम मंदिर मार्ग का चौड़ीकरण-सुंदरीकरण
- धर्मपथ के साथ अन्य मार्गों का विस्तारीकरण
- महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय की स्थापना
- उत्तर प्रदेश श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद का गठन
- भारतीय मंदिर वास्तुकला संग्रहालय की स्थापना
- अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान
- मॉडल सोलर सिटी के रूप में हो रहा विकास
- अयोध्या में आयोजित होने वाले सभी मेलों को राजकीय दर्जा

## लोकार्पित परियोजनाएं

- ₹1,463 करोड़ से महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम
- ₹1,919 करोड़ से जौनपुर-अयोध्या-बाराबंकी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत 4 खंडों का दोहरीकरण
- ₹845 करोड़ से राम पथ (सहादतगंज से नया घाट तक) का निर्माण
- ₹241 करोड़ से अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन का कायाकल्प
- ₹167 करोड़ से उपरिगामी विद्युत तारों का भूमिगत कार्य
- ₹75 करोड़ से बड़ी बुआ रेलवे क्रॉसिंग पर रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण
- ₹68 करोड़ से भक्ति पथ (अयोध्या मुख्य मार्ग से हनुमान गढ़ी होते हुए श्रीराम जन्मभूमि तक) का निर्माण
- ₹67 करोड़ से महर्षि अरुंधती पार्किंग एवं व्यावसायिक संकुल (पूर्वी एवं पश्चिमी)
- ₹65 करोड़ से धर्म पथ (एनएच-27 से नया घाट पुराने पुल तक) का निर्माण
- ₹45 करोड़ से एनएच-27 बाईपास महोबरा बाजार से टेढ़ी बाजार होते हुए श्रीराम जन्मभूमि तक 4 लेन रोड का निर्माण
- ₹41 करोड़ से श्रीराम जन्मभूमि पथ (सुग्रीव किला से श्रीराम जन्मभूमि तक) का निर्माण
- ₹37 करोड़ से कलेक्ट्रेट परिसर में लक्ष्मण कुंज स्मार्ट वाहन पार्किंग का निर्माण
- ₹34 करोड़ से पुलिसकर्मियों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण
- ₹20 करोड़ से अयोध्या-सुलतानपुर एनएच-330 से एयरपोर्ट तक 4 लेन सड़क का निर्माण
- ₹17 करोड़ से सोहावल क्षेत्र के पिखरौली ग्रामसभा में सॉलिड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना
- ₹17 करोड़ से अमानीगंज में वाहन पार्किंग एवं व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स

# 8 परिकल्पनाओं का संगम





अवधपुरी को श्रेष्ठतम नगरी बनाने का सपना साकार करने के लिए आठ परिकल्पनाओं के आधार पर तेजी से काम चल रहा है। इन आठ संकल्पित 'मॉडल' में विकास कार्यों की एक लंबी फेहरिस्त है, जिसमें सबसे पहला नाम अयोध्या में बनकर तैयार हो चुके महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का है। नव्य अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन भी अपने नये कलेवर से आकर्षण का केंद्र बन कर उभरा है।

### सांस्कृतिक अयोध्या

सांस्कृतिक राजधानी के रूप में विकास: मठ, मंदिर, आश्रम, नगर द्वार एवं संग्रहालय का वैभवशाली निर्माण



### सक्षम अयोध्या

आत्मनिर्भर नगरी के रूप में विकास: रोजगार, पर्यटन, धार्मिक सांस्कृतिक कार्यों से वृहद स्तर पर रोजगार सृजन

### सुरम्य अयोध्या

कुंडों, तालाबों, प्राचीन सरोवरों, उद्यानों का कायाकल्प, नए उद्यानों का निर्माण, हेरिटेज लाइट, फसाड लाइटिंग

### भावात्मक अयोध्या

कण-कण में श्रीराम से जुड़ने का भाव परिलक्षित हो इसके लिए सड़कों के किनारे दीवारों, चौराहों पर विभिन्न कलाकृतियों से सज्जा

### आधुनिक अयोध्या

अत्याधुनिक सुविधायुक्त नगरी के रूप में विकास : स्मार्ट सिटी, सेफ सिटी, सोलर सिटी, ग्रीन फील्ड टाउनशिप

### सुगम्य अयोध्या

महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन , इनलैंड वाटरवेज एवं बेहतर रोड कनेक्टिविटी



### स्वच्छ अयोध्या

स्वच्छ शहर के रूप में पहचान : स्मार्ट सिटी के रूप में विकास, साफ-सफाई, ड्रेनेज और सीवर सिस्टम

### आयुष्मान अयोध्या

गुणवत्तापूर्ण और आधुनिकतम सुविधाओं से लैस राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय संचालित

## निर्माणाधीन परियोजनाएं

- ₹2,182 करोड़ की लागत से ग्रीनफील्ड टाउनशिप परियोजना
- ₹300 करोड़ की लागत से वशिष्ठ कुंज आवासीय परियोजना
- ₹297 करोड़ की लागत से एनएच-27 के लखनऊ-अयोध्या खंड में किमी 8.000 से किमी 121.600 तक का ईपीसी मोड में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य
- ₹218 करोड़ की लागत से एनएच-27 पर अयोध्या बाईपास के किमी 121.600 से किमी 144.020 तक ईपीसी मोड में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य
- ₹120 करोड़ की लागत से अयोध्या नगर निगम एवं अयोध्या विकास प्राधिकरण कार्यालय भवन का निर्माण
- ₹40 करोड़ की लागत से केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान (सिपेट) का निर्माण
- ₹28 करोड़ की लागत से उतरौला-फैजाबाद-इलाहाबाद मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य
- ₹27 करोड़ की लागत से रौनाही-ड्योढ़ी मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य
- ₹24 करोड़ की लागत से गुप्तार घाट एवं राज घाट के मध्य नए पक्के घाटों एवं पूर्व निर्मित घाटों का पुनरुद्धार कार्य
- ₹23 करोड़ की लागत से नया घाट से लक्ष्मण घाट तक पर्यटन सुविधाओं का विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य
- ₹23 करोड़ की लागत से राम की पैड़ी पर दर्शक दीर्घा का निर्माण कार्य
- ₹23 करोड़ की लागत से राम की पैड़ी से राजघाट तक, राजघाट से श्री राम जन्मभूमि मंदिर तक श्रद्धालु भ्रमण पथ का सुदृढ़ीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य
- ₹20 करोड़ की लागत से अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन से राम पथ तक स्मार्ट रोड (क्षीर सागर पथ) का निर्माण कार्य
- ₹20 करोड़ की लागत से अयोध्या-लखनऊ मार्ग पर गेट कॉम्प्लेक्स (टीएफसी) का निर्माण कार्य
- ₹20 करोड़ की लागत से अयोध्या-अम्बेडकरनगर मार्ग पर गेट कॉम्प्लेक्स (टीएफसी) का निर्माण कार्य
- ₹20 करोड़ की लागत से अयोध्या-रायबरेली मार्ग पर गेट कॉम्प्लेक्स (टीएफसी) का निर्माण कार्य
- ₹18 करोड़ की लागत से रायबरेली-अयोध्या मार्ग नाका हाईवे से नाका चुंगी तक 4 लेन चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य
- ₹17 करोड़ की लागत से अवध आगमन पथ (क्षीर सागर पथ से राम पथ तक) का निर्माण कार्य
- ₹17 करोड़ की लागत से गुप्तार घाट का सौंदर्यीकरण (तृतीय चरण) कार्य
- ₹15 करोड़ की लागत से 4 ऐतिहासिक प्रवेश द्वारों का संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण कार्य

उत्तर प्रदेश

अमृत विचार
www.amritvichar.com







# अलौकिक अयोध्या





57,400 वर्ग फीट मंदिर का निर्मित क्षेत्र

360 फीट लंबाई 235 फीट चौड़ाई 161 फीट ऊंचाई

कुल तल 3 प्रत्येक 20 फीट ऊंचा

मंदिर में शिखर एवं 5 मंडप





मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की जन्मभूमि, कोटि-कोटि सनातनियों की आस्था का केन्द्र अयोध्या नगरी में भव्य श्री राम मंदिर अतीत की दिव्यता, वर्तमान की आवश्यकता और सुनहरे भविष्य को नई दिशा दे रहा है। डबल इंजन की सरकार मिशन मोड में विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से अयोध्या को अंतर्राष्ट्रीय पटल पर प्रमुखतम आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र की पहचान दिलाने के लिए कटिबद्ध है। आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए अयोध्या में करीब 60,000 करोड़ रुपये के निवेश से आने वाले समय में लगभग 16 लाख रोजगार सृजित होंगे। सदियों के संघर्ष के पश्चात की नई कहानी लिख रही सप्तपुरियों में प्रथम अवधपुरी 'विकास का नया मॉडल' बन रही है।

"हमारा दायित्व है कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जो कार्यक्रम, विकास की योजनाएं अयोध्या को दुनिया की सबसे सुंदर नगरी के रूप में प्रस्तुत करने के लिए संचालित की जा रही हैं, उसमें हम सभी अपने स्तर से सहयोग करें। एक नई व्यवस्था, एक नया स्वरूप आज हमारी अयोध्या में देखने को मिल रहा है"

**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

"अयोध्या हर भारतीय की सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने वाला शहर है। यह भारत की परम्पराओं एवं विकास की यात्रा को प्रदर्शित करने वाला होना चाहिए। अयोध्या का विकास इस तरह से होना चाहिए कि आने वाली पीढ़ियां जीवन में कम से कम एक बार यहां आने की इच्छा रखें"

**नरेन्द्र मोदी,** प्रधानमंत्री

## 8 परिकल्पनाओं का संगम

**अवधपुरी के चतुर्दिक विकास के लिए 8 परिकल्पनाओं के आधार पर कार्य हो रहे हैं, जिससे एक बार फिर साकेतपुरी को ऐश्वर्यपूर्ण नगरी बनाने का सपना साकार हो रहा है।**

**सांस्कृतिक अयोध्या :** अवधपुरी को भारत की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में विकसित किया जा रहा है। मठ, मंदिरों और आश्रमों को भव्य रूप प्रदान करना हो या वैभवशाली नगर द्वारों का निर्माण, मंदिर संग्रहालय जैसे तमाम कार्य इसी परिकल्पना के आधार पर किये जा रहे हैं।

**सक्षम अयोध्या :** अयोध्या का आत्मनिर्भर नगरी के रूप में विकास किया जा रहा है, जहां रोजगार, पर्यटन, धर्म और सांस्कृतिक गतिविधियों के जरिये बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित हो रहे हैं।

**आधुनिक अयोध्या :** इस पवित्र नगरी को आज हर प्रकार की आधुनिक सुविधाओं वाला नगर बनाया जा रहा है। स्मार्ट सिटी, सेफ सिटी, सोलर सिटी, ग्रीन फील्ड टाउनशिप जैसी तमाम योजनाएं इसी के परिणामस्वरूप आकार ले रही हैं।

**सुगम्य अयोध्या :** महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम, अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन का कायाकल्प, इनलैंड वाटरवे से जोड़ने जैसे कार्य करके केंद्र व प्रदेश सरकार अयोध्या तक पहुंच को हर प्रकार से सुगम्य बना रही है।

**सुरम्य अयोध्या :** नगर के विभिन्न कुंडों, तालाबों और प्राचीन सरोवरों के सौंदर्यीकरण की बात हो या पुराने उद्यानों का कायाकल्प हो, नये उद्यानों का निर्माण कार्य हो या फिर हेरिटेज लाइट्स के जरिये शहर को सुंदर स्वरूप प्रदान करना हो, सड़कों को फसाड लाइटिंग से जगमग कर अवधपुरी को हर प्रकार से मनमोहक नगरी के रूप में विकसित किया जा रहा है।

**भावात्मक अयोध्या :** अवधपुरी के कण-कण में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम से जुड़ने का भाव परिलक्षित हो इसके लिए शहर की दीवारों, सड़कों के किनारे, चौराहों तक को सांस्कृतिक रूप से सुसज्जित किया गया है।

**स्वच्छ अयोध्या :** स्मार्ट सिटी के रूप में साफ-सफाई से लेकर ड्रेनेज और सीवर सिस्टम पर अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं।

**आयुष्मान अयोध्या :** आमजन को गुणवत्तापूर्ण व सुविधा आधारित चिकित्सीय सुविधा प्रदान करने के लिए अयोध्या के हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया गया है। राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में आपातकालीन चिकित्सीय सुविधा।

### ऐतिहासिक कदम

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस** तकनीक पर विकसित होने वाला पहला शहर

उत्तर प्रदेश श्री अयोध्या जी **तीर्थ विकास परिषद** का गठन

अयोध्या का **सोलर सिटी** के रूप में विकास

**भव्य दीपोत्सव** का आयोजन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज

अयोध्या में आयोजित होने वाले दीपोत्सव सहित **सभी मेलों को राजकीय दर्जा**

अयोध्या शोध संस्थान को **अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान** का दर्जा

माझा जमथरा, अयोध्या में 25 एकड़ में **मंदिर म्यूजियम** की होगी स्थापना

प्रयागराज के बाद अयोध्या में योगी सरकार की **कैबिनेट बैठक**

स्वरकोकिला भारत रत्न **लता मंगेशकर स्मृति चौक** का विकास

पावन 84 कोसी परिक्रमा मार्ग **राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित**

### मंदिर संग्रहालय

प्रसिद्ध भारतीय मंदिरों के इतिहास की झलक

### मोम संग्रहालय

2 एकड़ में बनने वाला यह संग्रहालय रामायण के प्रमुख पात्रों को समर्पित होगा और इसमें प्रसिद्ध हस्तियों की मूर्तियाँ भी होंगी

### अयोध्या हाट

सरयू के घाटों को खाद्य कियोस्क और वेंडिंग कार्ट के साथ विकसित किया जा रहा है और यह सुनिश्चित करने पर भी ध्यान दिया गया है कि कोई अपशिष्ट न बचे

### संध्या सरोवर

रेस्तरां, फूड स्टॉल के साथ खुली हवा वाला फूड जोन, बोटिंग, जिपलाइनिंग, स्लैकलाइनिंग सुविधाओं के साथ तीन लैगून/ जल निकाय बनाए जाएंगे

### टेंट सिटी योजना

पर्यटकों के लिए मेडिकल सुविधा, बायो डाइजेस्टिव शौचालय सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी

## ₹4403 करोड़ की लागत से 147.2 किमी. लंबे राम वन गमन पथ का निर्माण कार्य प्रगति पर

### संवरती अयोध्या

- 1407 एकड़ में ग्रीनफील्ड टाउनशिप परियोजना : ₹2182 करोड़
- महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम : ₹1463 करोड़
- सहादतगंज से नयाघाट मार्ग तक रामपथ का निर्माण (12.94 किमी.) : ₹845 करोड़
- राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण : ₹246 करोड़
- अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास : ₹241 करोड़
- उपरिगामी विद्युत तारों को भूमिगत करने का कार्य : ₹167 करोड़
- रेलवे क्रासिंग संख्या 112 पंचकोसी परिक्रमा मार्ग स्थित बड़ी बुआ रेलवे क्रासिंग पर आरओबी का निर्माण : ₹74 करोड़
- शहर के विभिन्न वार्डों में हेरिटेज डेकोरेटिव पोल लगाने का कार्य : ₹72 करोड़
- महर्षि अरुन्धति पार्किंग, व्यावसायिक संकुल का निर्माण कार्य (पूर्वी एवं पश्चिमी) : ₹68 करोड़
- भक्तिपथ से श्री राम जन्मभूमि पथ तक वाया हनुमानगढ़ी 29 किमी. मार्ग निर्माण : ₹68 करोड़
- एनएच 27 से नया घाट पुराने पुल तक मार्ग (धर्मपथ) (अन्य जनपद मार्ग) का चौड़ीकरण एवं विस्तारीकरण : ₹65 करोड़
- सीपेट केन्द्र की स्थापना : ₹40 करोड़
- मल्टीलेवल पार्किंग निकट कलेक्ट्रेट : ₹37 करोड़
- राम की पैड़ी से राजघाट तक, राजघाट से भगवान श्री राम मंदिर तक श्रद्धालु भ्रमण पथ का सुदृढ़ीकरण एवं जीर्णोद्धार : ₹23 करोड़
- राम की पैड़ी पर दीपोत्सव एवं अन्य मेले/महोत्सवों हेतु दर्शक दीर्घा का निर्माण : ₹23 करोड़
- तहसील सोहावल ग्राम पिरखौली में 140 टीपीडी क्षमता का सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट : ₹18 करोड़
- अयोध्या में 4 ऐतिहासिक प्रवेश द्वारों का संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण : ₹15 करोड़
- गुप्तार घाट से राजघाट तक 410 सोलर स्ट्रीट लाइट का कार्य : ₹12 करोड़






## एक नजर

### न्यायिक अधिकारियों को कराया मतदान का मॉकपोल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए शनिवार को ईवीएम प्रशिक्षण और जागरुकता कार्यक्रम जनपद न्यायाधीश डॉ. अजय कुमार के निर्देशन में जनपद न्यायालय परिसर स्थित सभागार में किया गया। इसमें न्यायिक प्रशासनिक अधिकारियों और कार्मिकों को ईवीएम, वीवीपैट से मतदान का मॉक पोल कराया गया। इस दौरान प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय अरविंद मलिक, शिवानंद सिंह पीठासीन अधिकारी एमएसीटी आदि मौजूद रहे।

### दो छुट्टा गोवंशों के मिले शव

**अगवानपुर, अमृत विचार :** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के ग्राम काजीपुरा में श्मशान घाट के निकट दो छुट्टा गोवंशों के शव मिले हैं। इसकी जानकारी गो रक्षक दल के जिला अध्यक्ष कामेश सिंह लोधी को मिली तो वह मौके पर पहुंचे और उन्होंने नगर निगम की टीम को सूचना देकर बुलाया। नगर निगम की टीम ने जेसीबी से गड्ढा खोदवाकर दोनों गो वंशों के शव को दबवा दिया।

# पत्नी-बेटी के आपत्तिजनक फोटो वायरल, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**दुस्साहस**
- आरोपी ने इंस्टाग्राम पर बना रखी है फर्जी आईडी
- पीड़ित की बेटी के जन्मोत्सव पर भी पहुंचकर भी दी थी धमकी

**अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर आरोपी ने पीड़ित की पत्नी व बेटी के आपत्तिजनक फोटो बनाकर वायरल कर दिए हैं। इस मामले में पीड़ित ने मझोला थाने पहुंचकर कई बार मदद की गुहार लगाई लेकिन, सुनवाई नहीं हुई। बाद में डीआईजी के हस्तक्षेप पर अब मझोला पुलिस ने आरोपी अमन वर्मा पुत्र पंकज वर्मा के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी अमन कटघर थाना क्षेत्र में भदौरा में सुनारों वाली गली का रहने वाला है।

पीड़ित का कहना है कि आरोपी अमन वर्मा ने इंस्ट्राग्राम पर फर्जी अकाउंट बनाया है। इस पर उनकी पत्नी व बेटी की आपत्तिजनक फोटो बनाकर वायरल कर दिए हैं। पीड़ित ने जब विरोध किया तो आरोपी गाली-गलौज कर जान से मार देने की धमकी दे रहा है। बताया कि 14 जनवरी को उनकी बड़ी बेटी के जन्मोत्सव में भी आरोपी ने आकर फोटो वायरल करने व बदनाम कर जान से मार देने की धमकी दी थी। पीड़ित ने आपत्तिजनक फोटो को हटवाकर फर्जी आईडी को बंद कराने की मांग की है। वहीं इस संबंध में मझोला थानाध्यक्ष संजय कुमार पांचाल ने बताया कि डीआईजी के निर्देश पर पीड़ित पक्ष की ओर से सूचना प्रोद्यौगिकी अधिनियम के तहत आरोपी के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कर ली है। लेकिन, पीड़ित पक्ष से अभी संपर्क नहीं हो पाया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूरे मामले की जांच कर आरोपी को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

### दहेज हत्या में दोषी को 10 साल की सजा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दहेज हत्या के मामले में अभियुक्त संजीव पुत्र दौलत सिंह को न्यायालय ने शनिवार को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 5,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

दोषसिद्ध अभियुक्त भोजपुर थाना क्षेत्र के नावपुरा कस्बा का रहने वाला है। इसके विरुद्ध उत्तराखंड के जिला उधम सिंह नगर के थाना जसपुर क्षेत्र के गांव तिवारीमंडी के शिव कुमार पुत्र आसेराम ने भोजपुर थाने में वर्ष 2018 में दहेज हत्या के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई थी। एडीजीसी अशोक कुमार यादव ने बताया कि घटना 30 मार्च 2018 की है। जबकि, घटनास्थल भाजपुर कस्बा मोहल्ला नावपुर है। अभियुक्त संजीव पर दहेज के लिए महिला की हत्या करने का आरोप था, जो सिद्ध पाया गया है। इस मामले की विवेचना तत्कालीन क्षेत्राधिकारी विशाल यादव ने की थी।

## जनपद में रासायनिक खाद का प्रयोग करने वाले किसानों की संख्या में आई कमी

# किसानों को प्रेरित करने में प्रदेश में जिला प्रथम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**पीएम प्रणाम योजना**
- पिछले वर्ष की अपेक्षा 7 प्रतिशत किसानों ने नहीं खरीदा रासायनिक खाद
- योजना में वैकल्पिक व जैविक खाद के प्रयोग को बढ़ावा देना है

**प्रदेश में जनपदों की स्थिति**
1- मुरादाबाद 2-चंदौली 3-अमरोहा 4-बहराइच 5-लखनऊ

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार की पीएम प्रणाम योजना को धरातल



पर लाने प्रदेश में जिले का नाम पहले स्थान पर आया है। पूरे प्रदेश में जिले में सबसे अधिक 7 प्रतिशत किसानों को रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग संतुलित रूप से करने के लिए प्रेरित करने में जिले के कृषि विभाग का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वर्ष 2022 में 1 लाख 1768 मीट्रिक टन यूरिया खाद खरीदी गई थी । जिसके सापेक्ष एक अप्रैल 2023 से 15 जनवरी 2024 तक 94 हजार मीट्रिक टन खाद की खरीदारी हुई है।

शनिवार को जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने बताया कि जनपद में 1,85,811 किसानों को सम्मान निधि दी जा रही है। जिले में कुल 3,16,163 किसान हैं। पीएम प्रणाम योजना के तहत जिले के किसानों को अपनी फसल में कम से कम रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। किसानों की बैठक कर और विकसित भारत संकल्प यात्रा में किसानों को फसलों में रासायनिक उर्वरकों का संतुलित प्रयोग करने की सलाह दी जा रही है। वहीं अन्य वैकल्पिक व जैविक खाद्य के प्रयोग करने पर जोर दिया गया। सरकार की इस योजना में लोगों को बिना रासायनिक खाद के प्रयोग के पौष्टिक हरी सब्जियां उपलब्ध कराना उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष 2022 के सापेक्ष 2023-24 में 7 प्रतिशत किसानों ने रासायनिक उर्वरकों की कम खरीदारी की है। रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से बचने के लिए प्रेरित करने में जनपद प्रदेश में पहले स्थान पर आया है। प्रदेश में सबसे अधिक जिले में 7 प्रतिशत किसानों ने इस वर्ष रासायनिक खाद का प्रयोग करने से परहेज किया है।

### सिंचाई में अनदेखी गेहूं की फसल के लिए हानिकारक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सामान्यत: किसान अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े से गेहूं की फसल की बोआई करते हैं। जिले में बड़ी संख्या में किसान दिसंबर तक किसान चीनी मिलों के संचालन के बाद गन्ना डालकर में गेहूं की बोआई करते हैं। ऐसे में फसल की अच्छी पैदावार के लिए समय पर सिंचाई करना अति आवश्यक है। अधिकतर किसान फसल की सही समय पर सिंचाई नहीं कर पाते हैं, जिससे फसल की पैदावार प्रभावित होती है। बोआई के 20 से 25 दिनों के बाद पहली सिंचाई और कल्ले निकलने की अवस्था में दूसरी सिंचाई करना जरूरी है। यह समय फसल बोआई के करीब 40 से 45 दिनों के बाद का होता है। इसके बाद करीब 60 से 65 दिनों के उपरांत जब पौधे में गांठें बनना प्रारंभ हो जाएं, तब तीसरी सिंचाई कर देनी चाहिए। जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने बताया कि 80 से 85 दिनों के अंतराल के बाद चौथी सिंचाई करना आवश्यक होता है। पांचवीं सिंचाई 100 से 105 दिनों पर फसल की कर देनी चाहिए।

### स्कूटी की मरम्मत के मांगे पैसे तो हुई पिटाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** स्कूटी की मरम्मत के बाद कारीगर ने मेहनताना मांगा तो आरोपियों ने गाली-गलौज की और जब उसने विरोध किया तो उसकी जमकर पिटाई कर दी।

मामला पाकबड़ा थाना क्षेत्र के उमरी सब्जीपुर गांव के दानिश का है। उनका कहना है कि वह वाहनों की रिपेयरिंग करते हैं। उनके गांव के अरबाज, इमरान व सबलू उनकी दुकान पर स्कूटी की मरम्मत कराने आए थे। उसने स्कूटी को दुरुस्त कर उनसे रिपेयरिंग के रुपये मांगे तो उन लोगों ने उसे गाली देनी शुरू कर दी थी। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की।

इस मामले में पीड़ित ने पाकबड़ा थाने में तीनों आरोपियों को नामजद किया है। दानिश ने पुलिस को बताया है कि उनसे मारपीट करने के बाद आरोपियों ने उनके चाचा और ताई के साथ भी गाली-गलौज कर मारपीट की है। इस मामले में थानाध्यक्ष पाकबड़ा राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि मिस्त्री की तहरीर पर एफआईआर दर्ज हुई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# 1410 ने परीक्षार्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा

## जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा से 803 परीक्षार्थियों ने किया किनारा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा छह में प्रवेश के लिए शनिवार को परीक्षा हुई। इसके लिए जिले में नौ परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा के लिए 2213 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे, जिसमें 1410 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। कई विद्यार्थियों को समय पर प्रवेश पत्र नहीं मिल पाए तो कुछ को परीक्षा की जानकारी नहीं हो सकी।

पंजीकृत विद्यार्थियों के सापेक्ष 36.29 प्रतिशत यानी 803 विद्यार्थियों ने परीक्षा से किनारा किया। पूर्वाह्न 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक परीक्षा हुई। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्यवेक्षकों की भी तैनाती की गई थी। डीआईओएस डॉ. अरुण कुमार दुबे ने बताया कि परीक्षा को नकलविहीन कराने के लिए हर केंद्र पर एक-एक पर्यवेक्षक की तैनाती की गई थी। संबंधित थानों की पुलिस फोर्स भी मौजूद रही। परीक्षा के समय सचल दल के रूप में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ ही नवोदय विद्यालय के शिक्षक केंद्रों पर पहुंचकर निगरानी करते रहे।



चित्रगुप्त इंटर कॉलेज से नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

### आज जनपद में 30 केंद्रों पर होगी सीटेट परीक्षा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से आयोजित होने वाली केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) आज जिले के 30 केंद्रों पर होगी। परीक्षा को नकलविहीन कराने के लिए हर केंद्र पर सीबीएसई की ओर से पर्यवेक्षक उपस्थित रहेंगे। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर एक घंटे पहले पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। सीटेट परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 :30 बजे से दोपहर 12 :30 बजे तक होगी। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 :30 बजे से शाम 5 :30 बजे तक होगी। पहली पाली की एंट्री सुबह 9 :30 बजे शुरू होगी। वहीं, दूसरी पाली की परीक्षा में दोपहर 1 :30 बजे से एंट्री शुरू हो जाएगी। परीक्षा शुरू होने के बाद किसी भी केंद्र पर परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी। इसलिए अंतिम समय में जांच-पड़ताल के कारण देरी से बचने के लिए सभी परीक्षार्थी समय से पहले ही केंद्र पर पहुंचें। परीक्षा समन्वयक और गांधी नगर पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य शशि शर्मा ने बताया कि परीक्षा में 19,778 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर प्रवेशपत्र के साथ ही एक पहचान पत्र लेकर जाना होगा। साथ ही दिव्यांग उम्मीदवारों को दिव्यांगता का प्रमाणपत्र लेकर जाना अनिवार्य है।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रैली निकाल किया जागरूक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से एसएस इंटर कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर में शनिवार को दिन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के रूप में मनाया गया।

प्रथम सत्र में योग गुरु ने स्वयंसेवकों को योगाभ्यास कराया। द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों ने चयनित मलिन बस्ती में बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ आदि स्लोगन लिखी तख्ती लेकर मलिन बस्ती के लोगों को जागरूक किया। बौद्धिक सत्र में अतिथि विद्यालय की अध्यापिकाएं पूनम त्यागी, सुमन लता, सुनीता गुप्ता, सुनीता अग्रवाल रहीं। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए पूनम त्यागी ने स्वयंसेवकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब बेटी और बेटे में कोई फर्क नहीं है। बेटियां भी समाज के विकास में पूर्ण योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार ने किया।



गोकुलदास कॉलेज में रंगोली बनाती छात्राएं। ● अमृत विचार

# कालेज के संस्थापक को श्रद्धासुमन अर्पित किए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स महाविद्यालय के संस्थापक स्व. राय बहादुर गोकुलदास गुजराती की 151वी जयंती शनिवार को संस्थापक दिवस के रूप में मनाई गई। सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा व गुजराती परिवार के वंशज महाविद्यालय के पूरे परिवार ने गुजराती को श्रद्धासुमन अर्पित किए। छात्राओं ने महाविद्यालय के कुलगीत का गायन किया।

इस अवसर पर छात्राओं ने संगीत विभाग के निर्देशन में तैयार किए गए गीत एवं भजन की प्रस्तुति दी। इसमें संगीत विभाग की प्रोफेसर स्वदेश, प्रोफेसर प्रवीण सैनी और नमिता शर्मा ने सहयोग किया। प्राचार्या प्रोफेसर चारू मेहरोत्रा ने कहा कि ऐसे समय में जब बालिका शिक्षा के प्रति समाज का कोई भी व्यक्ति जागृत नहीं था, तब गोकुलदास ने बालिकाओं की शिक्षा के लिए आगे बढ़कर योगदान दिया है। इस दौरान डॉ. एससी चौधरी, मनमोहन पोरवाल, जगमोहन पोरवाल, भरत पोरवाल, सौरभ पारेख, छवि पोरवाल, ममता पोरवाल, पशुपति कपूर, अंजू कपूर, प्रोफेसर अपर्णा जोशी, प्रोफेसर किरण त्रिपाठी, प्रोफेसर डॉ सीमा मलिक आदि मौजूद रहीं।

# शिव मंदिर में धूमधाम से मनाया रामजन्मोत्सव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मंदिर परिसर को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया
- सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा समारोह उत्साहपूर्वक मनाने का आह्वान

**अमृत विचार :** स्वस्तिक सेवा समिति की ओर से श्री शिव मंदिर डिप्टी गंज,दौलतबाग में चल रही श्रीराम कथा में शनिवार को रामजन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। मंदिर प्रांगण को गुब्बारों और फूलों से सुंदर सजाया गया।

कथा वाचक व्योम त्रिपाठी ने हम राम जी के रामजी हमारे हैं, भजन से कथा का आरंभ किया। भय प्रकट कृपाला दीन दायला कौशल्या हित कारी से भगवान राम का जन्म उत्सव मनाया। उन्होंने बताया कि राम सिर्फ एक नाम नहीं है राम नाम भक्त की भक्ति की अनुभूति है। यह नाम हमारे जन्म से अंतिम समय के पश्चात तक सत्य ही सत्य है। संत शिरोमणि महाकवि वाल्मीकि के विषय में बताया और कहा कि रामायण हमें सन्मार्ग पर चलना सिखाती है। राम चरित्र मानस की प्रत्येक चौपाई हमारे जीवन को मर्यादित रूप से राष्ट्र हित के लिए प्रेरित करती है। उसी का परिणाम है कि आने वाली 22 जनवरी को हम सबके आराध्य भगवान राम अपने मंदिर में विराजमान हो रहे हैं। हम भी इस उत्सव में अपनी सहभागिता करे। व्यवस्था में विनय शर्मा, वीके सिंह, मनोज आहूजा, अर्पित शर्मा, लवी गुप्ता, आशुतोष शर्मा, रवि त्यागी, एमवी शर्मा, रीना आहूजा, रेनु गुप्ता, अंशु सिंह, अंशु गौर, मीरा सिंह, रश्मि बंसल आदि मौजूद रहे।

### अयोध्या रवाना हुए महंत स्वामी संजय नंद गिरि

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** महाकालेश्वर बालाजी धाम मंदिर सम्राट अशोक नगर के पीठाधीश्वर महंत स्वामी संजय नंद गिरि महाराज अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बनने के लिए अयोध्या रवाना हो गए। इससे पहले उन्होंने राम मंदिर आंदोलन में प्राणों की आहुति देने वाले कोठारी बंधु की आत्मा की शांति के लिए यज्ञ किया। कलश रखवाकर हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ, श्रीराम की स्तुति और आरती की। इसके बाद शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा सैनी संस्थान, सम्राट अशोक नगर आदि क्षेत्रों में होते हुए कांशीराम गेट पहुंचकर संपन्न हुई। विश्व हिंदू महासंघ मातृशक्ति की जिलाध्यक्ष आराधना अग्रवाल, राजेश रस्तोगी, राकेश वर्मा, रणविजय, विशाल गुप्ता, अमरीश यादव, अभिनव वर्मा, हर्ष, शैलेंद्र गुप्ता, कमल आदि शामिल रहे।

# रात में कमिश्नर आवास के पास रील बनाने वालों को पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- संदिग्ध युवकों की दो थार गाड़ी भी पुलिस के कब्जे में

**अमृत विचार :** दो थार गाड़ी में सवार होकर कुछ युवकों को बीते दिनों देर रात कमिश्नर आवास के पास फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी करना महंगा पड़ गया है।

सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखने के बाद पुलिस संदेह के घेरे में लेकर संभल जिले के दोनों युवकों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। दोनों के पास से पुलिस ने दो थार गाड़ी भी कब्जे में ली है। शनिवार पूरे दिन सिविल लाइन थाने में इन दोनों संदिग्ध युवकों से पूछताछ का सिलसिला चलता रहा। थानाध्यक्ष रामप्रसाद शर्मा के बाद एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया और सीओ सिविल लाइन अर्पित कपूर ने भी थाने पहुंच कर पूछताछ की है। हालांकि देर रात तक दोनों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। बताया जा रहा है कि 18 जनवरी रात 11.30 बजे कुछ युवक दो थार गाड़ी में सवार होकर कमिश्नर आवास के सामने आकर रुके थे। गाड़ी में सवार युवकों ने कमिश्नर आवास के पास फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी की। फिर रील भी बनाई। कमिश्नर आवास पर लगे कैमरों की फुटेज खंगाली गई तो युवकों की पूरी हरकत कैमरे में कैद मिली। इसे संदिग्ध मानते हुए कमिश्नर के पीए ने पुलिस को सूचना दे दी थी।

एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि अभी दोनों से पूछताछ की जा रही है। दोनों के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है।

# करंट लगने से बैल और सांप की मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय के निकट लगे ट्रांसफार्मर के खंभे से नीचे जमीन तक आए तार में करंट आने से बैल और सांप की मौत हो गई। घटना शनिवार अपराह्न साढ़े तीन बजे की है। इस दौरान कुलदीप सिंह ने पुलिस को फोन कर जानकारी दी।

यह मामला कटघर थाना क्षेत्र के गांव गोट का है। करंट से बैल और सांप की मौत की खबर अन्य गांवों तक फैल गई। जब तक पुलिस पहुंची तब तक मौके पर भीड़ जुट चुकी थी। उधर, खबर पाकर मौके पर पहुंचे काशीपुर तिराहा पुलिस चौकी इंचार्ज ओम शुक्ल ने दलपतपुर उपखंड के अवर अभियंता प्रदीप कुमार से बिजली आपूर्ति को रुकवाया। फिर स्थानीय स्तर पर जेसीबी की व्यवस्था कर गड्ढे में बैल व सांप का अंतिम संस्कार कराया। इस दौरान गोट गांव के पूर्व प्रधान अजय कुमार सिंह, मोहन सिंह, राकेश शास्त्री, राकेश मौजूद थे।



घटना स्थल पर पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

### कई दिन से आ रहा था करंट

गोट गांव के कुलदीप सिंह ने बताया कि बैल के साथ एक सांप भी करंट की चपेट में आ गया और उसकी भी मौत हो गई। बताया कि ट्रांसफार्मर के पास खंभे के सहारे नीचे जमीन तक आए तारों में कई दिनों से करंट आ रहा था। इस संबंध में बिजलीकर्मियों को बताया था। उनकी लापरवाही से ही बैल व सांप की जान चली गई। गनीमत रही कि पड़ोस में पूर्व माध्यमिक विद्यालय है और गांव के बच्चे यहीं खेलते हैं। उनके साथ कोई अनहोनी नहीं हुई और वह लोग करंट की चपेट में नहीं आए।

**आयोजन** — चित्रगुप्त इंटर कालेज में एनएसएस के छात्रों ने मतदाताओं को किया जागरूक

# छात्रों को कराया योग क्रियाओं का अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** ग्राम मोरा मुस्तकम में चल रहे चित्रगुप्त इंटर कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम में शनिवार का दिन योग दिवस एवं मतदाता जागरुकता दिवस के रूप में मनाया गया। इसमें छात्रों ने पहले मतदान-फिर जलपान का संदेश दिया।

योग प्रशिक्षिका कशिश चौहान ने योग के महत्व को समझाते हुए बताया कि योग ऐसी क्रिया है, जो न सिर्फ मनुष्य को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद करती है। बल्कि योग कर कोई भी व्यक्ति पूर्ण रूप से निरोगी रह सकता है। सफल, स्वस्थ और शांतिपूर्ण तरीके से अपने जीवन का निर्वहन कर सकता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि नियमित योग करने के कई फायदे हैं। इसीलिए अब विश्वभर में योग को खास महत्व दिया जा रहा है। इस अवसर पर स्वयंसेवकों को विभिन्न योग एवं प्राणायाम का अभ्यास भी कराया गया। द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदान के महत्व का संदेश दिया गया। पहले मतदान-फिर जलपान, सारे काम छोड़- दो पहले अपना वोट दो, हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई-मिलकर वोट करें सब भाई इत्यादि नारों से जनजागरण किया। रैली का नेतृत्व डॉ. विशेष कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर स्पर्श भटनागर,पारस माथुर, देवाशीष, दीपांकर गौतम, वरुण शर्मा, विशाल सागर,यश कटारिया ने अपना योगदान दिया।



राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में योगाभ्यास करते छात्र। ● अमृत विचार

### एनसीसी कैडेट्स ने चलाया विशेष स्वच्छता अभियान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** केजीके महाविद्यालय में शनिवार को एनसीसी कैडेट्स ने विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। इसमें प्लास्टिक की थैलियां और कूड़ा उठाकर महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ किया। इस दौरान कैडेट्स ने पोस्टर बनाए । कैप्टन (प्रोफेसर) ममता सिंह ने बताया कि यह स्वच्छता अभियान 22 जनवरी को प्रस्तावित आयोजन के संदर्भ में चलाया गया है।

### युवती से शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, एफआईआर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** युवती को प्रेमजाल में फंसाकर शादी के लिए रिश्ता तय कर आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक अश्लील वीडियो बनाकर युवती को वायरल करने की धमकी देकर शोषण करता रहा है। अब दहेज में कार की मांग करते हुए शादी से इंकार कर दिया है। मामले में कार्रवाई के लिए पीड़िता ने एसएसपी से गुहार लगाई है।

डिलारी थाना क्षेत्र की युवती ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि डिलारी के गांव सिहाली खद्दर निवासी युवक से उसका प्रेम-प्रसंग चल रहा था। वह विदेश में रहकर भी कॉल करके युवती से लगातार बातें करता था। अपने परिवार वालों को भेजकर जनवरी 2022 में रिश्ता भी तय करा लिया था। पीड़िता ने बताया कि रिश्ता तय होने के बाद 14 मार्च 2023 को जब उसके परिवार के लोग घर से बाहर थे तो आरोपी युवक उसके कमरे में आ गया। कुछ नशीला पदार्थ देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना ली। इस मामले में एसएसपी हेमराज मीना ने डिलारी पुलिस को जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।


अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
मुरादाबाद संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm /1000 with GST
साइज -------10cmX8cm /1500 with GST
साइज -------15cmX8cm /2000 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
कार्यालय :-
एलआईजी-23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड, मुरादाबाद
सम्पर्क सूत्र: 7417134445, 9536644295

# शिकायतों के निस्तारण में न करें लापरवाही

## जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने सुनीं समस्याएं, गन्ना समिति के चेयरमैन ने नीलगायों से छुटकारा दिलाने की मांग की

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने जन समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी ने समस्याओं के समय पर निस्तारण का आश्वासन दिया।

शनिवार को जिलाधिकारी ने जनसमस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। इस मौके पर कुल 78 शिकायतें दर्ज आईं। सात शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया। शेष 71 शिकायतों के निस्तारण के लिए निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक किया। कहा कि सभी अपना कार्य पूर्णनिष्ठा के साथ करें और लापरवाही न करें। बिलारी गन्ना समिति के चैयरमेन अरविंद मोहन ने शिकायती पत्र जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह को दिया। जिसमें उन्होंने बताया कि नैना खेड़ा और नगला कमाल गांव में नीलगाय और बंदर खेतों में फसलों का बहुत नुकसान कर रहे हैं। समिति के चैयरमेन ने नीलगाय और बंदरों से छुटकारा दिलाने की मांग की। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, पुलिस क्षेत्रधिकारी राजेश यादव, तहसीलदार सारा अशरफ खान, खंड विकास अधिकारी बिलारी सूर्य प्रकाश सिंह व खंड विकास अधिकारी कुंदरकी भवानी प्रसाद शुक्ला, आपूर्ति निरीक्षक शिखा पांडे सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


बिलारी तहसील में जनसमस्याएं सुनते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह।


कांठ में फ़रियादियों की समस्याएं सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार

### समय से करें शिकायतों का निस्तारण

**कांठ, अमृत विचार :** समाधान दिवस में 49 फरियादी शिकायत लेकर पहुंचे। जहां छह शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। एसडीएम जितेंद्र सिंह वीरवाल ने कहा कि शिकायतों को गंभीरता से लेकर जांच करने के बाद उनका निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि ग्राम समाज की भूमि और सार्वजनिक चक रोड पर विशेष ध्यान रखें और भूमि संबंधी विवादों में नियम अनुसार ही पैमाइश होनी चाहिए। इस अवसर पर तहसीलदार आनंद कुमार नायक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ के चिकित्साधीक्षक डॉ. राजीव चौधरी, अनुज यादव, एसडीओ विद्युत सहकारिता विभाग से राजनारायण, बाल विकास से निगार अंजुम सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 27 शिकायतें दर्ज, छह का निस्तारण

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस में 27 लोगों ने शिकायतें दर्ज कराईं। इनमें छह का मौके पर निस्तारण हो गया। तहसील सभागार में एडीएम प्रशासन गुलाब चंद की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें फरजाना बेगम निवासी मछली बाजार ससुरालियों की शिकायत की। गंगादेई पत्नी शिवराम सिंह ने ग्राम मंझौली में ढाई बीघा जमीन से कब्जा हटवाने की मांग की। इसमें एसपी ग्रामीण संदीप कुमार मीणा, एसडीएम अजय कुमार मिश्रा, सीओ राजेश तिवारी, तहसीलदारा रमेश चंद पांडेय, नायब तहसीलदार अंकित गिरी, खंड विकास अधिकारी सुरेश चंद्र गुप्ता, कोतवाली प्रभारी किरनपाल सिंह आदि थे।

## एक नजर

### पेट्रोल पंप के टिन शेड में ट्रैक्टर ने मारी टक्कर

**भगतपुर, अमृत विचार :** शनिवार दोपहर थाना क्षेत्र के गांव लालपुर बराही स्थित नायरा पेट्रोल पंप पर ट्रैक्टर ने टिन शेड में टक्कर मार दी। टक्कर से पेट्रोल पंप की मशीनों के ऊपर लगा टिन शेड टूट गया और पेट्रोल-डीज़ल डालने वाली मशीनों में भी काफी नुकसान हुआ। टक्कर के बाद पेट्रोल पंप पर मौजूद ग्राहकों और स्टाफ में अफरातफरी मच गई। गनीमत रही कि कोई ग्राहक हादसे की चपेट में नहीं आया।

### अनुराही पूठिया ने उत्तीर्ण की नेट परीक्षा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग में अध्यापिका डॉ. अनुराही पूठिया ने यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है।



वह वर्तमान में उच्च प्राथमिक विद्यालय रामनगर खागूवाला में कार्यरत हैं। अध्यापिका ने दोबारा यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। 2012 की यूजीसी नेट की परीक्षा भी वह उत्तीर्ण कर चुकी है।

### जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाएं चौकीदार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** शनिवार को कोतवाली प्रभारी किरन पाल सिंह ने कोतवाली क्षेत्र के चौकीदारों की बैठक की। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होगी। ऐसे में सभी चौकीदार गांव में सतर्कता बरतें और हर छोटी बड़ी बात की जानकारी उन्हें दें।

कोतवाली प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र के सभी चौकीदार उनके अभिन्न अंग हैं और उनकी अहम भूमिका होती है। उन्होंने सभी चौकीदारों से अपील करते हुए कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएं। उन्होंने कहा कि गांव की कोई बात अगर उन्हें चौकीदार के अलावा किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से पता चलती है तो वह समझेंगे कि चौकीदार सही ढंग से अपनी ज़िम्मेदारी नहीं निभा रहे हैं। इस दौरान पुलिस स्टाफ के साथ साथ बड़ी संख्या में चौकीदार मौजूद रहे।

# भगवान श्रीराम की शोभायात्रा पर की पुष्पवर्षा

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** नगर के प्राचीन गमा देवत मंदिर से श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। जिसका आरंभ जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने फीता काटकर किया।

अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के तहत शनिवार को प्राचीन मंदिर गमा देवत से शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में श्रीराम मंदिर की झांकी, राम दरबार, राम-लक्ष्मण को बेर खिलाती शबरी, हनुमान की झांकियां शामिल रहीं। इस दौरान चौधरी ऋषिपाल सिंह, देवेश कुमार शर्मा, विशाल क्वात्रा, सचिन शर्मा, संजय राणा, योगेश चुग, सुरेंद्र कुमार चुग, संजय जैन, रामनिवास शर्मा, दानवीर शर्मा, अभिषेक पांडे, निखिल पांडे, सुनील आर्य, सचिन चंद्रवंशी, अमित ठाकुर, दुष्यंत चौहान, पंकज चौहान, दीपक यादव, पवन ठाकुर, ध्रुव शर्मा, बंटी शर्मा, समीर जैन, मनोज ठाकुर आदि रहे।


बिलारी में शोभायात्रा में शामिल माता शबरी की झांकी।


कांठ में शोभायात्रा में मौजूद एसडीएम, व्यापारी व अन्य ।

### धूमधाम से निकाली भगवान श्रीराम की शोभायात्रा

**कांठ, अमृत विचार :** अयोध्या में होने वाली भगवान श्रीराम के बाल रूप के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने नगर में शोभायात्रा निकाली। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष निरुपम विश्नोई के आह्वान पर अयोध्या में होने वाली भगवान श्रीराम के बाल रूप के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर में व्यापार मंडल द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। एसडीएम कांठ जितेंद्र सिंह वीरवाल एवं थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह सहित विभिन्न अधिकारियों तथा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की उपस्थिति में भगवान श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर शोभायात्रा का आंरभ किया गया। आचार्य भावेश शर्मा ने मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न कराया। शोभायात्रा का समाजसेवी अभय कुमार विश्नोई सहित विभिन्न लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा का भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल, जिला महामंत्री राजन विश्नोई, नवीन चौधरी, संजय ढाका ने स्वागत किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस समय पूरा देश राममय हो गया है। शोभायात्रा में थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### गन्ना प्रजाति 15023 की बुआई करें किसान

**कांठ, अमृत विचार :** स्योहारा शुगर मिल के अधिकारियों ने मोहल्ला पट्टी वाला व अन्य गांवों में जाकर किसानों से चर्चा की। उन्होंने गन्ने की अच्छी पैदावार के बारे में जानकारी दी और नई प्रजाति 15023 लगाने को कहा।

स्योहारा शुगर मिल के गन्ना विकास उपाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि प्रजाति 0238 में रोग आने के कारण किसान चिंतित है। नई प्रजाति 15023 का सफल परीक्षण किया है जिसकी पैदावार अच्छी है। स्योहारा शुगर मिल ने दवाई और खाद उपलब्ध कराने के लिए कांठ और कोठी खिदमतपुर में बिक्री केंद्र खोले गए हैं। उसी से ही अच्छी गुणवत्ता की दवाई लेकर प्रयोग करें जैसी जानकारी शुगर मिल द्वारा दी जाती है। इस अवसर पर मोहल्ला पट्टी वाला के अनिल कुमार विश्नोई, ज्ञान देव सिंह, संजय कुमार अंकुल कुमार, सचिन बिश्नोई, दिलावर सिंह, राजीव कुमार, राजपाल सिंह बिश्नोई, दीपक सिंह रहे।

## सार-संक्षेप


बिलारी में रंगोली दिखातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### छात्राओं ने रंगोली बनाकर दिया मतदान का संदेश

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के जीआईसी नगलिया एवं शंकर सहाय स्कूल की छात्राओं ने तहसील सभागार के बाहर सेल्फी प्वाइंट पर रंगोली बनाकर मतदान के प्रति जागरुकता अभियान चलाया। शनिवार को तहसील सभागार के बाहर मतदाता सेल्फी प्वाइंट बनाया गया। वहां जीआईसी नगलिया एवं शंकर सहाय हर सहाय इंटर कॉलेज की छात्रों ने मतदान से संबंधित रंगोलियां बनाईं। जिसमें आओ मिलकर अलख जगाएं, शत प्रतिशत मतदान कराएं, लोकतंत्र का सम्मान करेंगे, निर्भय होकर मतदान करेंगे। इस दौरान जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने सेल्फी प्वाइंट पर खड़े होकर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलाई।


बैठक में उपस्थित कांवड़ बेड़े के सदस्य। ● अमृत विचार

### श्री त्रिशूल धारी कांवड़ बेड़ा बांटेगा 151 किलो लड्डू का प्रसाद

**कांठ, अमृत विचार :** अयोध्या में भगवान श्रीराम के बाल रूप के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर में 22 जनवरी को श्री त्रिशूल धारी कांवड़ बेड़ा 151 किलो लड्डू का प्रसाद का वितरण करेगा। वैश्य धर्मशाला में श्री त्रिशूल धारी कांवड़ बेड़ा की सभी हुई। सभा में सर्वसम्मति से 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दोपहर को नगर में 151 किलो लड्डूओं का प्रसाद का वितरण करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर श्री त्रिशूल धारी कांवड़ बेड़ा के अध्यक्ष अमित बंसल, महंत नरेश यादव, कोषाध्यक्ष विशाल विश्नोई, मंत्री आशीष विश्नोई, संगठन मंत्री अंकित वर्मा व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### छात्र-छात्राओं को बांटे स्मार्टफोन

**छजलैट, अमृत विचार :** नगर पंचायत ऊमरी कलां स्थित एचएम पीजी कॉलेज में छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक डॉ. सलीम अहमद ने छात्र-छात्राओं से कहा कि वर्तमान में स्मार्टफोन ऑनलाइन शिक्षण कार्य के लिए जरूरी है। सरकार छात्र-छात्राओं की सहूलियत और ऑनलाइन शिक्षण कार्य के लिए स्मार्टफोन दे रही है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार, मोहम्मद मुशाहिद व आलोक कुमार, सुनील विश्नोई, मोहम्मद शाकिर, चंद्र गुप्ता, आर्शील अहमद, चिरंजी लाल, कुमारी हादिया, मरियम, कुमारी रीना, कुमारी रानी, कुमारी सना, मोहम्मद तंजीम, अंकित आदि मौजूद रहे।

### भगवान श्रीराम दरबार स्थापित

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ग्राम जटपुरा में रामलीला ग्राउंड जटपुरा में श्रीराम दरबार की स्थापना की गई है। जिसमें भगवान राम, माता सीता, लक्ष्म , बजरंगबली की मूर्तियां बनवाकर श्री राम दरबार का निर्माण कार्य कराया गया है। जिसमें प्राण प्रतिष्ठा का पूजन शनिवार से आरंभ हो चुका है और 22 जनवरी को हवन-पूजा के उपरांत भंडारे होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम में खूब सिंह चौहान, राम सिंह चौहान, खिलेन्द्र सिंह, मुनेश कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, मोनू शर्मा, लोकेश शर्मा, गोलू शर्मा, साजन शर्मा, अरविंद डीलर, अमित शर्मा, टीटू शर्मा, नन्हे लक्कड, रतनपाल सिंह, अनमोल चौहान, इंदर सिंह, अभिषेक चौहान, सुधीर कुमार सिंह, संजीव कुमार, राजेंद्र सिंह, अनिल सिंह, रामवीर सिंह, कुन्वरपाल सिंह, कमल प्रजापति, बलबीर सिंह, दलीप, रामकुमार जगत सिंह, दीपक चौहान, चिन्टू, केशराज, योगेन्द्र सिंह, सरजीत सिंह व अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### यूट्यूबर की थाने से आते हुए वीडियो वायरल

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाने के अंदर से बाहर आते हुए यूट्यबर ने वीडियो बनाई। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जानकारी मिली है कि वीडियो में एक युवक थाना कुंदरकी के अंदर से गेट की तरफ आता हुआ दिखाई दे रहा है और पीछे थाना कुंदरकी का बोर्ड लगा हुआ दिखाई पड़ रहा है। इसके बैकग्राउंड में एक डायलॉग भी है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि एक युवक थाने के अंदर से बाहर आ रहा है और दूसरा उसकी वीडियो बना रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि वीडियो बनाने की सूचना उनको प्राप्त हुई है। जिसमें जांच की जा रही है।

### युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**कुंदरकी, अमृत विचार :** शनिवार को पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। युवक पर आरोप है कि उसने थाना क्षेत्र के ग्राम निवासी युवती से दुष्कर्म किया था और अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी दी थी। इस संबंध में युवती की शिकायत पर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। तभी से आरोपी फरार था। शनिवार को आरोपी युवक कैफ निवासी ग्राम बैजना थाना टाण्डा जनपद रामपुर को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर थाने लाई और अग्रिम कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा गौरव का क्षण

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर में की जा रही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भारतीय संस्कृति के लिए गौरव का क्षण है। इस दिन लोग घरों में भजन कीर्तन करें और दीप जलाएं।

यह विचार ग्राम मुख्तयारपुर नवादा में चल रही श्री जाम्भाणी हरि कथा के छठे दिन भीमगोड़ा हरिद्वार से आए संत स्वामी राजेंद्रानंद ने अमृत वर्षा करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि देशवासी लंबे समय से अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रतिक्षा कर रहे थे। 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होना भारतीय संस्कृति के लिए बहुमूल्य क्षण है। इस दिन पूजा अर्चना कर मर्यादा पुरुषोत्तम का गुणगान करें। उन्होंने कहा कि भगवान राम विष्णु का अवतार हैं। वह अपने स्वभाव, गुण और कर्मों के कारण मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए।


प्रवचन करते स्वामी राजेंद्रानंद। ● अमृत विचार

भगवान श्रीराम जैसा त्याग का उदाहरण कोई दूसरा नहीं है। उन्होंने अपने पिता के आदेश का पालन करते हुए वन को प्रस्थान किया एवं अपने सुखों को त्याग कर दूसरों के हितों की रक्षा के लिए तपस्वी का भेष धारण कर दुखों से भरा कठिन मार्ग चुना था। इस अवसर पर एसडीएम जितेंद्र सिंह वीरवाल, तहसीलदार आनंद कुमार नायक, भाजपा जिला अध्यक्ष आकाश पाल ने प्राण प्रतिष्ठा पर नागरिकों से सहयोग की अपील की। इस अवसर पर संत, धर्मपाल सिंह विश्नोई, ओम सिंह, कुमुद रानी, राजन विश्नोई, गौरव विश्नोई, ओमवीर सिंह के अलावा मीरपुर, फतेहपुर, सरकड़ा, काशीपुर सभा के लोग मौजूद रहे।

### भाजपा का नव मतदाता सम्मेलन 25 जनवरी को

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की तिकोना चौकी के पास सेंट मार्क्स स्कूल में बूथ अध्यक्ष एवं बूथ प्रभारियों की बैठक हुई। बैठक में नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल ने बताया कि 25 जनवरी को नव मतदाता सम्मेलन होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल संवाद करेंगे।

28 जनवरी को मन की बात कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के बाद बाद बूथ अध्यक्षों की मीटिंग नगर मंडल कार्यालय पर आयोजित होगी। 6 से 11 फरवरी को गांव चलो अभियान होगा। 27 जनवरी को पन्ना प्रमुख सम्मेलन होगा। कार्यक्रम को ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया। इसमें मनोज कुमार चौहान, दिनेश कुमार प्रजापति, कमलेश कुमार, गौरव चौहान, नागेंद्र लांबा, उदयवीर सिंह, मुकेश चौधरी, धर्मेंद्र कुमार, लेखराज सिंह, दिनेश कुमार, भूपेंद्र सिंह, इकराम कुरैशी, जाकिर हुसैन, सागर बजरंगी, आशुतोष अग्रवाल रहे।

# बदलते मौसम में पशुओं और फसलों का ध्यान रखें किसान

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** कृषि विज्ञान केंद्र, मलपुरा लक्ष्मीपुर में मौसम के पूर्वानुमान एवं मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवा योजना तहत किसान जागरुकता कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. रवीन्द्र कुमार ने सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ से आये अधिकारियों, निदेशक प्रसार डॉ. पीके सिंह, पशुपालन विभाग के डॉ. डीके सिंह तथा मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवा योजना के नोडल अधिकारी डॉ. यूपी शाही का स्वागत करके किया। कार्यक्रम में निदेशक प्रसार ने कृषि विज्ञान केंद्र के महत्व के बारे में जानकारी दी। डॉ. डीके सिंह ने वर्तमान समय में पशुओं की देखभाल के बारे में बताया। डॉ. यूपी शाही ने बदलते मौसम में फसलों की देखभाल के बारे में बताया। केंद्र के प्रभारी अधिकारी ने फसलों में संतुलित उर्वरक के प्रयोग के बारे में बताया। केंद्र के पादप प्रजनन वैज्ञानिक डॉ. हसन तनवीर ने गेहूं एवं गन्ने की उन्नत प्रजातियों की जानकारी दी। केंद्र के पौध सुरक्षा वैज्ञानिक दीपक कुमार ने रबी फसलों में रोग एवं उनके प्रबंधन के बारे में बताया। पशुधन उत्पादन वैज्ञानिक डॉ. राजेश कुमार ने ठंड में जानवरों की देखभाल कैसे करें इसकी जानकारी दी। मत्स्य वैज्ञानिक डॉ. अविनाश चौहान ने रबी में फसलों के प्रबंधन के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हसन तनवीर ने किया। कार्यक्रम में बलजिंदर सिंह, सुखविंदर सिंह, अवतार कौर, गुरप्रीत सिंह, रेशमा, रामनाथ, बलराम सिंह चौहान आदि 65 किसानों ने प्रतिभाग किया। केंद्र के कर्मचारी पुष्पराज यादव, रणवीर सिंह, दिनेश कुमार ने कार्यक्रम में योगदान दिया।

### श्री राधाकृष्ण मन्दिर बहेड़ी ब्रह्मनान में मनेगा दीपोत्सव

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बहेड़ी ब्रह्मनान स्थित श्री राधाकृष्ण एवं हनुमान मंदिरों में आयोजन होंगे। श्री राधाकृष्ण मन्दिर के महन्त पंडित सुरेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि मन्दिर में भजन-कीर्तन एवं भण्डारा होगा।

हनुमान मंदिर एवं जाहरवीर माड़ी के महन्त सुनील गिरी महाराज ने बताया कि मन्दिर को रंग बिरंगी रोशनी एवं फूलों से सजाकर दीपोत्सव मनेगा। मां दुर्गा मंदिर में भी दीपोत्सव मनाया जाएगा। 22 जनवरी को रामलला के मन्दिर में विराजमान होने पर दीपोत्सव मनेगा। महन्त पंडित सुरेश चन्द्र शर्मा ने सभी क्षेत्रवासियों से अपने घरों पर श्रीराम ध्वज फहराकर, दीपोत्सव मनाने एवं मन्दिर परिसर में पांच-पांच दीपक जलाने की अपील की है । ग्राम प्रधान अल्पना पंकज भारद्वाज ने सभी सफाई कर्मियों को नियमित रूप से साफ-सफाई कर नालियों के किनारे चूना डालकर ग्राम पंचायत को स्वच्छ रखने के निर्देश दिए हैं।

## आयोजन

### खामेश्वर शिव मंदिर में विधि विधान से निकाली कलश यात्रा

# रामकथा से पहले श्रद्धालुओं ने निकाली कलशयात्रा, लगाए जयकारे

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** हनुमान मन्दिर में श्रीराम कथा प्रारम्भ होने से पूर्व नगर में कलश यात्रा निकाली गई। जगह-जगह कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

शनिवार को बड़ा बजार स्थित खामेश्वर शिव मंदिर पर आचार्य नरेंद्र सरस्वती व पंडित नन्द किशोर ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। इसके बाद महिलाओं ने कलश यात्रा शुरू की। कलशयात्रा में श्रद्धालुओं ने धार्मिक जयकारे लगाए। प्राचीन शिव हनुमान मंदिर पर कलश यात्रा के पहुंचने पर विधि विधान से कलश स्थापित कराए। घंटा पूजन के बाद कथावाचक नरेंद्र आनंद सरस्वती ने श्रीराम कथा का वर्णन किया। कार्यक्रम में अशोक गहलोत, संत्रीव सिंगल, डॉ. महेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, प्रदीप विश्नोई, संजीव कुमार अग्रवाल, यशपाल सिंह, पंडित अनुज शर्मा, रितेश शर्मा, राजेंद्र शर्मा, राजेन्द पाणडेय, कमलेश कुमार, आशुतोष अग्रवाल, सत्य प्रकाश गुप्ता , शिवानी, उषा गहलोत, कमला देवी, विमला देवी रहे।


ठाकुरद्वारा में राम कथा से पहले कलशयात्रा में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार


शरीफ नगर में कलश यात्रा के आगे झंडे लेकर चलते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- कलशयात्रा में श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाए
- घंटा पूजन के बाद कथावाचक ने राम कथा का वर्णन किया

### शरीफनगर में ढोल नगाड़ों के साथ निकाली कलश यात्रा

**ठाकुरद्वारा , अमृत विचार :** शरीफनगर में भगवान श्रीराम मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा से पहले गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। शरीफनगर में भी दशहरा मैदान में चामुण्डा देवी मन्दिर के निकट नव निर्मित भगवान राम के मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। इसके लिए शनिवार को प्राचीन शिव मन्दिर से कलश यात्रा का आरंभ शिव मन्दिर, कश्यप धर्मशाला, बस स्टैण्ड, भायपुर मोड़ होते हुए चामुण्डा देवी मन्दिर के निकट नवनिर्मित भगवान राम के मन्दिर पहुंची। सिर पर कलश रखकर महिला श्रद्धालुओं ने मन्दिर परिसर की 11 बार परिक्रमा की। कलश यात्रा में आनंदपाल पाल सिंह, मोखी पधान, राधेश्याम, सीताराम, कपिल चौहान, कृष्णपाल सिंह, भीम सिंह, ब्रजराज सिंह, लोकमन सिंह, राकेश सिंह, महेश कुमार, सरोज देवी, पंकज देवी, नीरज देवी, शीतल देवी, निधि देवी, प्रीति चौहान, रानी देवी, पुष्पा देवी, अनिता रानी, सीमा देवी, नीतू देवी, सुमन देवी, लक्ष्मी देवी आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

# आचार संहिता उल्लंघन में पूर्व सांसद और 19 समर्थक बरी

संवाददाता, मुरादाबाद/ ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** न्यायालय ने पूर्व सांसद सर्वेश सिंह समेत 19 समर्थकों को 17 साल पुराने आचार संहिता उल्लंघन के मामले में बरी कर दिया है। पूर्व सांसद समेत 32 लोगों के खिलाफ कोतवाली में 2007 के विधानसभा चुनाव में बिना अनुमति जुलूस निकालने में आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था।

विधानसभा चुनाव 2007 में प्रत्याशी सर्वेश सिंह और 30 नामजद समर्थकों के साथ 150 लोगों के खिलाफ सात मार्च 2007 को ठाकुरद्वारा-डिलारी मार्ग पर 50 वाहनों में सवार होकर जुलूस निकालने पर कोतवाली में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने आदर्श चुनाव आचार संहिता के चलते धारा-144 का उल्लंघन मानकर मामला दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। आरोपियों की जमानत होने के बाद न्यायालय में लगभग 17 सालों से यह वाद चल रहा है। न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश मुरादाबाद ने सुनवाई की।

अभियोजन की ओर से सरकारी वकील मोहन लाल ने पैरवी की जबकि बचाव पक्ष के अधिवक्ता नरेंद्र सिंह और राजीव कुमार गुप्ता ने अपना पक्ष रखा। न्यायालय ने सर्वेश सिंह, एजाज अंसारी, जाकिर अंसारी, अखलाक, अमरीश, राधेश्याम, रईस अहमद, मनोज कुमार, अनुपम शर्मा, श्याम सिंह, रिजवान अली, मीनू चौहान, जुल्फिकार उर्फ जिल्लू, विपिन कुमार, रईस अहमद, हाजी नूर हसन, ओमकार विश्नोई, वीर सिंह को दोष मुक्त कर बरी कर दिया है। अधिवक्ता नरेंद्र सिंह ने बताया कि न्यायिक प्रक्रिया के दौरान नामजद 11 लोगों की मौत हो चुकी है।

## एक नजर

### मारपीट की दो घटनाओं में पांच लोग घायल

**अमरोहा, अमृत विचार :** नौगावां सादात और रजबपुर थाना क्षेत्र में मारपीट की दो अलग-अलग घटनाओं में पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों मामलों में सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पहला मामला थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव पपसरा का है। यहां रहने वाले जगतवीर सिंह का आरोप है कि गुरुवार शाम को वह अपने बेटे सचिन के साथ ट्रैक्टर लेकर खेत पर जा रहे थे। रास्ते में गांव का ही राहुल बाइक लेकर ट्रैक्टर के आगे आ गया। पिता-पुत्र ने बाइक हटाने को कहा तो उसने गाली-गलौज शुरू कर दी। राहुल ने अपने परिवार के निरंकार, ब्रह्मपाल व धर्मवीर को भी बुला लिया। आरोप है कि चारों लोगों ने मारपीट कर पिता-पुत्र को घायल कर दिया। इस मामले में जगतवीर सिंह की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उधर नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव अपरौला निवासी अकबर का आरोप है कि आठ साल पहले उसके भाई अफसर ने 1.80 लाख रुपये उधार लिए थे। इसी बात को लेकर शुक्रवार को दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि अफसर ने अपनी पत्नी मुरसद व बेटे नन्हूं के साथ मिलकर हमला कर दिया। मारपीट में अकबर, उसकी पत्नी जन्नत व बेटी घायल हो गए। पुलिस ने जन्नत की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दुष्कर्म पीड़िता को धमकाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमरोहा, अमृत विचार :** दुष्कर्म पीड़िता को धमकाने वाले आरोपी के खिलाफ नगर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी मुकदमा वापस न लेने पर लगातार दुष्कर्म पीड़िता को धमकी दे रहा था। शहर के एक मुहल्ले में रहने वाली युवती का आरोप है कि जनपद मुरादाबाद के थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव मैसूवाला निवासी मोनू कुमार ने छह जून 2023 को उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद पीड़िता ने शहर कोतवाली में उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फिलहाल आरोपी हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत पर है। पीड़िता का आरोप है कि मोनू शहर की प्रेम विहार कालोनी में रह रहा है। वह लगातार मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा है। आरोपी रास्ते में कहीं भी उसे रोक लेता है और मुकदमा वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी देता है। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी मोनू कुमार के खिलाफ मारपीट व धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। उच्चाधिकारियों को घटना व मुकदमे से अवगत करा दिया गया है।


सुंदरकांड में शामिल विद्यार्थी व स्टाफ। ● अमृत विचार

## प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व किया सुंदरकांड पाठ

**संवाददाता, मंडी धनौरा**

**अमृत विचार :** पांच सौ वर्ष के कठिन संघर्ष और तपस्या के बाद अयोध्या धाम में बन रहे प्रभु श्री राम के भव्य और दिव्य मंदिर को लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल है।

इस बीच अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व शनिवार को ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल में संगीतमय रामचरितमानस सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरा वातावरण राम भक्ति से सराबोर हो गया। इस दौरान प्रबंधक राहुल अग्रवाल ने कहा कि सदियों के बाद श्री राम मंदिर का निर्माण हर हिंदू के लिए गौरव का पल है।

500 साल के संघर्ष के बाद राम मंदिर निर्माण ने लोगों के टूटे हुए मनोबल को फिर से नई ऊर्जा देने का काम किया है। उन्होंने सभी से 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने घरों के साथ आसपास के मंदिरों में भी दीप जलाकर दीपोत्सव मनाने की अपील की।

### वृद्धा की बेटियों ने प्रशासन से की दाखिल-खारिज नहीं करने की गुहार

## 63 वर्षीय वृद्धा ने जमीन बेचकर 55 वर्षीय वृद्ध से रचाई शादी

**संवाददाता, हसनपुर**

**अमृत विचार :** प्यार की कोई उम्र नहीं होती। यह कहावत तहसील क्षेत्र के एक गांव में 63 वर्षीया महिला ने शादी करके सच साबित कर दी। वृद्धा की शादीशुदा बेटियों ने अधिकारियों से जमीन का दाखिल खारिज रोकने की मांग की है।

मामला तहसील क्षेत्र के गांव खुशहालपुर का है। यहां रहने वाले तेजराम सिंह अपनी 63 वर्षीय पत्नी भगवतिया के साथ रहते थे। उनकी तीन बेटियां है। तीनों बेटियों की शादी उन्होंने धूमधाम से की थी। लेकिन आठ वर्ष पूर्व बीमारी के चलते तेजराम सिंह की मौत हो गई। इसके बाद उनकी पैतृक भूमि पत्नी भगवतिया के नाम आ गई। एक माह पूर्व भगवतिया ने अपने नाम पर दर्ज छह बीघा भूमि को गांव के ही युवक को बेच दिया। इसके बाद पड़ोस के ही गांव निवासी 55 वर्षीय व्यक्ति के साथ शादी रचा ली। जब यह बात वृद्धा की तीनों बेटियों को पता चली तो उनके होश उड़ गए।

इसके बाद तीनों बहनें तहसील मुख्यालय पहुंचीं। उन्होंने प्रशासन से भूमि का दाखिल खारिज नहीं करने की गुहार लगाई है। वृद्धा की तीनों शादीशुदा बेटियों केला, माया व श्रीवती का कहना है कि यह जमीन उनकी पैतृक संपत्ति थी। इसलिए मां का हक नहीं बनता कि वह उसे बेचे। जमीन हमारे नाम होनी चाहिए।


परिवार के साथ बैठी वृद्धा भगवतिया की तीनों बेटी। ● अमृत विचार

# अलाव से लिहाफ में लगी आग, वृद्ध की जलकर मौत

### आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव दमगड़ा में हुई दर्दनाक घटना

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**

**अमृत विचार :** कड़ाके की ठंड से बचने के लिए जलाए गए अलाव से लिहाफ में आग लग गई। इसकी चपेट में आकर वृद्ध की जलकर मौत हो गई। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। वृद्ध की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

अलाव से आग लगने का दर्दनाक हादसा थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव दमगड़ा में हुआ। इस गांव में रहने वाले 70 वर्षीय रामसिंह चलने-फिरने में असमर्थ थे। बोलते समय में भी उनकी जुबान लड़खड़ाती थी। वह घर के कोने में पड़े टीन शेड में रहते थे। शुक्रवार की दोपहर बाद उन्हें सर्दी से बचाने को परिजनों ने चारपाई के नजदीक परात में आग जलाकर रख दी। इसके बाद परिजन खेत पर चले गए। इस बीच राम सिंह ने परात को खींचकर चारपाई के पास कर ली। इस दौरान अलाव से उनके लिहाफ में आग लग गई। इससे राम सिंह की चारपाई पर ही जलकर मौत हो गई। शाम को परिजन घर लौटे तो मंजर देख सन्न रह गए। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बताया जा रहा है कि राम सिंह के तीनों बेटों की काफी पहले मौत हो चुकी है। वह पौत्र व पौत्र-वधुओं के साथ रहते थे। थानाध्यक्ष निशांत राठी ने मामले की जानकारी से इनकार किया है। ग्राम प्रधान शंकर सिंह ने बताया कि सर्दी से बचने के लिए रखे अलाव में आग लगने के कारण हादसा हुआ है।

### बिजली के खंभे के नीचे दबकर बालक की मौत



**गजरौला, अमृत विचार :** ट्रैक्टर की टक्कर से गिरे बिजली के खंभे के नीचे दबकर 10 वर्षीय बालक की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी की। वहीं आरोपी ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। क्षेत्र के गांव ख्यालीपुर निवासी राजेश का 10 वर्षीय पुत्र विकास शनिवार को गांव के अन्य बच्चों के साथ मैदान में खेल रहा था। तभी वहां खड़े बिजली के खंभे में ट्रैक्टर की टक्कर लग गई। इससे खंभा विकास के ऊपर गिर गया। खंभे के नीचे दबकर विकास की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर विकास के परिजन व पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। आरोपी चालक ट्रैक्टर समेत फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में जांच शुरू कर दी गई है।

## गायन में पूनम व चित्रकला में प्रियानी कुमारी रही प्रथम

**संवाददाता, हसनपुर**

**अमृत विचार :** विद्या भारती के पूर्व छात्रों ने 22 जनवरी को अयोध्या में श्री भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विद्या भारती विद्यालय सत्यप्रकाश लक्ष्मी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मेरठ प्रांत में शनिवार को भगवान राम के जीवन चरित्र पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

इसमें चौपाई गायन, चित्रकला एवं रामायण प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में नगर के एचएसएस पब्लिक स्कूल, सीताराम जूनियर हाई स्कूल, सुशील आनंद हाई स्कूल, श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज, सरस्वती शिशु मंदिर, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, सत्यप्रकाश लक्ष्मी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आदि के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

गायन में सत्यप्रकाश लक्ष्मी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा पूनम चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चित्रकला में एचएसएस पब्लिक स्कूल की छात्रा प्रियानी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और प्रश्न मंच में सीताराम जूनियर हाई स्कूल की टीम प्रथम रही।

प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पूर्व छात्र परिषद की ओर से श्री राम मंदिर स्वरूप एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अखिलेश कुमार ने बताया कि हम सभी को रामायण और महाभारत जैसे धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन करना चाहिए।

संचालन विद्या भारती के प्रांत सह मंत्री अक्षि अग्रवाल ने किया। प्रधानाचार्य विवेक गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व छात्र परिषद के जिला संयोजक विभोर अग्रवाल, नगर संयोजक हिमांशु त्यागी, सह संयोजक अभिरव अग्रवाल, सह संयोजक शोभित गर्ग, सह संयोजिका उमा नगर, सिद्धार्थ अग्रवाल,कपिल उर्फ मयंक अग्रवाल, डॉ. अक्षय नगर, अर्पित गौतम आदि उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### पूर्व सांसद ने लिखे मोदी सरकार के स्लोगन

**अमरोहा, अमृत विचार :** पूर्व सासंद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने अपने बूथ संख्या 352 व 353 पर भाजपा द्वारा आयोजित दीवार पर स्लोगन लेखन अभियान के तहत एक बार फिर मोदी सरकार लिख कर कमल का फूल बनवाए। उन्होंने संदेश दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव में एक बहुमत वाली मजबूत सरकार बनाकर सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के साथ देश को आगे ले जाने व तीव्र गति से विकास को सुनिश्चित करें। इस मौके पर उनके साथ भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



दीवार पर स्लोगन लिखते पूर्व सांसद कंवर सिंह तंवर। ● अमृत विचार


लाभार्थी को प्रमाण पत्र देते जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर। ● अमृत विचार

### देश को विकसित राष्ट्र बनाने का लिया संकल्प

**अमरोहा, अमृत विचार :** विधानसभा हसनपुर के ग्राम फरौंटा व ग्राम पंचायत बुरावली में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा हर वर्ग के विकास को सुनिश्चित कर अंत्योदय के संकल्प को नया आयाम दे रही है। उन्होंने क्षेत्रवासियों के साथ देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान अनील, जुरीद प्रधान, रिजवान, अजब सिंह, प्रकाश सिंह, सुरेन्द्र सिंह, सरोज देवी, सदाकत चौधरी, गौरव कोहली, डॉ. सतवीर, मुरली त्यागी, ओमवीर कसाना, गिलेन्द्र, रफीक, थान सिंह व लाभार्थियों समेत क्षेत्रवासी शामिल रहे।


शोभायात्रा का स्वागत करते विनीत अग्रवाल। ● अमृत विचार

### शोभायात्रा का किया स्वागत

**अमरोहा, अमृत विचार :** श्री धार्मिक रामलीला कमेटी के कोषाध्यक्ष कुंवर विनीत अग्रवाल ने सर्राफा बाजार में सिख समुदाय की शोभा यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने अपने प्रतिष्ठान पर सभी को जलपान कराया। उन्होंने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की। पंच प्यारों को फूल माला पहनाई और प्रसाद खिलाकर कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो, ब्लॉक प्रमुख गुरेंद्र ढिल्लो, सरदार चरणजीत सिंह, सरदार गुरु चरण सिंह, सरदार जोगिंदर सिंह, सरदार बिट्टू सिंह, सरदार मंजीत सिंह, सरदार हरजीत सिंह, सरदार रिंकल सिंह शामिल रहे।

### पुजारी ने बनाया राम मंदिर का मॉडल

**डिडौली, अमृत विचार :** चमुंडा मंदिर के पुजारी ने थर्माकोल से अयोध्या के राम मंदिर की तरह मॉडल बनाकर परिसर में रखा है। जोया में अमरोहा रोड स्थित चमुंडा मंदिर में विजय तिवारी पुजारी हैं। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। अयोध्या की तर्ज पर पुजारी ने थर्माकोल से राम मंदिर का मॉडल तैयार किया है। इसे उन्होंने चमुंडा मंदिर के परिसर में रखा है। इसे देख लोग आश्चर्यचकित हैं।


थर्माकोल से बने मॉडल के साथ पुजारी।


भगवा झंडों से सजा बाजार। ● अमृत विचार

### दुकानों पर लगाए भगवा झंडे, राममय हुआ माहौल

**हसनपुर, अमृत विचार :** अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर नगर में जय श्रीराम का नाम लिखा भगवा झंडा लहराने लगा है। इससे हर तरफ भक्तिमय माहौल हो गया है। पूरा नगर राममय हो गया है। चौराहों से लेकर गली-मोहल्लों को भगवा रंग के झंडों से पाट दिया गया है। जिधर देखिए उधर बाजार भगवा रंग में रंगा नजर आएगा। रामलला के इस उत्सव पर शांतिपूर्ण व्यवस्थित बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का उत्साह नगर में भी खूब नजर आ रहा है। घरों से लेकर बाजारों तक सजावट का सिलसिला जारी है। मंदिरों से लेकर परंपरागत बाजार तक में सजावट कराई जा रही है। सभी भगवामय होने लगे है। 21 जनवरी को नगर के मुख्य मार्ग पर भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकाली जाएगी। 22 जनवरी को नगर में अनेक स्थानों पर कार्यक्रम भी होंगे।

### बेटे को दुष्कर्म में फंसाने का डर दिखाकर 40,000 ठगे

**अमरोहा, अमृत विचार :** साइबर ठगों ने पुलिसकर्मी बनकर जनपद मुरादाबाद में परीक्षा देने गए बेटे को दुष्कर्म के केस में फंसाने का डर दिखाकर परिजनों से 40,000 रुपये खाते में ट्रांसफर करा लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मोबाइल नंबर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में एक गांव निवासी किसान का बेटा मुरादाबाद के पाकबड़ा स्थित एक कालेज से पीजीडीसीए की पढ़ाई कर रहा है। 12 जनवरी को छात्र सुबह की पाली में परीक्षा देने के लिए कालेज गया था। इस बीच लगभग 11 बजे छात्र की मां के मोबाइल फोन पर काल आई। काल करने वाले शख्स ने खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए कहा कि तुम्हारा बेटा दोस्तों के साथ दुष्कर्म के मामले में फंस गया है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है। अगर मामला निपटाना चाहते हो तो जल्दी 80,000 रुपये का इंतजाम करा दो। घबराकर परिजनों ने फोन करने वाले शख्स के मोबाइल नंबर पर 40,000 रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी साइबर ठग की काल लगातार आती रही। तब छात्र के परिजन बाकी 40,000 रुपये का बंदोबस्त करने में जुट गए। परीक्षा के बाद लगभग तीन बजे छात्र घर पहुंचा तो परिजनों ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। तब छात्र ने बताया कि उसके साथ इस तरह की कोई घटना नहीं हुई है। इसके बाद साइबर ठगों के नंबर पर काल की गई तो वह बंद निकला। तब परिजनों को ठगी का अहसास हुआ। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि मामले में मोबाइल नंबर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।


जी-10 बैठक में बोलते प्रभारी निरीक्षक। ● अमृत विचार

## जी-10 की बैठक में शांति की अपील

**संवाददाता, डिडौली**

**अमृत विचार :** आगामी त्योहार और अयोध्या में 22 जनवरी को लेकर कोतवाली में जी-10 की बैठक हुई।

बैठक में थाना क्षेत्र में बनी जी-10 के सदस्यों तथा संभ्रांत लोगों के साथ प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बैठक ली। इसमें प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना क्षेत्र के प्रत्येक गावों में बनी जी-10 सदस्य 10-10 लोगों को वाट्सएप ग्रुप में बीट कांस्टेबल को जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि गांव में छोटे-छोटे विवादों को आपस में मिलजुल कर सदस्यों के साथ बैठकर समाधान किया जाए। उन्होंने क्षेत्र में शांति बनाए रखने की अपील की। इस दौरान क्राईम इंसपेक्टर रविंद्र मलिक, एसएसआई लवनीश कुमार, सुक्रमपाल राणा, प्रमोद अग्रवाल, मदन वर्मा, धर्मेंद्र सिंह, सत्यवीर सिंह, प्रवीण कुमार, डॉ. वसीम अहमद, मुखराम सिंह, रीहान अली, हाजी मुशाहिद हुसैन, खालिद हुसैन व शमीम अहमद आदि शामिल रहे।

### दहेज की खातिर महिला को पीटा, तीन पर रिपोर्ट

**अमरोहा, अमृत विचार :** दहेज के लिए महिला को पति और ससुराल के लोगों ने प्रताड़ित किया। मांग पूरी कराने पर उसके साथ मारपीट की। ससुराल वाले उसे मकान में बंद करके चले गए। पीड़िता की तहरीर पर महिला थाना पुलिस ने पति समेत तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव ढकिया भूड़ निवासी चरन सिंह की बेटी नीलम कौर की शादी 10 साल पहले शहर के मोहल्ला पुष्कर नगर निवासी मनजीत सिंह के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले महिला पर मायके से और दहेज दिलाने का दबाव बनाने लगे। विरोध पर उसके साथ मारपीट की जाने लगी। पीड़िता ने शुक्रवार को महिला थाने में तहरीर दी। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि नीलम के पति मनजीत सिंह, ससुर कमल सिंह व सास सुधा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## फूलों की झालरों से सजाया श्रीराम मंदिर

**संवाददाता, गजरौला**

**अमृत विचार :** 22 जनवरी को श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के शुभारंभ को लेकर नगर के मंदिरों में तैयारियां जोरों पर है। मंदिरों की साफ-सफाई कर फूलों व बिजली की रोशनी से सजाया गया है। नाईपुरा स्थित अयोध्या जैसे श्रीराम मंदिर को भी फूलों व बिजली की रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर के अयोध्या जैसे श्रीराम मंदिर में भी तैयारियां कई दिनों से चल रही थीं। 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोग इस दिन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। नगर के बाजारों में श्रीराम के झंडों को लेकर रौनक दिखाई दे रही है। श्रीराम के झंडे खरीदने वाले लोगों की भीड़ भी दिखाई दे रही है। लोग बाजार में श्रीराम के झंडे 30 से 50 रुपये में खरीद रहे हैं। श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगरपालिका परिषद को भी बिजली की रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। शहर में बिजली के खंभों को भी बिजली की रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया है। अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के भव्य शुभारंभ को लेकर नाईपुरा स्थित श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को लोगों की भारी भीड़ जुटने की संभावना जताई जा रही है। इसे लेकर श्रीराम मंदिर को फूलों व बिजली की रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया है। श्रीराम मंदिर भगवान श्रीराम के भजनों से गूंज रहा है।


फूलों की झालरों से सजाया राम मंदिर। ● अमृत विचार

**▸▸ नाईपुरा में स्थित है अयोध्या जैसा मंदिर, की गई विशेष साफ-सफाई व सजावट**

**कार्यक्रम** — भाजपा हाई कमान के निर्देश पर 15 जनवरी से 22 जनवरी तक चलाया जा रहा है वृहद स्वच्छता अभियान

# अभियान चलाकर भाजपाइयों ने मंदिर में की साफ-सफाई

**संवाददाता, हसनपुर**

**अमृत विचार :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को नगर स्थित मंदिर में अभियान चलाकर सफाई की।

अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भाजपा नेतृत्व के निर्देश पर 15 जनवरी से 22 जनवरी तक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत भाजपा जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं अपने क्षेत्र के मंदिरों में सफाई अभियान चलाकर साफ सफाई करेंगे।

शनिवार को नगर के मुहल्ला कायस्थान स्थित माई जी महाराज मंदिर पर विधानसभा विस्तारक अखंड प्रताप के नेतृत्व में मंदिर परिसर एवं मंदिर के अंदर सफाई की गई। इस मौके पर कालू राकेश बंसल, धर्मेंद्र रस्तोगी, कविता सैनी, पूनम सैनी, सोनिया प्रजापति, अतुल गर्ग, राजीव अग्रवाल, मयंक अग्रवाल उर्फ बिट्टू, अंकित अग्रवाल, मंगल सेन अग्रवाल व पौरुष अग्रवाल आदि शामिल रहे।


मंदिर में सफाई करते भाजपाई। ● अमृत विचार


स्वच्छता अभियान के तहत सफाई करते छात्र। ● अमृत विचार

### यादव समाज के लोगों ने मंदिर में लगाई झाड़ू

**हसनपुर, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री के आह्वान पर यादव समाज ने नगर स्थित मंदिर में अभियान चलाकर सफाई की। इस दौरान मोहल्ले वासियों से भी सफाई रखने का आग्रह किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत देशवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहे हैं। उन्हीं से प्रेरित होकर यादव समाज ने मुहल्ले में स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर पर सफाई अभियान चलाया। इस दौरान समाज के लोगों ने दुर्गा मंदिर के अंदर एवं बाहर सफाई की। इस दौरान वेद प्रकाश यादव ने क्षेत्र वासियों से साफ सफाई रखने का आह्वान किया। इस मौके पर वेद प्रकाश यादव, विकास यादव, सुनील यादव, राजेंद्र यादव, सीमा यादव शामिल रहे।

### छात्रों ने सफाई के प्रति किया लोगों को जागरूक

**हसनपुर, अमृत विचार :** स्वीप योजना के तहत महाविद्यालय के छात्रों ने स्वच्छता अभियान चला कर सफाई की ओर नगर वासियों को सफाई के प्रति जागरूक किया। शनिवार को झम्मनलाल पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 13वें दिन एनएसएस व बीएड के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता कार्यक्रम एवं मतदाता जागरुकता काव्य पाठ कार्यक्रम किया। छात्र-छात्राओं ने सफाई अभियान चलाकर जागरूक किया और मतदाताओं को काव्य पाठ के माध्यम से मतदान के प्रति प्रेरित किया। बीएड विभाग के अजय पाल सिंह के नेतृत्व में मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ. नेहा सक्सेना ने बीएड, एनएसएस के छात्रों को शुभकामनाएं दीं और मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर भावना सक्सेना, बीएड विभाग से कुमुद त्यागी आदि शामिल रहे।

# भारत के मन का नया उत्सव अयोध्या



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

अयोध्या और श्रीराम इतिहास के साथ संस्कृति और दर्शन के भी प्रतीक हैं। भारत के प्राचीन इतिहास में अनेक प्रतिष्ठित राजा हुए हैं, लेकिन राजा रामचन्द्र की बात ही दूसरी है। वे भारत की मर्यादा हैं। उनका राज्य विश्व इतिहास में उल्लेखनीय है। दुनिया में अनेक राज्य व्यवस्थाओं के मॉडल हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अयोध्या सारी दुनिया में चर्चा का विषय हैं। मोदी जी विश्व राजनीति के सम्मानित चेहरे हैं। वे भारत के लोगों के मन के महानायक हैं। प्रधानमंत्री आध्यात्मिक अनुष्ठान पर हैं। सारा देश उनकी ओर टकटकी लगाए देख रहा है। उधर अयोध्या में दिक्काल का अतिक्रमण हो रहा है। मोदी जी चमत्कृत करते हैं। विश्व इतिहास में उनके जैसा लोकप्रिय कोई राजप्रमुख नहीं दिखाई पड़ता। दुनिया के किसी भी राजप्रमुख के नाम की ऐसी चर्चा कभी नहीं हुई जैसी मोदी की हो रही है। अयोध्या में दिव्य और भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर सारी दुनिया के हिन्दुओं का सपना रहा है। मोदी इस सपने से अयोध्या आंदोलन के समय से जुड़े हुए हैं। उनके राजनैतिक विरोधी भी हतप्रभ हैं। मोदी भारत के सांस्कृतिक इतिहास के महानायक हैं। नया इतिहास बन रहा है। अयोध्या ने इतिहास के अनेक प्रिय व अप्रिय प्रसंगों को देखा है। सरयू भूमि इसकी साक्षी है। अयोध्या ने वैदिक काल से लेकर अब तक इतिहास बनते देखा है। अयोध्या सभी घटनाओं की दृष्टा है और दृष्टि भी है। यही अयोध्या विश्व आकर्षण हैं। वह तथ्य हैं और कथ्य भी हैं। राम लंबे समय तक चित्रकूट में रहे। चित्रकूट भी प्रत्यक्ष है और दंड कारण्य भी। सरयू, मंदाकिनी और गंगा ने श्रीराम को निकट से देखा है।

अयोध्या का नया इतिहास नृत्य मगन है। सब तरफ अयोध्या ही अयोध्या की चर्चा है,जो अयोध्या से बहुत दूर दक्षिण या उत्तर में बैठे हैं,उनके अंतर्मन में भी अयोध्या है। अयोध्या सामने है। यही दाएं है। यही बाएं है। अयोध्या संप्रति मनमोहनी हो गई है। भारत के अंतस का छंदस बन गई है। वे वैदिक मंत्रों की ऋचा जैसी हैं। ऋचाएं परम व्योम से धरती पर उतरती हैं। ऋग्वेद के ऋषि ने बताया है कि ऋचाएं परम व्योम में रहती हैं और धरती पर जाग्रत बोध वाले मनुष्यों के हृदय में उतरती हैं। अयोध्या भारत के मन का नया उत्सव और उल्लास बन गई हैं। अयोध्या दिव्य हैं। भव्य हैं। महाकवि तुलसीदास ने 500 वर्ष पहले अयोध्या के गीत गाए थे, ''अवधपुरी अति रुचिर बनाई। देवन्ह सुमन वृष्टि झरि लाई।" अयोध्या को निकट से देखने के लिए आकाश और नक्षत्र भी धरती पर उतर आए हैं। आकाश का शब्द गुण अयोध्या में उतर आया है। तुलसीदास श्रीराम के राज्यारोहण की चर्चा करते हैं, "राम राज्य बैठे त्रैलोका। हर्षित भए मिटे सब शोका।" तुलसी कहते हैं, "नभ दुंदुभीं बाजहिं बिपुल गंधर्ब किंनर गावहीं। नाचहिं अपछरा बृंद परमानंद सुर मुनि पावहीं।" संप्रति अयोध्या सबको खींच रही है। काव्य, गीत संगीत बन गई है अयोध्या।

अयोध्या हजारों वर्ष प्राचीन वैदिक काल में भी प्रतिष्ठित नगरी रही है। ऋग्वेद में वैदिक काल के राजा इक्ष्वाकु का उल्लेख है। उन्होंने अयोध्या में स्वतंत्र राज्य की स्थापना की। पौराणिक अनुश्रुति के अनुसार इनकी 19 वीं पीढ़ी के बाद मानधाता राजा हुए। उन्होंने अनेक राज्य जीते। मानधाता के बाद उनके पुत्र पुरुकुत्स अयोध्या के राजा हुआ। उसके 2 पीढ़ी बाद त्रसदस्यु राजा हुए। पुरुकुत्स के 11 पीढ़ी बाद राजा हरिश्चन्द्र अयोध्या के राजा बने। इक्ष्वाकु वंश की 31 वीं पीढ़ी में राजा सगर और 45 वीं में भागीरथ। फिर अंबरीश। 60 वीं पीढ़ी में दिलीप। दिलीप का पौत्र रघु। कालिदास ने रघुवंश में इनकी चर्चा की। फिर रघु के पुत्र अज। अज के पुत्र दशरथ। श्रीराम इक्ष्वाकु वंश की 65 वीं पीढ़ी में हुए थे। श्रीराम विश्व प्रतिष्ठ महानायक हुए।

यूनान के कवि होमर प्रतिष्ठित कवि गिने जाते हैं। उनकी रचनाएं खूब पढ़ी जाती हैं। वे अपने समय की सभ्यता और संस्कृति के प्रतिनिधि कहे जाते हैं। उन्होंने इलियड और ओडिसी नाम के दो महाकाव्यों की रचना की थी। उनका कार्यकाल ईसा से 1000 वर्ष पूर्व था। यूनानी इतिहास का एक कालखंड होमर युग कहा जाता है। जैसे रामायण में श्रीराम के पात्र से हिंदू प्रेरणा लेते हैं वैसे ही ओडिसी के वीर एकलिस की गाथा से यूनानी प्रसन्न होते हैं,लेकिन श्रीराम 'अखिल लोकदायक विश्रामा' हुए। वे इतिहास के अंक में नहीं समाए। इतिहास का पात्र छोटा पड़ गया और श्रीराम विराट पुरुष।

अयोध्या और श्रीराम इतिहास के साथ संस्कृति और दर्शन के भी प्रतीक हैं। भारत के प्राचीन इतिहास में अनेक प्रतिष्ठित राजा हुए हैं,लेकिन राजा रामचन्द्र की बात ही दूसरी है। वे भारत की मर्यादा हैं। उनका राज्य विश्व इतिहास में उल्लेखनीय है। दुनिया में अनेक राज्य व्यवस्थाओं के मॉडल हैं,लेकिन रामराज्य की बात ही दूसरी है। तुलसी वाल्मीकि के सृजन में रामराज्य शोकरहित है। आकाश में आए मेघ उतना ही पानी बरसाते हैं जितना आवश्यक होता है-मांगे वारिधि देहिं जल रामचन्द्र के राज। रामराज्य में परस्पर शत्रुता नहीं है। समाज में विषमता भी नहीं है। तुलसीदास लिखते हैं, ''बयरु न कर काहू संग कोई। राम प्रताप विषमता खोई।" रामराज्य में सब प्रसन्न हैं। सब सुखी हैं। गांधी जी रामराज्य पर मोहित थे।

कुछ विद्वान राम को कल्पना बताते रहे हैं। अब वे निराश और हताश हैं। राम इतिहास, शास्त्र, पुराण और लोकश्रुति अनुश्रुति के भी महानायक हैं। इंडोनेशिया, बाली, जावा, लाओस, कम्बोडिया, इंग्लैंड और अमेरिका तक रामकथा की धूम रहती है। मार्क्सवादी चिंतक डॉ. रामविलास शर्मा ने लिखा है, ''दंडक वन और रामायण में राम के साथ लक्ष्मण और सीता का समय इसी वन में बीता है। दंडक वन की ऐतिहासिक वास्तविकता सही है।" श्रीराम इसी ऐतिहासिक क्षेत्र के इतिहास पुरुष हैं। डॉ. शर्मा ने लिखा है, "यूरोप या एशिया में किसी महाकाव्य का नायक ऐसा लोकप्रिय नहीं हुआ जैसा रामायण के राम हैं। उनके व्यक्तित्व में कुछ ऐसी विशेषता है,जो केवल भारतीय जनता को नहीं वरन मानव मात्र की भावनाएं व्यक्त करती है। परिवार में वह नई तरह के संबंध कायम करते दिखाई पड़ते हैं। सुख दुख में समान रूप से भागीदार। महाभारत की तरह रामायण इतिहास भी है। इसके नायक भी इतिहास के पात्र हैं।" डॉ. शर्मा ने मार्क्सवादी होकर भी श्रीराम को इतिहास का पात्र बताया है।

वामपंथी विद्वान श्रीराम को ऐतिहासिक पात्र नहीं मानते। उनका ज्ञान और इतिहासबोध दयनीय है। श्रीराम के प्रति लोकजीवन की श्रद्धा है और आस्था भी। आस्था की भावना शून्य से नहीं पैदा होती। आस्था का विकास किसी राजाज्ञा से नहीं होता। यह साल-सौ पचास साल में नहीं बनती। आस्था लोक और इतिहास से सामग्री लेती है। जीवन मूल्यों से संगति बैठाती है। वैज्ञानिक विवेक पर कसती है। संस्कृति, दर्शन और लोकमंगल के तत्वों से जांचती है। यूरोपीय इतिहास में राजाओं की विवरणी होती है। भारतीय इतिहास दृष्टि इससे भिन्न है। यहां लोकमंगल वरेण्य है। इतिहास की भारतीय दृष्टि में राम इतिहास ही हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम होने के कारण आस्था का विषय भी हैं।

संप्रति एक नई तरह का नवजागरण हो रहा है। राष्ट्रीय स्वाभिमान सातवें आसमान पर है। 22 जनवरी की अधीर प्रतीक्षा है। पूरब के क्षितिज अरुण तरुण हो रहे हैं। ग्रह नक्षत्र सुमंगल योग बना रहे हैं। दिव्य शक्तियां अयोध्या के आकाश पर नृत्य कर रही हैं। दर्शन की प्यास बढ़ रही है। तुलसीदास ने बताया है कि राम राज्यारोहण के अवसर पर चारों वेद मनुष्य रूप में आए थे। 22 जनवरी के महोत्सव के लिए वेद, उपनिषद भी आ गए होंगे। वाल्मीकि, विश्वामित्र व वशिष्ठ तो आएंगे ही। भारत का लोक ऐसे सभी आगंतुकों के स्वागत की प्रतीक्षा में है। ऐसे सभी पूर्वजों अग्रजों को प्रणाम। हम सब ऋग्वेद का मंत्र, "इदं नमः पूर्वेभ्यः पूर्वजेभ्यः ऋषिभ्यः-पूर्वजों को नमस्कार, ऋषियों को नमस्कार, मार्गदृष्टाओं को नमस्कार।" दोहराते हैं।

# विवेक की राजधानी थी अयोध्या





सलिल पांडेय
मिर्जापुर

त्रेतायुग की अयोध्या में लोकतंत्र का स्वरूप इतना सशक्त था कि चक्रवर्ती सम्राट दशरथ द्वारा श्रीराम को राज्य पद से विलग कर वनवास की घोषणा होने पर राजमहल से लेकर अयोध्या की जनता ही नहीं, बल्कि पशु-पक्षी तक व्याकुल हो गए और इस निर्णय के विरोध में अन्न-जल त्याग दिया। अयोध्या के लोगों ने कैकेई, मंथरा तथा राजा दशरथ तक के प्रति विरोध में अपने भाव भी प्रकट किए,लेकिन सभी वैचारिक स्तर पर ही था। जनता के विरोध के स्वर तथा दुःख की स्थितियों का पता सम्राट दशरथ तक न पहुंचा हो,ऐसा हो ही नहीं सकता। गोस्वामी तुलसीदास के रामचरितमानस के अयोध्याकांड के 46 वें दोहे की 7 वीं चौपाई में अयोध्या की जनता की मनः स्थिति का संकेत 'सुनि भए बिकल सकल नर नारी,बेलि बिटप जिमि देखि दवारी' चौपाई से परिलक्षित होता है। जिसका अर्थ है इस बात (श्रीराम के लिए वनवास के निर्णय) को सुनकर सब स्त्री-पुरुष ऐसे व्याकुल हो गए जैसे दावानल (वन में आग लगी) बेल और वृक्ष मुरझा जाते हैं। इसी क्रम में 'जो जहं सुनइ धुनइ सिरु सोई, बड़ बिषादु नहिं धीरजु होई' चौपाई के अनुसार 'जो जहां सुनता है वह वहीं सिर धुनने (पीटने) लगता है। बड़ा विषाद है,किसी को धीरज नहीं बंधता।' यह स्थिति जनता की ही नहीं,बल्कि अयोध्या के पशु-पक्षी तक बेहाल हैं। अयोध्या के मंत्री सुमंत्र जब श्रीराम को रथ से विदा करके अयोध्या लौटते हैं तब 'चरफराहिं मग चलहिं न घोरे, बन मृग मनहुं आनि रथ जोरे' (अयोध्या कांड 142/5) के अनुसार 'घोड़े तड़फड़ाते हैं और (ठीक) रास्ते पर नहीं चलते। मानो जंगली पशु लाकर रथ में जोड़ दिए गए हों' की स्थिति का जिक्र गोस्वामी जी ने किया है।

इन स्थितियों में जनता अन्न-जल त्याग देती है। इसे सविनय अवज्ञा आंदोलन के रूप में देखा जा सकता है। निश्चित रूप से स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी को इस प्रसंग से प्रेरणा मिली हो कि किसी अप्रिय निर्णय के विरुद्ध अन्न-जल त्याग करने से कोई विशेष शक्ति प्राप्त होती है। अयोध्या की जनता के इस अन्न-जल त्याग के कदम का ऐसा प्रभाव पड़ा कि चक्रवर्ती के साथ धर्मनिष्ठ सम्राट दशरथ उसे झेल न सके।

इसके अलावा स्वदेश के प्रति मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का स्नेह यह भी प्रकट होता है कि जनता उद्वेलित न हो,इसलिए माता कौशल्स से 'पिता दीन्ह मोहि कानन राजू,जहं सब भांति मोर बड़ काजू' (अयोध्या कांड 53/5) कहते हुए यह जता रहे हैं कि पिता ने उन्हें जंगल का राज्य दिया है। वहां मेरा बड़ा काम बनने वाला है। श्रीराम को पिता की आज्ञा का पालन करने की सलाह देते हुए माता कौशल्या ने भी 'जो पितु मातु कहेउ बन जाना, तौ कानन सत अवध समाना' कहते हुए श्रीराम की सराहना की तथा स्पष्ट किया कि माता-पिता की बात मानने का मतलब वन भी सैकड़ों अयोध्या के समान है। इस तरह अयोध्या में कदम-कदम पर विवेक की राजधानी दिखाई पड़ती है। जहां राज्य का अहित न हो,इसके लिए सभी जागरूक हैं।

# तुलसी की लोकप्रियता और उनका काव्य व्यक्तित्व



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

जन-ग्राह्यता के इस पहलू को तुलसी ने लगातार कितनी अहमियत दी और इस पर कितना श्रम किया, सोचकर आश्चर्य होता है। रामचरितमानस के हर कांड के प्रारंभ में आए संस्कृत श्लोकों से यह पक्ष दिन की रोशनी की तरह साफ हो जाता है।

तुलसी के रामचरित मानस की सामान्यजन और अभिजन दोनों में अपूर्व लोकप्रियता का रहस्य संभवतः लोक-जीवन, लोकमन और लोक-संवेदना में तुलसी की गहरी पैठ है। उन्होंने लोकभाषा में अति सरल, गेय और आसानी से याद हो जाने योग्य दोहा, चौपाई और सोरठा छंदों में लोकाख्यान लिखा और उसमें शास्त्रीय परंपरा का अपना समस्त ज्ञान समाविष्ट कर उसे सर्वसुलभ बना दिया। उनके आख्यानों में निहित भाव जगत और उनमें वर्णित मानव-स्वभाव तथा मानव-व्यवहार से सामान्यजन का तादात्म्य इस कदर त्वरित और घनीभूत होता है कि उसमें डूबकर शास्त्रीय परंपरा के कील-कांटे सम-सोझ हो जाते हैं, उनकी धार गोठिल पड़ जाती है। कम पढ़ा-लिखा पाठक (व श्रोता) भी उनमें अपने जीवनानुभव का निचोड़, अपने मन का ऊहापोह और दिल की धड़कन महसूस करता है, अपने चारों ओर बिखरे सामान्य लोकजीवन के मासूम, निर्मल चित्र देखता है। वह इतना विभोर हो जाता है कि कई अंश अनजाने ही उसे याद हो जाते हैं और गाहे-बगाहे उन्हें सूक्ति की तरह उद्धृत करने लगता है। अकारण नहीं कि अवध में रामचरित मानस के दोहे-चौपाइयां और उनकी अर्द्धालियां लोकजीवन की जमीन से उपजी कहावतों, उक्तियों, मुहावरों और सुभाषितों की कोटि में दाखिल होकर उस जीवन के अविभाज्य अंग बन चुकी हैं। एक ही उदाहरण पर्याप्त होगा- तिन्हहि बिलोकि बिलोकति धरनी। दुहुं संकोच सकुचति बरबरनी॥/सकुचि सप्रेम बाल मृगनयनी। बोली मधुर बचन पिकबयनी॥/सहज सुभाय सुभग तन गोरे। नामु लखन लघु देवर मोरे॥/ बहुरि बदन बिधु अंचल ढांकी। पिय तन चितइ भौंह करि बांकी।/खंजन मंजु तिरीछे नयननि। निज पति कहेउ तिन्हहि सिय सैननि॥ (अयोध्या कांड, 116: 3-7)

वनगमन मार्ग। राम, सीता और लक्ष्मण एक गांव की बस्ती से गुजर रहे हैं। ग्राम्य-वधुएं राम और लक्ष्मण को सहज उत्सुकता से देखती हैं। संकोच के कारण उनसे तो कुछ पूछ नहीं सकतीं तो सीता से ही पूछती हैं, ये दोनों आपके कौन लगते हैं? दोनों की ओर देखकर गौरांगी सीता अपनी निगाह धरती में गड़ा देती हैं। दोहरे संकोच से संकुचित न बताने पर ग्राम्य-वधुओं को बुरा लगेगा और बताएं तो राम के बारे में कैसे बताएं। आखिर हिरणशावक-जैसे सुंदर नेत्रों वाली और कोयल-जैसी मधुर वाणी वाली सीता ने संकोच और प्रेम से विगलित स्वर में कहा,जो सहज स्वभाव और सुंदर, गोरे शरीर के हैं, उनका नाम लक्ष्मण है, वे मेरे छोटे देवर हैं। फिर उन्होंने अपने चंद्र-मुख को आंचल से ढक लिया और राम के शरीर पर एक नजर डालकर भौंहों को टेढ़ी किया। खंजन पक्षी-जैसी अपनी आंखों को तिरछी किया और इशारे से उन्हें अपना पति बता दिया।

जन-ग्राह्यता के इस पहलू को तुलसी ने लगातार कितनी अहमियत दी और इस पर कितना श्रम किया, सोचकर आश्चर्य होता है। रामचरितमानस के हर कांड के प्रारंभ में आए संस्कृत श्लोकों से यह पक्ष दिन की रोशनी की तरह साफ हो जाता है। ये सारे श्लोक संस्कृत व्याकरण और छंदशास्त्र की दृष्टि से सर्वथा त्रुटिहीन हैं, किंतु संरचना और शब्दचयन का ऐसा जादू कि हिंदी के सामान्य जानकार के लिए भी ये सहज गम्य हैं, जैसे इन संस्कृत पदों की कोई पृथक् भाषा ही न हो। संप्रेषण में यह सहजता, सरलता और गम्यता लाने के लिए कितनी दक्षता और कितना अध्यवसाय चाहिए, किसी भी रचनाकार को सहज एहसास होगा। उसे इस विडंबना का भी एहसास होगा कि सहज, सरल, सर्वगम्य लिखना कितना कठिन व श्रमसाध्य है। भाषा और उसकी संप्रेषणीयता के प्रति तुलसी की अक्षुण्ण प्रतिबद्धता असाधारण कोटि की है, जो उनकी निराडंबर और केन्द्रीभूत जनोन्मुखता की ही परिचायक हो सकती है।

विडंबना ही है कि भक्त तुलसी की निराडंबरता ही उन्हें अपने काव्य में निजी परिवेश और संस्कार तथा सामयिक भावबोध का अतिक्रमण करने और भक्तिमार्ग में अंतर्निहित आध्यात्मिक समतावाद से इतर किसी वैचारिक-सामाजिक परिवर्तन की जमीन बनाने में अक्षम कर देती है। वे एक निष्ठावान भक्त कवि थे, समाज-सुधारक नहीं। कबीर के लिए जो सहज था, तुलसी के लिए उनके युग और उनके परिवेश के परिप्रेक्ष्य में एक आडंबरी मानवतावाद होता। वे आध्यात्मिक निष्ठा में भक्त थे, किंतु सामाजिक निष्ठा में अपने युग के एक निरीह, निर्धन, निराश्रित ही सही, संयोग से ब्राह्मण थे और उसी के अनुरूप उन्हें शिक्षा-दीक्षा मिली थी। गंगा में इतना पानी बह जाने के बाद,मौजूदा दौर के शिक्षित ब्राहमणों की (राजपूतों और वैश्यों की भी) सामान्य मानसिकता क्या है? मेरी समझ से स्वयं को साम्यवादी घोषित करने के बावजूद कुछ ब्राह्मण और राजपूत ओढ़े हुए साम्यवाद का लबादा उतरने पर कितने दंभी ब्राह्मण /राजपूत नजर आते हैं,यह सामान्य अनुभव का विषय होना चाहिए।

## अधूरे सच की खोज करता लोकविज्ञान



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

आप सभी की तरह मैं भी कह देता हूं कि ताजमहल शाहजहां ने बनवाया था, परंतु क्या यह पूरा सच है? बनवाने क्रिया में बनाने की क्रिया भी छिप गई और उपादान कारण भी छिप गए। सोचिए कि बादशाह ने जबान हिलाने के अलावा और क्या किया? पत्थर पहाड़ के थे,पहाड़ कुदरत का था। पत्थर निकालने वाले दूसरे लोग थे। उनको ढोने वाले दूसरे थे, उनको चिकना करने वाले भी दूसरे थे। सारा काम तो श्रमवीरों और शिल्पियों ने किया। हमने बनवाना क्रिया कहकर वह सारा का सारा सच छिपा लिया और अधूरे सच का इतिहास बना दिया। मंदिर का शिखर सच है,लेकिन जब तक हमने बुनियाद का सच नहीं पहचाना तब तक वह अधूरा है।

वृक्ष की शिखा दिख रही है,किंतु उसकी जड़ नहीं दिख रही है, जबकि वृक्ष का जीवन जड़ में निहित है। संस्कृति,भाषा,धर्म, दर्शन, साहित्य,राजनीति आदि की रचना के विषय में भी यही बात है। हम अधूरा सच बार बार,बार-बार कह देते हैं और बाकी के सच को छिपा जाते हैं। सामान्यजन की भूमिका को नकारना सच को नकारना है।

लोकविज्ञान उस अधूरे सच की खोज करता है,मनुष्य का अध्ययन करता है और उस सामान्य की भूमिका को केंद्र में प्रतिष्ठित करता है। वह स्थापित करता है कि केवल बादशाह ही ताजमहल की रचना करने वाला नहीं है। बादशाह अंततः आदमी है तो श्रमी भी आदमी हैं,जो लोग समझते हैं कि संस्कृति की रचना कोई तत्वद्रष्टा-विचारक या ऋषि (आचार्य-मानस या शास्त्र-मानस) करता है, वे लोक की भूमिका को देख ही नहीं पाते। वर्ग की बहुत प्रभावी भूमिका होती है। इतनी कि वह सामान्य जन की भूमिका को ढक लेती है और एक मिथ्या सिद्धांत आरोपित कर देती है। उदाहरण के लिए नरेश शब्द है, भूप शब्द है। मनुष्यों का स्वामी और धरती का स्वामी। ये अवधारणा सामंती जमाने की है। उस जमाने में संसार में यह माना जाता था कि राजा ईश्वर का रूप होता है,भारत में भी विश्वास किया जाता था-नराणां च नराधिपः। वह समय था,जब नारी को धन माना जाता था। आज भी बेटी को कहीं-कहीं पराया धन कहते हैं। द्रौपदी ने भरी सभा में भीष्म से पूछा था कि मुझे दांव पर लगाने का अधिकार युधिष्ठिर को नहीं था।

पत्नी शब्द है,इसलिए ठीक है, वरना पति (मालिक) शब्द भी उसी सामंती समाज की देन है। स्वतंत्रता आंदोलन में सामान्यजन ने भाग लिया था। लाठी गोली खाई थी, सामान्य जन ने। जेल गया था सामान्यजन,लेकिन सामान्यजन की कोई चर्चा नहीं? जनतंत्र किसी राजा बादशाह या नेता की देन नहीं है,जनता के संघर्ष का परिणाम है। फिर हम विशेष को इतना महत्व दे देते हैं कि सामान्य की भूमिका दब जाती है। आज तो बाजारवाद का जमाना है,चारो ओर मीडिया का झूठ ही झूठ है जिसका पैसा,उसी का सच। इस स्थिति में सामान्य की भूमिका तलाश करना कठिन है,किंतु लोक की शक्ति अपार है। सामान्यजन और समष्टिजन की शक्ति और संभावना को गांधी ने पहचाना था। चींटी की कहानी है जिसमें वह राजा को मजबूर कर देती है कि वह बढ़ई को हुक्म दे कि वह खूंटे को चीर दे ताकि चिड़िया को दाना मिल जाए।

## यूनान मिस्र रोमा, सब मिट गए जहां से



सुलखान सिंह
सेवानिवृत्त डीजीपी, उप्र.

अपने अतीत पर गर्व करना चाहिए, परंतु झूठा दंभ भरना पतनकारी होता है। मनुष्य को और कौम को अपने अतीत को सुनहरा बताकर उसमें जीना नहीं चाहिए,अपितु अतीत का अध्ययन करके उससे सबक लेना चाहिए और पुरानी गलतियां नहीं दोहरानी चाहिए। इतिहास पढ़ने का यही कल्याणकारी तरीका है। यह 'यूनान मिस्र रोमा' वाली उक्ति एक दंभोक्ति ही है। यूनान, मिस्र और रोम मिटे नहीं हैं, बल्कि भारत से अधिक संपन्न और विकसित हैं। इन देशों में इंसान-इंसान में भेदभाव नहीं है, छुआछूत नहीं है। प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2021 पर जरा नजर डालें-भारत-7130 डॉलर, यूनान-31480 डॉलर, मिस्र -12320 डॉलर, इटली (रोम)-46450 डालर, मेरी, अतिउत्साही किंतु अचिंतनशील एवं ऊर्जावान लोगों से प्रार्थना है कि वे गंभीरता एवं ईमानदारी से अपने इतिहास को पढ़ते रहें। हमारे समाज में ये अमानवीय, निंदनीय नफरती राक्षसी परंपराएं क्यों विकसित हो गईं? इसे समझें और इनका उन्मूलन करने में अपना योगदान दें। मैं अभी भी न सिर्फ नवयुवकों में वरन प्रौढ़ एवं वृद्ध वर्ग में भी कट्टर अहंकारी एवं नफरती आचरण देखता हूं। सोशल मीडिया की गुमनामी की ओट में अभद्र एवं अमानवीय बातें खुलेआम की जा रही हैं। आप कल्पना करिए कि हम सभ्य तरीके से विचार-विमर्श भी नहीं कर सकते!

संस्मरण

# अयोध्या, जैसी मैंने देखी



डॉ. प्रमेन्द्र माहेश्वरी
वरिष्ठ चिकित्सक, बरेली

1990 में पहली बार गया था, जब 12 वीं के बाद पहली बार में ही एमबीबीएस में सेलेक्शन हुआ। विवादित ढांचा मौजूद था, रामलला विराजमान थे। छोटी संकरी गलियां कूड़े से पटी पड़ी थीं, आवारा जानवर सड़कों पर थे।

पूरी दुनिया घूमा हूं,अमेरिका, इंग्लैंड, जापान, फ्रांस और जर्मनी आदि बीस से ज्यादा देश और पूरे भारत में लगभग सभी प्रदेश हर शहर का एक अलग मिजाज, एक अलग कल्चर, एक अलग रूह या आत्मा होती है, जो उस शहर में, शहर में रहने वाले लोगों में, वहां के हवा पानी में, वहां के खाने पीने में बसती है, अयोध्या निराली है।

1990 में पहली बार अयोध्या गया था,जब 12 वीं के बाद पहली बार में ही एमबीबीएस में सेलेक्शन हुआ। विवादित ढांचा मौजूद था रामलला विराजमान थे। छोटी संकरी गलियां थी, कूड़े से पटी पड़ी थीं आवारा जानवर सड़कों पर थे। सरयू केवल एक गंदा नाला सी दिखी थी जहां नहाना मुश्किल लगा था। भयंकर प्रदूषण था,पर आस्था थी तो टूटी जर्जर बिना सड़क के ही कच्चे रास्तों से ढांचे के आसपास मंदिरों के दर्शन किए थे। उदास निष्क्रिय देहात सा माहौल था।

फिर पहली बार में ही एमएस यानी पीजी में एडमिशन लेकर एक आर्थोपेडिक सर्जन बनकर जाना हुआ। रामलला गुलाबी तिरपाल में थे,चप्पे-चप्पे पे भारी पुलिस फोर्स थी। लोहे के दस फीट ऊंचे बैरिकैडिंग थे। परिंदा भी पर नहीं मार सकता था। खुशी-खुशी धन्यवाद देने गया था,पर फटे-टेंट में अपने आराध्य को देख फूट-फूट कर रोया था। इस बार प्रभु ने डॉक्टर होने के कारण स्वयं बुलाया, दर्शन देने, रामकाज करने आए हुए श्रद्धालुओं की सेवा करने उनका इलाज करने,सैकड़ों हजारों डाक्टरों ने



वहां सेवा का मन बनाया,पर मेरा नंबर पहला आ गया। अब तो सेवा चलती ही रहेगी। इस बार अयोध्या दुनिया के किसी भी सबसे खूबसूरत शहरों में से एक लगी,साफ चमकती चौड़ी सड़कें, एक ही डिजाइन की दुकानें और बाजार,लता मंगेशकर चौक, नयनाभिराम सजावट, एयरपोर्ट, शानदार रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड ऐसा जैसा कोई सपने में भी न सोच पाए। प्रदूषण रहित बैटरी वाली ई-बस,सड़कों पर नगर निगम का सुंदर बिजली के पोलों पर सुमधुर भजन सुनाता साउंड सिस्टम,चारो ओर हरियाली,वन उपवन, स्वच्छ निर्मल आचमन योग्य सरयू, मंदिरों का जीर्णोद्धार, प्रफुल्ल, प्रसन्न, खुशी से लबरेज स्थानीय निवासी जो कहते हैं कि पहले पूरे साल रामनवमी का इंतजार रहता था अब रोज़ यहां मेला है।

इस बार रामलला को देख कर फिर रोया, आंसू रुक ही नहीं रहे थे,पर ये खुशी के आंसू थे,प्रसन्नता के अतिरेक के आंसू थे। क्या से क्या हो गया, जो लोग पहले अयोध्या गए होंगे वो मेरी दशा समझ सकते हैं। ये वर्तमान स्थिति वर्षों के रक्तरंजित संघर्ष का परिणाम है जिसमें अपनी आंखों से प्रभु को अपनी जन्मभूमि पर बने मंदिर में विराजमान होने का सपना देखते हुए न जाने कितनी पीढ़ियां खत्म हो गईं,हम भाग्यशाली हैं,जो ये सब खुद अपनी आंखों से देख रहे हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थपुरम के अस्थायी टेंटसिटी को सराहिए,यहां की चाक चौबंद व्यवस्था को,यहां चलते अनवरत भोजन क्षेत्र या भंडारों को,पढ़िए इन नेमप्लेट्स को एक पर छह विदेशी भाषाओं में तो दूसरी पर देश की 11 विभिन्न भाषाओं में हनुमान गढ़ी लिखा है। चारो ओर साधु संत महात्मा आश्रम भजन पूजन और भगवान श्रीराम के आने की खुशी है,अयोध्या प्रसन्न है, मैं प्रसन्न हूं।

# योग्यता और क्षमता



द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

धन मनुष्य की इन आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायक हुआ करता है इसलिए इस समूह के लोगों को हमेशा आप पैसे के बारे में बात करते, प्रयास करते या मनन करते पाएंगे। पहले क्रम वाले मनुष्य को सीमित धन चाहिए, पेट भर गया, झोपड़ी बन गई, खुश!

प्रसिद्ध समाजशास्त्री अब्राहम मास्लो ने अभिप्रेरणा की अवधारणा के पांच चरण बताए हैं जिसमें वे मनुष्य की आवश्यकताओं को इस क्रम में व्यवस्थित करते हैं :

सर्वप्रथमः भोजन, वस्त्र और आश्रय, तद्पश्चात : सुरक्षा, तद्पश्चात : सामाजिक जान-पहचान, तद्पश्चात : सम्मान, तद्पश्चात : आत्मबोध-कोई प्यासा हो तो पानी पहले चाहिए, भोजन उसके बाद। उसी तरह जब कोई भूखा होता है तो सर्वोच्च प्राथमिकता भोजन प्राप्त करना होता है, उस समय उसे कुछ और नहीं सूझता। पेट भर जाए, प्यास मिट जाए तब टीवी देखने की सूझेगी। इसी प्रकार मनुष्य के जीवन में आवश्यकताएं क्रम से आगे बढ़ती हैं। सबसे पहले मौलिक आवश्यकताएं, रोटी, कपड़ा और मकान चाहिए। इनकी पूर्ति हो जाने के पश्चात सांसारिक सुरक्षा की ओर ध्यान जाता है जैसे-पक्की नौकरी लग जाए, व्यापार चल निकले, खुद का घर बन जाए, कल या अगले महीने या अगले वर्ष या पूरे जीवन या अगली पीढ़ी की व्यवस्था बन जाए आदि। उसके बाद मनुष्य जान-पहचान बनाने और विभिन्न समूहों में सम्मिलित होने का प्रयास करता है ताकि वह अपनी धारणाओं तथा मान्यताओं को पुष्ट कर सके।

धन मनुष्य की इन आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायक हुआ करता है इसलिए इस समूह के लोगों को हमेशा आप पैसे के बारे में बात करते, प्रयास करते या मनन करते पाएंगे। पहले क्रम वाले मनुष्य को सीमित धन चाहिए, पेट भर गया, झोपड़ी बन गई, खुश! दूसरे क्रम वाले को कुछ अधिक चाहिए, 'थोड़ा है, थोड़े की जरुरत है, 'खुश! तीसरे क्रम वाले को बहुत अधिक चाहिए या कहा जाए असीमित चाहिए क्योंकि उसे ऐसा लगता है कि समाज में उसी का दबदबा है जिसके पास अपार धन है। अधिकतर मनुष्यों का जीवन इन्हीं तीन आवश्यकताओं की प्राप्ति के प्रयास में व्यतीत हो जाया करता है।

उपरोक्त तीन आवश्यकताओं की पूर्ति के पश्चात सम्मान का क्रम आता है। यह माध्यम प्रतिष्ठा और शक्ति प्राप्ति की तपस्या है। इस परिधि में आकर मनुष्य अपनी योग्यता और क्षमता को बढ़ा कर व्यक्तित्व का विकास करता है। इस तरह वह स्वयं की सीमा से बाहर निकल कर सामाजिक सरोकार के कार्यों के जरिए प्रतिष्ठा और ऊर्जा अर्जित करने का प्रयास करता है। समाजशास्त्री मास्लो ने कहा है, 'एक मनुष्य जो कुछ कर सकता है, उसे करना चाहिए।'

मैं 'बड़े आदमी' के घर में पैदा हुआ था इसलिए मेरी उपरोक्त आवश्यकताएं स्वाभाविक रूप से पूर्ण थी। लेकिन एक साधारण हलवाई से कुछ अलग पहचान बना सकूं तथा अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर सकूं, ऐसा मेरे दिमाग में चल रहा था। वास्तव में, मैं आवश्यकता के चौथे पायदान 'सम्मान' में कदम रखना चाहता था। उस दिशा में अंतर्राष्ट्रीय संगठन 'जेसीज' मेरी इस आवश्यकता की आपूर्ति में सहायक सिद्ध हुआ।



फूलों से सजा राम मंदिर। अमृत विचार

## नगर को सजाने-संवारने के साथ अविस्मरणीय बनाने की तैयारी

**गोसाईगंज अयोध्या, अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा समारोह को को गोसाईगंज नगर पंचायत में तैयारियां शुरू हो गई हैं। नगर के भवनों पर भगवा राम पताका लहराते हुए सजाने व संवारने का कार्य युद्ध स्तर पर हो रहा है। गोसाईगंज की सीमा में प्रवेश करते ही रामधुन से स्वागत की तैयारी है। बिजली के खम्भों पर लगी तिरंगा लाइट व वीर सावरकर ब्रिज की भगवा लाइट रामनगरी में विशेष उत्सव को दर्शा रही है। चेयरमैन डॉ. विजयलक्ष्मी जायसवाल ने बताया कि स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत सभी मंदिरों के आसपास साफ-सफाई के बाद चूने का छिड़काव हो रहा है। सत्संग घाट सीताराम घाट व महादेवा घाट सहित प्रमुख चौराहो व मंदिरों पर रंगोली बनाकर दीप प्रज्ज्वलन किया जाएगा। सभी मंदिरों पर 22 जनवरी को मानस पाठ और प्रसाद वितरण होगा। रामभक्तों के विश्राम के लिए यहां रैन बसेरा पूरी तरह से तैयार है।



प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर सज गया है गोसाईगंज कस्बा। अमृत विचार

जन्मभूमि परिसर में लगाए जा रहे साढ़े सात हजार से अधिक पौधे

# महाराष्ट्र से आए पौधों से सज गया श्रीराम जन्मभूमि परिसर

### हरियाली से भरी है परिसर की नक्षत्र वाटिका, रामायण कालीन पेड़ों की आध्यात्मिकता से भी जुड़ेगी

राज्य ब्यूरो, अयोध्या

**अमृत विचार।** महाराष्ट्र से आए साढ़े सात हजार पौधों की खूबसूरती से श्रीराम जन्मभूमि परिसर दिव्यतम नजर आने लगा है। 22 जनवरी को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत लगभग आठ हजार आगंतुक श्रीराम जन्मभूमि परिसर में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिलन होंगे तब आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ वहां की हरियाली भी मन मोह लेगी।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट व उप्र वन विभाग की तरफ से यहां प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम की दृष्टि से महाराष्ट्र से आए पौधेयुक्त साढ़े सात हजार गमलों को सजाया जा रहा है। इन गमलों से नाना प्रकार के देशी-विदेशी फूल होंगे। जिनकी अद्भुत छटा मंदिर प्रांगण में बैठे आगंतुकों को अपनी ओर आकर्षित तो करेगी ही, साथ ही रामायण काल की अनुभूति भी प्रतीत कराएगी। पेड़-पौधों की खुशबू से आगंतुक मंत्रमुग्ध हो जाएं। इसकी तैयारी भी तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट व सीएम योगी के निर्देश पर वन विभाग की तरफ से युद्ध स्तर पर अंतिम दौर की तैयारी की जा रही है।



क्षीरेश्वर नाथ के सामने जन्मभूमि जाने वाले गेट की सजावट देखते ही बन रही है।



### रामायण कालीन वैभव की अनुभूति करा रही नक्षत्र वाटिका

जन्मभूमि परिसर में स्थापित नक्षत्र वाटिका की खूबसूरती भी भावविभोर कर रही है। हरियाली का ध्यान रखते हुए नक्षत्र वाटिका में तैयार हो चुके पेड़ यहां की शोभा व वातावरण को दिव्य-भव्य करेंगे। श्रीराम जन्मभूमि परिसर में रामायणकालीन वैभव को दर्शाने वाले नक्षत्र वाटिका में 27 नक्षत्रों से जुड़े 27 पेड़ लगाए गए हैं। राम मंदिर परिसर हरा भरा हो, इसके लिए पूरे प्रांगण में हरियाली का खास ध्यान रखा जा रहा है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नक्षत्र वाटिका में पौधरोपण भी किया था। रामायण कालीन पेड़ों में पीपल, पाकड़, नीम, गुटेल, महुआ, शीशम, खैर, पलास, बेल, मौलिश्री, शमी, कदंब, आम, अर्जुन, गुलर, साल, बरगद, आंवला, चीड़ आदि के पौधे लगाए गए हैं। इनका संबंध भी नक्षत्रों से है।

### इन पौधों से बढ़ेगी परिसर की भव्यता

राम मंदिर प्रांगण में 56 प्रजाति के पौधे लगाए जा रहे हैं। इनमें एग्लोनेमा रेड-लिपिस्टक, पिंक, ऐलोकेशिया ब्लैक वेलवेट- कुकुलता, वेस्टिल, फिलोड्रेनड्रॉम रिंग ऑफ फायर- बिरकिन, जेनाडू, रेड कांगो, पिंक फायर, पिंक प्रिसेंज, डिफेनबेकिया व्हाइट, होमालोमेना ब्रांज, केलेडियम मिक्स, मेलपिघिया श्रीराम, ड्रकाना महात्मा, सेफलेरा, वेरीगेटेड, लोरोपेटलम, रेडार मचेरा, डिफेनबेकिया बोमानी, मोंसटेरा डेलीसिओसा, आर्केड मिक्स, पीस लिली आदि प्रमुख हैं।





अयोध्या-रामजन्मभूमि परिसर में लगाये जा रहे गमले। अमृत विचार

### दूब घास से वाटिका को और बनाया जा रहा आकर्षित

डीएफओ सितांशु पांडेय ने बताया कि नक्षत्र वाटिका पूरी तरह से तैयार हो चुकी थी। इसे और भव्य रूप दिया जा रहा है। क्योंकि बंदरों ने यहां की मिट्टी को भी खोद दिया था, लिहाजा यहां मिट्टी डालकर सलेक्शन ग्रेड-1 ग्रास व दूब घास लगाए जा रहे हैं। राम जन्मभूमि परिसर के अंदर नक्षत्र वाटिका को विशिष्ट रूप दिया जा रहा है। आयरन ट्री गार्ड लगाए गए हैं, जो पौधों की रक्षा कर रहे हैं।

## राममंदिर के लिए अलीगढ़ से आया विशेष ताला

**अयोध्या।** हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक पांडेय ने बताया कि हरिगढ़ तालानगरी के रूप में विख्यात हैं। तालानगरी के इस विशेष भेंट को रामलला को समर्पित किया गया है। महामंडलेश्वर डॉ. अन्नपूर्णा भारती पुरी महाराज के नेतृत्व में लाया गया है। 400 किलो वजनी ताले की चाबी भी 30 किलो की है। इस ताले का निर्माण सत्यप्रकाश शर्मा ने तीन साल में किया है। वह अब नहीं रहे। उनकी अंतिम इच्छा थी कि यह ताला राम मंदिर के लिए भेंट किया जाए। उनकी इच्छा के अनुसार ही यह ताला अब राम मंदिर को भेंट किया गया है।




कारसेवकपुरम में रखा ताला। अमृत विचार

## विशेष विमान से तिरुपति से आए एक लाख लड्डू



तिरुपित से आए लड्डुओं को स्वीकार करते महापौर।

**अयोध्या :** पहली बार अयोध्या में विशेष विमान से प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए लड्डू पहुंचे हैं। तिरुपति के तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ट्रस्ट की ओर से भेजे गए तीन टन लड्डू (महाप्रसादम) को स्वीकार करने के लिए मेयर गिरीशपति त्रिपाठी पहुंचे थे। 346 गत्तों में आए एक लाख लड्डुओं को पिकअप से कारसेवकपुरम पहुंचाया गया। टीटीडी ट्रस्ट के पदाधिकारी मुरलीधर ने बताया कि पहले ही लड्डुओं को अयोध्या पहुंचाने की घोषणा कर दी गई थी।

## चोटी से रामरथ खींचकर अयोध्या पहुंचे संत



मध्यप्रदेश से चोटी से रथ खीच कर अयोध्या पहुंचे संत।

**कुमारगंज,अयोध्या :** राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने मध्य प्रदेश के रामभक्त बाबा बद्री अपने बालों की चोटी से रामरथ खींचते हुए रविवार को अयोध्या पहुंचे। 32 वर्ष पहले की प्रतिज्ञा पूरा करने के लिए मध्य प्रदेश के दमोहा बटियागढ़ गांव के संत 11 जनवरी को चोटी से रथ में राम, जानकी, लक्ष्मण की प्रतिमा लेकर राम रथ खींचते अयोध्या के लिए पैदल निकल पड़े। 500 किलोमीटर की दूरी तय कर अयोध्या पहुंचे संत का शनिवार को नगर पंचायत कुमारगंज, तेन्धा गांव के हनुमान मंदिर के पास हिंदू संगठनों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा नेता चंद्रबली सिंह,ओम प्रकाश सिंह , चंद्रेश सिंह, हनुमान सिंह, प्रधान तुलसीराम यादव, प्रधान राजू कनौजिया आदि मौजूद रहे।

# घर-घर रामोत्सव व आनंदोत्सव की तैयारी में जुटे अयोध्यावासी

### मुख्य मार्ग से श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, दशरथ व वशिष्ठ द्वार भी बनेगा



हनुमान के स्वरूप में भक्त।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** जिले के पूराबाजार ब्लॉक के मंदिरों, देवस्थलों पर भव्य आयोजन की तैयारी है। प्रधान संघ के जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सूर्यवंशी ने बताया कि ग्राम पंचायत रामपुर सरधा में चिन्हित 20 मंदिरों व देवस्थलों सजाकर सुबह शोभा यात्रा निकाली जाएगी। 22 को सुबह हवन पूजन व सिद्धेश्वर मंदिर पर कीर्तन, भजन होगा। मुख्य मार्ग से श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, दशरथ व वशिष्ठ द्वार भी बनाया जाएगा।

हनुमानगढ़ी कछौली पर सुंदरकांड पाठ होगा। गोसाईंगंज नगर पंचायत के बीस मंदिरों को चिन्हित किया गया है। चेयरमैन डॉ. विजयलक्ष्मी जायसवाल ने बताया कि सभी मंदिरों को फूल, माला, झंडी, पताका के साथ झालरों से सजा सुंदरकांड , हनुमान चालीसा पाठ, आरती कार्यक्रम होगें। भेलसर में श्रीराम सेवा मण्डल के संयोजन में प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण और रात्रि में आतिशबाजी व फूलों की होली खेली जायेगी। बदलापुर राम जानकी मंदिर देवस्थाल पर 22 जनवरी को सुंदरकांड एवं प्रसाद वितरण होगा।



सोहावल क्षेत्र में सज रहे मठ - मंदिर। अमृत विचार

रामपुर भगन के प्राचीन मंदिर बाबा भगन राय व कृषक चौराहे पर 22 को सुंदरकांड पाठ, पूजन,अर्चन आदि होगा। माशिसं के प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ सिंह ने बताया कि बाबा के पावन स्थल पर को भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। बाजार में ध्वज लगाने के साथ बाजार के उर्मिला गेट से एक किलोमीटर तक बाजारवासियों के साथ शोभा यात्रा निकालेगें। चरावां चौराहा हनुमानगढ़ी मंदिर पर महंत दिनेश शास्त्री के नेतृत्व में प्रसाद वितरण होगा।

### पलिया लोहानी में पांच मंदिरों में भी होगी प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा

हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के पलिया लोहानी गांव में प्राण-प्रतिष्ठा के दिन शिव मंदिर में मां दुर्गा, पंचमुखी हनुमान, नंदी बाबा एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग सहित शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। 22 जनवरी को दोपहर 12 :20 पर समस्त प्रतिमाओं का प्राण प्रतिष्ठा होगी। 23 जनवरी को भंडारे का आयोजन किया गया है। बीडीओ अखिलेश मिश्र ने बताया कि छह मंदिरों को चिन्हित कर विधिवत पूजा अर्चना हो रही है। क्षेत्र के सभी मंदिरों में सजावट के बाद 22 जनवरी को विशेष पूजा अर्चना होगी।

### प्राण प्रतिष्ठा पर लगेगी अनुष्ठानों की झड़ी

**सोहावल, अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोहावल में अनुष्ठानों की झड़ी लगाने की तैयारी है। हर ग्राम पंचायत में अखंड रामायण पाठ, सुंदर काण्ड का वाचन, कथा, प्रवचन सहित हवन पूजन होगा। मां ज्वाला देवी मंदिर खिरौनी, सुरवारी शिव वरदान तिवारी का स्थान, राम जानकी मंदिर बेनीपुर, वैष्णो माता मंदिर पूरे कीरत कांटा, संजय गंज, बड़ागांव हनुमान मंदिर आदि कई धार्मिक स्थानों पर बड़ा अनुष्ठान व हवन पूजन के बाद भंडारा होगा। दीपक सिंह ने बताया मंदिर के पास शासन की एलईडी वैन भी लाइव दिखाने के लिए मौजूद रहेगी। 22 जनवरी की शाम को राम ज्योति जलाकर दीपावली मनाई जायेगी।





पीएम की सुरक्षा के मद्देनजर जनपद लाया गया सेना का जैमर। अमृत विचार

## एयरपोर्ट पर बढ़ती गतिविधियां देख सेना ने लगाया जैमर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने वाले अतिथियों इनकी सुरक्षा को देखते हुए एटीएस की टुकड़ी शनिवार से बख्तर बंद गाड़ी के साथ तैनात दिखी। हलचल बढ़ते ही सेना की तरफ से दो जैमर एयरपोर्ट पर खड़े करा दिए गए हैं। वहीं विमानों की बढ़ती संख्या को देखते हुए एयरपोर्ट पर लाखों लीटर एटीआर (विमान का तेल) टैंकरों के माध्यम से स्टोर कराया जा रहा है।

# रामनगरी पहुंचे परासरन, विशोकानंद भारती, कंगना रनौत और पूर्णेश मोदी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए शनिवार से अतिथियों का आना शुरू हो गया। अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी व सुप्रीम कोर्ट के वकील के परासरन व बॉलीवुड की अभिनेत्री कंगना रानौत आदि आमंत्रण पत्र लेकर पहुंचे। कुछ अतिथि रविवार को और अमिताभ बच्चन समेत कई अन्य हस्तियां के समारोह वाले दिन पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

एयरपोर्ट पर शनिवार सुबह सबसे पहले निर्वाण पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर राजगुरु बीकानेर स्वामी विशोकानंद भारती महाराज पहुंचे। मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों के साथ वह वहां से रवाना हो गए। इसके बाद गुजरात के सूरत पश्चिम से भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी पहुंचे। मोदी सरनेम के मामले में राहुल गांधी पर मानहानि का केस करने वाले पूर्णेश ने कांग्रेस पर जमकर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि जिसके अंदर राम की भक्ति होगी। वही अयोध्या पहुंचेगा। एयरपोर्ट के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए अभिनेत्री कंगना



कंगना रानौत।



पूर्णेश मोदी।



स्वामी विशोकानंद।

▶▶ **प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अमिताभ बच्चन समेत कई हस्तियां 22 को पहुंचेंगी**

रानौत ने कहा कि वर्ल्ड में जो महत्व पहले वेटिकन सिटी को मिलता था। वह अब हमारे अयोध्या धाम को मिलेगा। अयोध्या धाम के दर्शन जिन्हें होते हैं वह बहुत ज्यादा पुण्य कमाते हैं। हमारा सौभाग्य है कि हमें ईश्वर ने सद्बुद्धि दी है कि हम आएं और उनके दर्शन करें तो कुछ ऐसे लोग भी हैं जिन्हें दुर्बुद्धि दी है कि वो उनके दरबार में न आएं और उन्हें ईश्वर के दर्शन न मिलें। लोकनाथ सोनी व स्वामी चिन्मयानंद के अलावा भी कई संत पहुंचे हैं।



लता चौक की छटा शाम को बिखरती दिखी। अमृत विचार



नेपाल से आए श्रद्धालु भिक्त में डूबे दिखे। अमृत विचार



अमेरिका से आया भक्त रामरंग में रंगा नजर आया।

## एक नजर

### प्राण प्रतिष्ठा को राम उत्सव के रूप में मनाए : मोमराज

**नौगावां सादात, अमृत विचार :** पूर्व जिलाध्यक्ष व अखिल भारतीय गुर्जर



देव सेना के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मोमराज सिंह गुर्जर ने अपने प्रतिष्ठान के परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 22 जनवरी का दिन भगवान शंकर का शुभ दिन है। इसी दिन भगवान श्री राम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इसलिए सभी देश वासियों को इस दिन अपने घर, प्रतिष्ठान, मन्दिरों, सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लगभग 500 वर्षों के इंतजार के बाद यह शुभ घड़ी आई है। 22 जनवरी को हम सब इस घड़ी के साक्षी बनेंगे। इसलिए अपने घरों में मोमबत्ती व दीपक जला कर इस विशेष प्रकाश पर्व को यादगार पल बनाने का कार्य करें और प्राण प्रतिष्ठा को राम उत्सव के रूप में मनाएं।

### संजीव बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**नौगावां सादात, अमृत विचार :** अखिल



भारतवर्ष यादव महासभा के प्रदेशाध्यक्ष कप्तान सिंह यादव ने नगर निवासी व विक्टोरिया पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष संजीव प्रकाश यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया है। प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर लोगों ने उनको बधाई दी। संजीव यादव ने कहा कि जो पद उन्हे दिया गया है, उसे वह पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाएंगे।

### अधिवक्ताओं ने जताया शोक

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन ने शोक सभा कर साथी अधिवक्ता के बड़े भाई के निधन पर शोक जताया। तहसील बार एसोसिएशन के सदस्य मोहम्मद आरिफ चौधरी के बड़े भाई आसिफ चौधरी का आकस्मिक निधन हो गया। अधिवक्ताओं ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। तहसील बार एसोसिएशन ने सर्वसम्मति से न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गंगासरन, महासचिव सुरमित कुमार गुप्ता, एल्डर कमेटी के सदस्य ऋषिपाल सिंह चौहान, श्योराज सिंह, दिनेश गुप्ता, महावीर चौहान, आफताब आलम, कपिल देव, शीशपाल सिंह, अशोक कुमार, इमरान आलम, सुनील भटनागर व विशाल शर्मा आदि रहे।

# डीएम-एसपी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

## संपूर्ण समाधान दिवस में तीन शिकायतों का किया गया मौके पर निस्तारण

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने लोगों की शिकायत सुनीं। इस दौरान 13 शिकायत दर्ज हुईं। इनमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बाकी 10 शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को देकर जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए।

शनिवार को ब्लॉक सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें जिलाधिकारी राजेश त्यागी व पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान राजस्व विभाग की चार, पुलिस विभाग की दो, पूर्ति विभाग की तीन, विकास विभाग की एक, चकबंदी विभाग की एक एवं अन्य विभागों की दो शिकायत दर्ज हुईं। इनमें से तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर एडीएम सुरेंद्र सिंह, एएसपी राजीव सिंह, तहसीलदार सुंदीप कुमार समेत संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



हसनपुर में शिकायत सुनते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक। ● अमृत विचार



मंडी धनौरा में शिकायत सुनते एसडीएम राजीव राज। ● अमृत विचार

### समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनीं समस्याएं

**अमरोहा, अमृत विचार :** सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें 18 फरियादी अपनी समस्या लेकर पहुंचे। इनमें से दो लोगों की समस्या का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। सदर तहसील में उप जिलाधिकारी प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया है। इस दौरान 18 लोग अलग-अलग विभागों की शिकायत लेकर पहुंचे। उपजिलाधिकारी ने दो फरियादियों की समस्या का मौके पर ही निस्तारण करा दिया। बाकी 16 शिकायतों को संबंधित कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि तत्काल रूप से इन शिकायतों का निस्तारण कराए।

### नौ शिकायतों में एक का हुआ समाधान

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सुधीर कुमार व तहसीलदार लकी सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस में राजस्व की सात, आपूर्ति की एक व विकास की एक कुल नौ शिकायतें आई। इनमें से एक शिकायत का अधिकारियों ने मौके पर ही निस्तारण कर दिया। शेष आठ शिकायतों को अपर जिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने गुणवत्तापूर्वक समय रहते निस्तारण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

### 23 शिकायतों में से चार मौके पर निपटीं

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** शनिवार को तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी राजीव राज की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील समाधान दिवस में 23 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से राजस्व विभाग की 12, पुलिस विभाग की छह, विद्युत विभाग की एक, नगरपालिका की एक, विकास विभाग की एक, अन्य विभागों की दो शिकायत मिलीं। इनमें से चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। उप जिलाधिकारी ने अधिकारियों को एक बार में शिकायत के निस्तारण के आदेश दिए। दोबारा वही शिकायत आने पर समस्त विभाग के कर्मचारी व अधिकारियों के प्रति कार्रवाई की हिदायत दी। इस दौरान तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार सहित सभी तहसील स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देते प्रभारी मंत्री संजय सिंह गंगवार। ● अमृत विचार

## सरकार की योजनाओं का लोगों को मिल रहा लाभ : गंगवार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रत्येक देशवासियों का लाभ हो रहा है। केंद्र सरकार ने रोटी एवं मकान देने का वादा पूरा किया है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को तहसील क्षेत्र के गांव चमर पतेई पहुंची। यहां कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी मंत्री संजय सिंह गंगवार रहे। जिला प्रभारी मंत्री का भाजपा पदाधिकारियों एवं अधिकारियों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में सरकार की योजनाओं द्वारा लाभान्वित ग्रामीणों को प्रभारी मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रमाण पत्र वितरित किए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ सीधा लाभार्थी के खाते में पहुंच रहा है। कार्यक्रम में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, जिलाधिकारी राजेश त्यागी, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह, ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी, ममता गुर्जर, अंकुर अग्रवाल, संजय शर्मा, मनोज शर्मा, देवेंद्र खड़गवंशी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

## किशोरी से छेड़खानी में दोषी को तीन साल कारावास की सजा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** कोर्ट ने किशोरी से छेड़खानी के मामले में दोषी को तीन साल के कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही उस पर 12,000 रुपये जुर्माना भी लगाया है।

बछरायूं थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले किसान के बड़े भाई की कोई संतान नहीं थी। उन्होंने छोटे भाई की एक बेटी को गोद ले रखा था। इसी बीच किशोरी की ताई की मृत्यु हो गई। इसके बाद ताऊ ने दूसरी महिला से शादी कर ली। ताई का भतीजा बिलाल-उर-रहमान घर आकर किशोरी को परेशान करने लगा। उसके साथ अश्लील हरकत करता था। इसके चलते किशोरी अपने पिता के पास दिल्ली चली गई। इसके बावजूद आरोपी बिलाल-उर-रहमान फोन करके किशोरी को लगातार परेशान करता रहा। इस मामले में किशोरी ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने बिलाल-उर-रहमान को गिरफ्तार जेल भेज दिया था। केस की सुनवाई सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट प्रथम डा.कपिला राघव की कोर्ट में हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक बसंत सिंह सैनी में मजबूत पैरवी की। शनिवार को कोर्ट में केस की अंतिम सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने बिलाल-उर-रहमान को दोषी मानते हुए तीन साल कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही उस 12,000 रुपये जुर्माना भी लगाया।



कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

## डेढ़ सौ करोड़ लोगों की आस्था के प्रतीक हैं श्रीराम

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** श्री वेंक्टेश्वरा के चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि को रामलला प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिलने पर शनिवार को संस्थान में उनके अभिन्नदन समारोह व अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया।

श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के डॉ. सीवी रमन सभागार में अखंड रामायण पाठ व अभिनन्दन सम्मान समारोह की शुरूआत गन्ना मंत्री संजय सिंह गंगवार, आचार्या डॉ. सुमेधा दीदी, चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके व भगवान श्रीराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके की। चेयरमैन ने कहा कि रामलला प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर सीईओ अजय श्रीवास्तव, सलाहकार आरएस शर्मा, कुलपति डॉ. राकेश कुमार यादव, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डेय, मारूफ चौधरी, अभिषेक जैन आदि मौजूद रहे।

### जीआरपी व आरपीएफ ने की यात्रियों की चेकिंग

**गजरौला, अमृत विचार :** अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। इसके तहत रेलवे स्टेशन पर भी यात्रियों चेकिंग शुरू कर दी गई है। शनिवार को जीआरपी व आरपीएफ ने ट्रेनों में यात्रियों की चेकिंग की। उनके सामान को भी बारीकी से देखा। प्लेटफार्म पर बैठे यात्रियों से भी पूछताछ की गई। हालांकि कुछ संदिग्ध नहीं मिला।

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर है। चौराहों पर भी पुलिस तैनात कर दी गई है। वहीं रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। आरपीएफ व जीआरपी को ट्रेनों के अलावा प्लेटफार्मों पर चेकिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। जीआरपी चौकी के इंचार्ज श्याम बाबू ने बताया कि ट्रेनों व प्लेटफार्मों पर बैठे यात्रियों की चेकिंग की जा रही है।

## किसी जाति विशेष के नहीं आदर्शवादी व्यक्ति थे श्रीराम

संवाददाता, नौगावां सादात

**अमृत विचार :** शनिवार को थाना परिसर में अमन कमेटी की बैठक का हुई। इसमें 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, 24 जनवरी को यूपी गठन, 25 जनवरी को हजरत अली जन्मदिन और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई।

बैठक में डॉ. वीरेंद्र सैनी, डॉक्टर नरदेव सिंह, नूर अब्बास राणा, फारूक अंसारी, अली रजा उर्फ बबलू, आशी आब्दी ने कहा कि श्री राम किसी जाति विशेष के नहीं बल्कि आदर्शवादी व्यक्ति थे। उनका जन्म अयोध्या नगरी में हुआ था। इसलिए 22 जनवरी को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को सभी देशवासियों को राम उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। सभी मंदिर व सार्वजनिक स्थानों पर हर्षोल्लास के साथ पूजा पाठ, धूप बत्ती, दीप, रंग बिरंगी रोशनी और झालर से सजाकर महोत्सव के रूप में मनाना चाहिए।

उप जिलाधिकारी सुधीर कुमार ने कहा यदि कहीं भी कोई शरारत करते मिला तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी पंकज तोमर ने कहा कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश न करे। यदि कोई ऐसा करता तो तुरंत पुलिस प्रशासन को सूचना दें।

इस मौके पर रामपाल सिंह यादव, हाफिज फरमान अतहर अब्बास, अब्दुल सलाम सैफी, मोहम्मद अली, भीम सिंह, वीरभान सिंह, सुमित शर्मा, कल्याण सिंह, पुष्पेंद्र, राजपाल कश्यप , रिजवान हैदर, राशिद अली, कामिल आब्दी, इमरान आदि शामिल रहे।



सुंदरकांड में शामिल भक्त। ● अमृत विचार

## विद्यालय में हुआ सुंदरकांड का पाठ

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर स्थित विद्यालय परिसर में धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन करते हुए प्रबंधन समिति ने हवन एवं सुंदरकांड का पाठ कराकर प्रसाद वितरित किया।

शनिवार को एचएसएस पब्लिक स्कूल में प्रबंध समिति ने हवन एवं सुंदरकांड का पाठ कराया। आदमपुर से आए आचार्य ने विधि विधान से मंत्रोच्चारण कर हवन में आहुतियां दिलाईं। हवन के बाद सुंदरकांड का पाठ किया गया। इसके बाद भगवान की आरती कर प्रसाद का भोग लगाया और सभी को प्रसाद बांटा। प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यालय में प्रतिवर्ष हवन एवं सुंदरकांड का पाठ कराया जाता है। इस मौके पर निरंजन अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, अनुभवा अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, अरुण कुमार शर्मा, अंकुश काशिव सहित विद्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

### शिक्षकों ने शोकसभा कर दो मिनट का रखा मौन

**हसनपुर, अमृत विचार :** शनिवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक गंगेश्वरी के बैनर तले एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें खंड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी आरती गुप्ता की मां के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी की माता जी के आकस्मिक निधन की सूचना से सभी शिक्षकों में शोक की लहर है। इस दुख की घड़ी में पूरे शिक्षक समाज की शोक संवेदना मृतक परिवार के साथ है। इस मौके पर ब्लॉक संयुक्त मंत्री महताबुद्दीन, वरिष्ठ शिक्षक जयवीर सिंह, करनपाल, सुरेंद्र प्रकाश व्यास, जसवंत सिंह, विजेंद्र सिंह, दयाचंद, अशोक सिंह, शीशपाल सिंह, विजेंद्र सिंह व सुरेश सिंह शामिल रहे।



दूध का नमूना लेती टीम। ● अमृत विचार

## एडीएम ने पकड़ी दूध भरी पिकअप

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** एडीएम ने बाईपास पर दूध से भरी पिकअप को पकड़कर खाद सुरक्षा अधिकारियों की टीम को बुलाकर दूध का नमूना लिया। इसके बाद पिकअप को छोड़ दिया। टीम ने नमूना जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है।

शनिवार को बाईपास रोड पर एडीएम सुरेंद्र कुमार चाहल समाधान दिवस में आ रहे थे। तभी उन्हें दूध से भरी पिकअप दिखाई दी। एसडीएम पिकअप को ब्लॉक में ले गए। सूचना पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी हरि सिंह टीम के साथ पहुंच गए। उन्होंने दूध का नमूना लेकर पिकअप को छोड़ दिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि सूचना पर वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पिकअप से दूध का नमूना लिया है। नमूना जांच के लिए भेज दिया है। टीम में तहसीलदार सुंदीप कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी पीके जैन, महेश कुमार व विपिन कुमार शामिल रहे।

### गंगेश्वरी में बनाई जाए नई तहसील

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के कस्बा आदमपुर के शिव मंदिर पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में वक्ताओं ने क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को दोहराया। कहा कि बॉर्डर के गांव को अतिरिक्त कठिनाइयां हो रही हैं। इसलिए गंगेश्वरी क्षेत्र में नई तहसील बनाई जाए। छुट्टा पशुओं द्वारा की जा रही फसल की बर्बादी पर शासन-प्रशासन का ध्यान नहीं है। इसे संज्ञान में लेते हुए छुट्टा पशुओं को नंदी विहार या गोशाला में भिजवाया जाए। चकबंदी विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है। किसानों का शोषण किया जा रहा है। इसे भाकियू टिकैत बर्दाश्त नहीं करेगी। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष टीटू त्यागी, नितिन त्यागी, देवेश शर्मा, महेश पहलवान, नानक सिंह यादव, प्रकाश सिंह, चौधरी सुरेश, अशोक कुमार, सुरेंद्र शर्मा, हरदयाल सिंह, विजेंद्र सिंह व महावीर सिंह शामिल रहे।

Rohilkhand
INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
RiSAA IVF
दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में



अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
परामर्श शुल्क
₹200/- ₹100/-
प्रत्येक सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक
हेल्पलाइन नं० 6398018900
उपलब्ध सुविधायें :-
● नि:सन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, ● टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
● इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, ● ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच )
● उच्चतम सफलता दर, ● विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11

आयोजन

श्रीराम उत्सव कवि सम्मेलन में देर रात तक हुआ रामकाव्य का पाठ

# राममय हो आज धनौरा भी अयोध्या धाम हो गया

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार:** धनौरा महोत्सव समिति, अखिल भारतीय साहित्य परिषद व संस्कार भारती के तत्वाधान में श्रीराम महिमा को समर्पित श्रीराम उत्सव कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें कवियों ने देर रात तक रामकाव्य पाठ किया। इस दौरान विधायक राजीव तरारा ने विभिन्न अंचलों से आए साहित्यकार व कवियों को अंग वस्त्र और अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने राम नाम को जीवन का सार बताते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया।



कवियों को सम्मानित करते विधायक राजीव तरारा। ● अमृत विचार

नगर के गोलघर स्थित एक वैंक्वेट हॉल में अखिल भारतीय साहित्य परिषद, संस्कार भारती, विश्व हिंदी मंच सेवा भारती व धनौरा महोत्सव समिति द्वारा श्रीराम उत्सव कवि सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें जनपद के अलावा गाजियाबाद, बुलंदशहर, दिल्ली आदि से आये कवियों ने भाग लिया। गजरौला से पधारीं डॉ. मधु चतुर्वेदी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत करने के बाद धनौरा की आध्यात्मिक सुगंध को नमन करते हुए कहा कि राममय हो आज धनौरा भी अयोध्या धाम हो गया। मेरे राम जी की कृपा से भक्तों का हर काम हो गया। बुलंदशहर के डॉ. आलोक बेजान ने श्री राम स्तुति के साथ मातृशक्ति और राष्ट्रीय चेतना की रचनाएं पढ़ीं। कमल किशोर भारद्वाज ने अपनी सरस कविताओं से आयोजन को मधुर में बना दिया। अमरोहा से आए सत्येंद्र धारीवाल ने राम गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भक्ति मय बना दिया। जिला आबकारी अधिकारी और प्रसिद्ध साहित्यकार अनुराग मिश्रा गैर ने अपने मुक्तक एवं गजल के माध्यम से भगवान राम के जीवन चरित्र का सजीव वर्णन करते हुए राम नाम की महिमा पर प्रस्तुति दी।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष और महाकवि देवेंद्र देव मिर्जापुर ने विभिन्न विधाओं में राम काव्य पाठ प्रस्तुत किया। नगर के डॉ. राजेश सारस्वत ने दोहा विद्या में अपनी प्रस्तुति दी। बांकेलाल सारस्वत ने ब्रजभाषा में राम स्तुति करते हुए भोजपुरी कविताओं का पाठ किया। रेखा रानी व प्रज्ञा सारस्वत तथा राजकुमार पाल ने भी श्री राम वंदना प्रस्तुत करते हुए काव्य पाठ किया। अरविंद भाटी व दिल्ली से आए राजीव चौधरी ने वर्तमान संदर्भ में भगवान राम की कथा का प्रतिपादन करते हुए रचनाएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम संचालन करते हुए डॉ. यतीन्द्र कटारिया ने अपनी प्रस्तुति को इन शब्दों से प्रारंभ किया -राम हैं जीवन हमारे राम प्राणाधार हैं, राम हैं मर्यादा राम सब संस्कार हैं।

इस मौके पर डॉ. आदित्य चौहान, धीरज त्यागी, नरेंद्र कटारिया, प्रशांत त्यागी, मनपाल आर्य, डॉ. दिनेश नगर, सोनू गर्ग, पारस सिंहल, लक्की चौधरी, फौजी देशराज सिंह, राजकुमार पाल, पवन कुमार, अशोक कटारिया, नरेश त्यागी, अजय चौहान, सत्येंद्र शर्मा, मान्धाता सैनी व दीपक चौहान आदि मौजूद रहे।

एक नजर

### अधिवक्ताओं ने डीएम से की अधिकारियों की शिकायत

गुन्नौर अमृत विचार : तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चिंता हरण सिंह के नेतृत्व में वकीलों के प्रतिनिधि मंडल ने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर जिलाधिकारी मनीष बंसल को शिकायती पत्र सौंपकर एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों द्वारा कार्यालयों में न बैठने का आरोप लगाया। चकबंदी होने के बाद भी खतौनी कंप्यूटर में फीड न करने, नामांतरण में लेटलतीफी, यारा फर्टिलाइजर्स के विरुद्ध जारी करोड़ों की आरसी को नजरअंदाज करने, छोटे किसानों को वसूली के लिए परेशान करने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल में अजयपाल गुप्ता, विजय सिंह, राहुल सक्सेना, अमरीश कुमार, राजेश कुमार, भगत सिंह, जितेंद्र पाल, हरिबाबू यादव आदि अधिवक्ता रहे।

### घर में रह रहा जिला बदर गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला हिंदूपुरा खेड़ा निवासी नाजिम उर्फ टुंडा को जिला बदर किया गया था। इसके बाद भी नाजिम घर पर ही रह रहा था। शनिवार को सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और नाजिम उर्फ टुंडा को मोहल्ले में ही स्थित पुरानी मस्जिद के पास गली से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि नाजिम के खिलाफ गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट और प्रतिबंधित पशु का वध करने सहित एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर नाजिम उर्फ टुंडा का चालान कर दिया।

### पशु बांधने को लेकर मारपीट में एक घायल

संभल,अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला सोतीपुरा निवासी महीपाल की अपने पड़ोसियों से जमीनी विवाद को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही है। शनिवार की सुबह सात बजे घर के पास खाली जगह में पड़ोसियों के रखे भूसे के पास महीपाल का बेटा अमन बकरी बांध रहा था। जिसका पड़ोसियों ने विरोध किया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में गाली गलौज के बाद मारपीट होने लगी। जिसमें अमन गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसके बाद परिजन घायल अमन को लेकर थाने पहुंचे और तीन लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी।

# मध्य प्रदेश के गैंग ने की थी आवासीय परिसर में लाखों की चोरी, 4 गिरफ्तार

## यारा फर्टिलाइजर में डेढ़ माह पहले दिया था वारदात को अंजाम

संवाददाता,बहजोई/संभल



पुलिस की पकड़ में बदमाश व जानकारी देते एसपी कुलदीप सिंह गुनावत।

अमृत विचार: डेढ़ माह पूर्व रजपुरा थाना क्षेत्र में यारा फर्टिलाइजर के आवासीय परिसर में डेढ़ माह पहले मध्य प्रदेश के गैंग ने घर में चोरी की वारदात अंजाम दी थी। बदमाश इंटरनेट पर सर्च कर यहां चोरी करने के लिए पहुंचे थे। पुलिस ने घटना में शामिल चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जबकि सरगना पकड़ से बाहर है। बदमाशों के पास से 1 लाख 20 हजार की नगदी, सोने चांदी के जेवर व कार बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने खुलासा करते हुए बताया कि 11 दिसंबर 2023 को थाना रजपुरा इलाके की यारा फ़र्टिलाइज़र के आवासीय परिसर में अज्ञात बदमाशों द्वारा कंपनी के अधिकारी कर्मचारियों के आवासों के ताले तोड़कर लाखों के नकदी व जेवर चोरी किये गए थे। पुलिस ने चेकिंग के दौरान रजपुरा थाने के बबराला मार्ग स्थित मेहुआ हसनगंज की पुलिया के पास से चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना नानका , जितेन , आजम व दुलिये निवासी गांव बगोली थाना टांडा जिला धार मध्य प्रदेश बताया। पुलिस ने उनके पास से यारा फर्टिलाइजर से चोरी किये गये लाखों के सोने चांदी के जेवर,एक लाख बीस हजार रुपये की नकदी,चार तमंचे,कारतूस, एक अर्टिगा कार, दो बैंक पासबुक बरामद किए हैं। एसपी ने बताया कि थाना रजपुरा पर चारों गिरफ्तार बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उन्हें न्यायालय में पेश किया है।

### इंटरनेट पर बड़ी फैक्ट्री को खोजकर करते थे चोरी

बहजोई,अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि बदमाश इंटरनेट के माध्यम से ऐसी फैक्ट्री को चुनकर वारदात करते थे। जहां पर बड़ी आवासीय कॉलोनी होती थी। इंटरनेट पर ही मैप देखकर यह रेकी किया करते थे। रेकी करने के बाद ही वह अपने सरगना के साथ इंडस्ट्रियल एरिया की आवासीय कालोनी के घरों में चोरी की घटना को अंजाम देते थे। यह भी बताया कि वह वारदात को अंजाम देने के लिए कार से आते थे मगर कार को 10-12 किलोमीटर पीछे खड़ी कर पैदल वारदात करने जाते थे।

### पीएम आवास में ठगी पर फर्जी ब्लाक कर्मी गिरफ्तार

संभल/असमोली, अमृत विचार: असमोली थाना क्षेत्र में खुद को ब्लाक कर्मचारी बताकर लोगों से प्रधानमंत्री आवासीय योजना के तहत आवास दिलाने का झांसा देकर ठगी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर फर्जी ब्लाक कर्मचारी का चालान कर दिया।

नरोत्तम सराय में बिलाल मस्जिद के पास के रहने वाले सगीर पर प्रधानमंत्री आवासीय योजना के नाम पर ठगी का आरोप लगा है। आरोप है कि सगीर खुद को ब्लाक कर्मचारी बताकर ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवासीय योजना के तहत आवास दिलाने का झांसा देकर रुपये ऐंठने का काम करता था। गुरुवार को थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर जसकोली निवासी विनोद ने सगीर के खिलाफ आवास दिलाने के नाम पर तीन हजार रुपये लेने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शुक्रवार को सगीर विनोद के घर पहुंचा और विनोद की पत्नी पूनम से और रुपये मांगने लगा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सगीर को हिरासत में ले लिया।

# 2151 बच्चों ने दी नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, संभल



संभल में नवोदय विद्यालय में परीक्षा देते बच्चे। ● अमृत विचार

अमृत विचार : जनपद में नौ केंद्रों पर जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा कड़ी निगरानी के बीच हुई। जिसमें पंजीकृत 3564 में से 2151 बच्चे शामिल हुए जबकि 1413 बच्चे अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट और पर्यवेक्षक भी मुस्तैद रहे।

जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छह में प्रवेश के लिए परीक्षा को लेकर जनपद में नौ केंद्र बनाए गए। इनमें हरिबाबा इंटर कॉलेज गवां, बाबूराम सिंह इंटर कॉलेज बबराला, जनता इंटर कॉलेज जुनावई, एसएम इंटर कॉलेज चंदौसी, आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इंटर कॉलेज संभल, हिंद इंटर कॉलेज संभल, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज संभल, शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज संभल, बहजोई इंटरमीडिएट इंटर कॉलेज रहे। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट और पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए गए। शनिवार को परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे बच्चों को प्रवेश पत्र देकर प्रवेश दिया गया। जिसके बाद प्राचार्य सूर्यप्रकाश, उप प्राचार्य अमित उपतेरी, डीआईओएस आदि की निगरानी में सुबह साढ़े ग्यारह बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक बच्चों ने कड़ी निगरानी के बीच प्रवेश परीक्षा दी।

**1413 बच्चे रहे अनुपस्थित, 60.35 प्रतिशत बच्चों ने दी परीक्षा**

### बबराला में 412 बच्चों ने दी प्रवेश परीक्षा

बबराला अमृत विचार : जवाहर नवोदय विद्यालय, रसूलपुर में दाखिले के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा बाबूराम सिंह इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर हुई। जिसमें पंजीकृत 538 में से 412 बच्चों ने प्रवेश परीक्षा दी जबकि 126 बच्चे अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान निगरानी के इंतजाम रहे।

# पशु तस्करों से मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली, सिपाही घायल

संवाददाता, बहजोई(संभल)



घायल बदमाश को लेकर जाती पुलिस।

अमृत विचार:बहजोई कोतवाली पुलिस की देर रात पशु तस्करों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक बदमाश पुलिस की गोली से घायल हो गया। जबकि बदमाशों की गोली सं एक सिपाही भी घायल हुआ है। पुलिस ने घायल बदमाश व उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से तमंचा, चोरी की गई एक भैंस व 34 हजार की नगदी बरामद की गई है।

प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र पवार पुलिस बल के साथ गांव आटा पंवासा मार्ग पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। देर रात्रि में एक पशु लेकर जा रहे बदमाशों को पुलिस ने रोका तो वह भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो बदमाशों ने पुलिस बल पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। जिसमें बदमाश अवधेश यादव निवासी गांव लक्ष्मपुर लखनेटा थाना कुढ फतेहगढ़ पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। वहीं बदमाशों की फायरिंग में कोतवाली में तैनात सिपाही सिपाही मनीष कुमार भी घायल हो गया। दोनों को उपचार के लिए बहजोई सीएचसी पर लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने सिपाही तथा बदमाश को जिला अस्पताल संभल रेफर कर दिया। पुलिस चकमा देकर फरार हुए अवधेश यादव के साथियों की तलाश कर रही थी तो उसका साथी मंजर फकीर निवासी सगरपुर थाना कैला देवी को गांव बेहटा जयसिंह के पास गिरफ्तार कर लिया।

सार-संक्षेप

### मेले में पशुओं की बीमारी के लक्षण बताए, किया उपचार

संभल/मनोटा, अमृत विचार : विकासखंड असमोली क्षेत्र की ग्राम पंचायत मनोटा में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर में ग्रामीणों को पशुओं में होने वाली बीमारियों के लक्षण के साथ ही उनसे बचाव के उपाय भी बताए गए। पशु आरोग्य शिविर का उद्घाटन भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश प्रजापति ने फीता काटकर किया। इस दौरान जयप्रकाश प्रजापति ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों व पशु पालकों की समस्याओं का समाधान कर रही है। पशुओं के इलाज के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है। पशु के बीमार होने पर एक काल करते ही डाक्टरों की टीम पशुओं का इलाज करने के लिए पहुंचती है। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हेमेंद्र सिंह ने पशुओं में हो रही विभिन्न प्रकार की बीमारियों और उनके बचाव के बारे में विस्तार से बताया। आरोग्य शिविर में पहुंचे किसानों को उनके पशुओं की बीमारी के अनुसार दवा वितरण की गई। शिविर में ग्राम प्रधान पुत्र अतहर अली, पशुधन प्रसार अधिकारी निपेंद्र शर्मा, सुधीर कुमार रघुवंशी, योगेश कुमार, राजपाल, अंकित कुमार, आकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे।



वाहन चालकों व ग्रामीणों से संवाद करते एआरटीओ जयप्रकाश गुप्ता।

### वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने से हादसों से होगा बचाव

संभल, अमृत विचार :राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत एआरटीओ प्रवर्तन जयप्रकाश गुप्ता ने डीएसएम शुगर मिल असमोली का निरीक्षण कर वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने और फ्लोरोसेंट पेंटिंग का काम कराया। उन्होंने वाहन चालकों को गन्ना से लदे वाहनों पर चमकीला कपड़ा लगाने के प्रति जागरूक किया। कहा कि कोहरे में वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप और रेडियम युक्त पेंट लगाने से दुर्घटनाओं से बचाव होगा। वरिष्ठ प्रबंधक गन्ना अमित कुमार ने कहा कि यार्ड में खाली वाहनों को तौलने के लिए कांटे पर रिफ्लेक्टर टेप एवं रेडियम युक्त पेंट लगाने के लिए कर्मचारियों को तैनात किया गया है। इन कर्मचारियों को तीन दिन तक काम करना है। एआरटीओ प्रवर्तन ने अभियान चलाकर बिना सीट बेल्ट के वाहन संचालन में आठ वाहनों, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने पर दो वाहनों, प्रदूषण प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर एक वाहन, बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट वाले दो वाहनों का चालान किया। वाहन चालकों को डीपर, इंडिकेटर, चमकीला कपड़ा और रिफ्लेक्टर टेप को लेकर प्रेरित किया।

### जिलाधिकारी कोर्ट स्थानांतरित करने पर भड़के

संभल, अमृत विचार :जिलाधिकारी द्वारा संभल में स्थित न्यायालय एक फरवरी से स्थानांतरित किए जाने को लेकर जारी आदेश से अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। संभल बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं ने न्यायालयों में कामकाज नहीं किया। बैठक कर जिलाधिकारी से आदेश को वापस लेने की मांग उठाई।संभल बार एसोसिएशन की बैठक ई लाइब्रेरी कक्ष में जिलाधिकारी द्वारा संभल स्थित न्यायालय को एक फरवरी से बहजोई स्थानांतरित करने संबंधी 19 जनवरी को जारी आदेश से संबंध में हुई। अधिवक्ताओं ने कहा कि जनपद संभल का गठन 28 सितंबर 2011 को हुआ था। तभी से जिलाधिकारी का न्यायालय संभल स्थित अपर जिलाधिकारी के न्यायालय से संचालित हो रहा है। जिले के सभी न्यायालय एवं कार्यालयों के संबंध में पूर्व से ही यह सहमति बनी हुई है कि जिला मुख्यालय के स्थाई रूप से निर्माण होने तक उनकी यथास्थिति बनी रहेगी। जिसका अनुपालन पूर्व में रहे जिलाधिकारियों द्वारा किया गया। अब जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश से सहमति का उल्लंघन हुआ है। जिससे अधिवक्ताओं और लोगों में रोष है। अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी से आदेश वापस लेने की मांग की। सर्वसम्मति से निर्णय लेकर अधिवक्ताओं ने सभी न्यायालयों में कार्य नहीं किया। बैठक में अध्यक्ष प्रमेंद्र सिंह, सचिव राकेश कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार गुप्ता, रामकिशन सिंह, नीरज गुप्ता, अवधेश कुमार, मनीष आर्य, सत्यपाल सिंह, भूपेश कुमार, रहीस यादव, पप्पू, सचिन चौहान, सुभाष त्यागी, लक्ष्य गर्ग, जावेद हुसैन आदि मौजूद रहे।

### युवक ने घर में घुसकर महिला से किया दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

संभल/रजपुरा, अमृत विचार :रजपुरा थाना क्षेत्र में युवक ने घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म किया। जिसके बाद आरोपी भाग गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि वह घर में अकेली थी। आरोप लगाया कि गांव का ही युवक घर में घुस आया। युवक ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। चीख पुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके की तरफ दौड़ पड़े। आरोपी युवक ने महिला के कपड़े भी फाड़ दिए। दुष्कर्म करने के बाद आरोपी युवक मौके से भाग गया। पीड़िता ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई। प्रभारी निरीक्षक अमृतलाल ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर कन्हई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### प्रेमी ने पति से करा दिया तलाक ,अब शादी से कर रहा इनकार

संभल, अमृत विचार :शादीशुदा महिला के साथ प्रेम संबंध स्थापित कर युवक ने उससे शादी का वादा कर महिला का पति से तलाक करा दिया। पति से तलाक के बाद जब महिला ने प्रेमी से शादी करने को कहा तो वह न सिर्फ शादी से मुकर गया बल्कि महिला को जहरीला पदार्थ देकर मारने का प्रयास किया। महिला का आरोप है कि उसकी शिकायत पर पुलिस ने युवक पर सख्ती की तो उसे पिता व भाई ने घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। नखासा थाना क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी व्यक्ति ने अपनी बेटी की शादी चार वर्ष पहले सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के साथ की थी। शादी के बाद महिला के प्रेम संबंध मायके में अपने पड़ोसी युवक के साथ बन गए। युवक ने शादी करने का वादा किया तो महिला अपने दिव्यांग पति को तलाक देकर मायके में आकर रहने लगी। आरोप है कि बाद में प्रेमी युवक शादी करने की बात से मुकर गया। आरोप है कि युवक ने महिला को धोखे से जहर खिला दिया। जिसे खाने के बाद महिला की तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल में उपचार के बाद महिला की जान बच सकी। महिला का कहना है कि उसने थाने में शिकायत की तो पुलिस ने पकड़कर प्रेमी युवक का शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया। इससे नाराज होकर युवक के पिता व भाई ने घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। महिला ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्यमंत्री को संबोधित शिकायती पत्र अधिकारियों को सौंपा।

### कॉलेज के पास से हट सकती हैं अंग्रेजी शराब की दुकानें

संभल, अमृत विचार : शंकर इंटर कॉलेज के आसपास अंग्रेजी शराब और बीयर की दुकानें हट सकती हैं। इसे लेकर आबकारी विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि स्कूल व मंदिर से 100 मीटर की दूरी पर शराब और बीयर की दुकानें नहीं होनी चाहिए। इसे लेकर शनिवार को आबकारी विभाग की टीम ने शंकर इंटर कॉलेज से अंग्रेजी शराब और श्रीराम मंदिर से बीयर की दुकान की दूरी नापी। श्रीराम मंदिर से बीयर की दुकान की दूरी 100 मीटर से काफी कम सामने आई जबकि शंकर इंटर कॉलेज से अंग्रेजी शराब की दुकान की दूरी भी 100 मीटर से कम होने की बात सामने आई। ऐसे में यह तय माना गया कि अंग्रेजी शराब और बीयर की दुकानें हट जाएंगी।

### जैविक फसलों का निरीक्षण कर डीएम ने पूछे खेती के फायदे

गुन्नौर, अमृत विचार :जिलाधिकारी मनीष बंसल ने क्षेत्र के गांव ईसमपुर डांडा में किसान महाराज सिंह के जैविक आर्चड एवं जैविक फसलों का निरीक्षण किया। प्रोसेसिंग यूनिट कोल्ड फ्रेश सरसों तेल मशीन को बटन दबाकर चालू किया। जिलाधिकारी ने नमामि गंगे योजना के तहत जैविक समूह से जुड़े किसानों के साथ गोष्ठी में संवाद करते हुए जैविक खेती के फायदे पूछे और दिक्कतों की जानकारी ली। इससे पहले जिलाधिकारी ने कृषि एवं राजस्व विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रबी 2023-24 ई खसरा पड़ताल का निरीक्षण किया। उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी ने डीएम को बताया कि यहां नौ जैविक समूहों से जुड़े कृषक 20 हेक्टेयर जमीन में पिछले दो साल से जैविक विधि से विभिन्न फसलों का उत्पादन कर रहे हैं। गेंहू, आलू, गाजर, गोभी, बासमती धान, मूंग आदि की खेती हो रही है। इसके अलावा अमरूद, सेब, बेर, नींबू आदि की सहफसली खेती भी की जा रही है। जैविक कल्चर के तौर पर जीवामृत, बीजामृत, नीमास्त्र वर्मी कम्पोस्ट का प्रयोग किया गया है। कृषक महाराज सिंह ने डीएम को बताया कि रासायनिक खेती के मुकाबले जैविक खेती में लागत काफी कम आती है और उत्पादन भी ठीक हो रहा है। शुरू में पहले साल फसल ठीक नहीं हुई लेकिन अगले वर्ष अच्छा परिणाम मिला।

# गैस सिलेंडर लीक होने से पिता-पुत्र झुलसे, कपड़े व अन्य सामान भी जला

संवाददाता, संभल

अमृत विचार:नखासा थाना क्षेत्र में माचिस की तीली जलाने पर सिलेंडर से लीक हो रही गैस ने आग पकड़ ली । आग की चपेट में आकर कमरे में सो रहे पिता पुत्र झुलस गये जबकि कमरे में रखे कपड़े व अन्य सामान भी जल गया।

थाना क्षेत्र के मुहल्ला नई बस्ती निवासी रामकिशन शुक्रवार की रात अपने बेटे महेंद्र के साथ कमरे में चारपाई पर सो रहे थे। रात को 11 बजे रामकिशन ने जैसे ही बीड़ी जलाने के लिए माचिस की तीली जलाई। कमरे में रखे सिलेंडर से लीक हो रही गैस ने आग पकड़ ली। जिससे रामकिशन व महेंद्र गंभीर रूप से झुलस गए। कमरे में रखा खाने पीने का सामान व कपड़े जल गए। पिता पुत्र के शोर को सुनकर आसपास के लोग मौके पर इकठ्ठा हो गए और किसी तरह सिलेंडर से लीक हो रही गैस के बंद किया। लेकिन किसी ने झुलसे रामकिशन व महेंद्र को उपचार के लिए अस्पताल नहीं पहुंचाया। सूचना मिलने शनिवार की दोपहर दो बजे मुरादाबाद निवासी रामकिशन की बेटी प्रीति पत्नी राजकुमार संभल पहुंची और पिता रामकिशन व भाई महेंद्र को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### किशोरी दीपक की आग से झुलसी

संभल, अमृत विचार :हयातनगर थाना क्षेत्र में अंधेरे कमरे में दीपक जलाकर कपड़े ढूंढ रही किशोरी आग में गंभीर रुप से झुलस गई। आनन फानन में परिजन उपचार के लिए किशोरी को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर किशोरी को रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर मुंजब्ता निवासी रामकिशन की 13 वर्षीय पुत्री हिना के शनिवार की सुबह आठ बजे पशुशाला में साफ सफाई करते समय कपड़े गंदे हो गए थे। पहनने के लिए हिना कमरे में दूसरे कपड़े लेने पहुंची और अंधेरा होने की वजह से हिना कमरे में दीपक जलाकर कपड़े ढूंढने लगी। अचानक से ही हिना ने पहन रखी जैकेट में दीपक से आग लग गई। जिससे हिना की चीख निकल गई। चीख पुकार को सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कपड़ा ड़ालकर आग को बुझाया, लेकिन तब तक हिना गंभीर रुप से झुलस गई। जिसके बाद परिजन आनन फानन में उपचार के लिए किशोरी को लेकर जिला अस्पताल आ गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर हिना को रेफर कर दिया।

# दिव्यांगों ने की लोन पर ई रिक्शा दिलाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, संभल



अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते दिव्यांग। ● अमृत विचार

अमृत विचार :दिव्यांग मोर्चा के बैनर तले दिव्यांगों ने संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कड़ी सर्दी में कंबल, लोन पर ई रिक्शा दिलाने और राशन कार्ड बनवाने की मांग उठाते हुए प्रदर्शन किया। प्रशासन की ओर से दिव्यांगों को कंबल वितरित किए गए।

दिव्यांग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद कासिम के नेतृत्व में नई तहसील कार्यालय पर दिव्यांगों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा को सौंपा। कहा कि कड़ी सर्दी में दिव्यांगों को कंबल वितरित कराए जाएं। दिव्यांगों को लोन पर ई रिक्शा दिलाने की मांग उठाई ताकि वह किस्तों में भुगतान कर सकें। ऐसा न करने पर दिव्यांग पेंशन पांच हजार से लेकर छह हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग की। दिव्यांगों, विधवाओं और गरीबों के राशन कार्ड बनवाने एवं पेंशन दिलाने की मांग उठाई। प्रशासन की ओर से दिव्यांगों को मौके पर ही कंबल वितरित किए गए। जिससे दिव्यांगों के चेहरों पर मुस्कान दिखाई दी। इस दौरान डॉ.भूरे खान, नाथू सैनी, वारिस अली, कासिम अली, संजय कश्यप, हाफिज तौसीफ रजा, वीर सिंह सैनी, रामवीर, अलाउद्दीन, राशिद, विनोद, मुनाजिर, इरफान, मोहम्मद रफी, हरज्ञान जाटव, रेहान, गुफरान, दिनेश, नरेश यादव, फुरकान, कमरुल, जुनैद, शफीक आदि मौजूद रहे।

**समाधान दिवस के दौरान मांगों को लेकर किया प्रदर्शन**

### मारपीट कर ग्राम प्रधान पर चढ़ाई कार, दी धमकी

संभल/रजपुरा, अमृत विचार :कस्बा रजपुरा में स्थित एक होटल पर खाना खाते समय प्रधान के साथ दो युवकों ने मारपीट की। आरोप है कि प्रधान पर ईको कार चढ़ा दी। जिससे प्रधान घायल हो गया। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई।

रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव जयदासपुर निवासी प्रधान किशनलाल शुक्रवार को शाम के समय कस्बा रजपुरा में स्थित एक होटल पर खाना खा रहा था। तभी गांव के ही ईको कार सवार दो युवक वहां पहुंचे। आरोप है कि युवकों ने जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए प्रधान के साथ मारपीट की। इतना ही नहीं, दोनों युवकों ने प्रधान के ऊपर ईको कार चढ़ा दी। जिससे प्रधान चोटिल हो गया। जाने से मारने की धमकी देकर युवक भाग गए। इस मामले में प्रधान ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। प्रभारी निरीक्षक अमृतलाल ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है।

संपूर्ण समाधान दिवस | गुन्नौर में आयोजित हुए समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी शिकायतें

# फरियादियों ने लगाई गुहार, 139 में 5 शिकायतों का निस्तारण

संवाददाता, गुन्नौर



गुन्नौर में जनता की फरियाद सुनते जिलाधिकारी मनीष बंसल व अन्य अधिकारी।



संभल में शिकायतें सुनते एसडीएम व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार :तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने शिकायतें सुनी। विभिन्न विभागों की 139 शिकायतें आईं। इसमें सर्वाधिक 89 राजस्व विभाग की तो 19 पुलिस विभाग के संबंधित रहीं। पांच शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया। का निस्तारण कर दिया गया। फरियादियों की बड़ी भीड़ उमड़ने के चलते शिकायतों की सुनवाई निर्धारित समय से बीस मिनट बाद तक चली।

समाधान दिवस में जिलाधिकारी मनीष बंसल ने फरियादियों के शिकायती पत्रों का अवलोकन कर उनसे समस्याएं पूछी। संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई कर शिकायतकर्ता को सतुंष्ट करने के निर्देश दिए। पुलिस संबंधित शिकायतों की सुनवाई एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने की। इसमें राजस्व विभाग की 89, पुलिस विभाग की 19, चकबंदी की सात, ग्राम्य विकास विभाग की छह, नगर पंचायत की दो, पूर्ति विभाग की चार, डूडा से संबंधित दो, बैंक की एक और चार अन्य सहित प्राप्त कुल 139 शिकायतें आईं। इनमें से मात्र पांच समस्याओं का मौके पर समाधान हो सका। इस दौरान प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी ज्ञान सिंह, एसडीएम रमेश बाबू, सीएमओ डॉ. तरन्नुम रजा, अधिशासी अभियंता विद्युत अवधेश कुमार, सीओ आलोक सिद्धू, तहसीलदार रवि सोनकर, बीडीओ नरेश पाल सिंह, नगर पंचायत बबराला के अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी, कोतवाल संजीव बालियान आदि मौजूद रहे।

**राजस्व विभाग की 89, पुलिस विभाग की 19, चकबंदी की 7, ग्राम्य विकास विभाग की 6, नगर पंचायत की दो शिकायतें मिलीं**

### 44 शिकायतें, दो फरियादियों को मिला न्याय

संभल, अमृत विचार : संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों की 44 शिकायतें दर्ज हुईं। अधिकारियों ने मौके पर दो शिकायतों का समाधान करते हुए फरियादियों को इंसाफ दिलाया। शेष शिकायतें अधिकारियों को सौंपते हुए समाधान कराने के निर्देश दिए गए। नई तहसील स्थित सभागार में एसडीएम सुनील कुमार त्रिवेदी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें एसडीएम के साथ ही सीओ अनुज कुमार चौधरी ने भी शिकायतें सुनने का काम शुरू किया। समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 26, पुलिस विभाग की छह, विकास विभाग की दो और अन्य विभागों की 10 शिकायतें दर्ज हुईं। मौके पर राजस्व विभाग की दो शिकायतों का समाधान करा दिया गया। इस दौरान तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा, नायब तहसीलदार सतेंद्र चाहर आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### युवती को फुसलाकर ले गया युवक, रिपोर्ट दर्ज

**संभल, अमृत विचार :** एक सप्ताह पहले एक मुहल्ला निवासी व्यक्ति की 19 वर्षीय पुत्री 14 जनवरी को परिजनों से बिना बताए संभल बाजार में किसी काम से आई थी। शाम तक घर नहीं पहुंची तो परिजन युवती की तलाश करने लगे, लेकिन छह दिन बीतने के बाद भी युवती का पता नहीं चला। शुक्रवार की देर शाम परिजनों को पता चला कि युवती को बहला फुसलाकर मुरादाबाद जिले के गांव भीकनपुर निवासी रविकांत शर्मा अपने साथ कहीं ले गया है। जिसके बाद युवती के परिजनों ने रविकांत शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### भगौना फेंकने का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला नवादा निवासी महबूब का कहना है कि एक युवक शनिवार को उसकी दुकान पर पहुंचा और 100 रुपये की हलीम बिरयानी खाकर युवक बिना रुपये दिये जाने लगा। आरोप है कि रुपये मांगने पर युवक महबूब के साथ गाली गलौज करने लगा। विरोध किया तो युवक ने हलीम बिरयानी से भरा भगौना जमीन पर फेंक दिया।

### पुलिस ने दो युवक दबोचे, रिपोर्ट दर्ज

**चन्दौसी, अमृत विचार :** पुलिस ने दो युवकों को मुरादाबाद रोड स्थित सिंचाई विभाग कार्यालय के पीछे से गिरफ्तार किया है। जिनके पास दो चाकू व अन्य चोरी में प्रयुक्त सामान बरामद किया गया है। शनिवार को पुलिस पूछताछ में युवकों ने अपने नाम अख्तर निवासी मोहल्ला लक्ष्मणगंज, सुमित निवासी घटलेश्वर गेट बताया। दोनों आरोपी शातिर किस्म के चोर हैं, जिनके विरुद्ध कोतवाली में चोरी के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

### गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को 10 वर्ष का कारावास

**चंदौसी, अमृत विचार :** अदालत ने गैंगस्टर एक्ट के एक आरोपी को 10 वर्ष के कारावास और 5000 रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। थाना कुढ़फतेहगढ़ में गैंगस्टर एक्ट में अभियुक्त सोवरन पुत्र मूलचंद निवासी गांव बलकरनपुर थाना कुढ़फतेहगढ़ जनपद संभल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया दर्ज है। मुकदमा न्यायालय विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनपद संभल स्थित चंदौसी में विचाराधीन था। अभियोजन पक्ष से ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी धनंजय पाण्डे ने साक्ष्य के आधार पर दलीलें पेश कीं। शनिवार को न्यायाधीश निर्भय नारायण राय ने अभियुक्त सोवरन को दोषी करार देते 10 वर्ष का कारावास और 5000 रूपए की सजा से दण्डित किया है।

संभल-चन्दौसी की खबरें पेज 15 पर भी

## पुराविद् स्व. पं. सुरेंद्र मोहन मिश्र ने सन् 1955 में मिट्टी-पत्थर की प्राचीन मूर्तियों, सिक्कों, बर्तनों, मनकों समेत हस्तलिखित ग्रंथों को एकत्र कर बनाया था संग्रहालय

# चन्दौसी के संग्रहालय की शोभा बढ़ा रही अयोध्या जैसी रामलला की मृण्मूर्ति

कपिल कांत शर्मा, चन्दौसी

**अमृत विचार:** मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की नगरी अयोध्या में कल श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। 16 जनवरी से देश भर में उत्सव मनाया जा रहा है। हर कोई श्री राम की भक्ति में रंगा नजर आ रहा है। संयोग की बात है कि अयोध्या के राम-मंदिर में स्थापित रामलला की यह आधुनिक प्रस्तर मूर्ति चेहरे की बनावट और भावांकन की दृष्टि से 'पं.सुरेंद्र मोहन मिश्र संग्रहालय' में प्रदर्शित डेढ़ हज़ार वर्ष पुरानी रामलला की मृण्मूर्ति से अद्भुत साम्यता रखती है। चालीस वर्ष पहले करीब चार से पांच इंच की इस मूर्ति को जनपद बरेली के आंवला के पास अहिच्छत्र स्थान पर रामनगर किले से संग्रहित किया गया था।

22 मई 1932 को जन्मे चन्दौसी के पुराविद् स्व. पं. सुरेंद्र मोहन मिश्र ने 1955 में मिट्टी-पत्थर की प्राचीन मूर्तियों, सिक्कों, बर्तनों, मनकों और अन्य पुरावेशों के अलावा प्राचीन हस्तलिखित ग्रंथों को संग्रहित कर अपनी जन्मभूमि में संग्रहालय बनाया था। वर्ष 2008 में उनके निधन के बाद दिसंबर 2022 में उन्हीं की जन्मस्थली पर नवीन रुप देकर संग्रहालय स्थापित कर दिया गया। संग्रहालय देश विदेश के पुरातत्वविदों और इतिहास प्रेमियों के आकर्षण का केंद्र है। पं. सुरेंद्र मोहन मिश्र के दो पुत्र बड़े पुत्र अतुल मिश्र संग्रहालय की देखरेख करते हैं। जबकि छोटे पुत्र विप्रवत्स मिश्र परिवार के साथ बरेली में निवास करते हैं। पं. अतुल मिश्र का कहना है कि उनके पिता द्वारा स्थापित किए गए संग्रहालय में ईशा से पूर्व 2000 वर्ष से लेकर गुप्त काल तक के मिट्टी-पत्थर की प्राचीन मूर्तियों, सिक्कों, बर्तनों, मनकों समेत हस्तलिखित ग्रंथों को संग्रहित कर ये संग्रहालय बनाया गया है। संग्रहालय में रखी चार से पांच इंच की मूर्ति अयोध्या में स्थापित रामलला की मूर्ति से साम्यता रखती है। चेहरे की बनावट और मुकुट के साथ तरकश भी है। यह एक संयोग की बात है। ये मूर्ति पिता जी ने चालीस वर्ष पहले जनपद बरेली के आंवला के पास अहिच्छत्र में रामनगर किला से संग्रहित की थी। संग्रहालय में गुप्त कालीन नारी शीर्ष, शुंगकालीन कमर की मृण्मूर्ति, शुंगकालीन मातृदेवी, ईसा से पूर्व 2000 से लेकर गुप्तकाल तक की मणि मुक्ताएं, मिट्टी के प्राचीन बर्तन, मिट्टी की अलंकृत ईटें, कुषाण कालीन महिष-मर्दिनी, कुषाण कालीन व गुप्तकालीन शीर्ष, मिट्टी की मुहरें आदि संग्रहित हैं।



चन्दौसी में स्थित संग्रहालय में प्राचीन कलाकृतियां। ● अमृत विचार



चन्दौसी में स्थित संग्रहालय में स्थित रामलला की प्रतिमूर्ति। ● अमृत विचार

### संग्रहालय देखने आए थे प्रख्यात कवि हरिवंश राय बच्चन

पं. अतुल मिश्र ने बताया कि प्रख्यात कवि हरिवंश राय बच्चन तत्कालीन राष्ट्रीय समाचार पत्रों में पिता सुरेंद्र मोहन मिश्र की प्राचीन खोजों से संबन्धित खबरें पढ़ कर उनका संग्रहालय देखने चन्दौसी आए थे। श्री बच्चन संग्रहालय देख कर इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने दिल्ली पहुंच कर अपने पुत्र महानायक अमिताभ बच्चन से एक पत्र भी तत्कालीन शिक्षा मंत्री केसी पंत के नाम इस आशय से लिखवाया। जिसमें उन्होंने लिखा कि ये देश का सबसे बड़ा व्यक्तिगत संग्रह है।



चार-पांच दिन पहले मैं जब संग्रहालय में बैठा था। टीवी चैनल, अखबारों व सोशल मीडिया के माध्यम से अयोध्या में स्थापित रामलला की मूर्ति से संग्रहालय में रखी मूर्ति से मिलान किया तो संग्रहालय की मूर्ति की बनावट अयोध्या के रामलला से पूर्ण रुप से साम्यता रखती है। साथ ही पांच वर्ष आयु के बच्चे के चेहरे की दो मिट्टी की मूर्ति भी श्री राम की बाल्यावस्था से काफी मिल रही हैं।

**-पं. अतुल मिश्र,** पुत्र संग्रहालय संस्थापक पं. सुरेंद्र मोहन मिश्र।

**उनके पुत्र पं. अतुल मिश्र कर रहे है संग्रहालय की देखरेख, संग्रहालय में रामलला की प्रतिमूर्ति 40 वर्ष पूर्व बरेली के आंवला के पास अहिच्छत्र स्थान पर रामनगर किला से प्राप्त की गई थी**

### ये रहे संग्रहालय के प्रशंसक

पं. सुरेंद्र मोहन मिश्र के संग्रहालय के प्रशंसकों में डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल, महापंडित राहुल सांकृत्यायन, सत्यकेतु विद्यालंकर, कृष्णदत्त वाजपेयी, डॉ. सतीश चंद्र काला, कैप्टन शूरवीर सिंह, महानिदेश पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग देश पांडे, एमसीसी जोशी, रमेश चंद्र शर्मा, डॉ. डब्ल्यू एच सिद्दीकी के अलावा अनेक प्रख्यात पुराविद् शामिल हैं।

# बजेगी राम धुन, श्री राम मंदिर में होगी महाआरती

## रामोत्सव की तैयारी में जुटे लोग, शहर में लगवाए लाउडस्पीकर, भगवा झंडों से राम मय होगा नगर

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** अयोध्या में भगवान श्री राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बहजोई में पूरे दिन रामधुन गूंजेगी। वहीं भगवान श्री राम के मंदिर में महा आरती का आयोजन होगा। नगर में महिलाएं धूमधाम से कलश यात्रा निकलेगी। पूरे नगर में घर-घर दुकान दुकान भगवा झंडा लगाकर शहर को भगवा मय बनाया जा रहा है।

22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चेयरमैन राजेश शंकर राजू की ओर से नगर के प्रत्येक विद्युत पोल, तिराहे, चौराहे, गली मोहल्लों में लाउडस्पीकर लगाए गए हैं। इन लाउडस्पीकर पर 22 जनवरी को पूरे दिन राम धुन बजेगी।

पूरे शहर में रामधुन से माहौल राममय हो जाएगा। सर्व समाज की सहभागिता से घर-घर दुकान दुकान भगवा झंडा लहराए जाएंगे।

शहर को प्राण प्रतिष्ठा के दिन भगवा में करने का नागरिक इसे भव्य बनाने के लिए अपनी सहभागिता की तैयारी करनी शुरू कर दी है। प्रत्येक व्यक्ति रामकाज में आगे आकर काम कर रहा है। चौराहों को रंगीन रोशनी झालरों से सजाया जाएगा। जगह-जगह भंडारे के भी आयोजन किए जाएंगे।



श्री राम उत्सव मनाती महिलाएं। ● अमृत विचार

### श्री राम स्वरूप में सजे बच्चे, महिलाओं ने रंगोली सजाकर जलाये दीप

**बहजोई, अमृत विचार :** अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा से पहले हर तरफ माहौल राममय हो रहा है। बहजोई में बच्चे श्री राम के स्वरूप में सजे तो महिलाओं ने रंगोली सजाकर दीप जलाये। महिलाओं ने राम उत्सव मनाते हुए श्री राम की पूजा अर्चना कर गीत गाये। अखिल भारतीय वार्ष्णेय वेलफेयर एसोसिएशन की और से आयोजित कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रश्मि वार्ष्णेय व नूतन वार्ष्णेय साहित अन्य पदाधिकारी ने भगवान श्री राम, सीता व लक्ष्मण स्वरूप की दीप जलाकर पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में श्री राम, लक्ष्मण व सीता के स्वरूप में सजे बच्चे सभी का मन मोह रहे थे। वहीं महिलाओं ने रंगोली बनाकर भगवान श्री राम लिखी आकृति बनाई। महिलाओं ने एक से एक बढ़कर भगवान राम के भक्ति भजन गाकर जमकर तालियां बटोरी। चाइना वार्ष्णेय ने जब राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी भजन प्रस्तुत किया तो सभी झूमने पर मजबूर हो गए। शीतल वाष्र्णेय ने एक से एक बढ़कर भजनों की प्रस्तुति दी। अंत में भगवान श्री राम की आरती कर प्रसाद वितरण किया। इस दौरान उमा वार्ष्णेय, सुनैना वार्ष्णेय, डॉ. रश्मि वार्ष्णेय, नूतन वार्ष्णेय, उमा वार्ष्णेय, मीरा वार्ष्णेय, नैना गुप्ता, शीतल वार्ष्णेय, मृदुला, क्षमा वार्ष्णेय, कनक वार्ष्णेय, आरती वार्ष्णेय, राधा वार्ष्णेय, गीत वार्ष्णेय सहित आदि मौजूद रहे।

### नवग्रह शनि मंदिर से निकलेगी कलश यात्रा

बहजोई, अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा के दिन नवग्रह शनि मंदिर काली मंदिर रोड से भव्य कलश यात्रा निकलेगी। इसमें रामरथ के साथ सैकड़ों महिलाएं अपने सिर पर कलश रख कलश यात्रा निकालेंगी। रामोत्सव मनाने के लिए जगह-जगह भंडारो व्यवस्था की गई है। तो वहीं सभी ने अपने घर-घर दीपक जलाने की भी व्यवस्था की गई है। महिलाओं के साथ-साथ पुरुष भी भगवान श्री राम की रथ यात्रा में शामिल होकर भगवान श्री राम का जयघोष करेंगे।

### सुंदरकांड के साथ होगी महा आरती

बहजोई, अमृत विचार : कोतवाली के निकट जिला प्रशासन ने भगवान श्री राम बड़ा मंदिर पर बड़े आयोजन का कार्यक्रम रखा है। यहां पर पूरे दिन सुंदरकांड का पाठ होगा। शाम को सैकड़ों नागरिक एकत्रित होंगे। जहां वह भगवान श्री राम की महाआरती करेंगे। यहां पर स्कूली बच्चों को भी शामिल किया गया है। वह भगवान श्री राम सीता लक्ष्मण के रूप में अपनी प्रस्तुति देंगे। मंदिर को अभी से इसके लिए तैयार किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप



हातिमसराय में कलशयात्रा निकालती महिलाएं। ● अमृत विचार

### प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में निकली कलश यात्रा

**संभल, अमृत विचार :** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में नगर के मुहल्ला हातिम सराय से कलशयात्रा निकाली गई। जिसमें शामिल महिलाओं ने भजनों पर नृत्य करते हुए माहौल को भक्तिमय बनाया। कलशयात्रा के दौरान श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। मुहल्ला हातिम सराय में स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से शनिवार को भव्य कलशयात्रा का आयोजन किया गया। कलशयात्रा मंदिर से शुरू होकर शिव मंदिर रेलवे स्टेशन होती हुई वापस श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। जिसमें पीले वस्त्रों को धारण कर महिलाओं ने सिर पर कलश रखे और मार्ग पर बढ़ीं। महिलाओं ने कलशयात्रा के दौरान भजनों पर नृत्य भी किया। श्रीराम के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। महिलाओं ने कहा कि यह परम सौभाग्य की बात है कि कई सौ सालों से संजोया गया सपना पूर्ण हो रहा है। अयोध्या में श्री राम का भव्य मंदिर में विराजना सभी को खुशी प्रदान कर रहा है। इस दौरान सुरक्षा के भी प्रबंध रहे।

### अक्षत वितरण कर दीपोत्सव मनाने का आह्वान

**कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** शनिवार को थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव दियौरा खास में भाजपा महिला कार्यकर्ताओं द्वारा अयोध्या से आए हुए पूजित अक्षत एवं भगवान राम के चित्र वितरण किए। साथ ही 22 जनवरी को भगवान राम की पूजा अर्चना करने तथा शाम को घरों में दीये जलाकर दीपोत्सव मनाने का आह्वान किया।

### संघ कार्यकर्ताओं ने बांटी मोमबत्ती के पैकेट

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर देश भर में घर-घर दिवाली मनाई जाएगी। जहां एक ओर विभिन्न संगठनों द्वारा मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं शाम को घरों व प्रतिष्ठानों को मिट्टी के दीयों व मोमबत्ती से रोशन कर दिवाली मनाई जाएगी। इसको लेकर जहां भारतीय कल्याण सेवा समिति गरीबों को मिट्टी के दीये रुई बत्ती के साथ उपलब्ध करा रही है। वहीं शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने नगर में भ्रमण कर राहगीरों व गरीबों को मोमबत्ती के पैकेट वितरित किए और 22 जनवरी को दिवाली मनाने का आह्वान किया।

# एसपी ने पैदल भ्रमण कर लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**प्राण प्रतिष्ठा को लेकर संभल जिले में बरती जा रही सतर्कता**

**अमृत विचार :** अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर संभल जिले में पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। शहर से लेकर देहात तक कड़ी निगरानी और सतर्कता का माहौल बना है। संभल में शनिवार को पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ पैदल भ्रमण करते हुए लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

एसपी कुलदीप सिंह गुनावत शनिवार को शाम संभल पहुंचे। एसपी ने एएसपी श्रीश चंद्र, सीओ अनुज कुमार चौधरी और भारी पुलिस के साथ पैदल भ्रमण शुरू किया। एसपी ने शंकर इंटर कॉलेज चौराहा से बाल विद्या मंदिर स्कूल, एजेंटी तिराहा, मैंथा मंडी, सर्राफा बाजार, कोतवाली, डाकखाना, जामा मस्जिद मार्ग होते हुए मुहल्ला नाला तक पैदल भ्रमण किया। एसपी ने सुरक्षा इंतजामों के बारे में जानकारी लेने के साथ ही लोगों को अहसास कराया कि उनकी सुरक्षा में पुलिस मुस्तैद है। एसपी ने अधीनस्थ अधिकारियों को भी सतर्क रहकर हरेक गतिविधि पर नजर रखने के निर्देश दिए। कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखी जाये। कोई शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने की मंशा रखता हो तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लायें।

### कोतवाल ने की शांति व सद्भाव बनाने की अपील

**बबराला अमृत विचार :** अयोध्या में श्री राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी गई है। शनिवार रात कोतवाल संजीव बालियान की अगुवाई में पुलिस बल ने मुख्य बाजार, रेलवे स्टेशन रोड पर पैदल भ्रमण कर लोगों से शांति सद्भाव बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था में बाधक तत्वों के साथ कड़ाई से काम लिया जाएगा। इस दौरान चौकी इंचार्ज मनोज कुमार और पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# जनकल्याण सेवा समिति ने मनाया राम उत्सव

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** जनकल्याण सेवा समिति की एक सभा बडा बाजार स्थित घनश्याम मार्केट में अंशु वार्ष्णेय के आवास पर आयोजित की गई। जिसमें राम मंदिर की स्थापना की खुशी में राम भक्त के गीत व नृत्य नाटिका एवं राम भक्ति से संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें राम की भूमिका आशा गोस्वामी व लक्ष्मण की भूमिका अंशु वार्ष्णेय एवं शबरी की भूमिका अनामिका ने निभाई।

भावना गुप्ता ने आज गली गली अवध सजाएंगे की भजन पर नृत्य प्रस्तुत किया। अन्य सदस्यों ने भी विभिन्न राम भजनों पर नृत्य किया। साथ ही आगामी 22 जनवरी को राम मंदिर स्थापना के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम आयोजित करने का निश्चय किया।



कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं जनकल्याण सेवा समिति की सदस्य। ● अमृत विचार

**तैयारी** — बाजारों में दुकानों पर भगवा ध्वज का पर्याप्त स्टाक, लोग कर रहे खरीदारी

# दिखने लगा रामोत्सव का उल्लास, लहरा रहे भगवा ध्वज

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर जिले में भी तैयारी जोरशोर से शुरू हो गई है। लोग भगवा ध्वज खरीदकर घरों और प्रतिष्ठानों पर लगा रहे हैं। दुकानदारों को 21 जनवरी को भगवा ध्वज की अच्छी बिक्री होने की उम्मीद है।

श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर हिंदू संगठनों ने समाज के लोगों से भगवा ध्वज लगाकर दिवाली मनाने का आग्रह किया है। जिसे लेकर बाजारों में जहां मिट्टी के दीये खरीदे जा रहे हैं, वहीं श्रीराम के चित्र वाले भगवा ध्वज की खरीदारी भी खूब हो रही है। संभल में पुरानी तहसील रोड पर कई दुकानों पर भगवा ध्वज से अलौकिक दृश्य नजर आ रहा है।



संभल के बाजार में लहराते दिख रहे भगवा ध्वज। ● अमृत विचार



श्रीराम के चित्र वाले भगवा ध्वज की बिक्री खूब हो रही है। हमने करीब 25 हजार रुपये का माल दुकान में लगाया है। लोग तिरंगा से भी ज्यादा भगवा ध्वज खरीद रहे हैं। उम्मीद है कि रविवार को भगवा ध्वज की बिक्री तेजी पकड़ेगी। **-गोपी देवल**



रामोत्सव मनाने के लिए लोग भगवा ध्वज की मांग कर रहे हैं और खरीदारी भी शुरू हो गई है। 10 रुपये से लेकर 200 रुपये तक का भगवा ध्वज है। अब देखते कि रविवार को कितना माल बिकता है। **-कीर्ति सरन**

### अधूरी रह गई इच्छा, हयातनगर में 22 को नहीं विराजेंगे श्रीराम

**संभल, अमृत विचार :** अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर बने भव्य मंदिर में रामलला के विराजने के लिए 22 जनवरी का दिन तय किया गया तो संभल जनपद के हयातनगर में भी इसी शुभ दिन प्राचीन मंदिर को भव्य स्वरूप देकर श्री राम की प्रतिमा स्थापित करने की तैयारी शुरू हुई। कार्ड छप गये और पुरोहितों को भी निमंत्रण दे दिया गया। दो दिन पहले अचानक आयोजन से जुड़े व्यक्ति की मृत्यु हुई तो अब 22 जनवरी को श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन टाल दिया गया। हयातनगर कस्बे में स्थित प्राचीन जर्मन वाला मंदिर के जीर्णोद्धार का काम कुछ माह पहले शुरू किया गया था। मंदिर व्यवस्थापक प्रवीण कुमार की अगुवाई में समाज के लोग मंदिर को भव्य बनाने के काम में जुटे थे। मोहल्ले के सतीश पहलवान भी मंदिर जीर्णोद्धार के काम में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे थे। जब अयोध्या में 22 जनवरी को अयोध्या श्री रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम तय हुआ तो सतीश पहलवान ने भी यह इच्छा जताई कि हयातनगर के उनके मंदिर में भी 22 जनवरी को ही भगवान श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हो।


## सूचना

सर्व हितकारी प्रबन्ध समिति का चुनाव विद्यालय प्रांगण में प्रातः 10:00 बजे से प्रारम्भ होगा। सभी पदाधिकारी एवं सदस्य विद्यालय में समय से पहुंचने का कष्ट करें।

1- चुनाव की तिथि 22.01.2024 दिन सोमवार।
2- सदस्यों की उपस्थिति प्रातः 10:00 बजे से।
3- नामांकन प्रातः 11:00 बजे से।
4- नाम वापिसी दोपहर 12:00 बजे से।
5- यदि मतदान आवश्यक हुआ तो दोपहर 12:15 बजे से।
6- अपराहन 1:30 बजे मतगणना।
7- अपराहन 2:00 बजे चुनाव परिणाम की घोषणा।

ललिता चौहान
सचिव / प्रबन्धक
सर्व हितकारी सुमित्रा देवी इण्टर कालिज, रजाभूड़, सम्भल

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश, India that is भारत
(E-Mail :- cd1pwdmbd@gmail.com)

पत्रांक- 74/ई-निविदा/2023-24 दिनांक- 15.01.2024

**ई-निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश, की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के कॉलम संख्या-8 में दर्शायी गयी श्रेणी के पात्र पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा पत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मुरादाबाद | के0डी0आर0पी0 मार्ग के किमी0-16 से एस0ई0जेड0 से लालपुर गंगवारी सम्पर्क मार्ग का पुनः निर्माण का कार्य। | 32.75 | 3.28 | 854.00 | 3 माह | ए. बी, सी एवं डी |
| 2 | | सैफपुर चितू से रूपपुर सम्पर्क मार्ग का पुनः निर्माण का कार्य। | 15.06 | 1.51 | 854.00 | 3 माह | ए. बी, सी एवं डी |

➢ बिड डॉक्यूमेन्ट वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 23.01.2024 से 30.01.2024 तक उपलब्ध होंगे जो कि दिनांक 23.01.2024 को 10:00 बजे से दिनांक 30.01.2024 को 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 30.01.2024 को 12:30 बजे खोली जायेंगी।
➢ निविदा शुल्क कॉलम सं0 6 के अनुसार ऑन लाईन बैंकिंग द्वारा जमा करना होगा।
➢ निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। शासनादेश संख्या 879 (1) /23-7-2020, दिनांक 25.08.2020 एवं प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष के पत्रांक 4650/4एन -एल0 सी0/2020, दिनांक 27.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/prahari/ पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होंगे।

(सुनील सागर)
सहा0अभि0, अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, मुरादाबाद।
मो0नं0-9412678596
ई-मेल :- cd1pwdmbd@gmail.com

UP - 201106 दिनांक 19.01.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

### NAME CHANGE

I Saba Aamir D/o Mohd Aamir R/o 132 Noor Mahal Avas Vikas Rampur-244901 Uttar Pradesh declare that name of my mother has been wrongly written as SHAGUFTA AAMIR in my 10th and 12th educational documents. The actual name of my mother is SHAGUFTA MAHJABEEN which may be amended accordingly. It is certified that I have complied with other legal requirement in this connection.

### नाम परिवर्तन

मेरे पासपोर्ट में पति का नाम पहले MURAD HUSAIN ALIAS MURADI था सही नाम MURAD ALI है भविष्य में मुझे AFSANA BEGIM W/O MURAD ALI के नाम से जाना व पहचाना जाए। AFSANA BEGUM W/O: MURAD ALI YAQOOTPUR, CHHAPARRA POST AKKA DILARI PS MONDHA PANDEY, MORADABAD.

### सम्बन्ध-विच्छेद

मैंने अपनी पुत्री यासमीन से गलत व्यवहार के चलते सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में यासमीन अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होगी। उसका मेरे अथवा मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। आले नबी पुत्र अब्दुल नबी निवासी ग्राम रतूपुरा, थाना ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।

### खोया पाया

सम्पत्ति एम०आई०जी० भवन संख्या डी-50 रामगंगा विहार-II मुरादाबाद का मूल किराया किश्त अनुबन्ध दिनांक 27-05-1998 क्रम संख्या 3718 वास्तव में कहीं खो गया है, जिसे मिले वह सूचित करें। अन्यथा यह माना जायेगा कि उपरोक्त सम्पत्ति व उपरोक्त दस्तावेज पूर्णतः पाक-साफ भारमुक्त है। किसी भी वित्तीय संस्थान आदि को कोई आपत्ति नहीं है, कोई क्लेम स्वीकार नहीं होगा। उपरोक्त दस्तावेज़ का प्रयोग अवैध माना जाएगा। इस सम्बन्ध में ई- एफ ० आई० आर० दि- 16-01-2024 को दर्ज की जा चुकी है जिसका LAR No. 20240000039278 है। प्रियंका शर्मा पत्नी अतेश शर्मा उक्त सम्पति को SBI बैंक में बन्धक करना चाहते है और SBI बैंक मुरादाबाद 17581 से हाउसिंग लोन सुविधा हेतु उक्त सम्पति को बंधक करना चाहते है।

प्रियंका शर्मा पत्नी अतेश शर्मा
पता : चन्द्र नगर मुरादाबाद
मो नं 9927341606, 9410216316

## एक नजर

### 224 परीक्षार्थियों ने दी पॉलीटेक्निक विषम सेमेस्टर की परीक्षा

चन्दौसी, अमृत विचार : पॉलीटेक्निक विषम सेमेस्टर परीक्षा 2024 के अन्तर्गत शनिवार को प्रथम पाली में राजकीय पॉलीटेक्निक में कम्युनिकेशन स्किल्स फर्स्ट पेपर हुआ। जिसमें कुल 224 छात्रों ने परीक्षा दी तथा 18 छात्र अनुपस्थित रहे। स्टेटिक मैजिस्ट्रेट एसके वार्ष्णेय प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई चन्दौसी द्वारा परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया गया। केंद्र अधीक्षक मेघा शर्मा ने अवगत कराया गया है कि संस्थागत सभी स्टाफ के सहयोग से परीक्षा नकलविहीन, शुचितापूर्ण व शांतिपूर्वक ढंग से करायी जा रही हैं। सभी परीक्षा कक्षों की सीसीटीवी कैमरों के द्वारा मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

### कनिष्क वार्ष्णेय मिस्टर फ्रेशर व अवनी मिस फ्रेशर

चन्दौसी, अमृत विचार : नगर के मुरादाबाद रोड स्थित राधा गोविंद ग्रुप ऑफ कॉलेज में शनिवार को सीनियर व जूनियर छात्र-छात्राओं द्वारा फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध निदेशक डॉ. मनोज कुमार तोमर ने दीप प्रज्जवलित करके किया। तदोपरांत छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से समां बांध दिया। ग्रुप डांस, सोलो डांस, रैंप वाक एवं विभिन्न मनोरंजन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसमें मिस्टर फ्रेशर कनिष्क वार्ष्णेय बी फार्मा प्रथम वर्ष व मिस फ्रेशर अवनी सिंह जीएनएम प्रथम वर्ष चुनी गईं। संस्थान के चेयरमैन पवन कुमार शर्मा ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

### 217 छात्र-छात्राओं ने दी नवोदय प्रवेश परीक्षा

चन्दौसी, अमृत विचार : एसएम इंटर कॉलेज में जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें 321 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे।104 विद्यार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। 217 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी।

गुन्नौर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा का आयोजन शहर के एसएम इंटर कॉलेज में किया गया। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक संपन्न कराई गई। इस दौरान कार्यालय मजिस्ट्रेट यतेंद्र मोहन, सीएलओ शरद चरण शर्मा, एबीएसए अरुण कुमार ने कॉलेज का भ्रमण कर परीक्षा का निरीक्षण किया।

# थाने में प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी महिला

संवाददाता, मिलक

प्रेम-प्रसंग

- सात बच्चों और पति को छोड़ा सभी मायूस होकर घर लौटे
- पति बोले- पत्नी के खाते में हैं तीन लाख रुपये, वापस दिलाए

अमृत विचार : मिलक क्षेत्र की रहने वाली महिला अपने सात बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ फरार हो गई। बच्चे और पति महिला को ढूंढते रहे लेकिन वह नहीं मिल पाई है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र में बताया कि उसकी 45 वर्षीय पत्नी गांव के ही एक युवक के साथ 9 जनवरी को फरार हो गई थी। इसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। महिला के पति ने पुलिस से पत्नी की बरामदगी की मांग की तो महिला अपने प्रेमी के साथ शनिवार को कोतवाली पहुंची और अपने प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ गई। पुलिस ने महिला के पति और सभी बच्चों को भी कोतवाली बुला लिया। चार पुत्रियों और तीन पुत्रों ने महिला को अपना वास्ता दिया। लेकिन बच्चों की विनती पर महिला का मन नहीं पिघला। महिला की जिद के आगे पति और सातों बच्चे हार गए। बाद में पुलिस ने महिला को प्रेमी के साथ भेजने का निर्णय लिया। महिला के पति ने बताया कि उसकी पत्नी के बैंक खाते में साढ़े तीन लाख रुपये हैं। 27000 रुपये वह निकाल चुकी है। महिला ने पुलिस के सामने तीन लाख रुपये सोमवार को देने का वादा किया। बाद में महिला अपने प्रेमी के साथ चली गई। पति और सातों बच्चे अपने घर लौट गए।

## दो दोषियों को तीन तीन साल की कैद

रामपुर, अमृत विचार : किशोरी का अपहरण करके बंधक बनाने के मामले में एडीजे आठ की कोर्ट ने दो आरोपियों तीन-तीन साल की कैद और 76-76 हजार रुपये का जुर्माना डाला है। शाहबाद थाना क्षेत्र के परौता निवासी सुरेंद्र सिंह एवं प्रेम सिंह के खिलाफ धारा 363, 342,452,506 और पॉक्सो एक्ट के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने विवचेना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। शनिवार को इस मामले में एडीजे आठ की कोर्ट ने दोनों को तीन-तीन साल की कैद और 76-76 हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

### चाकू के साथ एक गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : थाना शहजादनगर पुलिस ने आरोपी जयपाल पुत्र ठाकूर दास निवासी मेघा नगला थाना शहजादनगर को मगरमऊ पुल के पास से एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया।

## कोसी नदी की भूमि का स्वरूप बदलकर किए भूखंड, मामले की जांच शुरू

# भूमि खरीद-बिक्री में अब्दुल्ला समेत चार नामजद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव घाटमपुर स्थित कोसी नदी किनारे जमीन खरीद-बिक्री के मामले में सपा नेता आजम खां के बेटे और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम समेत चार लोगों के खिलाफ लेखपाल संजय कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। सभी आरोपियों ने नदी की जमीन पर भूखंड भी कर रहे हैं।

एसडीएम सदर जेपी गुप्ता ने बताया कि पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम समेत चार लोगों ने नदी और डूब की भूमि में घोटाला कर करीब डेढ़ हेक्टेअर जमीन का स्वरूप बदल दिया है। इनके खिलाफ प्रशासन की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कुछ दिन पहले एसडीएम ने नदी किनारे भूखंडों की जांच करने के आदेश दिए थे। पांच जनवरी को कानूनगो संजय कुमार ने राजस्व टीम के साथ गांव बेनाजीर उर्फ घाटमपुर क्षेत्र का निरीक्षण किया था। इस दौरान नदी किनारे जमीन बेचने व खरीदने की जानकारी हुई। जांच करने पता चला कि अब्दुल्ला आजम ने इस भूमि को बेचा है। अब इस मामले में अब्दुल्ला आजम, अनवार, मोहम्मद सालिम, मोहम्मद परवेज और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई हुई है।

बताया गया कि गांव घाटमपुर स्थित कोसी नदी और डूब की जमीन है जोकि, सार्वजनिक भूमि है। एसडीएम सदर ने बताया कि इसको खरीदा बेचा नहीं जा सकता है। पूर्व विधायक अब्दुल्ला के दोस्त सालिम और अनवर ने इस भूमि का जमीन का स्वरूप बदलकर उसे अब्दुल्ला आजम को बेच दिया था।

### इन गाटा संख्याओं में दर्ज है भूमि

गाटा संख्या 81/25 में 1.607 रकबा, 880/2 में 0.304 हेक्टेयर, 872 में 0.06360, 878/1/1 में 3.3832, 883 में 6.740 हेक्टेयर, 884 में 0.2660, 885 में 1.4800, 886/1 में 0.379 में 887 में 0.076, 888 में 6.247, कुल 21.46 हेक्टेयर भूमि की रिपोर्ट 12 जनवरी को पेश की गई थी। इसमें गठित राजस्व टीम ने बेनजीरपुरा घाटमपुर तहसील सदर की 1359 के खाता संख्या 27 गाटा संख्या 81 व रकबा छह बीघा सात बीसा, 872 में पांच बीसा, 878 में कुछ भूमि, 879 में 12 बीसा, 880 में एक बीघा चार बीसा भूमि दर्शाई गई। वहीं 883 में 20 बीघा 12 बीसा, 884 में एक बीघा एक बीसा, 885 में पांच बीघा 17 बीसा, 886 में एक बीघा 13 बीसा, 887 में छह बीसा, 888 24 बीघा समेत कुल रकबा 132 बीघा भूमि दर्शाने का दावा किया गया है। खातेदार करनेल खुशनूद अहमद पुत्र मोहम्मद व रेहान शाह पुत्र इमरान शाह, फिरोज शाह पुत्र मुहब्बत शाह व सैयद अली बादशाह पुत्र इरफान शाह सैयद के नाम 1937 में दर्ज कागज पाए। इसके अवावा भी कई लोगों के नाम भूमि में दर्ज होने का दावा है।

### अब्दुल्ला ने करीबी दोस्तों से खरीदी थी जमीन

इस समय 880, 872, 878, 883, 884, 885, 886, 887 व 888 की जमीन को अनवार हुसैन व मोहम्मद सालिम ने अब्दुल्ला आजम खां को बेचा था। इसके अलावा कुछ अन्य जमीन भी अब्दुल्ला आजम ने मोहम्मद परवेज से खरीदी थी। 1359 फसली में भूमि नदी के रूप में अंकित है। उधर, अनवर और सालिम पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के करीबी दोस्त हैं। कुछ माह पहले जुआ खेलते हुए वीडियो वायरल हुआ था। इस मामले में दोनों जेल चले गए थे। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने जौहर विवि से नगर पालिका की सफाई मशीन भी बरामद की थी।

# 50 लाख के गांजा के साथ तीन तस्कर पकड़े

## स्वार-बाजपुर मार्ग पर हुई गिरफ्तारी, रिपोर्ट दर्ज, होंडा सिटी कार भी सीज

संवाददाता स्वार/मसवासी

अमृत विचारः स्वार पुलिस ने होंडा सिटी कार सवार तीन तस्करों को 22 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। इस गांजे की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 50 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने कार सीज कर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार रात उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि उत्तराखंड से कार से क्षेत्र में सप्लाई करने के लिए गांजा लाया जा रहा है। कोतवाल ने मसवासी चौकी इंचार्ज अमित कुमार चौधरी, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार समेत अन्य पुलिस कर्मियों की टीम को यूपी-उत्तराखंड सीमा पर वाहन चेकिंग करने के निर्देश दिए। इस बीच पुलिस ने स्वार बाजपुर मार्ग स्थित घूघा पुल पर उत्तराखंड बाजपुर की ओर से आ रही कार को रुकने का इशारा किया तो चालक कार पीछे घुमाने लगा। तभी पुलिस ने कार को रोक लिया। पुलिस ने कार सवार तीन तस्करों की तलाशी ली तो उनके पास से 22 किलो 200 ग्राम गांजा, एक कांटा मिला। इसके बाद पुलिस तीनों तस्करों को गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई।



स्वार पुलिस की गिरफ्त में तस्कर, साथ में कार व गांजा। ● अमृत विचार

### तीनों आरोपी भाकियू उपाध्यक्ष लिखी कार से करते थे धंधे

पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपी काफी समय से इस धंधे में शामिल थे। ये लोग भारतीय किसान यूनियन उपाध्यक्ष लिखी कार से आते जाते हैं। काफी समय से इन पर नजर रखी जा रही थी। इतना ही नहीं पकड़े गए आरोपियों में एक किराना कारोबारी भी बताया गया है। पुलिस कई दिन से इन लोगों की घेराबंदी कर रही थी।

### 40 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : शहजादनगर पुलिस ने चालीस लीटर शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जहां उसके खिलाफ कार्रवाई कर दी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उसी के चलते थाना शहजादनगर पुलिस द्वारा ने मोनू पुत्र महावीर निवासी ग्राम चमरपुरा थाना शहजादनगर को 40 लीटर कच्ची शराब के साथ दबका गांव से पहले मजार के पास से गिरफ्तार कर लिया। जिसके आधार पर थाना शहजादनगर पर धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया।

## हाथीखाना चौराहा अब नाजिम अली खां रोड

रामपुर, अमृत विचार : चौराहा हाथीखाना से बरेली गेट रोड का नाम नाजिम अली खां रखे जाने का प्रस्ताव बोर्ड की बैठक में पास किया गया। यह प्रस्ताव वार्ड नंबर 9 के सभासद अलीम खां ने रखा। जिस पर पालिकाध्यक्ष ने सहमति दे दी है।

नगर पालिका परिषद वार्ड 9 के सभासद अलीम खां के प्रस्ताव नंबर 23 पर बोर्ड की बैठक में सुझाव दिया कि सहाफत की पहचान और सबसे पुराने उर्दू दैनिक नाजिम के संपादक, अदबी समाजिक शख्सियत नाजिम अली खां के नाम पर सड़क का नामकरण हो।

जिस पर बोर्ड बैठक के बाद समाजसेवी मामून शाह खां ने इस प्रस्ताव को पारित होने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मरहूम नाजिम अली खां ने अपनी 50 वर्षों के संपादक के कार्यकाल में रामपुर अदबी, समाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके योगदान को याद रखने के लिए रोड का प्रस्ताव पास किया गया था।

# त्रैमास की समाप्ति पर 64 समितियों का ऋण मुक्त

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- सभागार में हुई बैठक में की गई प्रगति की समीक्षा

अमृत विचार : जिला सहकारी बैंक के दिसंबर त्रैमास की समाप्ति पर 64 समितियों को 10-10लाख रुपये का ऋण माफ किया गया है। जिससे किसानों को किसी भी दशा में खाद-बीज की कमी न होने पाए। बल्कि समय पर उन्हें खाद-बीज मिल सके।

सिविल लाइंस स्थित जिला सहकारी बैंक के सभागार में बोर्ड की बैठक में समीक्षा की गई। इस दौरान त्रैमास की समाप्ति पर बैंक अंकन 172.43 लाख रुपये के शुद्ध लाभ पर चर्चा हुई। जमा निक्षेप में गतवर्ष के अंकन में 290.00 लाख रुपये बढ़कर 55261.27 लाख रुपये तय की गई है। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मोहन लाल सैनी ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से प्रदेश की सभी समितियों को 10 लाख रुपये ब्याज मुक्त ऋण सीमा की सुविधा दी गई है। जनपद की 64 समितियों को 10-10 लाख रुपये ब्याज मुक्त ऋण सीमा स्वीकृति की गई। उन्होंने बताया कि 20 जनवरी 2024 से महालक्ष्मी बचत योजना का आगाज किया गया है जो फरवरी के अंत तक जारी रहेगी। योजना में बैंक द्वारा सामान्य नागरिकों को 8 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर की सुविधा प्राप्त होगी। ब्याज दर से बैंक के आवर्ती जमा योजना में 1500 प्रतिमाह जमा कर लखपति बन सकते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए निकटतम शाखा में आरडी अथवा सवाधि खाता खुलवाकर बैंक के अधिक ब्याज दरों का लाभ लें। इस अवसर पर सचिव मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीप्रकाश त्रिपाठी, महाप्रबंधक ज्ञानदेव गंगवार, संचालक के सदस्य दीप गोयल, रोहिताश मौर्य, हरदीप सिंह, नंद किशोर, यतेंद्र सिंह, नीलम गुप्ता आदि शामिल रहे।

# पुलिस ने होटल से दबोचे जम्मू कश्मीर के दो युवक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- बताया जा रहा कि होटल में बिना पंजीकरण ठहरे थे दोनों
- चेकिंग के दौरान पुलिस ने उठाए आधा दर्जन से अधिक युवक

अमृत विचारः अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पुलिस ने कई होटल व बाजारों में डॉग स्क्वायड के साथ चेकिंग की। पुलिस ने एक होटल से कुछ युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। जिसमें दो युवक जम्मू कश्मीर के बताए जा रहे हैं। पता चला है कि यह युवक होटल में बिना एंट्री के रह रहे थे।

शनिवार को सीओ डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने पुलिस बल, एसओजी व डॉग स्क्वायड के साथ शहर में कई स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने स्टेशन रोड, मालगोदाम सहित अन्य स्थानों पर गश्त कर होटलों में चेकिंग की। सूत्रों ने बताया कि मालगोदाम रोड स्थित एक होटल में चेकिंग के दौरान पुलिस को चार युवक बिना एंट्री के होटल में ठहरे मिले। जानकारी की गई तो चार में से दो युवक जम्मू कश्मीर के बताए गए। पुलिस ने चारों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। होटल में मौजूद कर्मचारी से भी पूछताछ की गई। मगर वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इसके अलावा अन्य होटलों से भी कुछ युवकों को हिरासत में लिया गया है। फिलहाल अभी पुलिस कुछ भी कहने से बच रही है। केवल पूछताछ व सत्यापन की जानकारी करने की बात कह रही है।



ट्रैक पर चेकिंग करता डॉग स्क्वायड। ● अमृत विचार

### यात्रियों के सामान की ली तलाशी

चन्दौसी, अमृत विचार : 22 व 26 जनवरी को लेकर पुलिस ने डॉग स्क्वायड के साथ रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर चेकिंग अभियान चलाया। रेलवे स्टेशन पर मौजूद यात्रियों के सामानों की तलाशी ली गई। शनिवार की शाम पांच बजे सीओ डॉ. प्रदीप कुमार पुलिस बल, जीआरपी व डॉग स्क्वायड के साथ रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां प्लेटफार्म नंबर 1,2,3 पर चेकिंग की। रेलवे स्टेशन व प्रतीक्षालय में मौजूद यात्रियों के साथ उनके सामानों की तलाश ली। कुछ संदिग्ध लोगों से आने व जाने का कारण भी पूछा गया। इसके बाद पुलिस ने रोडवेज बस स्टैंड पर भी चेकिंग अभियान चलाया।

## झांसा देकर कारोबारियों से ठगी साढ़े दस लाख की रकम

संवाददाता, बबराला

- कारोबारियों ने एसपी से लगाई कार्रवाई करने की गुहार
- एसपी ने साइबर सेल को दिए निर्देश

अमृत विचार :डिजिटल पेमेंट एप के माध्यम से रुपये कमाने का झांसा देकर नगर सहित आसपास क्षेत्र के 180 से अधिक मोबाइल कारोबारियों से करीब साढ़े दस लाख रुपये ठग लिए गए। इस मामले में पुलिस अधीक्षक ने साइबर सेल को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

नगर निवासी वैष्णवी मोबाइल सेंटर के संचालक संदीप कुमार आदि ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत को बताया कि नवंबर 2023 में मथुरा जिले के राया निवासी केशव देव ने मल्टी रिचार्ज फ्लैक्सी ( स्पाइस वर्ड) मोबाइल एप के बारे में जानकारी देते हुए डिस्ट्रीब्यूटर बनने और अपने नीचे रिटेलर बनाने पर मुनाफा कमाने का लालच दिया। इस पर उसने और चार अन्य ने पांच पांच हजार जमा किए। डिस्ट्रीब्यूटर बन कर अपने साथ मोबाइल रिचार्ज के धंधे से 180 रिटेलर भी जोड़ लिए। सभी के एप में 10 लाख 46 हजार 993 रुपये जमा हो गए। बताया गया है कि 14 जनवरी 24 को अचानक एप बंद हो गया और एप संचालक फरार हो गया। मोबाइल कारोबारियों ने आरोपी के मोबाइल नंबर पर संपर्क किया लेकिन तो वह रकम वापसी में आनाकानी करने लगा। संदीप कुमार आदि ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

## सार-संक्षेप

### प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं ने पोस्टर बनाए

हापुड़ , अमृत विचार : जेएमएसग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स में अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने अयोध्या के राम मंदिर में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन के उपलक्ष में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया ।जिसमे छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। छात्र छात्राओं ने प्रभु श्री राम,अयोध्या,माता सीता,लक्ष्मण,हनुमान आदि के पोस्टर बनाकर सभी के मन को मोह लिया। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर डा0आयुष सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया की एक माह से छात्र छात्राएं भव्य आयोजन की तैयारियों में लगे हैं। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में शिक्षकों का पूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में निर्णायक मंडल ने पोस्टर्स प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया ।पांच पोस्टर्स को सांत्वना पुरस्कार की श्रेणी में रखा। डायरेक्टर जनरल प्रो0( डॉ0 ) सुभाष गौतम व मैनेजिंग डायरेक्टर ने सभी विजेता छात्र छात्राओं तरुण,विजय सैनी,रवि कांत, ख़ुशी,शशांक,दानिश मालिक आदि को बेहद खूबसूरत पोस्टर्स बनाने पर पुरस्कृत किया। उन्होंने अपने व्याख्यान में प्रभु श्री राम के गुणों और उनके उत्कृष्ट कार्यो पर प्रकाश डाला और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अथक प्रयासों की प्रसंशा की।

### सामूहिक विवाह योजना के लिये करें आवेदन : सीडीओ

हापुड़, अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने विकास भवन सभागार में आगामी 31 जनवरी को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत अवशेष लक्ष्य 586 जोड़ों के विवाह को संपन्न कराने के लिय अधिकारियों को तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारी से अपने अपने ब्लॉक पर पात्रों के आवेदन के लिया कैम्प लगाने के निर्देश देने के साथ ही ग्राम पंचायत अधिकारी, रोजगार सेवक तथा अन्य को आवेदन के लिया प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की विवाह कार्यक्रम मे सभी आवश्यक उपहार की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी शिव कुमार,खण्ड विकास अधिकारी,अधिशासी अधिकारी नगरपालिका एवं नगर पंचायत तथा अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र के मंदिर में की सफाई

हापुड़ , अमृत विचार : उत्तर प्रदेश शासन के आदेश पर चलाए जा रहे स्वच्छ तीर्थ,क्लीन सिटी,प्लास्टिक मुक्त अभियान के अंतर्गत डा एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसायटी व नगर पालिका परिषद हापुड़ के संयुक्त तत्वाधान में निर्वतमान जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी उमेश राणा ने मंदिर में सफाई अभियान चलाया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हापुड़ नगर के आवास विकास कालोनी, बुलन्दशहर रोड, हापुड स्थित महामाई माता रानी के मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया। वहीं सोसाइटी के चेयरमैन मो दानिश कुरेशी ने बताया कि सोसाइटी प्रत्येक दिन निरंतर स्वच्छ तीर्थ अभियान के अंतर्गत नगर पालिका के साथ मिलकर लोगों को प्लास्टिक पालीथिन का इस्तेमाल नहीं करने के प्रति जागरूक कर रही है। अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के निर्वतमान जिला अध्यक्ष उमेश राणा ने भाग लेकर अभियान का नेतृत्व किया। स्वच्छ तीर्थ अभियान में अधिशासी अधिकारी सौरभ नाथ,मुख्य सफाई निरीक्षक आबैश सिंह,सेनेटरी इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार तेवतिया,सेक्टर संयोजक कामरान खान,बूथ अध्यक्ष नदीम अली आदि उपस्थित रहे।

### जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी

चन्दौसी, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद की ओर से विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम गणेश मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें वैन के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि बनियाखेड़ा ब्लाक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह मौजूद रहीं। नगर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने बताया कि सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिसका अनेक लोग लाभ प्राप्त कर रहे हैं। सरकारी की योजनाओं की जानकारी के लिए उक्त कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों की सरकारी योजनाओं की जानकारी हो सके और उन्हें उसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी आरके भार्गव, भाजपा नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, सतीश अरोरा, मनोज कठेरिया, राजकुमार यादव, शुभम राघव, तरुण कुमार, मनोज कुमार, अमन कोरी, नवकांत शर्मा, सचिन रस्तोगी, प्रभाकर गुप्ता, चंद्रमोहन आदि मौजूद रहे।



तहसील सभागार में शिकायतें सुनते एडीएम व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

# संपूर्ण समाधान दिवस में 62 शिकायतें, तीन का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचारः तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें एडीएम व एएसपी ने पहुंच फरियादियों की शिकायतें सुनी। कुल 62 शिकायतें आईं, जिसमें राजस्व विभाग की तीन शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया।

शनिवार को तहसील सभागार में संपन्न हुए संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम प्रदीप वर्मा व एएसपी श्रीश चंद्र ने पहुंच फरियादियों की शिकायतें सुनी। जिसमें राजस्व विभाग की 26, पुलिस विभाग की पांच, चकबंदीकी छह, विकास की छह, खाद्य एवं रसद विभाग की 12, समाज कल्याण की दो व अन्य पांच शिकायतें आई। कुल 62 शिकायतों में से राजस्व विभाग की तीन शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया।

## बदमाशों ने महिला के कानों से कुंडल खींचे

चंदौसी अमृत विचारः थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव भुलाबई के रकवे में स्कूटी सवार बदमाशों ने खेत पर नराई कर रही महिला से मारपीट कर कुंडल लूट लिए और फरार हो गए। पुलिस ने घटना की जानकारी ली है। बदमाश सीसीटीवी कैमरे में देखे गए हैं। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

गांव भुलाबई निवासी अलीशा 50 वर्ष पत्नी मुनव्वर शनिवार की शाम करीब 5:00 बजे खेत पर नराई करने गई थी। उसी समय स्कूटी सवार दो बदमाश वहां पहुंचे। एक बदमाश ने बकरी के लिए पेड़ से पत्ते काटने की बात कह कर महिला से दरांती मांगी। महिला ने उसे दरांती दे दी। इसके बाद बदमाशों ने महिला से मारपीट शुरू करते हुए कानों से सोने के कुंडल खींच लिए और स्कूटी लेकर भाग निकले। महिला के शोर मचाने पर पास पड़ोस के खेतों में मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे। तब तक बदमाश आंखों से ओझल हो गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की।

# 26 जनवरी को भारतीय किसान यूनियन निकालेगी तिरंगा ट्रैक्टर यात्रा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- भाकियू की बैठक में प्रशासन की वादा खिलाफी पर जताया गया रोष
- 20 रुपये प्रति क्विंटल गन्ना मूल्य में वृद्धि से खुश नहीं हैं किसान

अमृत विचारः भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक बैठक प्रगति विहार में हुई। जिसमें किसानों की समस्याओं पर मंथन किया गया। पांच जनवरी को जिला मुख्यालय बहजोई में भाकियू टिकैत द्वारा घेराव किया गया था। जिसमें समस्याओं के समाधान को किसानों व जिलाधिकारी की वार्ता हुई थी। जिसमें प्रशासन की ओर से वादा किया गया था कि शीघ्र ही छुट्टा पशुओं से किसानों को निजात मिल जाएगी। मगर ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है। ब्लाक बनियाखेड़ा में पशुओं को पकड़ा नहीं जा रहा है। साथ ही अन्य समस्याओं का समाधान भी नहीं हो सका है।

प्रदेश प्रमुख महासचिव व प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश विजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि अभी प्रदेश सरकार ने गन्ना मूल्य में 20 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी की है, जो किसानों के लिए प्रर्याप्त नहीं है। वहीं 26 जनवरी को जनपद में प्रत्येक ब्लाक व तीनों तहसीलों में किसानों द्वारा ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। जनपद के हर गांव हर घर में भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता बनाएंगे व ग्राम इकाई को गठित करके संगठन को मजबूत करेंगे। इसके अलावा 16 फरवरी को भारत में जनपद के किसानों का पूरा सहयोग रहेगा। 14 मार्च को दिल्ली का घेराव किया जाएगा। इस दौरान मनपाल सिंह, डा. नौ सिंह, शंकर सिंह, मनोज चौधरी, बाबूराम सिंह, जबर सिंह, मुकेश यादव, रामवीर सिंह, उदयवीर सिंह, महावीर सिंह, नरेंद्र सिंह यादव, दिनेश यादव, वीरेंद्र सिंह, केपी यादव, अमर सिंह, पंकज यादव आदि मौजूद रहे।



पंचायत को संबोधित करते प्रदेश प्रमुख महासचिव विजेंद्र सिंह यादव। ● अमृत विचार

## एक नजर

### छत से गिरी बच्ची की इलाज के दौरान मौत

**किरतपुर, अमृत विचार :** पांच दिन पूर्व छत से गिरी बच्ची की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। थाना क्षेत्र के गांव सराय ईम्मा निवासी हसीन की छह वर्षीया पुत्री हानिया पांच दिन पूर्व छत से गिर गई थी। इसमें उसके सिर में गंभीर चोट लगी थी। हसीन ने अपनी बेटी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया था। आरोप है कि चार दिन से लगातार चिकित्सक बाहर के मेडिकल स्टोर से दवाई मंगा रहा था। हसीन ने चिकित्सक पर बेटी के इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।



### गुलदार दिखने से दहशत

**हल्दौर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम फतहपुर पौटा में गुरुकुल इंटर कालेज है। शुक्रवार की सुबह कालेज के पास गुलदार दिखाई दिया। इससे ग्रामीणों एवं छात्र-छात्राओं में दहशत हैं। छात्र-छात्राएं स्कूल जाने से कतरा रहे हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से पिंजरा लगाकर गुलदार से निजात दिलाने की मांग की है।

# शिकायतकर्ता की संतुष्टि जरूरी : डीएम

## जिलाधिकारी ने रेंडम वोट डालकर परखी ईवीएम की गुणवत्ता

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में संपूर्ण तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान 30 शिकायत दर्ज की गईं। उन्होंने इन शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर ईवीएम एवं वीवीपैट प्रशिक्षण जागरुकता एवं प्रदर्शनी केंद्र का निरीक्षण किया। डीएम ने रेंडम वोट डालकर ईवीएम की गुणवत्ता भी जांची।

उन्होंने कहा कि निस्तारित शिकायतों की ठीक प्रकार से फीडिंग कराना सुनिश्चित करें। जिससे जिले की रैंकिंग प्रभावित न होने पाये। अधिकारी शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी निश्चित रूप से प्राप्त कर लें। शिकायतकर्ता को संतुष्ट किये बिना शिकायत का निस्तारण स्वीकार्य नहीं होगा। यदि किसी शिकायत का निस्तारण संभव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को बताएं ताकि वह अपनी शिकायत को पुनः प्रेषित न कर सके। अधिकारी शिकायतों के निस्तारण को गम्भीरता और ज़िम्मेदारी के साथ लें। मानक के साथ निर्धारित अवधि में शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। तहसील दिवस के मौके पर जिलाधिकारी ने उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत श्रमिकों को प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन, परियोजना निदेशक ज्ञानेश्वर तिवारी आदि मौजूद रहे।



शिकायत सुनते डीएम अंकित कुमार अग्रवाल व एसपी नीरज कुमार जादौन।

▸▸ **मानक के अनुरूप निर्धारित अवधि में करें शिकायतों का निस्तारण**

### समाधान दिवस में दो शिकायतें निस्तारित

**नगीना, अमृत विचार :** तहसील समाधान दिवस में कुल 20 शिकायतें पंजीकृत हुईं। इनमें से मात्र दो शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। शनिवार को तहसील सभागार में एडीएम प्रशासन विनय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में 20 शिकायतें पंजीकृत की गई। मौके पर दो शिकायतों का निस्तारण किया जा सका। एडिशनल एसपी राम अर्ज ने तहसील दिवस में मौजूद अधिकारियों से शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों का सात दिन निस्तारण करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में उनके अलावा एसडीएम शैलेन्द्र कुमार, बीडीओ ऋषिपाल सिंह, नायब तहसीलदार फैसल कमर समेत नगीना सर्किल के थानों के दरोगा व सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

### तालाब को कब्जा मुक्त कराने की मांग

**हल्दौर, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर के ग्रामीणों ने कुछ लोगों पर तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी चांदपुर एवं जिलाधिकारी से शिकायत की है। ग्रामीणों का आरोप है कि तालाब पर कब्जा जिला पंचायत सदस्य की शह पर हो रहा है। इसलिए बार बार शिकायतों के बाद भी संबंधित लेखपाल द्वारा इस कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर कलिया में गांव के बीच खसरा नं 19, 20 तथा 21में ग्राम पंचायत की भूमि पर तालाब तथा बंजर भूमि है। गांव निवासी घनश्याम सिंह, जहरुद्दीन, प्रशांत कुमार, मोहम्मद हुसैन, असगर, साजिद आदि ने उपजिलाधिकारी को भेजे शिकायती पत्र में गांव के कुछ लोगों पर तालाब की भूमि को पाटकर अवैध कब्जा करके मकानों के पुश्ते बनाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में लेखपाल अमित कुमार का कहना है कि पंचायती राज विभाग द्वारा तालाब की चहारदीवारी का कार्य कराया जा रहा है। अवैध कब्जे के आरोप बेबुनियाद हैं।

## सार संक्षेप



ग्रामीणों से जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

### एक साल में गुलदार ने 20 लोगों को मौत के घाट उतारा

**हीमपुर दीपा, अमृत विचार :** जनपद में पिछले एक वर्ष में गुलदार का यह बीसवां शिकार हैं। गुलदार का जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में काफी आतंक है। वन विभाग द्वारा अब तक दो दर्जन से अधिक गुलदार पकड़े जा चुके हैं। इसके बावजूद जनपद में बड़ी संख्या में गुलदार की उपस्थिति मानी जा रही है। पिछले दो-तीन महीने में पांच गुलदारों की हादसों में मौत भी हो चुकी है। पिछले दो वर्षों में गुलदार सैकड़ों पालतू पशुओं का शिकार कर चुके हैं। गुलदारों की आक्रमकता व ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त भय से मुक्ति दिलाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन भी जिला व तहसील स्तर पर कई बार धरना प्रदर्शन कर चुकी है। इसके बावजूद जिला प्रशासन इस विपत्ति से आमजन को मुक्ति दिलाने में नाकाम साबित हो रहा है।

### पुलिस अभिरक्षा से फरार बाइक चोर पकड़ा

**अफजलगढ़, अमृत विचार :** पुलिस अभिरक्षा से फरार हुए बाइक चोरी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अभिरक्षा में फरार होने के दौरान लापरवाही बरतने के आरोप में कोतवाल योगेन्द्र सिंह चौधरी को एसपी ने लाइन हाजिर कर दिया है। इसके अलावा कस्बा इंचार्ज, हेड मोहर्रिर को निलंबित कर दिया गया। जबकि हेड कांस्टेबल अकील अहमद और होमगार्ड सतपाल सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। दो सप्ताह पूर्व पुलिस ने गांव विजयनगर निवासी निशांत राघव को बाइक चोरी के मामले में गिरफ्तार किया था। हेड कांस्टेबल अकील अहमद व होमगार्ड सतपाल सिंह निशांत राघव का मेडिकल कराने सीएचसी ले गए थे। इस दौरान आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गया था। इस मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में कोतवाल योगेन्द्र सिंह चौधरी को एसपी ने लाइन हाजिर कर दिया था। जबकि कस्बा इंचार्ज गोपाल कुमार, हेड मोहर्रिर राजबहादुर को निलंबत कर दिया था और हेड कांस्टेबल अकील अहमद तथा होम होमगार्ड सतपाल सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। मुखबिर की सूचना पर कस्बा इंचार्ज सुमित राठी, कांस्टेबल जाबिर खान व कांस्टेबल राहुल ने गांव सुआवाला नहर के नजदीक शनिवार की देर उसे दबोच लिया।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### मुख्य मार्ग से खुद ही हटा लें अतिक्रमण

**नगीना, अमृत विचार :** थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में एडिशनल एसपी राम अर्ज ने ग्राम प्रधानों, नगर पालिका के सभासदों तथा नगर के प्रमुख लोगों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारों को सभी प्रेम भाव के साथ शांतिपूर्वक तरीके से मनाएं। उन्होंने नगर के मुख्य मार्ग से अतिक्रमण को भी स्वयं हटाने की अपील की। कहा कि बाजार में जाम की स्थिति नहीं बननी चाहिए। उन्होंने यातायात को वन वे ट्रैक से चलाने के निर्देश दिए। कड़ाके की ठंड में नगर के चिन्ह स्थानों पर अलाव जलाने तथा रेन बसेरों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा। एसडीम शैलेंद्र कुमार ने ग्राम प्रधानों को अपने क्षेत्र में विशेष चौकसी बरतने तथा आपसी सद्भाव व सहयोग बनाए रखने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रशासन से लगातार संपर्क बनाए रखें। बैठक में डॉ. मनोज कुमार, अमर सिंह प्रधान, पुष्पेंद्र, इकराम, मोहम्मद राशिद, शकीर, राकेश, सदिक मुल्तानी, बदर मुनीम, जॉनी कुमार, रोहित विश्नोई आदि मौजूद रहे। थाना प्रभारी सुनील कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# इजराइल को मजदूर भेजना मौत के मुंह में धकेलने जैसा

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश चेयरमैन शाहनवाज आलम के आह्वान पर जिला चेयरमैन वसीम अकरम एवं अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हुमायूं बेग के नेतृव में राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट हर्ष चावला को दिया।

ज्ञापन में कहा कि गजट के अनुसार युद्ध ग्रस्त इजराइल सरकार द्वारा निर्माण कार्यों के लिए भारत से मजदूरों की मांग की गयी है। इसमें उत्तर प्रदेश सरकार ने 10,000 मजदूर भेजने का लक्ष्य रखा है। यह पूरी कवायद देश के लिए शर्मनाक है। अपने नागरिकों को मौत के मुंह में धकेलने जैसी है। देश के प्रथम प्रधान मंत्री जवाहर लाल नेहरू ने 'भारत एक खोज' में कहा है कि भारत माता कोई और नहीं इस देश की अवाम है। इसलिए प्रदेश सरकार भारत माता की जान को जोखिम में न डाले। इससे केंद्र और राज्य सरकारों के उस दावे के बारे में भी दुनिया जान जाएगी कि वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की उनकी बातें झूठी हैं। उन्होंने अपने लोगों को इजराइल में मजदूरी करने नहीं भेजा है और ना उनसे इजराइल ने ही आग्रह किया है।



अतिरिक्त मजिस्ट्रेट हर्ष चावला को ज्ञापन देते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**हल्दौर, अमृत विचार :** एक युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शुक्रवार की रात करीब 11 बजे क्षेत्र के ग्राम अम्हेडा निवासी 32 वर्षीय सिराजुद्दीन उर्फ साजन अपने घर के पास रेलवे लाइन पर टहल रहा था। तभी अचानक चण्डीगढ़-लखनऊ सद्भावना एक्सप्रेस ट्रेन आ गई। इसकी चपेट में आकर सिराजुद्दीन की मौके पर ही मौत हो गई। बताते हैं कि सिराजुद्दीन नशे का आदि था। घटना के समय भी वह नशे में धुत्त था। नशे की अधिकता के कारण उसे ट्रेन की आवाज सुनाई नहीं दी और हादसा हो गया। मृतक के परिवार में पत्नी तथा तीन छोटे बच्चे हैं। सिराजुद्दीन की मौत से माता-पिता, पत्नी व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# एनपीएस पूंजीपतियों को लाभ देने की योजना

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** पुरानी पेंशन बहाली की मांग के आंदोलन की मजबूती के लिए ग्राम पंचायत खलिउल्लापुर खिरनी के पंचायत भवन में उत्तर प्रदेश पंचायती राज सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश आईटी सेल प्रभारी ओमकार सिंह प्रजापति की अध्यक्षता एवं पूर्व जिला मंत्री पंकज कटरिया के संचालन में बैठक हुई।

इसमें अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन बुढ़ापे की सुरक्षा है। इसे एनपीएस जैसे षड्यंत्रों से बन्द किया गया। एनपीएस पूंजीपतियों को लाभ देने की योजना है। इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। पूर्व जिला जयप्रकाश पाल ने कहा कि अटेवा के संघर्षों की बदौलत आज पुरानी पेंशन बहाली का संघर्ष सफलता के आयाम पर है। प्रदेश आईटी सेल ने कहा कि यह वक्त संगठित होकर संघर्ष करने का है। पूर्व जिला मंत्री पंकज कटरिया ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारे बुढ़ापे की सामाजिक संरक्षण है, जिसके लिए अटेवा निरंतर संघर्षरत है। बैठक में पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सदर श्रवण कुमार, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भोपाल सिंह, महेंद्र सिंह, अजय कुमार, सोमपाल सिंह, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे। सभी ने 25 जनवरी को बिजनौर में होने वाले पेंशन मार्च को सफल बनाने एवं चार फरवरी को लखनऊ पर होने वाले रण फॉर ओपीएस के कार्यक्रम को सफल बनाने पर जोर दिया।



पुरानी पेंशन बहाली की मांग करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

## उत्तराखंड-आसपास

# फसल की सिंचाई करने गए दो किसानों की करंट से मौत

## ट्रांसफार्मर के तार के संपर्क में आकर गई किसानों की जान

संवाददाता, उझानी (बदायूं)

**अमृत विचार :** खेत पर फसल की सिंचाई करने गए दो किसानों की करंट लगने से मौत हो गई। शुक्रवार रात वह दोनों एक साथ खेत पर गए थे। अगले दिन सुबह ट्यूबवेल के लिए लगाए गए ट्रांसफार्मर के पास उनके शव पड़े मिले। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की।

शेखूपुर विधानसभा के पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य ने पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी। हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव अल्लापुर चमारी निवासी राम नरेश (49) पुत्र खेमकरन के खेत में ट्यूबवेल लगा है। उन्हें अपने खेत में फसल की सिंचाई करनी थी। गांव में रहने वाले विजय बहादुर (30) पुत्र होरी लाल ने भी उनके ट्यूबवेल से अपने खेत में फसल में पानी लगाने की बात कही। वह दोनों शुक्रवार देर शाम सिंचाई करने के लिए एक साथ घर से निकले।

देर रात तक वापस न आने पर परिजनों को लगा कि रात में सिंचाई में समय लग रहा होगा। जिसके चलते उन्होंने तलाश नहीं की। शनिवार सुबह लगभग 5 बजे ग्रामीण खेतों की ओर पहुंचे तो राम नरेश के खेत को जाने वाले पगडंडी के पास लगे ट्रांसफार्मर के नीचे दोनों के शव पड़े थे। पास में ही बिजली का तार टूटा पड़ा था। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने विद्युत विभाग को सूचना देकर सप्लाई बंद कराई। दोनों को ट्रांसफार्मर से अलग हटाया। परिजनों में चीत्कार मच गया।

### बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप

परिजनों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया लेकिन तहरीर नहीं दी है। पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य ने गांव पहुंचकर परिजनों का दुख साझा किया। मदद का भरोसा दिलाया। कादरचौक एसओ उदयवीर सिंह ने बताया कि करंट लगने से दो युवकों की मौत हुई थी। शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों की ओर से तहरीर नहीं आई है।

### निर्धन परिवारों के बच्चे भी पाएंगे उच्च शिक्षा

**देहरादून, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के प्रथम चरण में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सीएम आवास से 241 विद्यार्थियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से 33.51 लाख रुपये की धनराशि प्रदान की। राज्य के विश्वविद्यालय परिसरों एवं शासकीय महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश करने वाले छात्र-छात्राओं को यह धनराशि प्रदान की गई है।

स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश करने वाले इन छात्र-छात्राओं को 12वीं के परीक्षाफल में न्यूनतम 80 प्रतिशत प्राप्तांक और महाविद्यालय स्तर पर तैयार संकायवार मेरिट लिस्ट अनुसार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को क्रमशः 3 हजार, 2 हजार एवं 1500 रुपये की मासिक छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। अन्य कक्षाओं के लिए छात्रवृत्ति वितरण संबंधित संस्थान स्तर से समर्थ पोर्टल पर सत्यापन के बाद होगा।

# उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ ने ईओ को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ ने आठ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन अधिशासी अधिकारी को सौंपकर उनकी मांगे पूरी करने की मांग की है।

शनिवार को उत्तर प्रदेशीय मजदूर सफाई संघ के कार्यकर्ताओं ने आठ सूत्रीय मांग पत्र अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य को सौंपा। संगठन के कार्यकर्ताओं ने पालिका प्रशासन द्वारा उनकी लंबित समस्याओं के शीघ्र निराकरण करने की मांग की। ज्ञापन में कहा कि गत वर्ष आठ नवम्बर को सफाई कर्मचारियों की हड़ताल होने पर आश्वासन दिया गया था कि उनके पीएफ का पैसा उन्हें मिल जाएगा। लेकिन अभी तक उनके पीएफ का पैसा नहीं दिया गया है। ज्ञापन में चेतावनी दी है कि उनकी मांगों को नही पूरा किया तो सफाई मजदूर संघ आंदोलन करेगा। ज्ञापन में मांग की गई है कि सफाई कर्मियों के वेतन से प्रति माह 1800 रुपये की कटौती का 15 हजार 800 रुपये का भुगतान कराया जाए, नगर की बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए 25 सफाई मजदूर ठेका प्रथा के तहत लगाए जाएं, समस्त सफाई कर्मियों की बीमारी में खर्च की गई धनराशि का भुगतान कराया जाए, संविदा सफाई कर्मियों के बढ़े वेतनमान के एरियर का तत्काल भुगतान कराया जाए, सफाई कर्मचारियों को सफाई यंत्र वितरित किए जाएं। इस दौरान ज्ञापन देने वालो में देवेंद्र नागपाल, राजेश कुमार, राकेश दानव, राजकुमार, धर्मेंद्र, प्रेमपाल, नरेश कुमार, जयप्रकाश, देव सिंह, रजनेश कुमार, इंद्र कुमार, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।



हिंदूवादी संगठनों से बात करते नायब तहसीलदार। ● अमृत विचार

### मंदिर परिसर में गंदा पानी भरने से गुस्साए लोग

**किरतपुर, अमृत विचार :** नगर का गंदा पानी मंदिर मोतीचूर के परिसर में भरने से हिंदूवादी संगठनों में रोष व्याप्त हो गया। नायब तहसीलदार सार्थक चावला ने मौके का निरीक्षण कर गंदे पानी की निकासी का निस्तारण कराया। शनिवार को मंदिर मोतीचूर के परिसर में नगर का गंदा पानी भरने से हिंदूवादी संगठन के लोगो में नगर पालिका के प्रति रोष व्याप्त हो गया। भाजपा और अन्य हिंदूवादी संगठनों के योगेंद्र राजपूत, सोनू तोमर, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष कपिल रस्तोगी, दिव्यम अरोड़ा, नवनीत मित्तल, अरुण पुष्पक आदि मंदिर मोती चूर पर एकत्रित हुए। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि नगर के गंदे पानी की निकासी के लिए किसान यूनियन एक माह से धरना दे रही है। लेकिन नगर पालिका गंदे पानी की निकासी का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं करा पाई। इसके चलते नगर का गंदा पानी मंदिर के प्लॉट, नगर की कालोनियों में भर रहा है। सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने तुरंत पालिका टीम को बुलाकर पानी के निकासी की व्यवस्था कराई। इसके बाद हिंदूवादी संगठनों के लोगों का गुस्सा शांत हुआ।

### लापरवाही में दो मुख्य आरक्षी निलंबित

**बिजनौर, अमृत विचार :** एसपी नीरज कुमार जादौन ने नूरपुर क्षेत्र में पीआरवी में तैनात दो मुख्य आरक्षियों पूरन चन्द्र व सुनील कुमार को रूट चार्ट प्वाइंट से हटकर चांगीपुर के पास आश्रम में सोते हुए पाए जाने पर निलंबित कर दिया। मामले की जांच क्षेत्राधिकारी कार्यालय को सौंपी गई है। सात दिन के भीतर जांच कर आख्या प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### अवैध लकड़ी लदी पिकअप समेत एक को पकड़ा

**अफजलगढ़, अमृत विचार :** मुखबिर की सूचना पर कोतवाल राजकुमार सरोज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कटारमाल नवाबपुरा मार्ग स्थित कादराबाद के समीप एक पिकअप में अवैध रूप से भरी ढाक, रोहणी व महुआ की हजारों रुपये की लकड़ी के साथ चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गाड़ी को सीज कर आरोपी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल राजकुमार सरोज ने बताया कि शनिवार देर रात एसएसआई श्रीपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम वाहन चेकिंग कर रही थी। पुलिस ने कटारमाल नवाबपुरा मार्ग पर स्थित कादराबाद के समीप पिकअप को रुकने का इशारा किया। मगर चालक ने गाड़ी लेकर भागने का प्रयास किया। इस पर पुलिस ने वाहन को पकड़ लिया। उसमें ढाक, रोहणी, महुआ की लकड़ी लदी थीं। पूछताछ में चालक ने अपना नाम छिन्दर निवासी गांव चम्पतपुर चकला थाना बढ़ापुर बताया। पुलिस ने गाड़ी को सीज कर आरोपी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आज और कल अयोध्या नहीं जाएंगी रोडवेज बसें

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली रीजन से अयोध्या के लिए शुरू की गई बस सेवा अब दो दिन तक प्रभावित रहेगी। अब बसें सिर्फ लखनऊ तक ही जाएंगी। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की वजह से वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। 23 जनवरी के बाद अयोध्या के लिए बसों का संचालन फिर से शुरू कर दिया जाएगा। बरेली रीजन के बरेली, रुहेलखंड और बदायूं डिपो से दो-दो रोडवेज बसों और पीलीभीत से एक बस को अयोध्या के लिए शुरू किया गया है। क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक चौधरी ने बताया कि अयोध्या जाने वाली बसों को लखनऊ में रोका जाएगा। 23 जनवरी से अयोध्या के लिए बसों का संचालन पूर्ववत हो जाएगा।

# बीएएमएस का पेपर लीक होने की आशंका पर परीक्षा निरस्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएएमएस की शनिवार को हुई परीक्षा को निरस्त कर दिया है। परीक्षा निरस्त करने की वजह पेपर लीक होने की आशंका है। विश्वविद्यालय के पास एक शिकायत पहुंची है, जिसमें एक पर्ची पर लिखे प्रश्न प्रश्नपत्र से मिलते जुलते हैं। अब यह परीक्षा बाद में कराई जाएगी। इसके अलावा गजरोला के एक परीक्षा केंद्र को भी निरस्त कर दिया गया है। इस केंद्र की परीक्षा दूसरे केंद्रों पर होंगी।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने सूचना जारी कि शनिवार को बीएएमएस तृतीय प्रोफेशनल की स्वास्थ्यवृत्त प्रथम की परीक्षा अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है। उक्त परीक्षा की तिथि, पाली और समय अलग से घोषित किया जाएगा। परीक्षा नियंत्रक ने सभी केंद्राध्यक्षों, प्राचार्यों को निर्देश दिए कि परीक्षा निरस्त करते हुए छात्रों से उत्तर पुस्तिकाएं वापस लें। परीक्षा नियंत्रक ने कुलपति प्रो. केपी सिंह के आदेश पर रमबाई अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय गजरौला, अमरोहा के केंद्र को निरस्त कर दिया है। अब इस केंद्र पर हो रही बीएएमएस द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ वर्ष की मुख्य परीक्षा राजकीय संघटक महाविद्यालय हसनपुर अमरोहा में होगी।

राजकीय संघटक कॉलेज के प्राचार्य को निर्देश दिए हैं कि रमाबाई अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय गजरौला से विश्वविद्यालय से प्रेषित गोपनीय सामग्री और अभिलेख प्राप्त कर 23 जनवरी से परीक्षाएं अपने केंद्र पर कराएं।

### एलएलबी-एलएलएम की परीक्षा एक फरवरी से

**बरेली, अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलबी, बीएएलएलबी और एलएलएम विषम सेमेस्टर की परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा 1 फरवरी से शुरू होगी।

एलएलबी के परीक्षा फार्म 22 जनवरी तक ऑनलाइन भरे जाएंगे। जल्द ही परास्नातक विषम सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया जाएगा और इसके फार्म 28 जनवरी तक भरे जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक एलएलबी प्रथम, तृतीय और पंचम सेमेस्टर की परीक्षा 1 से 10 फरवरी, बीएएलएलबी प्रथम, तृतीय, पंचम, सप्तम और नवम सेमेस्टर की परीक्षा 1 से 12 फरवरी, एलएलएम, साइबर लॉ व ह्यूमन राइट्स, प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की 1 फरवरी से 12 फरवरी तक सुबह 8:30 से 11:30 बजे की पाली में होंगी।

# पवलगढ़ का नाम अब सीतावनी कंजर्वेशन

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** धामी सरकार ने श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर पर उत्तराखंड के पवलगढ़ कंजर्वेशन रिज़र्व का नाम बदल कर सीतावनी कंजर्वेशन रिज़र्व रख दिया है।

सीतावनी कंजर्वेशन रिज़र्व में मां सीता का पौराणिक मंदिर और महाऋषि वाल्मीकि आश्रम है, जिसकी देखरेख भारतीय पुरातत्व विभाग करता है और यहां जाने की अनुमति वन विभाग देता है। उत्तराखंड सरकार देश की पहली ऐसी सरकार है, जिसने एक संरक्षित क्षेत्र का नाम मां सीता के नाम पर रखा है। ये जंगल 5824.76 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैला है, जो टाइगर, हाथी, पक्षी व तितलियों के लिए प्रसिद्ध हैं। यहां बड़ी संख्या में पर्यटक और तीर्थ यात्री भी जाते है। इस जंगल को सीतावनी कंजर्वेशन रिजर्व घोषित किए जाने की मांग, राम नगर और आसपास के कई छोटे बच्चो ने पत्र लिख कर मुख्यमंत्री धामी से की थी, जिस पर वन विभाग के अधिकारियों को सीएम ने निर्देशित किया था, जिस पर शनिवार को शासनादेश जारी कर दिया गया।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रभु राम का उत्तराखंड की देव भूमि से संबंध रहा है, इसी क्रम में पवलगढ़ कंजर्वेशन रिज़र्व का नाम बदल कर अब सीतावनी किया गया है। इस बारे में कई बच्चों व स्थानीय लोगों ने पत्र लिख कर अनुरोध भी किया था। उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए सरकार ने ये फैसला लिया है।



मां सीता का पौराणिक मंदिर। ● अमृत विचार

## गणतंत्र दिवस के दिन सपा पदाधिकारी गांवों में करेंगे बैठक

**लखनऊ, अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सपा का पूरा संगठन गांव स्तर पर बैठकें करेगा। इस दिन सभी लोग बैठकर संविधान पर चर्चा करेंगे और जिनके त्याग-बलिदान के फलस्वरूप देश को आजादी मिली उनका स्मरण करेंगे।

पार्टी मुख्यालय में सपा प्रमुख शनिवार को पूर्व विधायकों, सांसदों, प्रत्याशियों की बैठक के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 23 जनवरी को मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। जिन सपा समर्थक मतदाताओं के नाम जान बूझकर काटे गए हैं या छूट गए हैं उनको पुनः मतदाता सूची में जुड़वाने का काम पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता करेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में जिनके वोटर लिस्ट में नाम थे और उन्होंने वोट भी दिया था। उनमें से बड़ी संख्या में 2022 के विधानसभा चुनाव में नाम गायब मिले थे।

# बुलंदशहर और मेरठ के लिए कई बड़ी परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे मोदी

## 25 को प्रधानमंत्री आएंगे बुलंदशहर, जनसभा को भी करेंगे संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 जनवरी को बुलंदशहर व मेरठ मंडल के लिए कई बड़ी परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। साथ ही, बुलंदशहर में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस मौके पर कल्याण सिंह मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बुलंदशहर पहुंचकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और तैयारियों को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

प्रधानमंत्री के प्रस्तावित बुलंदशहर दौरे को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री ने यहां पुलिस शूटिंग रेंज ग्राउंड स्थित पीएम के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित जनसभा स्थल पर की जा रही तैयारियों के लिए जनप्रतिनिधियों, संगठन कार्यकर्ताओं व अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि जनसभा में प्रतिभाग करने वाली जनता को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। इसके लिए गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था की जाय। बैठक में उपस्थित मंडल के अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों को शीघ पूरा कराया जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद 25 जनवरी को प्रधानमंत्री एक बार फिर प्रदेश में होंगे। उन्होंने बताया कि लोकार्पित होने वाली परियोजनाओं में बाबूजी कल्याण सिंह के नाम पर मेडिकल कॉलेज, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के एक सेक्शन का लोकार्पण, अलीगढ़ से कन्नौज के बीच फोरलेन हाइवे सहित विभिन्न प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री यहां कार्यकर्ताओं के साथ संवाद भी करेंगे।



शनिवार को बुलंदशहर में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

▸▸ **कल्याण सिंह मेडिकल कॉलेज का होगा लोकार्पण**

### मुख्यमंत्री ने की श्रमिकों के बच्चों से संवाद

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर कार्य करने वाले निर्माण श्रमिकों के बच्चों से मुलाकात कर उनसे संवाद किया और एक बच्चे से दो का पहाड़ा भी सुना। उन्होंने बच्चे को टाफी देकर उसका हौंसला भी बढ़ाया। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रदेश के प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद मौजूद रहे।

## तीन वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को केंद्रीय नियुक्ति मिली

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के 2007 बैच के कमिश्नर रैंक के तीन वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को केंद्रीय नियुक्ति के लिए हरी झंडी मिल गई है। भविष्य में इन आईएएस अधिकारियों को विभाग की पोस्टिंग भी दे दी जाएगी। इससे पहले केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में अच्छा प्रदर्शन कर चुके वर्तमान मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने केंद्र सरकार में सचिव नगर विकास और आवास विभाग रहते हुए केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण परियोजनाओं को अमली जामा पहनाया था। केन्द्र जा रहे नए अधिकारियों से भी उम्मीद है कि वह उत्तर प्रदेश की छवि को ब्यूरोक्रेसी में और अधिक सुधार देंगे। दरअसल, 2007 बैच के आईएएस अधिकारी और वर्तमान में गन्ना आयुक्त प्रभु एन सिंह ने कोरोना के समय आगरा का जिलाधिकारी रहते हुए शानदार काम किया था। झांसी के मंडलायुक्त डॉ. आदर्श सिंह और पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम की एमडी चैत्रा वी को केंद्र की प्रतिनियुक्ति में भेजा जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### औपचारिकताएं पूरी करने मात्र से मान्यता प्राप्त नहीं होती

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मान्यता संबंधी एक मामले में कहा कि केवल मान्यता के लिए औपचारिकताएं पूरी करना ही यह मानने के लिए पर्याप्त नहीं होगा कि संस्थान को मान्यता प्राप्त है। मान्यता की प्रक्रिया के लिए कुछ औपचारिकताओं की आवश्यकता होती है, जैसे संस्थान का निरीक्षण आदि। उनकी पूर्ति हो जाने मात्र से संस्थान यह दावा नहीं कर सकता है कि उसे मान्यता प्राप्त हो चुकी है। मौजूदा मामले में किसी भी ऐसे दस्तावेज को रिकॉर्ड पर नहीं रखा गया है, जिससे यह सिद्ध हो कि संदर्भित संस्थान को कानून के प्रावधानों के तहत मान्यता दी गई है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने रविंद्र प्रताप यादव और छह अन्य की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है। मालूम हो कि पत्राचार बीटीसी पाठ्यक्रम एक मान्यता प्राप्त और नियमित संस्थान से होना चाहिए, जबकि वर्तमान मामले में याचियों ने राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद अधिनियम, 1993 की धारा 14(1) के तहत संचालित महर्षि भारद्वाज अखिल भारतीय राष्ट्रभाषा विज्ञान शिक्षा संस्थान, शाहजहाँपुर से शिक्षा विज्ञान भूषण का पत्राचार पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया है, जो मान्यता प्राप्त संस्थान नहीं है और रिकॉर्ड पर ऐसी कोई सामग्री भी नहीं लाई गई, जिससे यह सिद्ध होता हो कि शिक्षा विज्ञान भूषण की डिग्री "बीटीसी" डिग्री के बराबर है, इसलिए उक्त गैर-मान्यता प्राप्त संस्थान से याची की पत्राचार पाठ्यक्रम के माध्यम से शिक्षा विज्ञान भूषण की डिग्री को बीटीसी पाठ्यक्रम के रूप में मान्यता देने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

### 22 के बाद दर्शन करने का अनुरोध करें: डीजीपी

**लखनऊ, अमृत विचार :** पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने पुलिस अफसरों ने कहा है कि अयोध्या में पहले से बड़ी संख्या में दर्शनार्थी धार्मिक स्थल, आश्रम और धर्मशालाओं में ठहरे हुए हैं। ऐसे में उनके प्रबंधक से अनुरोध कर लें कि सभी लोग एक साथ दर्शन को न जाएं। उन्हें 22 के बाद क्रमवार दर्शन कराया जाए। वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम सुरक्षा इंतजाम को लेकर दिए दिशा-निर्देश डीजीपी ने कहा है कि भारत-नेपाल सीमा, राज्य सीमा, अयोध्या और सीमावर्ती जनपदों की सीमाओं पर कड़ी जांच-पड़ताल की जाए, लेकिन इस दौरान आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ती वाले वाहनों को न रोकें। उन्होंने अयोध्या धाम में आने वाले वीआईपी और श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त पार्किंग और यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है। इस मौके पर डीजी कानून-व्यवस्था, एडीजी रेलवे, एडीजी क्राइम और अन्य पुलिस अफसर मौजूद थे।

### भड़काऊ बयान को लेकर एडवाइजरी जारी

**लखनऊ, अमृत विचार :** अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर असत्यापित, भड़काऊ और फर्जी संदेशों के प्रसार को रोकने के लिए केंद्र सरकार ने शनिवार को एडवाइजरी जारी की। केंद्र सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने समाचार पत्रों, टीवी चैनलों, डिजिटल समाचार प्रकाशकों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को सलाह दी है कि ऐसी किसी भी सामग्री को प्रकाशित या प्रसारित करने से बचें जो झूठी हो या जिसमें हेरफेर किया जा सकता हो या सांप्रदायिक सद्भाव या सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ने की क्षमता रखती है।

### अब्दुल गफ्फार खान की पुण्यतिथि मनाई गई

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी खान अब्दुल गफ्फार खान की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि अब्दुल गफ्फार खान एक राजनीतिक और आध्यात्मिक नेता थे जो अपने अहिंसक विरोध और आजीवन शांतिवाद के लिए जाने जाते थे। वह उपमहाद्वीप में हिंदू-मुस्लिम एकता के समर्थक थे। उनकी समान विचारधाराओं और महात्मा गांधी के साथ घनिष्ठ मित्रता के कारण अब्दुल गफ्फार खान को सरहदी गांधी ' 'फ्रंटियर टियर गांधी'' उपनाम दिया गया था। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से प्रभाकर मिश्रा. अनस रहमान. विजय पांडेय आदि नेता शामिल रहे।

# अखिलेश ने नहीं किया कांग्रेस को सीटें देने का खुलासा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पहले विपक्ष के इंडिया गठबंधन में आम सहमति की राह आसान होती नजर आ रही है। सपा और रालोद के बीच सीटों पर हुए समझौते के साथ उत्तर प्रदेश से इसकी शुरुआत हो गई है। हालांकि, इंडिया गठबंधन की दूसरी सहयोगी पार्टी कांग्रेस और सपा में सीट बंटवारे का पेच अभी भी फंसा है। इस पर शनिवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि सवाल सीट का नहीं है सवाल जीत का है, जीत के आधार पर हम सब मिलकर निर्णय लेंगे।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में कहा कि हमारी और आरएलडी के जयंत चौधरी से बात अच्छी हुई है। हम दोनों ने मिलकर 7 सीटों पर चर्चा की है। वहीं कांग्रेस पर उठे एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के साथ भी गठबंधन की बात हो रही है। कई बैठके दिल्ली में हो चुकी हैं, बहुत जल्द और बैठक होगी और उसका भी रास्ता निकाल लिया जाएगा।

### नई वोटर लिस्ट देख कर करेंगे अपील



अखिलेश ने कहा कि मुझे एक सूची मिली थी, जो प्रमाण है कि जिनके 2019 में वोटर लिस्ट में नाम थे और वोट भी डाला था 2022 में ऐसे 18 हजार वोट डिलीट कर दिए गए थे। इसको लेकर एफिडेविट देकर चुनाव आयोग से शिकायत की गई थी। अखिलेश ने आगे कहा कि 23 को जब नई वोटर लिस्ट आ जाएगी तो हमारी अपील है संगठन के सभी लोग, सभी वरिष्ठ नेता मिलकर उस वोटर लिस्ट में सपा के वोटर जो छूट गए या काटे गए उन सबको शामिल करेंगे।

## अपना दल एस के जिला उपाध्यक्ष ने खुद को मारी गोली, मौत

**अयोध्या, अमृत विचार :** बीमारी से परेशान नगर पंचायत कुमारगंज निवासी अपना दल (एस) पार्टी के जिला उपाध्यक्ष ने अपने ही घर में खुद को गोली मार ली। परिजनों ने तत्काल उनको सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उनको मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जाँच-पड़ताल में जुटी है। बताया गया कि कुमारगंज थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 7 निवासी जिला उपाध्यक्ष 40 वर्षीय वर्षीय रवि शंकर मिश्र उर्फ पिंटू पुत्र राम प्रकाश मिश्र सुबह किसी काम से घर से बाहर गए थे, दोपहर बाद लगभग 3 बजे घर वापस लौटे और किसी से कोई बातचीत नहीं की तथा अपने कमरे में चले गए और खुद को गोली मार ली। फायरिंग की आवाज के परिजनों को मामले की जानकारी हुई तो उनको अस्पताल भेजवाया गया। वह लंबे समय से पेट की बीमारी से पीड़ित थे।

# चुनावी स्वार्थ के लिए हो रहा है धर्म का राजनीतिकरण : मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **उप्र व उत्तराखंड पदाधिकारियों के साथ बैठक में लोकसभा चुनावों में जुटने के दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि राजनीति के अपराधीकरण की तरह वर्तमान में चुनावी स्वार्थ के लिए धर्म का राजनीतिकरण हो रहा है, जिससे देश व जनहित प्रभावित हो रहा है। दूसरी तरफ सरकारों द्वारा अपार धन खर्च कर मीडिया में जनकल्याण के बड़े-बड़े जो दावे किए जा रहे हैं, वे जमीनी हकीकत से बहुत दूर हैं। इसलिए देश निर्माण में बसपा की विशेष जिम्मेदारी है।



मायावती शनिवार को पार्टी कार्यालय में उप्र. व उत्तराखंड के वरिष्ठ पदाधिकारियों व जिला अध्यक्षों की बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने निर्देशों के अनुपालन में संगठन द्वारा की जा रही लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा भी की और पदाधिकारियों से कहा कि बदलते चुनावी हालात व राजनीतिक समीकरणों को देखते हुए चुनाव की तैयारी करें। पुनः स्पष्ट किया कि पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी, क्योंकि बार-बार धोखा खाना होशियारी नहीं है।

बसपा प्रमुख ने कहा कि देश में जबदस्त महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी आदि से दुखी व पीड़ित देश के लगभग 81 करोड़ से अधिक लोग जीने के लिए सरकारी अन्न के मोहताज हैं, इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चुनाव में बेहतर परिणाम और जनहित की मजबूत सरकार बनाने के लिए पार्टी को पूरी गंभीरता के साथ अच्छे व मजबूत उम्मीदवारों को चुनने की जिम्मेदारी है। मायावती ने कहा कि अगर सरकारें संवैधानिक धर्म निभाने के बजाय अपने-अपने वोट बैंक की चिंता में डूबी रहेंगी तो देशहित कैसे संभव है। आंकड़ों से स्पष्ट है कि देश में पूंजीपतियों की पूंजी लगातार बढ़ रही है, किंतु न तो राष्ट्रीय संपत्ति का विकास हो रहा है और न ही जनता खुश व खुशहाल हो पा रही है। ऐसे में बसपा ही ऐसी ही पार्टी है, जो संवैधानिक आदर्शों व मूल्यों के आधार पर चलने वाली धर्मनिरपेक्ष पार्टी है।

## वर्ग पहेली-319

**बाएं से दाएं**

4. 1. रमणीय, सुंदर, मनोहर 2. मोहक, प्रिय 3. सुखद, रुचिकर।

6. 1. शरीर या मन की स्थिति, मिज़ाज 2. चित्त, मन, जी, हृदय 3. स्वास्थ्य, सेहत 4. मनोवृत्ति, भावना, करवाचौथ

8. 1. रहने की क्रिया, भाव या ढंग 2. सुख एवं शांतिपूर्वक रहने की अवस्था या भाव 3. आराम, सुख, चैन।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. एक फली जो सब्ज़ी या अचार बनाने के काम आती है, लोबिया 2. अजगर।

2. 1. जो वंचित किया गया हो, अलग किया गया, रहित 2. छला गया, ठगा गया।

3. नामवाला, ख्यातिप्राप्त, सुप्रसिद्ध, नामवर।

5. विश्वास, भरोसा।

7. 1. किसी को छल से किसी मंडली




### वर्ग पहेली - 318 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ज | | 2 दु | कू | ल |
| | मो | | वि | | |
| 3 यु | ग | वि | धा | यी | |
| | | | ही | | |
| | 4 ल | ख | न | 5 वी | |
| | ड़ | | | थी | |
| 6 वि | ना | य | क | | |

# अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रूट डायवर्जन तैयार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आज से 23 जनवरी तक कानपुर, सीतापुर और हरदोई रोड की ओर जाना है तो वैकल्पिक मार्गों का चयन करें। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर यातायात व्यवस्था में व्यापक फेरबदल किया गया है। डीसीपी ट्रैफिक हृदयेश कुमार ने बताया शहर के कई प्रमुख मार्गों पर आवाजाही करने वाले छोटे-बड़े वाहन चालकों की सुविधा के लिए खाका खींचा गया है। यातायात डायवर्जन का रूट चार्ट तैयार कर लिया गया है। लोगों को किसी भी तरह की अव्यवस्था न होने पाए इसके लिए एक कंट्रोल रूम बनाया गया है।

**बना कंट्रोल रूम :** यातायात संबंधित समस्या होने पर ट्रैफिक कंट्रोल रूम नंबर 9454405155 पर संपर्क कर मदद ले सकते हैं।




▸▸ **23 तक कानपुर, सीतापुर, हरदोई जाना है तो वैकल्पिक मार्गों का करें चयन**

**सीतापुर रोड से आने वाले भारी वाहन :** ▸▸ सीतापुर की तरफ से गोंडा, मनिकापुर, बस्ती की तरफ जाने वाली रोडवेज व निजी बसें, बड़े और भारी वाहन सीतापुर, इंटौंजा, कुमरावां, कुर्सी, देवा, बाराबंकी, रामनगर, करनैलगंज होते हुए जा सकेंगे।

▸▸ सीतापुर रोड की तरफ से आने वाली बसें, बड़े और भारी वाहन बाराबंकी से होकर अयोध्या नहीं जा सकेंगे। इन वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग भिठौली तिराहा, इंजीनियरिंग कालेज चौराहा, टेढ़ी पुलिया चौराहा, कुर्सी रोड वाया बेहटा चौराहा, किसान पथ होकर सुलतान पुर रोड से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे निर्धारित किया गया है।

**कानपुर रोड से आने वाले भारी वाहनों के लिए यह बदलाव**

▸▸ कानपुर से अंबेडकरनगर, बस्ती, संत कबीर नगर जाने वाली रोडवेज और निजी बसें, बड़े और भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग कानपुर, फतेहपुर, लालगंज, बछरांवा, हैदरगढ़, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे निर्धारित किया गया है।

▸▸ कानपुर से अंबेडकरनगर, बस्ती, संत कबीर नगर जाने वाली रोडवेज और प्राइवेट बसें, बड़े व भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग कानपुर, उन्नाव (ललऊ खेड़ा), हैदरगढ़, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे निर्धारित किया गया है।

▸▸ कानपुर की तरफ से आने वाली सभी बसें, बड़े और भारी वाहन बाराबंकी होकर अयोध्या नहीं जा सकेंगे। इन वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग जुनाब गंज मोड़, मोहनलाल गंज कस्बा तिराहा से दाहिने बछरावां होकर हैदर गढ़ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे तय किया गया है।

### आगरा एक्सप्रेस-वे पर यह किया बदलाव

▸▸ आगरा एक्सप्रेस वे से अम्बेडकरनगर, बस्ती, संत कबीर नगर जाने वाली बसें, बड़े व भारी वाहन आगरा एक्सप्रेस-वे से उतरकर मोहान रोड होकर मोहान, कटीबगिया, जुनाब गंज तिराहा से बांए मोहनलाल गंज कस्बा चौराहा से दाहिने बछरावां, हैदरगढ़, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से आवाजाही करेंगे।

### हरदोई रोड पर आवागमन में यह बदलाव

▸▸ हरदोई से बस्ती, संत कबीर नगर जाने वाली सभी बसें, बड़े और भारी वाहन हरदोई से मलिहाबाद, इंटौंजा, कुमरावां, कुर्सी, देवा, बाराबंकी, रामनगर, करनैलगंज होकर आवाजाही करेंगे।

▸▸ हरदोई से बस्ती, संत कबीर नगर जाने वाली सभी बसें, बड़े व भारी वाहन हरदोई से दुबग्गा तिराहा, भिठौली तिराहा, इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा, टेढ़ी पुलिया चौराहा, गुड़म्बा, कुर्सी रोड होकर बेहटा चौराहा अंडरपास, किसान पथ, सुलतान पुर रोड से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से निकलेंगे।

## सुडोकू-36

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 7 | | 4 | | 1 |
| 3 | | | | 6 | 5 | 7 | | |
| | 7 | | 4 | | | | 8 | |
| 6 | | | 7 | | 3 | | | 8 |
| | 1 | | | | | | 9 | |
| 5 | | | 1 | | 8 | | | 2 |
| | 9 | | | | 4 | | 7 | |
| | | 3 | 2 | 8 | | | | 4 |
| 8 | | 4 | | 1 | | | 3 | |

### सुडोकू - 35 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 3 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 | 5 | 2 |
| 6 | 2 | 4 | 5 | 8 | 9 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 9 | 1 | 3 | 8 | 6 | 4 |
| 4 | 6 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 1 | 3 |
| 8 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 | 2 | 9 |
| 3 | 7 | 2 | 1 | 9 | 8 | 6 | 4 | 5 |
| 9 | 4 | 6 | 7 | 5 | 2 | 1 | 3 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 जनवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 19.26 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**मेष** – आज व्यापार में नए लोगों से थोड़ा संभल कर सौदे करें। यदि कोई स्वास्थ्य समस्या है तो चिकित्सक से परामर्श ले लें। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। अपने काम से संतुष्ट नहीं रहेंगे। मित्रों पर ज्यादा विश्वास न करें।

**वृष** – आज कमीशन आदि से धन लाभ मिलने की संभावना बन रही है। अचल संपत्ति के झगड़ों का निवारण होगा। कलात्मक विधाओं में आपकी रुचि बढ़ेगी। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। बड़ा काम करने का विचार बनेगा।

**मिथुन** – आज गुप्त शत्रु आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास करेंगे। दिखावे अथवा आडंबर से आपकी छवि खराब हो सकती है। कुछ महत्वपूर्ण कार्य अटक सकते हैं। यात्राओं के दौरान सावधानी रखें। बुरे लोगों की संगत के कारण धन हानि हो सकती है।

**कर्क** – आज व्यापार में आपकी आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। मित्रों के साथ किसी महत्वपूर्ण कार्य की चर्चा कर सकते हैं। नया काम शुरू करने के लिए दिन बेहद अनुकूल है। आप अपने शौक़ों को पूरा करने में लगे रहेंगे। संतान के आज्ञाकारी व्यवहार से प्रसन्नता होगी।

**सिंह** – आज पुराने कर्जों से छुटकारा मिल सकता है। आपकी कार्यक्षमता में बढ़ोतरी होगी। अटके हुए कार्यों को आप दोबारा शुरू कर सकते हैं। कारोबार में तरक्की होगी। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। आपकी प्रबंधन क्षमता की प्रशंसा होगी।

**कन्या** – आज प्राइवेट जॉब कर रहे लोग नई जॉब के लिए इंटरव्यू दे सकते हैं। परिवार के सदस्यों का ध्यान रखें। भावनात्मक रूप से थोड़े कमजोर रहेंगे। आप अपने काम से बोरियत महसूस करेंगे। व्यापार में दोगुने की वृद्धि होगी।

**तुला** – आज जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। मानसिक तनाव से बचने के लिए योग करें। सोच-विचार में ज्यादा समय बर्बाद न करें। आपके कार्यों की लोग सराहना करेंगे। व्यवसाय को लेकर परेशानी हो सकती है।

**वृश्चिक** – आज समय आपके लिए काफी अनुकूल रहेगा। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। जॉब में आपको पुरस्कार मिल सकता है। नव विवाहित लोग कहीं घूमने जा सकते हैं। मन में नए विचार उत्पन्न होंगे। लोग आपसे काफी अपेक्षा रहेंगे।

**धनु** – आज भविष्य को लेकर योजना बनाएंगे। आपके सामाजिक यश में वृद्धि होगी। मेहनत का उत्तम लाभ मिलेगा। सिर में थोड़ा भारीपन हो सकता है। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी। विदेश में करियर को लेकर उत्तम अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

**मकर** – आज का दिन आपके लिए काफी विशेष रहेगा। आयात-निर्यात से बड़ा धन लाभ हो सकता है। दूसरों के सामने अपने हितों को अनदेखा न करें। युवा प्रेमियों को कुछ सरप्राइज प्राप्त होगा। व्यापार में कुछ तकनीकी समस्या हो सकती है।

**कुंभ** – आज रियल एस्टेट से जुड़े लोगों किसी भी सौदे से पहले पूरी जांच-परख कर लें। यात्रा के दौरान थकान हो सकती है। सुनी-सुनाई बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। अनावश्यक कार्यों को ज्यादा समय देने के कारण आवश्यक कार्य छूट सकते हैं।

**मीन** – आज दिन के उत्तरार्ध भाग में रुका हुआ सरकारी काम बन सकता है। परिस्थितियां आपके लिए काफी अनुकूल हैं। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। अपनी प्रतिभा से लोगों को प्रभावित कर सकते हैं।

## आज का पंचांग




**त्योहार/व्रत/दिवस**–एकादशी व्रत। **मुहूर्त**–अभिजित-11.56-12.39 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-16.13-16.56 तक। **दिशाशूल**–पश्चिम। **ऋतु**–शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-रोहिणी 22 जनवरी 03.52 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | फतेह | सुबह : 11.00 |
| B4U Movies | सपूत | रात : 07.00 |
| Sony Max | पीके | सुबह : 10.19 |
| Sony Max | कबीर सिंह | रात : 10.12 |
| Sony Pix | एनाकोंडास | सुबह : 10.17 |
| Sony Pix | मॉन्स्टर हंटर | रात : 09.00 |
| Zee Cinema | ए फ्लाइंग जट | सुबह : 10.30 |
| Zee Cinema | चुप | रात : 07.30 |
| Colors Cineplex | जब वी मेट | सुबह : 09.22 |
| Colors Cineplex | देवदास | रात : 09.32 |

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर रात-10.12 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

छोरा- तू वाट्सऐप पर है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो मेरे घर हूं।
छोरा- मेरा मतलब है, वाट्सऐप यूज करती है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो गोरी होने के लिए क्रीम यूज करती हूं।
छोरा- मेरी मां वाट्सऐप चलाना आता है क्या?
छोरी- तू चला लेना मैं पीछे बैठ जाऊंगी।

पत्नी-मैं रोज पूजा करती हूं, काश एक दिन भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति- एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले, फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तुझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

## मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक -1000, फ्लैग-1200, डीएमओ -9000, बोल्ड-1700

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1880, राज श्री 1410, फ़ॉर्चून कि. 1750, रविन्द्रा 1790, फॉर्चुन ली0 1610, जय जवान 1450, सचिन 1435, सूरज 1475, अवसर 1485, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1595, चक्र टिन 1695, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1695, स्वास्तिक 1850 । किराना- ( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800 ।चावल - ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4400, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350 ।दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10500, मूंग धोवा काला क्राउन 10500, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9650-10400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल) उड़द दिल्ली 11800, उड़द साबुत दिल्ली 11600, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11000-11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7100, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14400, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 10900, अरहर पटका मोटा 11400, अरहर कोरा मोटा 11600, अरहर पटका छोटा 13600-14000, अरहर कोरी छोटी 15200 । चीनी - डालमियां 4070, पीलीभीत 4030, नवाबगंज 4010 (नयी), बहेड़ी 4030 ।

# यूनियन बैंक का लाभ दिसंबर तिमाही में 60 प्रतिशत बढ़ा

## कोटक महिंद्रा, जेएंडके बैंक आईसीआईसीआई बैंकों को भी फायदा

नई दिल्ली, एजेंसीं

सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) में 60 प्रतिशत उछाल के साथ 3,590 करोड़ रुपये हो गया। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 2,249 करोड़ रुपये रहा था। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसकी कुल आमदनी समीक्षाधीन तिमाही में 29,137 करोड़ रुपये रही, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 24,154 करोड़ रुपये थी। बैंक



ने बताया की आलोच्य तिमाही में उसकी ब्याज आय 25,363 करोड़ रुपये रही, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 20,883 करोड़ रुपये थी।

वहीं निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक ने दिसंबर 2023 में समाप्त तिमाही में 3005 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 2792 करोड़ रुपये की तुलना में 8 प्रतिशत अधिक है।

### आईसीआईसीआई बैंक का मुनाफा बढ़ा 23.5 प्रतिशत

मुंबई। निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक आईसीआईसीआई बैंक ने चालू वित्तीय वर्ष में अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 10272 करोड़ रुपए का एकल शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही के 8312 करोड़ रुपए की तुलना में 23.5 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने आज यहां जारी वित्तीय लेखा जोखा में कहा कि शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) दिसंबर तिमाही में 13.4 प्रतिशत बढ़कर 18,678 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 16,465 करोड़ रुपए थी।

## गृह ऋण पर मूलधन ब्याज पर कर छूट सीमा बढ़ाए सरकार

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट नियामक क्रेडाई ने आवासीय संपत्तियों की मांग को बढ़ावा देने के लिए बजट से पहले सरकार से आवास ऋण पर मूल राशि के साथ-साथ ब्याज भुगतान पर कर छूट सीमा बढ़ाने का आग्रह किया है। कंफेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) ने किफायती आवास की परिभाषा में बदलाव करने की भी मांग की है। क्रेडाई ने आवास ऋण के मूलधन के पुनर्भुगतान के लिए धारा 80 सी के तहत कटौती की मौजूदा सीमा 1.5 लाख रुपये से बढ़ाने की मांग की है। वैकल्पिक रूप से यह सुझाव दिया गया कि आवास ऋण के मूल पुनर्भुगतान के लिए कटौती को एक अलग या एकल छूट के लिए माना जाना चाहिए। इसके अलावा, क्रेडाई ने कहा कि किफायती आवास की परिभाषा 2017 में दी गई थी।

# ईपीएफओ ने नवंबर में 13.95 लाख सदस्य जोड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ ने शनिवार को ताजा पेरोल आंकड़े जारी कर बताया कि उनसे नवंबर 2023 में शुद्ध रूप से 13.95 लाख सदस्य जोड़े। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बीते वित्त वर्ष के मुकाबले चालू वित्त वर्ष में सदस्यों की कुल शुद्ध वृद्धि अधिक बनी हुई है।

ईपीएफओ (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) के अनंतिम पेरोल आंकड़ों के मुताबिक निकाय ने नवंबर में शुद्ध रूप से 13.95 लाख सदस्य जोड़े। आंकड़ों से पता चलता है कि समीक्षाधीन महीने के दौरान लगभग 7.36 लाख नए सदस्य नामांकित हुए। इस दौरान जोड़े गए कुल नए सदस्यों में 18-25 आयु वर्ग ही हिस्सेदारी 57.30 प्रतिशत है।

» सबसे अधिक सदस्य महाराष्ट्र तमिलनाडु, कर्नाटक, हरियाणा और दिल्ली से हुए शामिल




इससे पता चलता है कि देश के संगठित क्षेत्र के कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश सदस्य युवा हैं। आंकड़ों के मुताबिक समीक्षाधीन महीने में ईपीएफओ की योजनाओं से बाहर चले गए लगभग 10.67 लाख सदस्य वापस आ गए। सबसे अधिक सदस्य महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, हरियाणा और दिल्ली से शामिल हुए।

## अमेरिका और चीन के अधिकारियों में वित्तीय मुद्दों पर बैठक

**बैंकॉक।** अमेरिका और चीन के बीच वित्तीय मुद्दों पर सहयोग के लिए स्थापित एक कार्य समूह की तीसरी बैठक संपन्न हो गई। दोनों देशों ने तनाव कम करने के लिए पिछले साल नवंबर में इस कार्य समूह का गठन किया था। अमेरिकी वित्त विभाग के अधिकारियों ने वित्तीय स्थिरता से लेकर धन शोधन से निपटने जैसे मुद्दों पर चर्चा करने के लिए पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना के समकक्षों से मुलाकात की। वित्त विभाग ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने चीन के उप प्रधानमंत्री हे लिफेंग से भी मुलाकात की। कार्य समूह ने यह भी संकेत दिया कि अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन भविष्य में किसी समय चीन की यात्रा करेंगी।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चाँदी 999 (प्रति किलो) | 73100 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 82500 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 87500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64000 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 47700-47900 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 63,900 |
| सोना रवा | 63,750 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 73,300 |
| चांदी (999) | 73,200 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 63600 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 62600 |
| सिल्वर ( पक्की) | 725 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,850 |
| चांदी आभूषण | 73,200 |

## मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव: दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर :118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द :110 से 120 रुपये मूंग धोआ :104 -106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत :100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये।

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)

| लोकल | मिल डिलीवरी |
|---|---|
| गेहूँदड़ा | 2525-2550 |
| आर. आर.21 | 2700-2750 |

# सरकार ने सेल, एनएमडीसी के तीन निदेशक किए निलंबित

नई दिल्ली, एजेंसी

» कंपनी ने कहा-आचार संहिता के उल्लंघन में 26 अन्य अधिकारियों पर भी कार्रवाई

इस्पात मंत्रालय ने कदाचार के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी सेल के दो बोर्ड स्तर के अधिकारियों और लौह अयस्क कंपनी एनएमडीसी के एक निदेशक को निलंबित कर दिया है। सेल ने शेयर बाजार को बताया कि उसने आचार संहिता के उल्लंघन के लिए 26 अन्य अधिकारियों को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

कंपनी ने कहा कि इस्पात मंत्रालय ने 19 जनवरी, 2024 के अपने पत्रों के जरिए भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड के आचरण, अनुशासन और अपील नियम, 1977 के नियम 20 के उप-नियम (1) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए वीएस चक्रवर्ती, निदेशक (वाणिज्यिक) और एके तुलसियानी, निदेशक (वित्त) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस्पात मंत्रालय के एक अन्य उपक्रम एनएमडीसी ने भी कहा कि उसके बोर्ड स्तर के अधिकारी वी सुरेश को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मामला लोकपाल के निर्देशानुसार की जा रही कुछ जांचों से संबंधित है।

## मेगाथर्म इंडक्शन का आईपीओ 25 को खुलेगा

**नई दिल्ली।** मशीनरी विनिर्माता मेगाथर्म इंडक्शन का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 25 जनवरी को खुलेगा। कंपनी ने इसके लिए मूल्य दायरा 100-108 रुपये प्रति शेयर तय किया है। मेगाथर्म इंडक्शन का आईपीओ 30 जनवरी को बंद होगा। कंपनी ने बयान में कहा कि आईपीओ में पूरी तरह 49.92 लाख नए शेयरों की बिक्री की जाएगी। कंपनी ने बताया कि ऊपरी मूल्य दायरे से कंपनी का लक्ष्य लगभग 53.91 करोड़ रुपये जुटाने का है। मेगाथर्म इंडक्शन मेगाथर्म इलेक्ट्रॉनिक्स की अनुषंगी कंपनी है।

# डीएमआई ने जेस्टमनी का किया अधिग्रहण

अहमदाबाद, एजेंसी

डीएमआई समूह ने जेस्टमनी प्लेटफार्म के अधिग्रहण की घोषणा की है। डीएमआई के सह संस्थापक एवं संयुक्त प्रबंध निदेशक शिवाशीष चटर्जी की ओर से शनिवार को यहां जारी बयान में कहा है कि जेस्ट मनी भारत में चेकआउट फाइनेंसिंग की अग्रणी प्रदाता रही है। हम सदैव आपसी संबंधों एवं अनुभव के जरिये अपने ग्राहकों और मर्चेंट को उत्कृष्ट साल्यूशन प्रदान करते रहे हैं। हम बीते आठ साल से अधिक समय से जेस्टमनी के साथ विभिन्न क्षमताओं में सहभागी बने हैं। हमारा दृढ़ विश्वास है कि यह अधिग्रहण भारत में डिजिटल वित्तीय समावेशन को ऊंचाई पर ले जाने की हमारी यात्रा का एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

डीएमआई की एनबीएफसी शाखा डीएमआई फाइनेंस जेस्ट प्लेटफार्म पर पसंदीदा ऋणदाता होगी। इस अधिग्रहण के बाद डीएमआई के पास सभी जेस्ट ब्रांडो के उपयोग का विशिष्ट अधिकार होगा। यह अधिग्रहण जेस्टमनी चेकआउट फाइनेंसिंग प्लेटफार्म को अपने उत्पादों के साथ जोड़ते हुए डीएमआई को वर्तमान एवं संभावित ग्राहकों के साथ संबंधों में विस्तार में सक्षम बनाएगी।



## एक नजर

### पंजाब : सीमा के पास हथियार गोला-बारूद बरामद

**चंडीगढ़।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के फिरोजपुर जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास एक खेत से एके-47 राइफल, दो मैगजीन और 40 कारतूस बरामद किए हैं। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। दरअसल बीएसएफ ने 18 और 19 जनवरी की दरमियानी रात एक ड्रोन देखा और इसके बाद उसने शुक्रवार को तलाश अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान उसे क्षेत्र से हथियार और गोला बारूद मिले। प्रवक्ता ने बताया कि अभियान में एक सफेद रंग की बोरी में रखा एक बड़ा पैकेट बरामद हुआ जिसमें हथियार और गोला-बारूद के अलावा 40,000 रुपये नकद थे। अधिकारी ने बताया कि बीएसएफ के जवानों ने सीमा पार से आतंक फैलाने के नापाक इरादों को सफलतापूर्वक विफल कर दिया।

### त्रिपुरा और अयोध्या के बीच तीन विशेष ट्रेन चलेंगी

**अगरतला।** रेलवे ने त्रिपुरा को तीन विशेष ट्रेन आवंटित की हैं, जिसके जरिए लोग अयोध्या के राम मंदिर में पूजा करने के लिए उत्तर प्रदेश जा सकेंगे। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के एक नेता ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री माणिक साहा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को अगरतला से अयोध्या तक विशेष ट्रेन उपलब्ध कराने के लिए एक पत्र लिखा था, जिसके बाद पूर्वोत्तर राज्य को यह तीन विशेष ट्रेन उपलब्ध कराई गईं। भाजयुमो की त्रिपुरा इकाई के महासचिव राणा घोष ने बताया कि रेलवे ने राज्य के राम भक्तों को अयोध्या जाने और भगवान राम की पूजा करने के लिए तीन विशेष ट्रेन आवंटित की हैं। ये ट्रेन 31 जनवरी, 21 फरवरी और 27 फरवरी को राज्य से अयोध्या के लिए रवाना होंगी।

### मध्य प्रदेश : जल क्रीड़ा अकादमी में आग, पांच नाव जलकर राख

**भोपाल।** भोपाल में राज्य सरकार द्वारा संचालित जल क्रीड़ा अकादमी में शनिवार को आग लगने से कम से कम पांच नाव जलकर खाक हो गईं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि जहांगीराबाद पुलिस थाना क्षेत्र में स्थित अकादमी में लगी आग में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। भोपाल नगर निगम के अग्निशमन अधिकारी रामेश्वर नील ने को बताया कि आग नियंत्रण कक्ष को दोपहर के आसपास सूचित किया गया और 15 मिनट में आग पर काबू पा लिया गया।

### आप ने पंजाब के लिए लोस चुनाव के उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर पंजाब में लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा करने के वास्ते शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं की बैठक बुलायी गयी। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल के अलावा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और पार्टी के अन्य नेता भी बैठक में मौजूद रहे। विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में शामिल 'आप' और कांग्रेस दिल्ली तथा पंजाब समेत राज्यों में लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर बातचीत कर रहे हैं।

# बांग्लादेश सीमा की तरह म्यांमार से लगी सीमा की सुरक्षा की जाएगी : अमित शाह

## गृहमंत्री असम पुलिस की नव गठित कमांडो बटालियन की पासिंग आउट परेड में पहुंचे

गुवाहाटी, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि सरकार म्यांमार सीमा पर लोगों की मुक्त आवाजाही को बंद करेगी और बांग्लादेश से लगी सीमा की तरह इसकी सुरक्षा करेगी। असम पुलिस की पांच नव गठित कमांडो बटालिन के प्रथम बैच की पासिंग आउट परेड' को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र म्यांमा सीमा पर लोगों की मुक्त आवाजाही पर पुनर्विचार कर रहा है।

गृह मंत्री ने कहा, भारत-म्यांमा सीमा की सुरक्षा बांग्लादेश से लगी सीमा की तरह की जाएगी। भारत सरकार म्यांमार सीमा पर मुक्त आवाजाही को बंद करेगी। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के तहत पिछले 10 वर्षों में देश की कानून व्यवस्था में भारी बदलाव आया है।

उन्होंने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि इसके शासनकाल के दौरान लोगों को नौकरियों के लिए रिश्वत देनी पड़ती थी, जबकि भाजपा के शासन के दौरान नौकरी के लिए एक पैसा भी नहीं देना पड़ता है। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर शाह ने कहा कि भगवान राम 550 साल के बुरे दौर के बाद घर लौटेंगे। उन्होंने कहा, यह पूरे भारत के लिए गर्व का विषय है।



तेजपुर में 13वें त्रिवार्षिक बाथौ महासभा सम्मेलन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

### देश अगले तीन साल में नक्सलवाद की समस्या से मुक्त हो जाएगा

**तेजपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि देश अगले तीन साल में नक्सलवाद की समस्या से मुक्त हो जाएगा। शाह ने यहां सलोनीबारी में सशस्त्र सीमा बल के 60वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए कहा कि सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में से एक एसएसबी संस्कृति, इतिहास, भौगोलिक स्थिति और भाषा को बारीकी से एकीकृत करने और सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को देश के बाकी हिस्सों के करीब लाने में एक अद्वितीय भूमिका निभाता है। गृहमंत्री ने कहा, मोदी के नेतृत्व में अगले तीन साल में देश नक्सली समस्या से 100 फीसदी मुक्त हो जाएगा।

## भाजपा में शामिल हुए अशोक तंवर

**नई दिल्ली।** हाल ही में आम आदमी पार्टी (आप) छोड़ने वाले हरियाणा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अशोक तंवर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। तंवर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना की। तंवर ने 2019 में कांग्रेस छोड़ दी थी और 2022 में आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए थे। इस बीच लोकसभा के पूर्व सदस्य ने अपनी एक पार्टी भी बनाई और कुछ समय के लिए वह तृणमूल कांग्रेस में भी शामिल हुए थे। तंवर ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ संभावित गठबंधन का विरोध करते हुए बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी (आप) से इस्तीफा दे दिया था। भाजपा को उम्मीद है कि तंवर के शामिल होने से राज्य में उसके मतदाताओं को एकजुट करने के प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा।



# भाजपा देश को जाति, पंथ, धर्म के नाम पर बांट रही : राहुल गांधी

ईटानगर, एजेंसीं

» अरुणाचल प्रदेश पहुंची कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा

कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के शनिवार को अरुणाचल प्रदेश में प्रवेश करने के तुरंत बाद राहुल गांधी ने भाजपा पर जाति, पंथ और धर्म के नाम पर देश को विभाजित करने का आरोप लगाया। दोईमुख के निवासियों के साथ बातचीत करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा लोगों को धर्म और भाषा के नाम पर आपस में लड़ने के लिए उकसाती है।

उन्होंने दावा किया, भाजपा कुछ उद्योगपतियों के हित के लिए काम करती है। दूसरी ओर कांग्रेस लोगों को एकजुट करने और उनकी बेहतरी के लिए काम करती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि 6,713 किलोमीटर लंबी भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का उद्देश्य पूर्वोत्तर क्षेत्र के लोगों की पीड़ा को उठाना है। यह यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू हुई थी और 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी।



गांधी ने कहा, हमने अरुणाचल प्रदेश को राज्य का दर्जा दिया और हमारी पार्टी गरीबों के मुद्दों को उठाने तथा युवाओं, महिलाओं और समाज के कमजोर वर्गों की बेहतरी के लिए काम करने के लिए हमेशा तत्पर रहती है। उन्होंने देश में बेरोजगारी के लिए भी भाजपा पर सवाल उठाए। कांग्रेस नेता ने कहा, भाजपा शासन में, न तो सरकार लोगों की शिकायतें सुनने के लिए तैयार है और न ही मीडिया उनके मुद्दों को उठाता है। यात्रा के दौरान मैं सुबह से शाम तक कई घंटों की यात्रा कर रहा हूं और जगह-जगह रुककर लोगों का दुख-दर्द सुन रहा हूं।

इससे पहले, पापुम पारे जिले में गुमटो चेकगेट पर कांग्रेस की अरुणाचल प्रदेश इकाई के अध्यक्ष नबाम तुकी ने राहुल गांधी का स्वागत किया और वहां ध्वज सौंपने का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

### कांग्रेस ने दिया 150 नेताओं को नोटिस

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति ने शुक्रवार को बैठक की और नवंबर 2023 के राज्य विधानसभा चुनावों के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल लगभग 150 स्थानीय नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया। इन चुनावों में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा था। पार्टी के एक पदाधिकारी ने कहा कि नोटिस का दस दिनों में जवाब देना है और संतोषजनक जवाब नहीं देने वालों को पार्टी से निष्कासित किया जाएगा। कांग्रेस ने यह कदम विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के एक महीने से अधिक समय बाद उठाया है। पार्टी 230 सदस्यीय सदन में सिर्फ 66 सीटें जीतने में सफल रही थी। कांग्रेस का यह कदम आम चुनाव से पहले पार्टी में सब कुछ ठीक करने और यह स्पष्ट संदेश देने की कवायद का हिस्सा है कि भितरघात और अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### केसी त्यागी बने जदयू के सलाहकार

**नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल (यूनाटेड) के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नयी टीम की घोषणा की जिसमें कई लोकसभा सांसदों को उनके संगठनात्मक पदों से मुक्त कर दिया गया है और के सी त्यागी को राजनीतिक सलाहकार बनाया गया है। राज्यसभा सदस्य वशिष्ठ नारायण सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है जो मंगनी लाल मंडल का स्थान लेंगे। मंडल अब संगठन में 11 महासचिवों में से एक हैं। निवर्तमान टीम में 22 महासचिव थे।

### भाजपा नेता की हत्या मामले में 15 लोग दोषी करार

**अलप्पुझा (केरल)।** केरल की एक अदालत ने तटीय जिले अलप्पुझा में दिसंबर 2021 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा के एक नेता की हत्या के मामले में शनिवार को 15 लोगों को दोषी करार दिया। दोषी ठहराये गए लोगों का संबंध अब प्रतिबंधित कट्टरपंथी इस्लामिक समूह 'पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया' (पीएफआई) से है। ऐसा आरोप है कि भाजपा के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव रंजीत श्रीनिवासन पर पीएफआई और 'सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया' (एसडीपीआई) से जुड़े कार्यकर्ताओं ने 19 दिसंबर 2021 को उनके घर में उनके परिवार के सामने बुरी तरह पीटा था और उनकी हत्या कर दी थी। इसके बाद से मामला कोर्ट में चल रहा था। मामले में मावेलिक्कारा की अतिरिक्त जिला सत्र अदालत संख्या एक ने फैसला दिया है। सजा पर फैसला सोमवार को सुनाया जाएगा।

## कश्मीरी पंडित की हत्या में 12 के खिलाफ आरोप पत्र दायर

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की विशेष जांच एजेंसी (एसआईए) ने पिछले साल फरवरी में एटीएम गार्ड के रूप में कार्य करने वाले एक कश्मीरी पंडित की हत्या के मामले में 12 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों का कहना है कि जांच में सीमा पार से एक व्यापक साजिश का संकेत मिला है। आरोपियों में पाकिस्तान निवासी खालिद कामरान, शोपियां निवासी जाजिम फारूक वानी, शमीम अहमद भट उर्फ अंकल, ठोकर और उबैद अहमद पद्दार, अनंतनाग निवासी जफर हुसैन आदि शामिल हैं।

# असम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हमला, वाहन तोड़े

## पार्टी ने जारी किया वीडियो, पुलिस से की दो शिकायतें, भाजपा पर लगाए आरोप

**कांग्रेस का आरोप**

नई दिल्ली/उत्तर लखीमपुर, एजेंसी

कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान असम के उत्तर लखीमपुर शहर में इसके कार्यकर्ताओं पर हमला किया गया, उनके वाहनों में तोड़फोड़ की गई और बैनर फाड़ दिए गए। मुख्य विपक्षी दल ने घटना से संबंधित कुछ वीडियो जारी करते हुए यह दावा भी किया कि यह हमला भाजपा सरकार के सहयोग से किया गया तथा यह मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और भाजपा की घबराहट को दिखाता है।



कांग्रेस की असम इकाई के प्रमुख भूपेन कुमार बोरा ने कहा कि शहर में यात्रा का स्वागत करने के लिए लगाए गए सभी होर्डिंग और पोस्टर शुक्रवार रात फाड़ दिए गए और बैनर लगाने पहुंचे पार्टी के सदस्यों की पिटाई की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि डिस्प्ले ले जाने के लिए पार्टी द्वारा इस्तेमाल किए गए दो वाहनों को भी उपद्रवियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया।

बोरा ने कहा, हमने पुलिस में दो शिकायतें दी हैं एक हमारे कार्यकर्ताओं की पिटाई करने और वाहनों को नुकसान पहुंचाने से संबंधित है और दूसरी शिकायत, पोस्टर फाड़े जाने से संबंधित है।

### न्याय को कुचलने का प्रयास: खरगे

पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस तरह के हमले से कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी डरने वाले नहीं हैं। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, हम असम के लखीमपुर में भाजपा के गुंडों द्वारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा के वाहनों पर हुए शर्मनाक हमले और कांग्रेस पार्टी के बैनर-पोस्टर फाड़े जाने की कड़ी निंदा करते हैं। पिछले 10 वर्षों में भाजपा ने भारत के लोगों को संविधान द्वारा दिए गए हर अधिकार और न्याय को कुचलने एवं ध्वस्त करने का प्रयास किया है।

## कांग्रेस शासन में मारे गए लोगों के परिजन कर रहे न्याय यात्रा का विरोध

गुवाहाटी, एजेंसी

» गृह मंत्री अमित शाह ने किया दावा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को दावा किया कि असम में जिन लोगों के परिजन कांग्रेस कार्यकाल के दौरान मारे गए थे, वे राज्य में राहुल गांधी के नेतृत्व में जारी भारत जोड़ो न्याय यात्रा का विरोध कर रहे हैं। शाह ने गुवाहाटी में पांच नवगठित असम पुलिस कमांडो बटालियन के पहले बैच की पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए कांग्रेस की आलोचना की और आरोप लगाया कि पूर्व में कांग्रेस की सरकार के दौरान लोगों को नौकरी पाने के लिए रिश्वत देनी पड़ती थी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने हाल में भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू की है। मैंने यहां कुछ पत्रकारों से पूछा कि असम में क्या हुआ। उन्होंने मुझे बताया कि उनके (कांग्रेस के) कार्यकाल के दौरान विभिन्न स्थानों पर अन्याय हुआ था, असम के हजारों युवा मारे गए थे और असम उग्रवाद की चपेट में आ गया था। मारे गए लोगों के परिवार के सदस्यों ने इस न्याय यात्रा का विरोध किया।

# पेरिस ओलंपिक का सपना टूटने से सवालों के घेरे में भारतीय महिला हॉकी टीम

## बार-बार समान गलतियां दोहराना, आपसी तालमेल की कमी, प्रदर्शन में अनिरंतरता जैसे कई सवालों का टीम को देना होगा जवाब

**रांची, एजेंसी**

तोक्यो ओलंपिक में पदक नहीं मिला लेकिन चौथे स्थान पर रहकर भारतीय महिला हॉकी टीम पूरे देश की नूरे नजर बन गई और सभी को उम्मीद थी कि तोक्यो का अधूरा सपना पेरिस में पूरा होगा लेकिन पेरिस का सफर शुरू होने से पहले ही खत्म हो गया और अब इस जख्म को भरने में बरसों लगेंगे। बार-बार समान गलतियों को दोहराना, आपसी तालमेल का अभाव, प्रदर्शन में अनिरंतरता जैसे कई सवाल हैं जिनका जवाब भारतीय महिला हॉकी टीम को देना होगा।



### खिलाड़ियों में नजर आ रही भविष्य को लेकर अनिश्चितता

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद अब भविष्य को लेकर अनिश्चितता भी खिलाड़ियों की आंखों में साफ नजर आ रही है। एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर में तीसरे स्थान के मैच में जापान से 0-1 से हारी भारतीय टीम के पिछले कुछ अर्से के प्रदर्शन का विश्लेषण करें तो लगता है कि यह तो होना ही था। हार के बाद कप्तान सविता पूनिया और बाकी खिलाड़ियों की आंखों में आंसू और चेहरे पर मायूसी थी। शायद अनिश्चितता भी कि अब आगे क्या होगा। भविष्य के बारे में पूछने पर कोच यानेके शॉपमैन ने कहा कि उन्हें नहीं पता।

### एशियाई खेलों के प्रदर्शन से ही हो जाना था सतर्क

टीम एशियाई खेलों के जरिये ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी और कांस्य ही हाथ लगा। उसी समय खतरे की घंटी बज जानी चाहिए थी। अब इसे आत्मविश्वास कहें या आत्ममुग्धता, लग रहा था कि रांची में क्वालीफायर तो आसानी से जीत ही जाएंगे लेकिन ऐसा हुआ नहीं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि यह निराशाजनक रहा। अब नए सिरे से शुरुआत करनी होगी। अगले ओलंपिक की तैयारी के लिए चार साल हैं। हॉकी इंडिया को खुद कई सवालों के जवाब देने होंगे।

### रानी रामपाल समेत कई अच्छे खिलाड़ी नहीं खिलाए

तोक्यो में भारतीय टीम की कप्तान रही मिडफील्ड की जान रानी रामपाल को कारण बताए बिना बाहर क्यों किया गया। टीम में मतभेदों की खबरें भी रहीं। राष्ट्रीय खेलों में 18 गोल करने के बावजूद रानी को मौका नहीं दिया गया, बल्कि उन्हें सब जूनियर टीम का कोच बना दिया गया। पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ दीप ग्रेस इक्का और गुरजीत कौर को भी युवा खिलाड़ियों को जगह देने के लिए बाहर किया गया लेकिन यह फैसला भी आत्मघाती रहा।

### तुरंत किसी बदलाव से इन्कार

हॉकी इंडिया ने तुरंत किसी बदलाव की संभावना से इन्कार किया है और अब जबकि ओलंपिक खेलने का मौका हाथ से निकल ही चुका है, बदलाव करके भी क्या हासिल हो जाएगा। अब सोच समझकर ही आगे बढ़ना होगा। पिछले दो ओलंपिक खेल चुकी भारतीय महिला हॉकी टीम ने तीन दशक की मेहनत के बाद विश्व स्तर पर पुरजोर उपस्थिति दर्ज कराई थी। तोक्यो ओलंपिक में टीम ने चौथे स्थान पर रहकर इतिहास रच दिया था और सभी की जुबां पर इन वीरांगनाओं के चर्चे थे लेकिन तीन साल बाद तस्वीर पलट गई। कारणों की पड़ताल की जाए तो सबसे बड़ा कारण है कि करिश्माई कोच शोर्ड मारिने तोक्यो ओलंपिक के बाद चले गए जो अपने परिवार से लंबे समय तक दूर नहीं रहना चाहते थे। उस समय शॉपमैन उनकी सहायक थी और लग रहा था कि वह आसानी से उस सिलसिले को आगे बढ़ाएंगी जो शोर्ड ने शुरू किया था लेकिन ऐसा हो नहीं सका।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी इंडिया ओपन के फाइनल में

**नई दिल्ली।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने पुरुष युगल सेमीफाइनल में आरोन चिया और सोह वूई यिक की मलेशिया की जोड़ी को 21-18, 21-14 से हराकर इंडिया ओपन के फाइनल में जगह बनाई। इंडिया ओपन का खिताब जीतने के लिए रविवार को फाइनल में उनकी कैंग मिन हुएक और सियो सेयुंग जेइ की दक्षिण कोरिया की विश्व चैंपियन जोड़ी से भिड़ंत होगी।

**शी युकी से हराकर प्रणय इंडिया ओपन से बाहर**

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शी युकी ने सेमीफाइनल में एचएस प्रणय को सीधे गेम में हराकर इंडिया ओपन से बाहर किया, इसी के साथ टूर्नामेंट के पुरुष एकल में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। शी युकी को प्रणय को 42 मिनट में 21-15, 21-5 से आसानी से हरा दिया।

## भारत ए ने इंग्लैंड लायंस से ड्रॉ खेला

**अहमदाबाद, एजेंसी।** विकेटकीपर बल्लेबाज कोना भरत ने आक्रामक शतक जड़कर इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए अपना मजबूत दावा पेश किया और उनकी इस पारी से भारत ए शनिवार को इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच को ड्रा कराने में सफल रहा।

**कोना भरत ने बनाए नाबाद 116 रन**

भारतीय टीम के सामने 490 रन का लक्ष्य था। अंपायरों ने जब अंतिम दिन मैच ड्रॉ करने का फैसला किया तब भारत ने 125 ओवर में 5 विकेट पर 426 रन बनाए थे। इस तरह से वह लक्ष्य से 64 रन पीछे रह गया। भरत टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी में अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन उन्होंने 165 गेंद पर 15 चौकों की मदद से नाबाद 116 रन बनाकर अपना दावा पुख्ता कर दिया है। तीसरे दिन मानव सुथार ने 254 गेंद पर नाबाद 89 रन बनाए। बी साई सुदर्शन 97 रन पर शतक से चूक गए। भारत ने पूरे दिन केवल सुदर्शन का विकेट गंवाया। उनके आउट होने के बाद भरत और सुथार ने छठे विकेट के लिए 207 रन की अटूट साझेदारी की।

# आदर्श-उदय सहारन ने जड़ा अर्धशतक भारत ने बांग्लादेश को 84 रन से हराया

## 252 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश 45.5 ओवर में हुई ऑल आउट

**अंडर- 19 विश्व कप**

**ब्लोमफोंटेन, एजेंसी**

सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह और कप्तान उदय सहारन के अर्धशतकों के बाद शानदार गेंदबाजी से भारत ने अंडर- 19 विश्व कप के अपने पहले मैच में शनिवार को बांग्लादेश को 84 रन से हरा दिया।

भारत ने 7 विकेट पर 251 रन का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में बांग्लादेश की टीम 45.5 ओवर में 167 रन पर सिमट गई। भारत के लिए सैमी पांडे ने 24 रन देकर 4 विकेट झटके, जबकि मुशीर खान ने दो विकेट हासिल किए। भारतीय स्पिनरों ने किसी भी समय बांग्लादेश के बल्लेबाजों को हावी नहीं होने दिया और उन पर लगाम कसे रखी।



कप्तान उदय सहारण के साथ आदर्श सिंह। • एजेंसी

### कप्तान ने आदर्श के साथ की 116 रन की साझेदारी

भारतीय पारी की नींव आदर्श (96 गेंद पर 76 रन) और कप्तान उदय (94 गेंद पर 64 रन) ने रखी। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 23 .5 ओवर में 116 रन की साझेदारी की। दोनों बल्लेबाज बांग्लादेश के ऑफ स्पिनर शेख पावेज जिबोन और बाएं हाथ के स्पिनर महफ़ुज़ुर रहमान रब्बी के सामने सहज नहीं दिखे। बांग्लादेश के दोनों स्पिनरों ने भारतीय बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने दिया। आदर्श ने जहां 6 चौके लगाए। वहीं उदय चार चौके ही लगा पाए। असल में भारतीय बल्लेबाजों ने 50 ओवर में केवल 14 चौके और दो छक्के लगाए। बांग्लादेश के गेंदबाजों ने 156 ऐसी गेंद की जिन पर रन नहीं बने।

### इस मैदान पर भारतीय टीम ने बनाया तीसरा सबसे बड़ा स्कोर

बांग्लादेश ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी का न्योता दिया। बांग्लादेश के गेंदबाजों ने भारत को शुरुआती ओवरों में नुकसान पहुंचाया। भारतीय बल्लेबाजों को बाउंड्री लगाने में मुश्किल हुई लेकिन उसका कुल स्कोर कम नहीं माना जा सकता क्योंकि अंडर-19 वनडे में इस मैदान पर औसत स्कोर 201 रन है। असल में भारतीय टीम का 7 विकेट पर 251 रन का स्कोर इस मैदान पर तीसरा बड़ा स्कोर है। भारतीय टीम के फिनिशर सचिन धास ने डेथ ओवरों में अच्छी बल्लेबाजी की और 20 गेंद पर 26 रन बनाए जिससे टीम 250 रन की संख्या पार करने में सफल रही। तेज गेंदबाज रोहनात डौला बोर्सन पर लगाया गया उनका छक्का दर्शनीय था।

## बालाजी-कोर्निया हारे, बोपन्ना-बाबोस ने नाम वापस लिया

**मेलबर्न, एजेंसी।** भारत के एन श्रीराम बालाजी और रोमानिया के विक्टर व्लाड कोर्निया की जोड़ी दूसरे दौर में अल सल्वाडोर के मार्सेला अरेवालो और क्रोएशिया के मेट पेविच से 6-3, 6-3 से हारकर बाहर हो गई। इससे पहले बालाजी और कोर्निया ने इटली के मात्तेओ अर्नाल्डी और आंद्रिया पेलेग्रिनो को 6-3, 6-4 से मात दी थी। बालाजी और कोर्निया टूर्नामेंट में वैकल्पिक जोड़ी के रूप में उतरे थे। बालाजी दूसरी बार ही आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे थे। रोहन बोपन्ना और उनकी जोड़ीदार टिमिया बाबोस ने मिश्रित युगल से नाम वापस ले लिया है। वहीं विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी इगा स्वियातेक तीसरे दौर मैच में उलटफेर का शिकार होकर विश्व में 50वें नंबर की खिलाड़ी लिंडा नोसकोवा से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। चेक गणराज्य की खिलाड़ी नोसकोवा ने स्वियातेक को 3-6, 6-3, 6-4 से पराजित करके टूर्नामेंट का बड़ा उलटफेर किया।

**आस्ट्रेलियाई ओपन**

## खेल डायरी

### गुकेश ने फॉरेस्ट को हराया, प्रज्ञाननंदा ने ड्रा खेला



**विज्क आन जी (नीदरलैंड)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने नीदरलैंड के जॉर्डन वान फॉरेस्ट को हराकर अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की, जिससे वह टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर के बाद संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने नेपोम्नियाची के खिलाफ बाजी ड्रॉ खेली, जबकि विदित गुजराती ने भी चीन की महिला विश्व चैंपियन जू वेनजुन के साथ अंक बांटे। टूर्नामेंट में अभी सात दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। अभी अनीश गिरी 4 .5 अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं, जबकि फ्रांसीसी खिलाड़ी फिरोजा अलीरेजा चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञाननंदा, गुकेश, उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव और नीदरलैंड के मैक्स वार्मरडैम 3 .5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। गुजराती सहित चार अन्य खिलाड़ी इनसे आधा अंक पीछे हैं।

### कुश्ती: राष्ट्रीय चैंपियनशिप 11 फरवरी से ग्वालियर में

**नई दिल्ली।** तदर्थ समिति ने शनिवार को घोषणा की कि अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 11 से 17 फरवरी तक ग्वालियर में होंगी। समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा ने कहा कि इस प्रतियोगिता में लगभग 1200 पहलवान और 300 अधिकारी हिस्सा लेंगे। दरअसल तदर्थ समिति और निलंबित डब्ल्यूएफआई ने अलग-अलग राष्ट्रीय चैंपियनशिप की घोषणा की है। डब्ल्यूएफआई ने घोषणा की थी कि 2023 की आयु वर्ग की राष्ट्रीय चैंपियनशिप दिसंबर के अंतिम सप्ताह में उत्तर प्रदेश के गोंडा में आयोजित की जाएगी लेकिन इससे पहले 24 दिसंबर को खेल मंत्रालय ने महासंघ को निलंबित कर दिया था। डब्ल्यूएफआई ने इसके साथ ही घोषणा की थी कि सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप 29 जनवरी से पुणे में होगी लेकिन तदर्थ समिति ने कहा कि वह इस प्रतियोगिता का आयोजन 2 से 5 फरवरी के बीच जयपुर में करेगी।

### जका अशरफ का पीसीबी अध्यक्ष पद से इस्तीफा

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की प्रबंध समिति के अध्यक्ष जका अशरफ ने अपना कार्यकाल विस्तार खत्म होने से दो सप्ताह पहले ही पद से इस्तीफा दे दिया। जका जुलाई से सीएमसी के अध्यक्ष थे और सरकार ने नवंबर में उनका कार्यकाल चार फरवरी तक बढ़ा दिया था। जका ने लाहौर में सीएमसी की बैठक के बाद इस्तीफा दिया। उनके कार्यकाल के दौरान पाकिस्तानी टीम एशिया कप और विश्व कप में नाकाम रही और न्यूजीलैंड में चल रही टी-20 श्रृंखला में लगातार चौथी हार झेली। तीन दिन पहले ही खेल मंत्रालय ने जका को सीएमसी की बैठकें आयोजित करने से रोक दिया था, जबकि उन्हें बोर्ड आफ गवर्नर्स की नियुक्ति करनी थी जो पीसीबी अध्यक्ष के चुनाव के लिए पहला कदम है।



### टाटा समूह बना आईपीएल का शीर्षक प्रायोजक



**मुंबई।** बीसीसीआई ने आईपीएल के टाइटल प्रायोजन अधिकार शनिवार को टाटा ग्रुप को पांच साल के लिए दे दिए। बीसीसीआई के मानद सचिव जय शाह ने इसकी घोषणा की। टाटा समूह ने 2500 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड मूल्य पर बीसीसीआई के साथ अपने सहयोग को नवीनीकृत किया है, जो लीग के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक प्रायोजन राशि है। आईपीएल के अध्यक्ष अरु सिंह धूमल ने कहा कि यह राशि न केवल लीग के इतिहास में एक नया मानदंड स्थापित करती है, बल्कि वैश्विक प्रभाव वाले एक प्रमुख खेल आयोजन के रूप में आईपीएल की स्थिति की भी पुष्टि करती है। टाटा समूह के पास पहले 2022 और 2023 में आईपीएल के लिए शीर्षक प्रायोजन अधिकार थे और वह दुनिया की सबसे बड़ी महिला टी-20 लीग, महिला प्रीमियर लीग का शीर्षक प्रायोजक भी है।

## सानिया से तलाक के बाद शोएब ने पाकिस्तानी अभिनेत्री से की शादी

**कराची/नई दिल्ली, एजेंसी**



पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेट कप्तान शोएब मलिक ने शनिवार को घोषणा की कि उन्होंने अभिनेत्री सना जावेद से निकाह कर लिया, जिससे उनके भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा से अलग होने की अटकलों पर भी विराम लग गया। शोएब ने एक्स पर अपनी नई पत्नी के साथ तस्वीरें डाली है।

शोएब और सानिया के संबंधों में दरार की खबरें 2022 से आ रही थी और पिछले दो साल में दोनों को साथ नहीं देखा गया। कुछ समय पहले ही शोएब ने इंस्टाग्राम पर सानिया को अनफॉलो किया था। शोएब और सानिया का पांच साल का एक बेटा भी है जो सानिया के साथ रहता है। सानिया के पारिवारिक सूत्र ने बताया कि सानिया ने ही तलाक की प्रक्रिया शुरू की। दोनों ने हैदराबाद में अप्रैल 2010 में निकाह किया था और दुबई में रहते थे। सना जावेद ने 2020 में गायक उमेर जैसवाल से शादी की थी लेकिन दो महीने बाद ही तलाक हो गया।

## रुतुजा आईटीएफ ओपन से बाहर



**फ्रांस की कैरोल मोनेट ने हराया**

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारत की रुतुजा भोसले शनिवार को फ्रांस की कैरोल मोनेट से हारकर आईटीएफ महिला ओपन से बाहर हो गईं। टूर्नामेंट की नंबर छह सीड के खिलाफ रुतुजा का यह कठिन ड्रा था क्योंकि टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में उन्हें मोनेट ने दो सेटों में हरा दिया था। शुक्रवार रात क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जापान की मोयुका उचिजिमा के खिलाफ पुनर्जागरण जैसी जीत दर्ज करने के बाद रुतुजा जादू नहीं कर पाई और दो सेटों में 6-2, 6-0 से हार गई।

## रेजा और अनंत ने दिलाया ओलंपिक कोटा

**कुवैत सिटी, एजेंसी**

युवा निशानेबाज रेजा ढिल्लों ने शनिवार को शॉटगन के लिए एशियाई ओलंपिक क्वालीफिकेशन में महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में रजत पदक जीतकर भारत के लिए पेरिस खेलों का 18वां कोटा हासिल किया। अनंत जीत सिंह नरूका ने शॉटगन के लिए एशियाई ओलंपिक क्वालीफिकेशन में अपनी स्कीट स्पर्धाओं रजत पदक जीतकर पेरिस खेलों के लिए भारत को एक और कोटा दिलाया, जिससे इनकी कुल संख्या 19 हो गई है।

ढिल्लों छह महिलाओं के फाइनल में आगे चल रही थीं लेकिन फिर वह दो-तीन निशाने चूक कर चीन की जिनमेई गाओ से पिछड़ गईं। गाओ ने 60 शॉट के फाइनल में 56 निशाने लगाकर पहला स्थान हासिल किया, जबकि ढिल्लों 52 हिट के साथ रजत पदक जीतने में सफल रहीं। गाओ और ढिल्लों दोनों ने पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया।

**शॉटगन स्कीट स्पर्धा**





### गाओ ने जीता स्वर्ण

स्वर्ण पदक के मुकाबले में ढिल्लों दो बार चूकीं और गाओ ने तीन अंक की बढ़त से पहला स्थान प्राप्त किया। इससे पहले सेखों ने क्वालीफिकेशन में 117 के स्कोर से दूसरे स्थान से, चौहान 115 अंक के साथ तीसरे स्थान से और ढिल्लों ने छठे स्थान से फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था।

### महेश्वरी ने जीता कांस्य पदक

ढिल्लों के साथ हमवतन निशानेबाज महेश्वरी चौहान ने 43 निशाने लगाकर कांस्य पदक जीता। वहीं भारतीय निशानेबाज गनेमत सेखों 30 अंक से चौथे स्थान पर रहीं। ढिल्लों छह में से छह निशाने के साथ शीर्ष पर थीं। उन्होंने फाइनल में 14 हिट तक बढ़त बनाए रखी और दो अंक से गाओ से आगे रहीं लेकिन ढिल्लों दो निशाने चूक गईं और गाओ ने बढ़त बना ली। भारतीय निशानेबाज फिर चूक गईं और चीनी खिलाड़ी ने अपनी बढ़त बरकरार रखी।

# बॉलीवुड हलचल

## फिल्मफेयर अवार्ड समारोह में परफॉर्मेंस देंगी जाह्नवी कपूर



बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर फिल्मफेयर अवाड्‌र्स के 69वें संस्करण में परफॉर्मेंस देंगी। फिल्मफेयर अवाड्‌र्स के 69वें संस्करण की मेजबानी इस साल गुजरात कर रहा है। जाह्नवी कपूर इस साल फिल्मफेयर में स्टेज पर परफॉर्म करने वाली हैं। जाह्नवी कपूर ने कहा कि इस बार गुजरात में फिल्मफेयर हो रहा है, जिसका सिनेमा और संस्कृति से गहरा नाता रहा है। मैंने पिछले दिनों गुजरात में काफी समय बिताया था। वहां पर अपनी आगामी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही की शूटिंग की है। क्रिकेट की ट्रेनिंग के लिए वह वड़ोदरा गई थीं। गुजरात घर जैसा लगता है। इससे बेहतर जगह फिल्मफेयर अवार्ड समारोह के लिए इस बार नहीं हो सकती है।

## कैटरीना ने निगेटिव किरदार निभाने की जताई इच्छा



अभिनेत्री कैटरीना कैफ इन दिनों श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी फिल्म मेरी क्रिसमस को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में कैटरीना के अभिनय की काफी तारीफ हो रही है।

एक इंटरव्यू में कैटरीना ने किरदारों के चयन को लेकर कहा कि वह एक कलाकार के रूप में आप क्या सोचते हैं कि कौन-सा किरदार आपके लिए सही है। उन्होंने कहा कि इंसान 20 की उम्र में जैसा होता है, वह 30 की उम्र में भी वैसा नहीं हो सकता। कैटरीना ने आगे अलग-अलग किस्म की भूमिकाएं अदा करने की इच्छा जाहिर की। कहा कि वह नेगेटिव भूमिकाएं करना पसंद करेंगी। नेगेटिव भूमिकाओं के अलावा कैटरीना ने पीरियड फिल्मों का हिस्सा बनने की भी इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि एक कलाकार के रूप में अलग-अलग किस्म की भूमिकाएं निभाना उनकी इच्छा में शामिल है। हर फिल्म के हिसाब से उसकी कहानी को आंकना होता है।

## ईद पर रिलीज होगी एक्शन से भरपूर बड़े मियां छोटे मियां



अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। यह फिल्म इस साल ईद पर रिलीज होगी। अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ फिल्म में अहम भूमिका निभा रही सोनाक्षी सिन्हा ने सोशल मीडिया पर फिल्म का एक नया पोस्टर जारी किया है। इसमें अक्षय कुमार और टाइगर का दमदार रूप देखने को मिल रहा है। हाथों में बंदूक लिए फाइटिंग के मूड में अक्षय और टाइगर दुश्मनों से लड़ाई के लिए एकदम तैयार दिख रहे हैं।

पोस्टर शेयर करते हुए सोनाक्षी सिन्हा ने कैप्शन में लिखा कि उनका एक्शन शब्दों से ज्यादा तेज बोलेगा। बड़े मियां छोटे मियां को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है। बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ शामिल हैं।

## अब एक्ट्रेस नोरा फतेही हुई डीपफेक वीडियो का शिकार



रश्मिका मंदाना, कटरीना कैफ, आलिया भट्ट, काजोल के बाद अब डांसर और एक्ट्रेस नोरा फतेही का एक डीपफेक वीडियो वायरल हो रहा है। नोरा फतेही ने अपने इंस्टाग्राम पर इस बात की जानकारी दी है और बताया है कि वह ये वीडियो देखकर हैरान हैं। रश्मिका मंदाना के डीपफेक वीडियो बनाने के मुख्य आरोपी को दिल्ली पुलिस ने शनिवार को ही आंध्र प्रदेश से गिरफ्तार किया है। इस वीडियो में नोरा फतेही प्रोडक्ट का विज्ञापन करती नजर आ रही हैं। हालांकि नोरा फतेही के चेहरे का इस्तेमाल कर एक डीपफेक वीडियो बनाया गया है जो वायरल हो रहा है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो

## खेसारीलाल की फिल्म रंग दे बसंती का टीजर रिलीज

खेसारीलाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में खेसारी लाल यादव भगवा वस्त्र धारण कर रौद्र रूप में नजर आए हैं। वह अन्याय और सत्य से लड़ते नजर आ रहे हैं। फिल्म के निर्माता रौशन सिंह, सह निर्मात्री शर्मिला आर सिंह, निर्देशक प्रेमांशु सिंह हैं, जिन्होंने कहा कि यह तो फिल्म का टीजर है, अभी ट्रेलर और पूरी फिल्म आनी बाकी है। उन्होंने कहा कि रंग दे बसंती भोजपुरी की ऐसी फिल्म है, जिसमें बॉलीवुड से भी कई कलाकारों ने काम किया है। उन्होंने कहा कि खेसारी लाल यादव के माध्यम से हमने टीज़र के जरिए यह संदेश देने की कोशिश की है कि फिल्म सामाजिक, धार्मिक और आध्यात्म के समावेश से मनोरंजन की एक नई कृति है, जो दर्शकों को एक विशेष अनुभूति कराएगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# जरूरतमंद देशों की मदद को भारत हमेशा तत्पर

**कंपाला में गुटनिरपेक्ष आंदोलन शिखर सम्मेलन में विदेश मंत्री ने भारत विश्वमित्र की बात दोहराई**

कंपाला (युगांडा)

विदेश मंत्री जयशंकर ने युगांडा दौरे पर 'भारत विश्वमित्र' की बात दोहराई है। उन्होंने भारत की नीति का जिक्र करते हुए कहा कि जरूरतमंद देशों की मदद के लिए देश हमेशा तत्पर रहता है। उन्होंने कहा कि भारत ने जी20 की अध्यक्षता के दौरान दिखाया कि परिवर्तन संभव है। उन्होंने कहा कि विश्व व्यवस्था को बदलने के लिए व्यावहारिक कदमों की आवश्यकता है। बता दें कि पीएम मोदी ने 'वसुधैव कुटुंबकम' का जिक्र करते हुए कहा था कि बदले समय के साथ भारत की भूमिका 'विश्वमित्र' जैसी है।

कंपाला में नाम सम्मेलन में वक्तव्य से पहले विदेश मंत्री ने फिलिस्तीनी विदेश मंत्री रियाद अल मलिकी से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा, फिलिस्तीनी समकक्ष के साथ बातचीत के दौरान गाजा में चल रहे संघर्ष पर विस्तृत और व्यापक चर्चा हुई। इसके मानवीय और राजनीतिक आयामों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि इजराइल और फिलिस्तीनी मुद्दे का समाधान करने के लिए भारत दो राष्ट्र समाधान का समर्थन करता रहेगा। उन्होंने भारत के समर्थन का भरोसा दिलाते हुए संपर्क में बने रहने पर सहमति भी व्यक्त की। कंपाला में आयोजित नाम शिखर सम्मेलन में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, 2019 में बाकू में नाम की आखिरी बैठक हुई थी। इसके बाद से दुनिया में गहरा बदलाव आया है। पूरी दुनि.या को कोरोना महामारी ने तबाह कर दिया है। इसके निशान को मिटाने में पीढ़ियां लग जाएंगी।

## बांग्लादेश के नवनियुक्त विदेश मंत्री से जयशंकर की मुलाकात



बांग्लादेश के नवनियुक्त विदेश मंत्री डॉ मोहम्मद हसन महमूद के साथ मौजूद एस. जयशंकर।

विदेश मंत्री जयशंकर ने शनिवार को अपने बांग्लादेशी समकक्ष से भी मुलाकात की है। उन्होंने कहा कि कंपाला में बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ मोहम्मद हसन महमूद से मिलकर खुशी हुई। उनकी नियुक्ति पर उन्हें बधाई दी और उनकी सफलता की कामना की। भारत-बांग्लादेश संबंध मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। जल्द ही दिल्ली में उनका स्वागत करने के लिए उत्सुक हूं।

# विरोधियों को डराने के लिए ईडी का हो रहा दुरुपयोग: पवार

**सोलापुर।** राकांपा के प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को आरोप लगाया कि राजनीतिक विरोधियों को डराने और चुप कराने के लिए ईडी का इस्तेमाल एक उपकरण के रूप में किया जा रहा है। ईडी ने रोहित पवार को समन जारी करने से जुड़े सवाल का जवाब दे रहे थे।



ईडी ने एमएससीबी घोटाले में 24 जनवरी को पूछताछ के लिए शरद पवार के पोते और महाराष्ट्र के विधायक रोहित पवार को तलब किया है। ईडी ने पांच जनवरी को बारामती, पुणे, औरंगाबाद और कुछ अन्य स्थानों पर रोहित पवार के परिसर पर छापेमारी की थी।

# दूर का नया ग्रह 'केप्लर' हो सकता है रहने योग्य

**कार्बन डाइऑक्साइड की कम मात्रा होने के कारण जताई जा रही जीवन की संभावना**

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार:** रहने योग्य ग्रह की तलाश में खगोलविदों के हाथ एक नया सुराग लगा है। यह बाहरी ग्रह है। जिसमें बहुत कम मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड हो सकती है। इस बाहरी ग्रह का नाम केप्लर-186 एफ है।

यह ग्रह पृथ्वी के आकार का है । मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) और यूके में बर्मिंघम विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की यह खोज है। बड़ी बात यह है कि आकार में यह पृथ्वी के बराबर है और हमसे 5 सौ प्रकाश वर्ष की दूरी पर अपने तारे की परिक्रमा कर रहा है।



नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हुई है। जिसमें इस बाहरी ग्रह की व्यापक जानकारी दी गई है। साथ ही रहने योग्य ग्रह की तलाश में नई विधि का वर्णन भी किया गया है। वैज्ञानिकों ने इस ग्रह पर तरल पानी की प्रबल संभावना जताई है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि यह चट्टानी एक ग्रह हो सकता है। जिसमे कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बहुत कम हो सकती है। जिसके चलते इस ग्रह पर जीवन हो सकता है। यदि हम अपने सौर मंडल के ग्रह क्रमशः शुक्र, पृथ्वी और मंगल के वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की बात करें तो पृथ्वी की तुलना में शुक्र व मंगल पर कार्बन डाइऑक्साइड बहुत कम है। हालांकि मंगल का वातावरण बहुत पतला है, फिर भी यह मुख्य रूप से कार्बन डाइऑक्साइड से बना हुआ है। खोजे गए नए ग्रह की बात करें तो इस ग्रह पर कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा कम होने के कारण तरल पानी होने की अधिक संभावना नजर आती है। कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा के आधार पर यह खोज की है।

### ग्रह का वातावरण बनाने में कार्बन डाइऑक्साइड की होती है बड़ी भूमिका

किसी भी ग्रह के वायुमंडल के वातावरण बनाने में कार्बन डाइऑक्साइड बढ़ी भूमिका निभाता है। इधर पृथ्वी पर महासागर कार्बन डाइऑक्साइड को सोखते हैं। उधर लाखों वर्ष पहले शुक्र के वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित करने की प्रक्रिया रही होगी। अब पृथ्वी के वायुमंडल में पहले की तुलना में बहुत कम कार्बन डाइऑक्साइड है। कहने का तात्पर्य यह है कि किसी भी ग्रह पर कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा कम होने पर जीवन की संभावना बढ़ जाती है।

## एक नजर

### ईरान से तनाव के बीच पाकिस्तान में उड़ानों में 50 फीसदी गिरावट

**इस्लामाबाद।** ईरान के साथ बढ़ते तनाव के बीच आवाजाही पर प्रतिबंध न होने के बावजूद पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र से उड़ानों की संख्या में लगभग 50 फीसदी की गिरावट आई है। पाकिस्तानी मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। गत मंगलवार को ईरान और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ गया। विमानन सूत्रों ने बताया कि गुरुवार को पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में केवल 450 उड़ानें पंजीकृत की गईं जबकि आमतौर पर यह संख्या 750 तक पहुंचती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एयरलाइंस देश के हवाई क्षेत्र का उपयोग करने के लिए पाकिस्तान नागरिक उड्डयन प्राधिकरण को भुगतान करती हैं। शुक्रवार को पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तानी विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी ने अपने ईरानी समकक्ष होसैन अमीराब्दुल्लाहियन से मुलाकात की।

### ब्रिटेन सरकार ने इस्लामी समूह हिजबुत तहरीर पर लगाया प्रतिबंध

**लंदन।** ब्रिटेन सरकार ने इस्लामी समूह हिजबुत तहरीर पर औपचारिक रूप से प्रतिबंध लगा दिया है और समूह से संबद्धता या इसका समर्थन किया जाना अपराध की श्रेणी में होगा। ब्रिटेन के गृह मंत्री जेम्स स्पेंसर क्लेवरली ने प्रतिबंध पर एक बयान में कहा हिजबुत तहरीर आतंकवाद को बढ़ावा देता है। यह एक घृणित, यहूदी विरोधी समूह है। हमारे देश में इसकी कोई जगह नहीं है, आज से, समूह का कोई भी सदस्य या कोई भी जो इसके लिए समर्थन आमंत्रित करता है , वह कानून का सामना करेगा। क्लेवरली ने कहा था कि समूह का हमास द्वारा किए गए घृणित हमलों को बढ़ावा देना और प्रोत्साहित करना उन सभी चीजों के खिलाफ है।

# दमिश्क में इजराइली हमला, पांच की मौत

## सीरिया की राजधानी में ईरान से जुड़े नेताओं की चल रही थी बैठक

दमिश्क, एजेंसी

इजराइल ने शनिवार को सीरिया की राजधानी दमिश्क पर हवाई हमला किया। इस हमले में ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड की एक इमारत तबाह हो गई। इस हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई।

ईरान समर्थिक समूह के एक अधिकारी ने बताया कि इजराइल के हमले में रिवॉल्यूशनरी गार्ड द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली एक इमारत तबाह हो गई। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स, जो युद्ध को मॉनिटर करती है, ने बताया कि मिसाइल हमले में उस वक्त कम से कम पांच लोग मारे गए, जब ईरान समर्थित समूहों के अधिकारी एक बैठक कर रहे थे।

बकौल रिपोर्ट, इजराइल ने पश्चिमी दमिश्क के माजेह में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया, जहां पर लेबनान और ईरान सहित कई देशों के दूतावास हैं। एक अधिकारी ने अंतर्राष्ट्रीय समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को बताया, यह हमला क्षेत्र में बढ़ते तनाव और गाजा पर इजरायली हमले के बीच हुआ, जिसमें हजारों लोग मारे गए हैं। पिछले महीने दमिश्क के पास एक इजरायली हवाई हमले में ईरानी सैन्य सलाहकार सैय्यद रजी मौसवी की मौत हो गई। इजराइल ने पिछले वर्षों में सीरिया में फलस्तीनी और लेबनानी गुर्गों को भी निशाना बनाया है। सनद रहे कि इजराइल ने हाल के वर्षों में युद्धग्रस्त सीरिया के सरकार नियंत्रित हिस्सों के अंदर ठिकानों पर सैकड़ों हमले किए हैं।

### हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर अमेरिकी हमला, तीन मिसाइलें तबाह



अमेरिका ने यमन में हूती विद्रोहियों के खिलाफ एक बार फिर हवाई हमला किया है। अमेरिका के ताजा हमले में लाल सागर में हूती समूह की तीन एंटी-शिप मिसाइलें नष्ट हो गई हैं। वॉशिंगटन में व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि लाल सागर में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी सेना ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। बयान में कहा गया है कि अमेरिकी सेना ने यमन में हूती ठिकानों पर तीन सफल हमले किए। यूएस सेंट्रल कमांड ने बताया कि हमला शुक्रवार शाम करीब 6:45 बजे किया गया, जब एंटी-शिप मिसाइलों ने क्षेत्र में व्यापारी जहाजों और अमेरिकी नौसेना के जहाजों को खतरा पेश किया। यूएस सेंट्रल कमांड ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि नौवहन की रक्षा करने और समुद्री जहाजों पर हमलों को रोकने के लिए चल रहे प्रयासों के तहत अमेरिकी नौसेना के जहाज लाल सागर में मौजूद हैं। 19 जनवरी को लगभग शाम 6:45 बजे (सना के समयानुसार) यूएस सेंट्रल कमांड बलों ने तीन हूती एंटी-शिप मिसाइलों पर हमले किए, जो लॉन्च करने के लिए तैयार थे। पोस्ट में आगे कहा है कि अमेरिकी बलों ने यमन के हूती-नियंत्रित क्षेत्रों में मिसाइलों की पहचान की और निर्धारित किया कि वे क्षेत्र में व्यापारी जहाजों और अमेरिकी नौसेना के जहाजों के लिए खतरा बन सकती हैं। बाद में अमेरिकी सेना ने आत्मरक्षा में मिसाइलों पर हमला किया और उन्हें नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई अमेरिकी नौसेना के जहाजों और व्यापारिक जहाजों के लिए जल क्षेत्र को सुरक्षित बनाएगी। इससे पहले, अमेरिकी मध्य कमांड ने कहा था कि ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने अमेरिका के केम रेंजर जहाज पर दो एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं।

# स्टडी वीजा में कटौती करेगा कनाडा, भारतीय छात्रों पर पड़ेगा असर

**टोरंटो।** कनाडा उच्च शिक्षा के लिए अपने यहां आने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या कम करने की तैयारी में है। स्टडी वीजा में इसी वर्ष से कटौती होने की संभावना है। इसका अधिक असर भारतीय छात्रों पर पड़ेगा।

कनाडा में 3,40,000 से अधिक भारतीय छात्र हैं। इस बीच, कनाडा में अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या दस लाख से अधिक हो गई है। कोविड-19 महामारी के बाद कनाडा ने 2023 में रिकॉर्ड 5,79,075 स्टडी वीजा जारी किए। नतीजन अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या 2021 में 6,17,250 से बढ़कर दिसंबर 2023 तक दस लाख से ज्यादा हो गई। इस कारण देश में आवास की समस्या खड़ी हो गई है। इसके लिए सरकार को आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कनाडाई सरकार स्टडी वीजा में कटौती करने की योजना बना रही है। फिलहाल, कनाडाई प्रांतों में शैक्षणिक संस्थान किसी भी संख्या में अंतरराष्ट्रीय छात्रों को प्रवेश देने के लिए स्वतंत्र हैं।

# चीन: छात्रावास में लगी आग बच्चों समेत 13 की मौत

बीजिंग, एजेंसी



चीन में आग लगने की दो अलग-अलग घटनाओं में 21 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में कई स्कूली छात्र भी शामिल हैं। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि पहली घटना हेनान प्रांत के यानशानपु गांव की है, जहां शुक्रवार रात को ही करीब 11 बजे यिंगकाई स्कूल में आग लगने की सूचना मिली। इस हादसे में अब तक छात्रावास के बच्चों समेत 13 की मौत हो गई है।

स्थानीय अग्निशमन विभाग ने बताया कि इस हादसे के बाद बचाव कर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए और आग पर काबू पाया। मीडिया के अनुसार, चीनी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के हवाले से बताया कि आग में झुलसने के कारण एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसका इलाज चल रहा है और उसकी स्थिति स्थिर है।

एक अन्य घटना में शनिवार सुबह पूर्वी चीन के जियांग्सु प्रांत की चांगझोऊ सिटी में एक प्रोडक्शन वर्कशॉप में विस्फोट के बाद आग लग गया। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। जिले के आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार, विस्फोट तड़के 3:38 बजे हुआ। हादसे में आठ अन्य लोग मामूली रूप से घायल हो गये। मीडिया ने बताया कि घनटा स्थल पर राहत औ बचाव कार्य समाप्त हो गया है। अधिकारियों के मुताबिक, यह विस्फोट किस कारण से हुआ है, इसकी जांच की जा रही है। चीन में पिछले साल नवंबर में शांक्सी प्रांत में एक कोयला कंपनी के ऑफिस में आग लगने से 26 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, दर्जनों लोगों को अस्पताल भर्ती किया गया था। पिछले साल अप्रैल में, बीजिंग में एक अस्पताल में आग लगने से 29 लोगों की मौत हो गई और कई लोगों को बचने के लिए खिड़कियों से बाहर कूदने के लिए मजबूर होना पड़ा था।

# पन्नू मामला : निखिल गुप्ता के अमेरिका प्रत्यर्पण को मंजूरी

वाशिंगटन, एजेंसी



**अंतिम निर्णय चेक सरकार के न्याय मंत्री के हाथों में टिका**

खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोपी निखिल गुप्ता की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कुछ दिन पहले अमेरिका की एक अदालत ने सबूत देने के उनके अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था। वहीं, अब चेक रिपब्लिक की अदालत से बड़ा झटका दिया है। अदालत ने साफ कह दिया है कि चेक रिपब्लिक सरकार चाहे तो आरोपी भारतीय व्यक्ति को अमेरिका के हवाले कर सकता है।

निखिल गुप्ता पर अमेरिकी सरकार के वकीलों ने पिछले साल नवंबर में एक मुकदमा दायर किया था। इसमें खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को अमेरिका की जमीन पर मारने की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ मिलकर काम करने का आरोप लगाया गया है। खालिस्तानी पन्नू के पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। निखिल को 30 जून, 2023 को चेक गणराज्य के प्राग में गिरफ्तार किया गया था और इस समय उन्हें वहीं रखा गया है। अमेरिकी सरकार उनके अमेरिका प्रत्यर्पण की मांग कर रही है।

अब चेक की अदालत ने निखिल के अमेरिका प्रत्यर्पण का रास्ता साफ कर दिया है। देखना है कि मंत्रालय का क्या फैसला रहता है। दरअसल, निखिल गुप्ता की सारी उम्मीदें अब चेक सरकार के न्याय मंत्री पावेल ब्लेजेक के ऊपर टिकी हैं। मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि गुप्ता के प्रत्यर्पण पर अंतिम निर्णय न्याय मंत्री पावेल ब्लेजेक के हाथों में होगा।

## आतिथ्य के लिए अयोध्या तैयार...



**अयोध्या :** पार्किंग के सामने अयोध्या पहुंचने वालों की सुविधा के लिए तीन मंजिला इमारत में 372 बेड को डोरमेट्री बनाई गई है। प्रति व्यक्ति 600 रुपये किराया होगा। खाना समेत 1500 रुपये देने होंगे। महिला और पुरुष के लिए अलग सुविधाएं हैं। इमारत में हाइटेक किचन बनाया गया है। ग्रुप में पूजन के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था की गई है। इस इमारत में डायनिंग के लिए शानदार लग्जरी लॉन बनाया गया है। इसके साथ स्वागत कक्ष भी बड़ा आकर्षक बनाया गया है। ● एजेंसी

# अमेरिका: दो सरकारी स्कूलों में पहली बार पढ़ाई जाएगी हिंदी भाषा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी स्कूलों में हिंदी को विश्व भाषा के रूप में पढ़ाने का फैसला लिया गया है। सिलिकॉन वैली कैलिफोर्निया के दो सरकारी स्कूलों में हिंदी भाषा की पढ़ाई पर अहम फैसला हुआ है।

फ्रेमोंट में बड़े भारतीय अमेरिकी समुदाय ने इस फैसले का स्वागत किया है। यहां रहने वाले लोग अपने बच्चों को स्कूलों में हिंदी सिखाने की मांग कर रहे थे। कैलिफोर्निया के फ्रेमोंट में भारतीय अमेरिकियों की संख्या सबसे अधिक है। ऐसे में दो सरकारी स्कूलों में हिंदी को वैकल्पिक विषय के रूप में पढ़ाने के निर्णय का स्वागत किया जा रहा है।एफयूएसडी बोर्ड ने हिंदी की पढ़ाई के लिए पायलट कार्यक्रम शुरू करने का फैसला लिया है। इसके लिए 17 को 4-1 वोट से मतदान किया गया। अगस्त में शुरू होने वाले सत्र में हॉर्नर मिडिल स्कूल और इरविंगटन हाई स्कूल के पाठ्यक्रम में हिंदी को शामिल किया जाएगा।

# क्रिप्टोकरेंसी अपराध पर नकेल के लिए तंत्र पर मंथन जारी: केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी



**शीर्ष कोर्ट में केंद्र ने कहा डिजिटल मुद्रा से जुड़े अपराध पर सरकार की पैनी नजर**

सुप्रीम कोर्ट में एक मुकदमे की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने बताया है कि क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े मुद्दों पर सरकार नजर बनाए हुए है। सरकार ने अदालत में कहा कि इस डिजिटल मुद्रा से जुड़े अपराध पर नकेल कसने के लिए प्रभावी तंत्र विकसित करने पर विचार किया जा रहा है।

सरकार ने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी को विनियमित करने और इससे जुड़े अपराधों की प्रभावी जांच के लिए एक तंत्र विकसित करने के मामले में अंतिम फैसला लिया जाना बाकी है। सरकार ने विस्तृत जानकारी देने के लिए चार हफ्ते का समय मांगा। इस पर अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई 21 मार्च को तय की। अदालत ने इससे पहले हलफनामा दाखिल करने का निर्देश भी दिया।

क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े मुकदमे की सुनवाई न्यायमूर्ति सूर्यकांत और केवी विश्वनाथन की पीठ में हो रही है। शुक्रवार को केंद्र की तरफ से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल विक्रमजीत बनर्जी ने दलीलें पेश कीं।सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, अदालत केवल यह चाहती है कि आम आदमी को धोखाधड़ी और क्रिप्टोकरेंसी के दुरुपयोग से बचाने के लिए सरकार ने क्या उचित सुरक्षा उपाय किए हैं? उन्होंने कहा, जहां तक अलग-अलग राज्यों में क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े मामलों और भारत सरकार के रूख का सवाल है, केंद्र विस्तार से जवाब दाखिल करेगा।

**अभिषेक का जश्न** शुभ घड़ी आने में केवल एक दिन शेष, राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन विशेष कार्यक्रम और सुंदरकांड पाठ का होगा आयोजन

# 500 वर्षों का इंतजार खत्म, अमेरिका के मंदिरों में भी दिखेगा जश्न

वाशिंगटन, एजेंसी

आज से दो दिन बाद अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक का जश्न बड़ी धूम-धाम से मनाया जाएगा। देश ही नहीं विदेशों में भी इसका उत्साह देखने को मिल रहा है। प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर में संयुक्त राज्य भर में स्थित सैकड़ों मंदिर में हजारों भारतीय अमेरिकियों के शामिल होने की संभावना है।

अमेरिका के हिंदू विश्वविद्यालय के अध्यक्ष ल्याण विश्वनाथन ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा '550 वर्षों के बाद राम लला मंदिर में होने वाली प्रतिष्ठा शहर और दुनिया भर के लगभग एक अरब हिंदुओं के लिए अपार खुशी लेकर आ रही है। अयोध्या मंदिर में प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। टेक्सास में श्री सीता राम फाउंडेशन के कपिल शर्मा ने कहा, '500 वर्षों के इंतजार के बाद, अयोध्या धाम में भगवान राम के मंदिर का निर्माण, दुनिया भर के हिंदुओं के लिए आस्था और उत्सव का एक महत्वपूर्ण दिन है।'

बता दें कि ह्यूस्टन में सीता राम फाउंडेशन ने अपने मंदिर में श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा उत्सव का आयोजन किया है। उत्सव की शुरुआत सुंदरकांड से होगी। इससके बाद नृत्य, गायन और संगीत के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसके बाद हवन और भगवान राम का पट्टाभिषेक होगा, जिसका समापन भगवान राम की शोभा यात्रा और प्रसाद (भोजन) वितरण के साथ होगा। कपिल शर्मा ने आगे कहा कि अयोध्या धाम से प्रसाद और रज (पवित्र धूल) वितरित करना भी हमारे लिए सम्मान की बात है, जिसे विशेष रूप से हमारे कार्यक्रम के लिए लाया जा रहा है। मैरीलैंड के गवर्नर वेस मूर शनिवार को वाशिंगटन डीसी के एक उपनगर में राम मंदिर उत्सव कार्यक्रम में भाग लेने वाले हैं।

इसमें खास बात यह है कि कुछ पाकिस्तानी अमेरिकी भी ग्रेटर वाशिंगटन डीसी क्षेत्र में उत्सव में शामिल हो रहे हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में राष्ट्रव्यापी उत्सवों का नेतृत्व करने वाले संगठन, विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका के अमिताभ मित्तल ने कहा, 'भगवान श्री राम के लाखों अनुयायियों का सपना सच होने वाला है। अमेरिका में लगभग 1,000 मंदिर हैं और उनमें से लगभग सभी इस ऐतिहासिक अवसर को मनाने के लिए इस सप्ताहांत से उत्सव मना रहे हैं।

### ह्यूस्टन में टेस्ला लाइट शो में लिखा जय श्रीराम



टेस्ला कार लाइट शो का आयोजन करते श्रद्धालु।

**ह्यूस्टन।** अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा से पहले पहले उत्साह से सराबोर भक्तों ने भगवान राम को समर्पित एक विस्मयकारी और अभिनव टेस्ला कार लाइट शो' का आयोजन किया। खुद को ग्रेटर ह्यूस्टन में रामजी की गिलहरियां कहने वाले 100 से अधिक टेस्ला कार मालिक शुक्रवार शाम को लाइट शो के लिए श्री गुरुवायुरप्पन कृष्ण मंदिर में एकत्र हुए। इस लाइट शो ने आसपास के सैकड़ों राम भक्तों और राहगीरों का ध्यान आकृष्ट किया। कारों के पीछे एक विशालकाय रामरथ था, जिस पर मंदिर का आदमकद तैल-चित्र बनाया गया और जय श्रीराम का तीव्र संगीत उस स्थान को एक दिव्य रूप और मंदिर जैसा अनुभव प्रदान कर रहा था। टेस्ला कार चालकों ने कार की हेडलाइट को एक ही समय में बंद और चालू करने के लिए प्रोग्रामिंग किया जा सकता है। लाइट शो के बाद वे आरती के लिए मंदिर में इकट्ठे हुए, उनके साथ अन्य भक्त भी शामिल हुए। सभी ने मिलकर भगवान राम और कृष्ण को समर्पित शानदार भजन गाए । भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

# परेड में पहली बार नेतृत्व करेंगीं महिला अफसर

**गणतंत्र दिवस परेड में 48 महिला अग्निवीर भी होंगीं शामिल**

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के 75वें गणतंत्र दिवस के परेड में मेड इन इंडिया हथियार और महिलाओं को केंद्र में रखा गया है। इस बार के परेड में महिला फाइटर पायलटों को भी शामिल किया गया है। इस परेड में 48 महिला अग्निवीर भी हिस्सा ले रहीं है। कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल के दौरान भारतीय सेना से कैप्टन शरण्या राव ने बताया कि वह थलसेना की टुकड़ी का नेतृत्व कर रहीं है।

कैप्टन शरण्या राव ने कहा, 'मैं थलसेना की टुकड़ी का नेतृत्व कर रही हूं। यह गर्व की बात है, क्योंकि ऐसा इतिहास में पहली बार हो रहा है। परेड में पहली बार महिलाओं की त्रि-सेवा टुकड़ी भी कर्तव्य पथ पर मार्च करती हुई दिखाई देगी। केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के दस्ते में महिला कर्मी भी शामिल होंगी। इस बार की थीम नारी शक्ति है तो कई महिला नेतृत्व वाली टुकड़ियां परेड में हिस्सा ले रहीं है।

चाहे वह बैंड हो या त्रि-सेवा टुकड़ी या एमएनएस टुकड़ी, ये सभी पहली बार इस परेड में हिस्सा लेगी। फ्रांस के बैस्टिल दिवस में अतिथि के तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शामिल होने वाली स्क्वॉड्रन लीडर सुमिता यादव भी इस परेड में हिस्सा ले रहीं है।



नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रक्षा मंत्री।

### वर्तमान युग में एआई रोजगार योग्य बनाएगा: राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट के समूह से कहा कि मशीन लर्निंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में रोजगार के लिए रचनात्मकता, अंतर्वैयक्तिक कौशल और बुद्धिमत्ता महत्वपूर्ण होगी। राजनाथ ने युवाओं को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत बनाकर उनका समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की सराहना भी की। रक्षा मंत्री ने दिल्ली छावनी में गणतंत्र दिवस की तैयारियों को जायजा लिया, एनसीसी कैडेट को संबोधित करते हुए कहा, रचनात्मकता, अंतर्वैयक्तिक कौशल, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और संवेदनशीलता ऐसे गुण हैं, जो व्यक्ति को मशीन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के वर्तमान युग में प्रासंगिक और रोजगार योग्य बनाएंगे।